निवेश संवर्धन बोर्ड (एफआईपीबी), औद्योगिक नीति एवं संवर्द्धन विभाग, वाणिज्य मंत्रालय (डीआईपीपी) तथा अन्य सभी अपेक्षित प्राधिकारी वर्ग (जिन्हें इसके बाद सामूहिक रुप में "सम्यक प्राधिकारी" कहा जाएगा) तथा उपर्युक्त में से किसी के भी द्वारा इस प्रकार का अनुमोदन, सहमति, अनुमति और/ या मंजूरियां (जिन्हें इसके बाद अपेक्षित अनुमोदन कहा जाएगा) प्रदान करते समय निर्धारित की जाने वाली शर्तों के अध्यधीन बोर्ड, स्थापन दस्तावेज और / या ऐसे अन्य दस्तावेजों/ लेखा/ परिपत्रों/ ज्ञापनों के जरिये तथा समय- समय पर एक या अधिक अवसरों पर अर्हता प्राप्त संस्थागत क्रेताओं (क्यूआईबी) (जिन्हें आईसीडीआर विनियमन के अध्याय VIII में परिभाषित किया गया है), को अर्हताप्राप्त संस्थागत स्थापन (क्यूआईपी), जैसा कि आईसीडीआर विनियमों के अध्याय VIII में उल्लेख है, के अनुसार आईसीडीआर विनियमों के या उस समय प्रचलित कानून के अन्य प्रावधानों के अनुसार बोर्ड द्वारा निर्धारित की जाने वाली शर्तो एवं निबंधनों के तहत ऐसे मूल्य, ऐसे तरीके से इक्विटी शेयरों या अन्य प्रतिभूतियों (वारंटों को छोड़कर), जो बाद में इक्विटी शेयरों के बदले परिवर्तनीय हैं, का बोर्ड अपने सम्यक विवेक से इस प्रकार सृजन, प्रस्ताव, निर्गम एवं आवंटन कर सकता है कि किसी भी समय भारत सरकार की धारिता बैंक की ईक्विटी शेयर पूंजी के 51% से कम न हो.''

''**पुनः संकल्प किया** कि आईसीडीआर विनियमन के अध्याय VIII के अनुसार अर्हता प्राप्त संस्थागत स्थानन के मामले में

ए) प्रतिभूतियों का आवंटन केवल आईसीडीआर विनियमन के अध्याय VIII के अन्तर्गत परिभाषित अर्हता प्राप्त संस्थागत क्रेताओं को ही किया जाएगा, ये प्रतिभूतियां पूर्णतः प्रदत्त होंगी तथा ऐसी प्रतिभूतियों का आवंटन इस संकल्प की तिथि से 12 माह के अंदर पूरा कर लिया जाएगा.

बी) आईसीडीआर विनियमन के विनियम 85(1) के प्रावधान के अनुक्रम में बैंक, विनियमों द्वारा निर्धारित आधार मूल्य से अधिकतम 5 प्रतिशत से अनधिक छूट पर शेयर का प्रस्ताव देने हेतु अधिकृत है.

सी) प्रतिभूतियों का आधार मूल्य निर्धारित करने हेतु संबद्ध तारीख आईसीडीआर विनियमन के अनुसार होगी.''

''**पुनः संकल्प किया** कि भारत सरकार/ भारतीय रिजर्व बैंक/ भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड/ स्टॉक एक्सचेंज,जहां बैंक के शेयर सूचीबद्ध हैं या इस संबंध में बोर्ड द्वारा दी गयी सहमति के अनुसार निर्गम, आवंटन एवं सूचीयन अनुमोदन, सहमति, अनुमति एवं मंजूरी प्रदान करते समय उनके द्वारा वांछित संशोधन को स्वीकार करने का अधिकार बोर्ड के पास निहित होगा.''

''**पुनः संकल्प किया** कि एनआरआई/ एफआईआई और/ या अन्य पात्र विदेशी निवेशों को नये इक्विटी शेयरों एवं प्रतिभूतियों, यदि कोई हैं, का निर्गम और आवंटन, लागू विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम,1999 के अधीन भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुमोदन परंतु अधिनियम द्वारा निर्धारित समग्र सीमा के अध्यधीन होगा.''

''**पुनः संकल्प किया** कि जारी किये जाने वाले कथित नये इक्विटी शेयर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (शेयर तथा बैठक) विनियमन 1998 समय-समय पर यथा संशोधित (विनियमन) के अध्यधीन तथा बैंक के मौजूदा शेयरों के समरुप होंगे एवं लाभांश की घोषणा के समय प्रभावी सांविधिक दिशानिर्देशों के अनुरुप लाभांश, यदि कोई हो, के लिये पात्र होंगे.''

''**पुनः संकल्प किया** कि इक्विटी शेयरों/ प्रतिभूतियों के निर्गम या आवंटन करने के लिये बोर्ड को निवेशक संवर्ग, जिन्हें प्रतिभूतियां आवंटित की जानी हैं, प्रत्येक अवसर पर आवंटित किए जाने वाले शेयरों/ प्रतिभूतियों की संख्या, निर्गम मूल्य, निर्गम पर प्रीमियम राशि, जिसे बोर्ड अपने पूर्ण विवेक से उचित समझे, सहित सार्वजनिक निर्गम की शर्तें निर्धारित करने तथा ऐसे सभी कार्य, कार्रवाई, मामले और काम निपटाने तथा ऐसे कार्य, दस्तावेज एवं करार निष्पादित करने, जिसे वह अपने विवेकानुसार आवश्यक, उचित एवं वांछनीय समझे तथा इक्विटी शेयरों के प्रस्ताव, निर्गम एवं आवंटन तथा निर्गम राशि के उपयोग करने के संबंध में उत्पन्न होने वाले किसी प्रश्न, कठिनाई या शंका का समाधान करने या उन्हें निपटाने के अनुदेश या निर्देश जारी करने तथा अपने पूर्ण विवेक से बैंक के सर्वोत्तम हित में ठीक एवं उचित माने जाने वाले निबंधनों व शर्तों, जो भी है, में ऐसे संशोधन, परिवर्तन, फेरबदल, विलोपन तथा परिवर्धन आगे शेयरधारकों की कोई और सहमति या अनुमोदन प्राप्त करने की आवश्यकता के बिना स्वीकार करने के लिये इस संकल्प द्वारा बैंक तथा बोर्ड को दिये गये सभी या किसी अधिकार का प्रयोग करने हेतु बोर्ड को अधिकृत किया जाए और एतदद्वारा अधिकृत किया जाता है.''

''**पुनः संकल्प किया** कि बोर्ड यथा आवश्यक इक्विटी शेयरों के प्रस्ताव के लिये बुक रनर, लीड मैनेजर, बैंकर्स, अभिगोपक, डिपाजिटरी, रजिस्ट्रार, लेखापरीक्षक तथा अन्य ऐसी एजेन्सी, जो इक्विटी एवं प्रतिभूतियों के प्रस्ताव संबंधी कार्य में शामिल हों, को कमीशन, दलाली, शुल्क या ऐसे अन्य प्रभार के भुगतान हेतु ऐसी एजेंसियों के साथ इस प्रकार की सभी व्यवस्थाओं, करारों, ज्ञापनों, दस्तावेजों आदि को निष्पादित करने के लिये बोर्ड को अधिकृत किया जाय एवं एतदद्वारा ऐसा किया जाता है.''

''**पुनः संकल्प किया** कि उक्त संकल्प को प्रभावी करने के लिये लीड मैनेजरों, अभिगोपकों, परामर्शदाताओं और/ या बैंक द्वारा नियुक्त अन्य व्यक्तियों के परामर्श से बोर्ड को निर्गम की शर्तें निर्धारित करने हेतु अधिकृत किया जाए एवं किया जाता है, जिसमें निवेशक संवर्ग, जिन्हें प्रतिभूतियां आवंटित की जानी हैं, का निर्धारण, प्रत्येक अवसर पर आवंटित किए जाने वाले शेयरों/ प्रतिभूतियों की संख्या, निर्गम मूल्य (प्रीमियम सहित, यदि कोई हो), अंकित मूल्य, निर्गम पर प्रीमियम राशि/ प्रतिभूतियों का कंवर्जन/ वारंट की प्रक्रिया/ प्रतिभूतियों का शोधन (रिडेम्प्शन), ब्याज दर, शोधन अवधि, प्रतिभूतियों के परिवर्तन या शोधन या निरस्तीकरण पर इक्विटी शेयरों या अन्य प्रतिभूतियों की संख्या, इक्विटी शेयरों या अन्य प्रतिभूतियों के निर्गम/ कंवर्जन पर प्रीमियम या छूट, ब्याज दर, कंवर्जन की अवधि, रिकार्ड तिथि या बुक क्लोजर एवं अन्य संबंधित प्रासंगिक मामलों का निर्धारण, भारत और/ या विदेश में एक या अधिक शेयर बाजारों में लिस्टिंग, जिसे बोर्ड अपने पूर्ण विवेक से उचित समझे, आदि शर्तों का निर्धारण शामिल है.''

''**पुनः संकल्प किया** कि इनमें से ऐसे शेयर/ प्रतिभूतियां, जो अभिदत्त नहीं हुए हैं, को बोर्ड अपने सम्यक विवेक, जिसे बोर्ड उचित समझे तथा विधि सम्मत तरीके से निस्तारित कर सकता है.''

''**पुनः संकल्प किया** कि उक्त संकल्प को प्रभावी करने के लिये बोर्ड द्वारा ऐसे सभी कार्य, कृत्य, मामले व चीजें निपटाने,जिन्हें बोर्ड अपने सम्यक विवेक से उचित समझे तथा शेयरों/ प्रतिभूतियों के निर्गम के संबंध में उत्पन्न होने वाले किसी प्रश्न, कठिनाई या शंका का समाधान करने, पुनः ऐसे सभी कार्य, कृत्य, मामले व चीजें निपटाने, सभी आवश्यक, वांछनीय एवं उचित दस्तावेज व ज्ञापनों को निष्पादित करने, जिन्हें बोर्ड अपने सम्यक विवेक से ठीक, उचित एवं वांछनीय समझे, को आगे शेयरधारकों की कोई और सहमति या अनुमोदन प्राप्त करने की आवश्यकता के बिना स्वीकार करने के लिये इस संकल्प द्वारा बैंक तथा बोर्ड को दिये गये सभी या किसी अधिकारों का प्रयोग करने हेतु बोर्ड को अधिकृत माना जाए तथा एतदद्वारा अधिकृत किया जाता है.''

''**पुनः संकल्प किया** कि इस संकल्प को प्रभावी बनाने हेतु बोर्ड को इसमें प्रदत्त सभी प्राधिकार अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एवं सीईओ या कार्यपालक निदेशक (कों) या निदेशकों की समिति को प्रदान करने हेतु अधिकृत किया जाए या एवं एतदद्वारा किया जाता है.''

निदेशक मण्डल के आदेशानुसार
कृते यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

(अरुण तिवारी)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थान : मुंबई
दिनांकः 12 मई, 2016

नोटः

1. व्याख्यात्मक वृत्तांत

बैठक की कारोबार कार्यसूची क्रमांक 03 के संबंध में महत्वपूर्ण तथ्य युक्त व्याख्यात्मक वृतान्त इसके साथ संलग्न है.

2. परोक्षी की नियुक्ति

बैठक में भाग लेने तथा वोट देने के हकदार शेयरधारक अपने स्वयं के स्थान पर भाग लेने तथा वोट देने हेतु (बैंक के अधिकारी अथवा कर्मचारी को छोडकर) उपस्थित रहने व वोट देने हेतु परोक्षी नियुक्त कर सकते हैं और यह आवश्यक नहीं है कि ऐसा परोक्षी बैंक का शेयरधारक हो. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (शेयर एवं बैठकें) विनियम 1998 के विनियम 70(vi) के अनुसार परोक्षी प्रपत्र प्रदान करने वाला व्यक्ति उस बैठक में जिससे संबंधित प्रपत्र है, व्यक्तिगत रुप से वोट देने का हकदार नहीं होगा. वार्षिक रिपोर्ट के अनुलग्नक फार्म 'बी' के अलावा परोक्षी का अन्य कोई भी प्रपत्र वैध नहीं होगा.

परोक्षी फार्म को प्रभावी बनाने के लिए बैंक के प्रधान कार्यालय में **उप महाप्रबंधक को संबोधित, निवेशक सेवाएं प्रभाग, यूनियन बैंक भवन, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पाइंट, मुंबई - 400021** के पते पर बैठक की तिथि से **कम से कम चार दिन** पूर्व अर्थात् **बुधवार, 22 जून, 2016** को बैंक के कार्य-समाप्ति पर सायं 5.00 बजे तक या उससे पूर्व मुख्तारनामा अथवा अन्य अधिकार पत्र, यदि कोई है तो उसके साथ, जिसके अन्तर्गत यह हस्ताक्षरित है अथवा उस मुख्तारनामा की प्रति अथवा अन्य अधिकार पत्र जिसे पब्लिक नोटरी अथवा मजिस्ट्रेट द्वारा सत्य प्रतिलिपि के रुप में प्रमाणित किया गया हो, जब तक कि इस प्रकार के मुख्तारनामा अथवा अन्य अधिकार पत्र को बैंक के पास पूर्व में ही जमा और पंजीकृत न किया गया हो, अवश्य प्राप्त होना चाहिए.

3. प्राधिकृत प्रतिनिधि की नियुक्ति

किसी कंपनी या किसी निकाय, निगम, जो बैंक के शेयरधारक हैं, के विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कोई व्यक्ति बैठक में उपस्थित रहने या वोट देने के लिए तब तक पात्र नहीं होगा, जब तक उसे विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त करने के संकल्प की उस बैठक के अध्यक्ष द्वारा प्रमाणित सत्य प्रति, जिसमें वह संकल्प पारित किया गया हो, बैंक के प्रधान कार्यालय में, उक्त पते पर, बैठक की तिथि से **कम से कम चार दिन** पूर्व अर्थात् **बुधवार, 22 जून, 2016** को कार्य-समाप्ति अर्थात सायं 5.00 बजे तक या उससे पूर्व जमा न करा दिया गया हो.

4. उपस्थिति पर्ची-सह-प्रवेश पत्र

शेयरधारकों की सुविधा के लिए उपस्थिति पर्ची-सह-प्रवेश पत्र इस रिपोर्ट के साथ, पहले से ही छपे हुए अपेक्षित ब्योरे, ई-वोटिंग लॉग- इन आई डी व पासवर्ड के साथ, प्रेषित किया गया है. शेयरधारकों को यह विकल्प है कि वे ई-वोटिंग प्लेटफार्म का उपयोग करते हुए अपना वोट डाल सकते हैं. लेकिन जो शेयरधारक रिमोट ई-वोटिंग सुविधा का उपयोग नहीं करते हैं, वे एजीएम की तिथि पर, बैठक के स्थान पर आयोजित होने वाली वोटिंग प्रक्रिया में अपना वोट डाल सकते हैं. इस प्रकार के शेयरधारकों/ परोक्षियों/ प्राधिकृत प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे उपस्थिति पर्ची में छपे हुए ब्योरे का सत्यापन करें और खाली स्थान यदि कोई है तो उसे भरें और उसमें उपलब्ध कराए गए निर्धारित स्थान पर अपने हस्ताक्षर करें तथा उसे बैठक के स्थान पर सुपुर्द करें. शेयरधारकों के परोक्षी या प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा उपस्थिति पर्ची-सह-प्रवेश पत्र पर 'परोक्षी' अथवा 'प्राधिकृत प्रतिनिधि' जैसी भी स्थिति हो, का उल्लेख किया जाए. उपस्थिति पर्ची एजीएम के स्थान पर प्रवेश के समय सुपुर्द की जाए और उपस्थित पर्ची-सह-प्रवेश पत्र को मतदान के समय मतपत्र प्राप्त करने हेतु सुपुर्द किया जाए.

5. अंतरण दायर करना

अंतरण विलेख के साथ शेयर प्रमाणपत्र/ पत्रों को अंतरण हेतु बैंक के रजिस्ट्रार तथा शेयर अंतरण एजेंट को भेजा जाना चाहिए.

6. बुक क्लोजर

यदि वार्षिक साधारण बैठक में घोषित होता है, तो वार्षिक साधारण बैठक के उद्देश्य एवं वित्त वर्ष 2015-16 हेतु शेयरधारकों के लाभांश की पात्रता निश्चित करने के लिए शेयर धारकों का रजिस्टर तथा शेयर अंतरण रजिस्टर **मंगलवार, दिनांक 21 जून, 2016 से सोमवार दिनांक 27 जून, 2016 तक (दोनों दिन मिलाकर)** बंद रहेगा.

7. लाभांश का भुगतान

बैंक के निदेशक मंडल द्वारा यथा प्रस्तावित शेयरधारकों के लिए लाभांश का भुगतान भौतिक रूप में शेयर रखने वाले उन शेयरधारकों को किया जाएगा जिनके नाम बैंक के शेयरधारकों के रजिस्टर में दिनांक **27 जून, 2016** को दर्ज हैं तथा डिमैट के रुप में रखे गए शेयरों के मामलों में, दिनांक **20 जून, 2016** को कारोबार समाप्ति पर डिपॉजिटरी द्वारा प्रदत्त सूचना के आधार पर हितकारी स्वामित्व (बेनपोस) के आधार पर प्रस्तावित लाभांश का भुगतान किया जाएगा तथा लाभांश का भुगतान **5 जुलाई, 2016** को किया जाएगा. बैंक द्वारा लाभांश की राशि शेयरधारकों के खातों में यूनियन बैंक खातों में सीधे जमा/ एनएसीएस/ एनईएफटी/ आरटीजीएस, जो भी संभव हो के माध्यम से सीधे जमा की जाएगी.

8. अदावाकृत /अदत्त लाभांश, यदि कोई हो

ऐसे शेयरधारक, जिन्होंने पिछली अवधि के अपने लाभांश पत्र का नकदीकरण नहीं कराया है/ लाभांश पत्र प्राप्त नहीं किया है, यदि कोई हैं,तो उनसे अनुरोध है कि वे डुप्लीकेट लाभांश पत्र जारी कराने के लिए बैंक के रजिस्ट्रार व शेयर अंतरण एजेंट से अथवा निवेशक सेवा प्रभाग से

संपर्क करें. डुप्लीकेट लाभांश पत्र जारी करने हेतु निर्धारित प्रारुप बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in पर उपलब्ध है.

शेयरधारकों से यह ध्यानपूर्वक नोट करने का अनुरोध है कि बैंकिंग कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम और वित्तीय संस्थान कानून (संशोधित) अधिनियम 2006 द्वारा बैंकिंग कम्पनी(उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1970 में संशोधन के परिणामस्वरुप सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से अपेक्षा है कि उक्त अधिनियम के लागू होने से पूर्व वर्षों और उक्त अधिनियम के लागू होने के पश्चात घोषित अदावाकृत/ अदत्त लाभांश की शेष राशि को 'अदत्त लाभांश खाते' में अंतरित करें.

उक्त 'अशोधित लाभांश खाते' में अंतरित राशि, अंतरण की तिथि से सात वर्षो तक अदावाकृत/ अदत्त रहने पर कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 205 (सी) के अन्तर्गत केंद्र सरकार द्वारा स्थापित निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि (आईईपीएफ) को अंतरित की जानी अपेक्षित है और उसके पश्चात इस संबंध में बैंक अथवा निधि से भुगतान हेतु कोई भी दावा नही किया जा सकेगा. बैंक द्वारा वित्त वर्ष 2007-08 तक अदत्त लाभांश राशि को आईईपीएफ को अंतरित कर दिया गया है.वित्त वर्ष 2008-09 से अशोधित लाभांश राशि को शेयरधारकों द्वारा बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in पर देखा जा सकता है.

9. **पता/ बैंक ब्यौरा/ बैंक खाता मैन्डेट में परिवर्तन**

ए) लाभांश का भुगतान करने हेतु बैंक एनएसडीएल/सीडीएसएल के साथ पंजीकृत और संबंधित डीपाजिटरी से आरटीए द्वारा डाउनलोड किये गये बैंक खाते के ब्यौरे का उपयोग करेगा. जिन सदस्यों के पास इलेक्ट्रानिक रुप में शेयर रखे हुए हैं, उन्हें सूचित किया जाता है कि उनके संबंधित डीपाजिटरी खाते में रजिस्टर्ड बैंक खाते के विवरणों को संबंधित डीपाजिटरी पार्टिसिपेंट के साथ अद्यतन किया जाना चाहिए; ताकि बुक क्लोजर प्रक्रिया प्रारंभ होने के पूर्व इसे अद्यतन किया जा सके. बैंक अथवा इसके रजिस्ट्रार व शेयर अंतरण एजेन्ट इलेक्ट्रानिक रुप में रखे शेयरों के धारकों से बैंक विवरणों अथवा बैंक मेन्डेट में किसी परिवर्तन हेतु सीधे ही प्राप्त किसी अनुरोध पर कार्रवाई नहीं कर सकती है. ऐसे परिवर्तनों को केवल सदस्य के डीपाजटरी पार्टिसिपेंट को सूचित किया जाए.

बी) जिन शेयरधारकों के पास भौतिक रुप में शेयर मौजूद हैं, उनसे अनुरोध है कि वे अपने पते में यदि कोई परिवर्तन हो, तो इसकी सूचना बैंक के रजिस्ट्रार तथा शेयर अंतरण एजेंट को विधिक दस्तावेजी सबूत एवं हस्ताक्षरित औपचारिक अनुरोध आवेदन के साथ निम्न पते पर प्रस्तुत करें :

डाटामैटिक्स फायनांशियल सर्विसेज लि.,
यूनिट : यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
प्लॉट क्र. बी 5, पार्ट बी,
एमआईडीसी, क्रॉस लेन, मरोल
अंधेरी (पूर्व),
मुंबई - 400 093

सी) बैंक का ब्यौरा प्रदान किए जाने वाला फार्मेट इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है तथा बैंक की बेवसाइट www.unionbankofindia.co.in पर भी उपलब्ध है.

डी) इलेक्ट्रानिक रुप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपने पते में यदि कोई परिवर्तन हो तो इसकी सूचना केवल अपने संबंधित डीपाजटरी पार्टिसिपेंट को दें, न कि बैंक अथवा बैंक के रजिस्ट्रार व शेयर अंतरण एजेन्ट को.

ई) सदस्यों से अनुरोध है कि वे बैंक अथवा बैंक के रजिस्ट्रार व शेयर अंतरण एजेन्ट के साथ किसी भी प्रकार का पत्राचार करते समय संबंधित फोलियो क्रमांक (भौतिक रुप में शेयर रखने वाले सदस्य) और संबंधित डीपी आईडी/ ग्राहक आईडी क्रमांक (इलेक्ट्रानिक/ डीमेट रुप में शेयर रखने वाले सदस्य) का अनिवार्य रुप से उल्लेख करें.

10. **स्थिति में परिवर्तन की रिकार्डिंग**

अनिवासी भारतीय शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित के बारे में बैंक के रजिस्ट्रार व शेयर अंतरण एजेंट- डाटामैटिक्स फायनांशियल सर्विसेज लि. को तत्काल सूचित करें

ए. स्थायी निवास हेतु भारत में वापसी पर निवासी स्थिति में परिवर्तन.

बी. भारत में संचालित बैंक खाते का पूर्ण विवरण यथा पूरा नाम, शाखा, खाते का स्वरुप, खाता संख्या तथा बैंक का पता, पिन कोड सहित आदि, यदि पहले नहीं दिया गया हो.

11. **फोलियो का समेकन**

एक से अधिक खातों में एक जैसे नामों से या संयुक्त नामों से उसी क्रम में भौतिक रुप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे उन सभी शेयरों को एक ही खाते में समेकन करने हेतु अपने शेयर प्रमाणपत्र बैंक के रजिस्ट्रार व शेयर अंतरण एजेंट, डाटामैटिक्स फायनांशियल सर्विसेज लि. को प्रेषित करें.

12. **वार्षिक रिपोर्ट की प्रतियां**

कृपया ध्यान दें कि जिन शेयरधारकों ने अपना ई-मेल आईडी बैंक में पंजीकृत नहीं करवाया है, उनको वार्षिक रिपोर्ट 2015-16 की हार्ड प्रतियां भारतीय डाक/ कुरियर सेवा द्वारा भेज दी गई हैं तथा जिन शेयरधारकों ने अपने ई-मेल आईडी बैंक में पंजीकृत करवाया है, उनको सॉफ्ट प्रतियां भेजी गई हैं. बैंक की वेबसाइट पर भी वार्षिक रिपोर्ट को रखा गया है. वार्षिक सामान्य बैठक में वार्षिक रिपोर्ट की प्रतियां बांटी नहीं जाएंगी और इसलिए सदस्यों से अनुरोध है कि अपने साथ वार्षिक रिपोर्ट की प्रतियां साथ लाएं.

13. **वोट देने का अधिकार**

बैंकिंग कंपनी(उपक्रमों का अधिग्रहण और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 3 की उप धारा (2ई) के प्रावधानों के अनुसार, इस समय केंद्र सरकार के अलावा, संपर्की नए बैंक का कोई भी शेयरधारक, **बैंक के सभी शेयरधारकों के वोटिंग अधिकार के 10%** से अधिक के उसके द्वारा धारित किन्हीं शेयरों के संबंध में वोट देने का अधिकारी नहीं होगा.

उपर्युक्त के अधीन तथा विनियम के नियम 68 के अनुसार कोई शेयरधारक, जो **कट-ऑफ तारीख अर्थात सोमवार 20 जून, 2016** को शेयरधारक के रूप में पंजीकृत है, तो वह हाथ उठाकर वोट देने पर एक वोट देने और

मतदान होने पर उसके द्वारा धारित प्रत्येक शेयर के लिये एक वोट देने का अधिकारी होगा/होगी

विनियम के नियम 10 के अनुसार, यदि कोई शेयर दो या अधिक व्यक्तियों के नाम पंजीकृत है, तो रजिस्टर में जिसका नाम प्रथम स्थान पर अंकित होगा, वह वोट देने के लिए, उसका अकेला धारक माना जायगा. इस प्रकार यदि शेयर संयुत्त धारकों के नाम पर हैं, तो केवल प्रथम नामित व्यक्ति ही बैठक में भाग लेने का अधिकारी होगा और वही नामांकन करने, बैठक में वोट देने का अधिकारी होगा.

14. लेखों की जानकारी

जो शेयरधारक लेखों पर किसी प्रकार की जानकारी चाहते हैं, उनसे अनुरोध है कि इस हेतु बैंक को लिखें, जो वार्षिक सामान्य बैठक की तारीख से कम से कम एक सप्ताह पहले प्राप्त हो जाना चाहिए; ताकि प्रबंधन द्वारा वह सूचना तैयार रखी जा सके. जवाब केवल वार्षिक साधारण बैठक में ही दिये जाएंगे.

15. भौतिक रूप से धारित शेयरों का डिमैटेरियलाइजेशन

शेयरों को भौतिक रूप से धारण करने वाले शेयरधारक, अपने शेयरों को डिमैटेरियलाइज रूप में परिवर्तित करा सकते हैं, जिसके लिए उन्हें अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट से संपर्क करना होगा, जहां वे अपना संबंधित डि-मैट खाता संचालित कर रहे हैं.

16. ई-वोटिंग

I. कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 108, कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) संशोधन नियम 2015 द्वारा संशोधित कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम 2014 के नियम 20 तथा लिस्टिंग विनियम के विनियम 44 के प्रावधानों के अनुपालन में बैंक को यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि वार्षिक सामान्य बैठक में विचारार्थ प्रस्तुत संकल्पों पर एलेक्ट्रानिक माध्यम से वोट देने और ई-वोटिंग सेवाओं के द्वारा कार्यवाही की सुविधा प्रदान की गई है. वार्षिक सामान्य बैठक स्थल के अलावा अन्य स्थान (''रिमोट ई-वोटिंग'') से एलेक्ट्रानिक वोटिंग की सुविधा **नेशनल सेक्यूरिटीज लिमिटेड (NSDL)** द्वारा प्रदान की जा रही है.

II. वोटिंग की सुविधा वार्षिक सामान्य बैठक में रहेगी और इस बैठक में उपस्थित वे शेयरहोल्डर अपने वोटिंग अधिकारों का प्रयोग कर सकेंगे, जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के द्वारा अपना वोट नहीं दिया है.

III. जिन शेयरहोल्डरों ने वार्षिक सामान्य बैठक से पहले रिमोट ई-वोटिंग के द्वारा अपना वोट दे दिया है, वे भी वार्षिक सामान्य बैठक में भाग ले सकते हैं, परन्तु वे दुबारा वोट नहीं दे सकेंगे.

IV. रिमोट ई-वोटिंग की अवधि दिनांक **24 जून 2016 (प्रातः 9.00 बजे)** से प्रारम्भ होकर **26 जून 2016 (सायं 5.00 बजे)** तक रहेगी. बैंक के शेयरधारक इस अवधि के दौरान, कट-ऑफ तारीख **20 जून, 2016** को फिजिकल या डि-मटेरियलाइज्ड फार्म में शेयर धारण करते हों, रिमोट ई-वोटिंग के द्वारा वोट कर सकते हैं. इस अवधि के बाद नेशनल सेक्यूरिटीज लिमिटेड (NSDL) द्वारा रिमोट ई-वोटिंग को बन्द कर दिया जाएगा. शेयरधारकों द्वारा एक बार संकल्प पर वोट करने के बाद उसमें परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी.

V. रिमोट ई-वोटिंग के लिए प्रक्रिया और तरीका निम्नानुसार है

ए. नेशनल सेक्यूरिटीज लिमिटेड (NSDL) से शेयरहोल्डर को ई-मेल मिलने की दशा में (उन शेयरधारकों के लिए जिनका ई-मेल बैंक/ डिपाजिटरी पार्टिसिपेंट में पंजीकृत है):

(i) ई-मेल खोलें और अपने ग्राहक आई.डी.या फोलिओ नम्बर के द्वारा पी.डी.एफ. फाइल अर्थात ''remote e-voting.pdf" खोलें. इस पी.डी.एफ.फाइल में रिमोट ई-वोटिंग के लिए आपका यूजर आई.डी. तथा पासवर्ड/पिन रहेगा. कृपया नोट करें कि यह पासवर्ड केवल आरम्भिक पासवर्ड है.

(ii) निम्न यू.आर.एल.टाइप कर इंटरनेट ब्राउजर आरम्भ करें https://www.evoting.nsdl.com/

(iii) शेयरहोल्डर पर क्लिक करें - लॉगइन

(iv) उपर्युक्त मद क्र.(i) के अनुसार आरम्भिक यूजर आईडी और पासवर्ड प्रविष्ट करें. लॉगइन क्लिक करें.

(v) पासवर्ड बदलने के लिए मेनू दिखेगा. अपनी पसन्द का नया पासवर्ड/ पिन परिवर्तित करें जो 8 अंकों/ कैरेक्टर्स या दोनों मिलाकर हो सकता है. नया पासवर्ड नोट करें. यह सलाह दी जाती है कि अपना पासवर्ड किसी अन्य व्यक्ति के साथ साझा न करें और अपना पासवर्ड गोपनीय रखने का पूरा ध्यान रखें.

(vi) रिमोट ई-वोटिंग का होम पेज खुलता है. रिमोट ई-वोटिंगः पर क्लिक करें. एक्टिव वोटिंग साइकल (Active Voting Cycles).

(vii) **''यूनियन बैंक ऑफ इंडिया''** के ''EVEN'' को चुनें.

(viii) अब आप रिमोट ई-वोटिंग के लिए तैयार हैं, क्योंकि अब वोट करने के लिए पेज खुल गया है.

(ix) यथोचित विकल्प का चयन कर वोट डाल दें और ''Submit'' तथा उसके बाद ''Confirm'' पर क्लिक करें.

(x) पुष्टि (Confirmation) के बाद यह संदेश दिखेगा ''Vote cast successfully''.

(xi) संकल्प पर एक बार आपके द्वारा वोट करने के बाद आपके वोट में परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी.

(xii) संस्थागत शेयरधारकों (व्यक्तियों, हिन्दू अविभाजित परिवारों, गैर निवासी भारतियों आदि के अलावा) द्वारा वोट करने के लिए प्राधिकृत व्यक्तियों के नमूना हस्ताक्षरों के सत्यापन के साथ,संबंधित बोर्ड संकल्प/ प्राधिकार पत्र आदि की स्कैन प्रतियां (पीडीएफ/ जेपीजी फार्मेट) जांचकर्ता को ई-मेल द्वारा snv@snaco.net तथा evoting@nsdl.co.in पर भेजना होगा.

बी. यदि शेयरधारकों को वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना फिजिकल कापी द्वारा मिलती है (उन शेयरधारकों के लिए जिनका ई-मेल बैंक/ डिपाजिटरी पार्टिसिपेंट में पंजीकृत नहीं हैं या फिजिकल कापी की मांग की है):

(i) आरम्भिक पासवर्ड वार्षिक सामान्य बैठक की उपस्थिति पर्ची-सह-प्रवेश पत्र में दिया गया है.

(ii) वोट करने के लिए, उपर्युक्त मद क्रमांक (ii) से (xii) का पालन करें.

VI. किसी प्रकार की शंका होने की दशा में www.evoting.nsdl.com में अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQs) और डाउनलोड सेक्शन में शेयरधारकों के लिए उपलब्ध रिमोट ई-वोटिंग मैनुअल में देखा जा सकता है या टोलफ्री नं.: 1800-222-990 पर संपर्क किया जा सकता है.

VII. रिमोट वोटिंग के लिए यदि आप नेशनल सेक्यूरिटीज लिमिटेड (NSDL) के साथ पहले से ही पंजीकृत हैं, तो आप वोट करने के लिए अपना विद्यमान यूजर आईडी तथा पासवर्ड/ पिन का प्रयोग कर सकते हैं.

VIII. यूजर प्रोफाइल विवरण के फोलियो में आप अपना मोबाइल नंबर तथा ई-मेल आईडी अद्यतन कर सकते हैं, जिनका उपयोग भविष्य के संवादों के लिए किया जा सकता है.

IX. यदि कोई व्यक्ति, जो नोटिस भेजने के बाद, बैंक के शेयर प्राप्त करता है और **कट-ऑफ तारीख सोमवार अर्थात 20 जून 2016** को शेयरधारक रहता है, निम्नांकित ई-मेल आई पर अनुरोध प्रेषित कर लॉगइन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है.

evoting@nsdl.co.in या
investorservices@unionbankofindia.com या
ubiinvestors@dfssl.com

तथापि, यदि आप नेशनल सेक्यूरिटीज लिमिटेड (NSDL) के साथ पहले से ही पंजीकृत हैं, तो वोट करने के लिए आप अपने विद्यमान यूजर आईडी तथा पासवर्ड का प्रयोग कर सकते हैं. यदि आप अपना पासवर्ड भूल गये हैं तो www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध "Forgot User Details/ Password" विकल्प से अपना पासवर्ड रिसेट कर सकते हैं या नेशनल सेक्यूरिटीज लिमिटेड (NSDL) के टोल फ्री नंबरः 1800-222-990 पर संपर्क कर सकते हैं.

X. एक व्यक्ति, जिसका नाम कट-ऑफ की तारीख को, शेयरहोल्डर के रजिस्टर या डिपाजिटरीज द्वारा रखे गये लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में रिकार्ड है, केवल वही व्यक्ति रिमोट ई-वोटिंग द्वारा या वार्षिक सामान्य बैठक में बैलेट पेपर के माध्यम से वोटिंग के लिए पात्र होगा.

XI. वोटिंग की जांच करने और रिमोट ई-वोटिंग की प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए, कंपनी सचिव, मेसर्स एस एन अनंतसुब्रह्मणियन एंड कंपनी (एसएनएसीओ) को जांचकर्ता के रूप में नियुक्त किया गया है.

XII. अध्यक्ष द्वारा जांचकर्ता की सहायता से वार्षिक सामान्य बैठक में संकल्पों पर चर्चा के अंत में उन्हीं शेयरधारकों को वोटिंग की अनुमति प्रदान करेंगे, जो इस बैठक में उपस्थित हों, लेकिन उन्होंने रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा के द्वारा अपना वोट नहीं दिया है.

XIII. जांचकर्ता द्वारा वार्षिक सामान्य बैठक में वोटिंग समाप्त होने के बाद तथा बैठक की समाप्ति के बाद अधिकतम तीन दिनों के अंदर पक्ष और विपक्ष में पड़े कुल वोटों की समेकित रिपोर्ट बनाकर बैंक के अध्यक्ष को प्रस्तुत की जायेगी.

XIV. अध्यक्ष या उनके द्वारा प्रधिकृत व्यक्ति द्वारा लिखित रूप से परिणामों की घोषणा होने के तुरन्त बाद, जांचकर्ता की रिपोर्ट के साथ घोषित परिणामों को बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in तथा नेशनल सेक्यूरिटीज लिमिटेड (NSDL) पर रखा जाएगा. ये परिणाम तुरन्त स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल सेक्यूरिटीज लिमिटेड (NSDL) को भेजे जाएंगे.

17. वोटिंग व चुनावों के परिणाम

ई-वोटिंग व चुनावों के समेकित परिणाम बैठक के अंत में घोषित किये जाएंगे और इसे बैंक की वेबसाइट, स्टॉक एक्सचेंज और एनएसडीएल पर भी प्रदर्शित किया जाएगा.

18. मतदान के पर्यवेक्षक

जैसाकि ई-वोटिंग के लिए पहले ही संकेत किया जा चुका है कि कंपनी सेक्रेटरी मेसर्स एस.एन.अनंतसुब्रह्मणियन एंड कंपनी (एसएनएसीओ),सभी एजेंडा आइटम के लिए पर्यवेक्षक के रूप में कार्य करेंगे.

व्याख्यात्मक विवरण

एफपीओ/राइट्स/क्यूआईपी इत्यादि के द्वारा पूंजी का निर्गम :

बॉसल-III अधिनियम की अपेक्षानुसार बैंक के लिए 31 मार्च, 2017 तक कॉमन इक्विटी टियर-1(सीईटी1) रूप में न्यूनतम 5.5%, पूंजी संरक्षण बफर (सीसीबी) के रूप में 1.25%, इक्विटी शेयर पूंजी टियर 1 के रूप में 8.25% और समस्त सीआरएआर के रूप में 10.25% की प्राप्ति करनी है. बॉसल-III की अपेक्षाओं के अनुपालन में, बैंक के भविष्य की विस्तार योजनाओं और तदनुसार पूंजी की आवश्यकता के लिए पूंजी पर्याप्तता अनुपात को सुदृढ़ करने हेतु पूंजी को बढ़ाने की आवश्यकता है.

विकास अनुमानों के आधार पर आपके निदेशकों ने **₹ 3200 करोड़ (रूपये तीन हज़ार दो सौ करोड़ मात्र)** की इक्विटी शेयर पूंजी जुटाने का फैसला किया है, जो भारत सरकार द्वारा पूँजी प्रदान किये जाने के साथ-साथ बैंक द्वारा इक्विटी शेयर पूंजी जुटाने के विकल्पों जैसे सार्वजनिक निर्गम (फॉलो-ऑन-पब्लिक इश्यू), और/या राइट इश्यू और/या अर्हता प्राप्त संस्थागत स्थापन सहित निजी स्थापन और/या सरकार तथा दूसरे नियामक प्राधिकरणों और सेबी आईसीडीआर विनियमों के प्रावधानों के अधीन अन्य किसी माध्यम से किया जा सकता है. बढ़ी हुई पूंजी का प्रयोग बैंक के सामान्य कारोबारी उद्देश्य के लिए किया जायेगा.

बैंक ने अर्हताप्राप्त संस्थागत स्थापन (क्यूआईपी) सहित पब्लिक इश्यू (फॉलो-ऑन-पब्लिक इश्यू) और/या राइट इश्यू और/या अर्हता प्राप्त संस्थागत स्थापन सहित निजी स्थापन और/या भारत सरकार तथा दूसरे नियामक प्राधिकरणों और सेबी आईसीडीआर विनियमों के प्रावधानों के अधीन अन्य किसी माध्यम से

इक्विटी पूंजी को ₹ **3700 करोड़** (**रुपये तीन हजार सात सौ करोड़ मात्र**) तक बढ़ाने हेतु शेयरधारकों की स्वीकृति प्राप्त की थी, जो कि **25 जून, 2016** तक वैध है. सितंबर, 2015 में बैंक को भारत सरकार से ₹ **1080 करोड़**(**रुपये एक हजार अस्सी करोड़ मात्र**) की पूंजी प्राप्त हुई. तथापि, प्रतिकूल बाजारी स्थितियों के कारण अन्य तरीकों से पूंजी जुटाने पर बैंक द्वारा विचार नहीं किया गया. भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, जैसाकि ऊपर उल्लेख किया गया है, अब इक्विटी पूंजी को ₹ **3200 करोड़**(**रुपये तीन हजार दो सौ करोड़ मात्र**) तक बढ़ाने की योजना है.

इस विशेष प्रस्ताव का उद्देश्य बोर्ड को यह अधिकार देना है कि वह ऐसे समय या समयों पर एक या अधिक बार में, ऐसे मूल्य या मूल्यों पर तथा उन निवेशकों, जिनका उल्लेख वहां है तथा जिन्हें बोर्ड अपने सम्पूर्ण विवेक के अनुसार उचित समझे, को इक्विटी शेयर जारी करे. इक्विटी शेयरों का निर्गम कब और कितनी बार किया जाय, इससे संबंधित विस्तृत शर्तों एवं निबंधनों का निर्धारण बोर्ड द्वारा व्यापारिक बैंकरों, लीड मैनेजरों, सलाहकारों तथा ऐसे अन्य प्राधिकारियों, जिन्हें बैंक द्वारा तत्कालीन बाजार की दशाओं तथा अन्य संबंधित कारकों को ध्यान में रखकर अपेक्षित समझा जाय, से विचार-विमर्श के बाद किया जायेगा.

उपर्युक्त के अनुसार अर्हता प्राप्त संस्थागत स्थापन के माध्यम से जारी किये जाने वाले इक्विटी शेयरों के मामले में यह सुनिश्चित किया जायेगा किः-

i. सेबी (आईसीडीआर) विनियम के अध्याय VIII और/ या अन्य लागू विनियमों के अनुसार इक्विटी शेयरों के मूल्यन की संबंधित तिथि वह तिथि होगी, जिस तिथि को अधिनियम की धारा 81(1-ए) एवं अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई हों तथा लागू अन्य नियमों, कानूनों, विनियमों एवं दिशानिर्देशों के अनुसार प्रस्तावित इक्विटी शेयरों के निर्गम के संबंध में सदस्यों का अनुमोदन प्राप्त होने के बाद निदेशक मंडल/ या उसके द्वारा विधिवत प्राधिकृत समिति अपनी बैठक में इक्विटी शेयरों के प्रस्तावित इश्यू को खोलने का निर्णय लेती है.

ii. चूँकि प्रस्ताव का मूल्य बाद में ही निर्धारित किया जा सकता है, अतः जारी किये जाने वाले शेयरों का मूल्य बताना संभव नहीं है. तथापि यह आईसीडीआर विनियमों, बैंकिंग कंपनी(उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम 1970 तथा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (शेयर एवं बैठकें) विनियम, 1998 समय-समय पर यथा संशोधित एवं लागू या अपेक्षित अन्य दिशानिर्देशों/ विनियमों/ सहमतियों के अनुसार ही होगा.

iii. पूर्णतः चुकता शेयरों का निर्गम एवं आवंटन केवल अर्हता प्राप्त संस्थागत क्रेताओं को ही सेबी(आईसीडीआर) विनियमों के अनुसार किया जायेगा तथा आवंटन का कार्य इस संकल्प के पारित होने के 12 महीनों के अंदर कर लिया जायेगा.

iv. प्रस्ताव से संबंधित विस्तृत शर्तों एवं नियमों का निर्धारण बोर्ड द्वारा सलाहकारों, लीड मैनेजरों, अभिगोपकों तथा ऐसे अन्य प्राधिकारी या प्राधिकारियों, जिन्हें बैंक द्वारा तत्कालीन बाजार की दशाओं तथा अन्य संबंधित कारकों को ध्यान में रखकर अपेक्षित समझा जाय, से विचार-विमर्श के बाद किया जायेगा.

v. अधि आवंटन, प्रतिभूतियों के निर्गम की शर्तों के अनुसार यदि कोई हों, सहित इस प्रकार प्राप्त कुल राशि, पिछले वित्तीय वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन-पत्र के अनुसार बैंक के नेटवर्थ के 5 गुने से अधिक नहीं होगी.

vi. मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज में अथवा सेबी (आईसीडीआर) विनियमों के तहत समय- समय पर प्राप्त अनुमति को छोड़कर, आवंटन की तिथि से 1 वर्ष तक प्रतिभूतियां विक्रय/ अंतरण योग्य नहीं होंगी.

vii. आवंटित किये गये इक्विटी शेयर लाभांश सहित हर प्रकार से वर्तमान इक्विटी शेयरों के समकक्ष मान्य होंगे.

आपके निदेशकगण इस कार्यसूची की नोटिस में उल्लिखित विशेष संकल्प को पारित करने की संस्तुति करते हैं.

बैठक की कार्यसूची से किसी भी निदेशक का कोई व्यक्तिगत संबंध या हित नहीं है.

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

(अरुण तिवारी)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थान : मुम्बई
दिनांकः 12 मई, 2016

निदेशकों की रिपोर्ट

प्रिय शेयरधारकों,

निदेशक मंडल को वित्तीय वर्ष 2015-16 का ''लेखापरीक्षित तुलनपत्र'', ''लाभ एवं हानि खाता'', ''नकद प्रवाह विवरण'' और ''प्रबंधकीय चर्चा व विश्लेषण'' पर रिपोर्ट सहित आपके बैंक की 97वीं वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए अत्यंत हर्ष है. कार्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट एवं कारोबारी दायित्व रिपोर्ट भी वार्षिक रिपोर्ट 2015-16 का एक भाग है.

1. वित्तीय आंकड़े एक दृष्टि:

1.1. चालू वित्त वर्ष 2015-16 के आरंभ में आपके बैंक ने संस्थागत दक्षता के जरिये आय वृद्धि पर ध्यान देते हुए बाजार के साथ चलने पर विचार किया था. प्रक्रियागत आस्ति पुनर्संतुलन अवधारणा के साथ आपका बैंक मार्जिन में सुधार तथा जोखिम आधरित आस्तियों के बेहतर उपयोग हेतु ऋण संविभाग के संतुलन पर निरन्तर ध्यान केंद्रित कर रहा है. आस्ति पक्ष में रैम (रिटेल, कृषि एवं एमएसएमई) तथा देयता पक्ष में बचत बैंक तथा रिटेल मीयादी जमाराशियां बैंक के वरीयता वाले क्षेत्र रहे हैं.

1.2. डिजिटलीकरण के युग में आपका बैंक ग्राहकों की अपेक्षा के अनुरूप नवोन्मेषित डिजिटल उत्पाद व सॉल्युशनों के द्वारा संव्यवहार बैंकिंग जगत में अच्छे खिलाड़ी के रूप में उभरा है. समग्र लेनदेनों में डिजिटल चैनलों के जरिये संव्यवहारों का हिस्सा बढ़कर 31 मार्च, 2016 को 66.7 प्रतिशत हो गया है.

2. **कारोबार:** निम्नांकित ग्राफ में दर्शाए गए कारोबारी आंकड़े संतुलित संवृद्धि की रणनीतिक अवधारणा दर्शाते हैं:

चार्ट 1 : कुल कारोबार (₹ करोड़ में) 11.33% सीएजीआर



चार्ट 2 : कुल जमाराशियां (₹ करोड़ में) 11.36% सीएजीआर



चार्ट 3 : कासा कारोबार (₹ करोड़ में) 12.30% सीएजीआर



चार्ट 4 : कुल अग्रिम (₹ करोड़ में) 11.29% सीएजीआर



चार्ट 5 : रैम अग्रिम (₹ करोड़ में) 23.67% सीएजीआर



2.1 आपके बैंक का वैश्विक कारोबार 7.0 प्रतिशत वृद्धि के साथ 31 मार्च, 2016 को ₹6,20,445 करोड़ हो गया है. बैंक ने पहले से कार्यरत 3 ओवरसीज शाखाओं हांगकांग, डीआईएफसी(दुबई), एंटवर्प (बेल्जियम) तथा हाल ही में खोली गयी सिडनी आस्ट्रेलिया शाखा के माध्यम से ओवरसीज कारोबार में अपनी उपस्थिति बनाये रखी है. गत वर्ष की तुलना में ओवरसीज कारोबार में 25.4 प्रतिशत (रूपये में) वृद्धि हुई है.

2.2 कासा(चालू व बचत बैंक खातों) में 19.7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ कुल जमाराशियों में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. घरेलू जमाराशियों में 7.6 प्रतिशत व ओवरसीज जमाराशियों में 43 प्रतिशत (रूपये में) वृद्धि हुई है. वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान चालू जमाराशियों में 41 प्रतिशत तथा बचत जमाराशियों में 13.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. इस प्रकार कासा का भाग गत वर्ष के 29.2 प्रतिशत से 310 बीपीएस(बेसिस पाइंट) सुधरकर 32.3 प्रतिशत हो गया है. जमाराशियों की लागत 31 बीपीएस की उल्लेखनीय

गिरावट के साथ वित्त वर्ष 2014-15 के 7.31 प्रतिशत से घटकर वित्त वर्ष 2015-16 में 7.0 प्रतिशत हो गयी है.

2.3 सकल अग्रिम 5.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 31 मार्च, 2016 को ₹2,77,725 करोड़ हो गया. ओवरसीज अग्रिम में 21.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई. मार्च, 2016 के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार को कुल ऋणों में आपके बैंक का बाजार हिस्सा 3.12 प्रतिशत रहा है. आपका बैंक अपने ऋण संविभाग का रिटेल, कृषि एवं एमएसएमई(रैम) की ओर विविधीकरण करता रहा है. वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान कुल अग्रिमों में रैम की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2014-15 के 48.9 प्रतिशत से बढ़कर 52.0 प्रतिशत हो गयी. फलस्वरूप, ऋण जोखिम भारित आस्तियां(आरडब्ल्यूए) वित्त वर्ष 2014-15 के 75.7 प्रतिशत से घटकर 74.3 प्रतिशत हो गयी हैं.

चार्ट 6 : ऋणों में आरडब्ल्यूए ऋण अनुपात (%)



3. आय एवं व्यय:

तालिका 1: आय एवं व्यय विवरण

(₹करोड़)

	वि.व. 2015-16	वि.व. 2014-15	वार्षिक संवृद्धि	
			वास्तविक	%
अर्जित ब्याज	32198.8	32084.0	114.8	0.4
अन्य आय	3631.7	3523.0	108.7	3.1
कुल आय(1+2)	35830.5	35607.0	223.6	0.6
व्यय किया गया ब्याज	23885.7	23640.1	245.6	1.0
शुद्ध ब्याज आय(1-4)	8313.1	8443.9	-130.8	-1.5
परिचालन व्यय	6222.8	6143.4	79.4	1.3
जिसमें से स्थापना व्यय	3620.0	3786.0	-166.0	-4.4
कुल व्यय(4+6)	30108.5	29783.5	325.0	1.1
परिचालन लाभ(3-7)	5722.0	5823.5	-101.5	-1.7
प्रावधान	4291.0	4041.8	249.2	6.2
शुद्ध लाभ	1351.6	1781.6	-430.0	-24.1
प्रति शेयर आय(₹)	20.4	28.1	-7.6	-27.2

3.1 मौद्रिक नीति में की गयी प्रमुख दरों में कटौती की राहत के अनुरूप आपके बैंक ने भी अपनी ऋण दरों में कटौती की है, जिसके फलस्वरूप शुद्ध ब्याज आय में संतुलन की स्थिति बनी है. ब्याज आय, गत वर्ष से मामूली बढ़ोत्तरी के साथ वित्त वर्ष 2015-16 में ₹ 32,198.8 करोड़ हो गयी है तथा शुद्ध ब्याज आय ₹ 8,313.1 करोड़ हो गई.

3.2 कोर शुल्क आधारित आय पर अपना ध्यान केंद्रित करते हुए आपके बैंक ने 3.1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ जहां वित्त वर्ष 2015-16 में ₹ 3632 करोड़ की गैर ब्याज आय अर्जित की है, वहीं व्यय पक्ष में स्थापना व्यय में 4.4 प्रतिशत की कमी आयी है. वित्त वर्ष 2015-16 में परिचालन व्यय ₹ 5,722.0 करोड़ रहा है. प्रावधानों की राशि वित्त वर्ष 2014-15 के ₹4,041.8 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2015-16 में ₹ 4,291.0 करोड़ हो गयी है.

4. लाभप्रदता एवं दक्षता:

4.1 प्रतिकूल व्यापक आर्थिक परिदृश्य में, जहां संपत्ति की गुणवत्ता एक प्रमुख चुनौती बनी रही, आपके बैंक ने परिचालन क्षमता के संबंध में वित्तीय सुदृढ़ता को बनाए रखा है. वर्ष 2015-16 के दौरान औसत आस्तियों पर प्रतिलाभ 0.35 प्रतिशत रहा, जबकि इक्विटी पर प्रतिलाभ 6.84 प्रतिशत रहा. लागत आय अनुपात 52.10 प्रतिशत पर थी.

तालिका 2: दक्षता अनुपात

मानदंड (%)	वि.व. 2015-16	वि.व. 2014-15
औसत आस्तियों पर प्रतिलाभ	0.35	0.49
इक्विटी पर प्रतिलाभ	6.84	9.73
लागत लाभ अनुपात	52.1	51.34

4.2 गैर निष्पादक आस्तियों पर प्रावधानों के कारण शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2014-15 के ₹1781.6 करोड़ से घटकर वित्त वर्ष 2015-16 में ₹1351.6 करोड़ हो गया है. वित्त वर्ष 2015-16 के प्रमुख उत्पादकता अनुपात निम्नानुसार हैं.:

तालिका 3: उत्पादकता अनुपात

मानदंड	वि.व. 2015-16	वि.व. 2014-15
प्रति कर्मचारी औसत कारोबार (₹ करोड़)	15.5	14.5
प्रति शाखा औसत कारोबार(₹ करोड़)	131.0	125.8
प्रति कर्मचारी सकल लाभ(₹ लाख)	16.1	16.4
प्रति कर्मचारी शुद्ध लाभ(₹ लाख)	3.8	5.0
प्रति शाखा शुद्ध लाभ(₹ लाख)	32.2	43.7

5 लाभांश:

5.1 बैंक का कार्यनिष्पादन, बासल III विनियामक पूंजी अपेक्षा तथा बैंक के शेयर में शेयरधारकों के विश्वास पर विचार करते हुए निदेशक मंडल द्वारा वर्ष 2015-2016 के लिए 19.5 प्रतिशत लाभांश अर्थात ₹ 10 प्रति इक्विटी शेयर अंकित मूल्य पर ₹1.95 लाभांश का प्रस्ताव किया गया है. वित्त वर्ष 2015-16 के लिए लाभांश भुगतान अनुपात(लाभांश कर को छोड़कर) 9.9 प्रतिशत होगा.

6. शेयरधारकों को प्रतिफल:

6.1 आपके बैंक की शुद्ध संपत्ति गत वर्ष के ₹18312 करोड़ से 7.9 प्रतिशत सुधरकर वित्त वर्ष 2015-16 में ₹19764 करोड़ हो गयी है तथा इस प्रकार मार्च 2016 में प्रति शेयर पुस्तक मूल्य ₹287.51 तथा प्रति शेयर अर्जन ₹20.42 बना रहा.

चार्ट 7:वि.व. 2014-15 एवं 2015-16 के लिए शेयरधारिता (%) पैटर्न



7. आस्ति गुणवत्ता:

7.1 ऋण संविभाग में बढ़ते दबाव ने भारतीय बैंकों की आस्ति गुणवत्ता को प्रभावित किया है. गत एक वर्ष में भारतीय बैंकिंग प्रणाली ने सामान्य रूप से भारी ऋण चूक मामलों का सामना किया. बंद परियोजनाओं में संकुचित नकदी प्रवाह के कारण विभिन्न कार्पोरेट उधारकर्ताओं द्वारा अपना ऋण चुकाना मुश्किल हो गया है, जिसके फलस्वरूप ऋण रीस्ट्रक्चरिंग या भुगतान में चूक की स्थिति हो गयी है. फलस्वरूप सकल एनपीए 8.70 प्रतिशत तथा शुद्ध एनपीए 5.25 प्रतिशत रहा है. एनपीए पर प्रावधान वित्त वर्ष 2014-15 के ₹2537 करोड़ से 83.5 प्रतिशत वृद्धि के साथ वित्त वर्ष 2015-16 में ₹4655 करोड़ हो गया है.

चार्ट 8: सकल एनपीए, शुद्ध एनपीए तथा एनपीए पर प्रावधान (रू.करोड़ में)



8. क्रेडिट रेटिंग:

8.1 आपके बैंक के ऋण उत्पाद उच्च स्तरीय सुरक्षा वाले उत्पाद माने जाते हैं, जिनमें वित्तीय दायित्वों को समय से पूरा करने के संबंध में काफी कम ऋण जोखिम शामिल है. वित्त वर्ष 2015-16 के लिए विभिन्न एजेन्सियों द्वारा जारी रेटिंग निम्नानुसार है:

तालिका 4: रेटिंग

रेटिंग एजेंसी	शाश्वत बांड	उच्चतर टियर 2 बांड	न्यूनतम टियर 2 बांड	टियर 2 (बासल III अनुपालन)
क्रिसिल	CRISIL AAA	CRISIL AAA	CRISIL AAA	CRISIL AAA
इकरा (ICRA)	ICRA AA	----	ICRA AA+	----
केयर (CARE)	----	CARE AA+	CARE AAA	----
इंडिया रेटिंग	IND AA	IND AA	IND AA+	IND AA+
ब्रिकवर्क	BWR AAA	BWR AAA	----	----

8.2 क्रेडिट रेटिंग जारीकर्ताः अन्तर्राष्ट्रीय क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों ने बैंक के दीर्घकालिक क्रेडिट रेटिंग जारीकर्ता को पुनः स्थापित किया है, जो देश की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग ग्रेड के बराबर है. स्टेंडर्ड एंड पूर्स ने बैंक को स्टेबल आउटलुक के साथ की 'BBB-' रेटिंग दी है जबकि मूडीज़ द्वारा पॉजिटिव आउटलुक के साथ रेटिंग 'Baa3' रेटिंग दी है. इन रेटिंग से यह ज्ञात होता है कि बैंक के पास अपनी वित्तीय वचनबद्धताओं को पूरा करने की क्षमता है.

9. पूंजी पर्याप्तता अनुपात :

9.1 बासल III मानदंडों के अनुसार, मार्च 31, 2016 में पूंजी पर्याप्तता अनुपात 10.56 प्रतिशत रहा. बैंक की कॉमन इक्विटी टियर 1 (सीईटी1) पूंजी मार्च, 2016 को बढकर 7.95 प्रतिशत हो गई, जो मार्च 2015 में 7.24 प्रतिशत थी.

तालिका 5: पूंजी पर्याप्तता अनुपात - बासल- III (₹ करोड़ में)

मानदंड	भारिबैं न्यूनतम बेंचमार्क 31 मार्च, 2016	वि.व. 2015-16	वि.व. 2014-15
कुल जोखिम भारित आस्तियां	लागू नहीं.	273791	253162
कुल पूंजीगत निधियां		28932	25885
सीईटी1 पूंजी		21768	18320
टियर1 पूंजी		22296	18992
सीआरएआर (%)	**9.625**	10.56	10.22
सीईटी 1 (%)	**6.125**	7.95	7.24
टियर 1 (%)	**7.625**	8.14	7.50
टियर 2 (%)	**2.00**	2.42	2.72

9.2 आपके बैंक ने आंतरिक पूंजी सृजन के जरिये पूंजी आधार बढ़ाने पर जोर दिया है. मार्च, 2019 तक 0.625% प्रतिवर्ष अतिरिक्त पूंजी संरक्षण बफर (31 मार्च, 2016 से प्रभावी) की शुरूआत के चलते कोर इक्विटी आधार बढ़ाने पर और जोर रहेगा. बैंक कम पूंजी मॉडल पर कार्य कर रहा है जिसमें कम पूंजी प्रभार देय होगा.

9.3 **भारत सरकार को इक्विटी शेयरों का प्रिफरेंशियल आवंटनः** सितंबर, 2015 में आपके बैंक द्वारा भारत सरकार को ₹10 प्रति शेयर मूल्य वाले 5,16,62,281 इक्विटी शेयर जारी व आबंटित किये गये. भारत सरकार को इक्विटी शेयरों का यह प्रिफरेंशियल आवंटन ₹209.05 (₹199.05 प्रति शेयर प्रीमियम सहित) निर्गम मूल्य पर किया गया. इसके परिणाम स्वरूप, बैंक में सरकार की शेयर होल्डिंग पूर्व के 60.47 प्रतिशत से बढ़कर 63.44 प्रतिशत हो गई है. बैंक की अभिदत्त इक्विटी पूंजी भी ₹636 करोड़ से बढ़कर ₹687 करोड़ हो गई है, जबकि ₹1028 करोड शेयर प्रीमियम निधियों में जोड़ा गया है.

9.4 **टियर 2 बांड जारी करनाः** आपके बैंक ने 29 मार्च, 2016 को निजी स्थापन के आधार पर प्रत्येक ₹10,00,000/- अंकित मूल्य के 10,000 बासल III अनुपालन वाले टीयर- 2 बांड्स सममूल्य पर जारी कर ₹1000 करोड़ की टियर-2 पूंजी जुटाई है. ये बांड्स 10 वर्ष की अवधि के लिए तथा 8.61% प्रति वर्ष की दर से सालाना देय कूपन के रूप में एवं 5 वर्ष बाद काल ऑप्शन के साथ जारी किए गए हैं. इंडिया रेटिंग्स द्वारा इन बांडों 'IND AA+' रेटिंग की गयी है.

10. ब्रांड रेटिंग:

आपके बैंक द्वारा ग्राहक व संस्था के बीच संबंधों को अगले स्तर तक ले जाते हुए अपने ब्रांड मूल्य में सुधार हेतु भरसक प्रयास किए गए हैं. ''ब्रान्ड्स टॉप 50 सबसे मूल्यवान भारतीय ब्रांड 2015'' की रिपोर्ट के अनुसार आपके बैंक ने सफल डिजिटलीकरण के प्रयासों विशेषकर आईएमपीएस के लेन-देन के सफल प्रयासों के कारण अपने ब्रांड मूल्य में 72% सुधार किया है. वित्तीय मानदंडों तथा प्रौद्योगिकी के अधिकतम उपयोग संबंधी अपने सतत कार्यनिष्पादन के कारण आपके बैंक की ''ब्रांड फाइनैन्स बैंकिंग 500'' रैंकिंग में सुधार हुआ है.

चार्ट 9: 'ब्रांड फाइनैन्स बैंकिंग 500' द्वारा ब्रांड रैंकिंग

स्रोत: ब्रांड फाइनैन्स बैंकिंग 500, 2016.

11. नेटवर्क:

11.1 आपके बैंक का संपूर्ण देश में 4,196 शाखाओं तथा विदेश में 4 शाखाओं का शाखा नेटवर्क है. वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान भारत में 124 नई शाखाएं तथा एक शाखा सिडनी(आस्ट्रेलिया) में खोली गयी.

11.2 वर्ष 2015-16 के दौरान गैर-शाखा नेटवर्क अर्थात डिजिटल चैनल, जिसमें एटीएम, मोबाइल आधारित भुगतान प्रणाली आदि शामिल हैं, बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया.

12. नई कारोबारी पहल:

12.1 वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान आपके बैंक द्वारा यूनियन 24x7 कम्फर्ट लॉबी, एमपासबुक, मोबाइल वॉलेट्स, सेल्फी द्वारा खाता खोलना, बिजनेस डेबिट कार्ड, सिग्नेचर क्रेडिट कार्ड तथा यूसीक्योर क्रेडिट कार्ड्स आरंभ करने जैसे अनेक नये कदम उठाए गए हैं.

12.2 आपके बैंक द्वारा यूनियन उत्कर्ष के नाम से कारोबार प्रक्रिया परिवर्तन की यात्रा आरंभ की गयी है. प्रोजेक्ट उत्कर्ष के तहत संबंर्धित ग्राहक अनुभव, बेहतर प्रक्रिया कार्य-दक्षता तथा कर्मचारी उत्पादकता में सुधार जैसे अपने प्रमुख उद्देश्यों पर ध्यान केंद्रित करके आपका बैंक इसके जरिये अपनी आकांक्षाओं को प्राप्त करने में सक्षम होगा.

13. पुरस्कार एवं सम्मान

वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान आपके बैंक ने विभिन्न अग्रणी डिजिटल पहलों, संभाव्य संवृद्धि की दिशा में मानव संसाधन की महत्वपूर्ण भूमिका, कार्मिकों के मध्य सहभागी सतर्कता कार्रवाई को सुदृढ़ बनाते हुए नये आयाम स्थापित किये हैं तथा साथ ही जरूरतमंदों को आत्म-विश्वास एवं गरिमापूर्ण जीवन उपलब्ध कराने का भी प्रयास किया. इस प्रक्रिया में, वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान बैंक को इन प्रयासों के लिए विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया.

13.1 **प्रौद्योगिकी पुरस्कार:** आपका बैंक, भारतीय बैंक संघ द्वारा प्रदान किये जाने सभी 6 बैंकिंग प्रौद्योगिकी पुरस्कारों यथा 'वर्ष का सर्वोत्तम प्रौद्योगिकी बैंक', 'डिजिटल व चैनल प्रौद्योगिकी का सर्वोतम प्रयोग, ग्राहक अनुभव बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी का सर्वोत्तम प्रयोग, सर्वोत्तम जोखिम प्रबंधन, धोखाधड़ी व साइबर सुरक्षा', 'सर्वोत्तम वित्तीय समावेशन प्रौद्योगिकी पहल' तथा 'सर्वोत्तम भुगतान पहल' का विजेता रहा है. नेशनल पेमेन्ट कार्पोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा बैंक को शाखाओं के जरिये आईएमपीएस के क्रियान्वयन हेतु विशेष संवर्ग अवार्ड तथा रूपे कार्ड जारी करने हेतु विशेष रिकॉग्निशन अवार्ड 2015 से सम्मानित किया गया है. दि स्कॉच द्वारा ई-केवाईसी क्रियान्वयन; वित्तीय समावेशन, प्रौद्योगिकी संवर्गों के अधीन अवार्ड तथा केंद्रीय विद्यालय फीस संग्रहण हेतु मेरिट अवार्ड से सम्मानित किया गया है. इंटरनेशनल डाटा कार्पोरेशन (आईडीसी) द्वारा एमपासबुक(मोबाइल आधारित खाता पासबुक) के क्रियान्वयन हेतु बैंक को 'एक्सीलेंश इन इन्नोवेशन अवार्ड' 2015 से सम्मानित किया गया है. एसोचैम(एसोसिएटेड चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ऑफ इंडिया) से आपके बैंक को टैबुलस बैंकिंग, ईकेवाईसी क्रियान्वयन तथा एम पासबुक एप्लीकेशन हेतु डेवलपमेंट अवार्ड प्राप्त हुए हैं. आपके बैंक के बहु-चैनल भुगतान सॉल्युशन(इमीडिएट पेमेन्ट सर्विस-आईएमपीएस) हेतु एलीट्स टेक्नोमीडिया प्रा.लि. द्वारा पुरस्कृत किया गया है.

13.2 सतर्कता:

आपके बैंक को इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक इंटरप्राइजेज़, हैदराबाद द्वारा प्रतिष्ठित 'कॉर्पोरेट संवर्ग में प्रथम सर्वश्रेष्ठ सतर्कता उत्कृष्टता पुरस्कार (2015-16)' प्रदान किया गया हैं. बैंक के 'मुख्य सतर्कता अधिकारी' को भी व्यक्तिगत श्रेणी में 'उत्कृष्ट सतर्कता पुरस्कार' (2015-16) से सम्मानित किया गया हैं.

13.3 **कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व:** वर्ल्ड सीएसआर कांग्रेस द्वारा एबीपी न्यूज के समन्वय से यूनियन बैंक सोशल फाउंडेशन को सर्वश्रेष्ठ सीएसआर प्रैक्टिसेज अवार्ड, शारीरिक रूप से विकलांगों के लिए रोजगार प्रोत्साहन हेतु सीएसआर लीडरशीप अवार्ड, बैंकिंग क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ सीएसआर प्रथाओं के कार्यान्वयन के लिए सीएसआर लीडरशीप पुरस्कार, 'उत्कृष्ट बैंकिंग' (सार्वजनिक बैंकिंग क्षेत्र में) तथा बैंकिंग फाइनेंशियल सर्विसेज व इंश्योरेंस श्रेणी के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ बैंक अवार्ड प्रदान किया गया है.

13.4 **मानव संसाधन प्रबंधन:** इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के लिए आयोजित 10वें अंतर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस में उत्कृष्ट मानव संसाधन प्रथाओं के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को गोल्डन पीकॉक पुरस्कार प्रदान किया गया.

14. निदेशक: वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान, आपके बैंक के निदेशक मंडल में निम्न परिवर्तन हुए हैं:

14.1 श्री के. सुब्रह्मण्यम, कार्यपालक निदेशक, 31 जुलाई, 2015 को सेवानिवृत हो गए.

14.2 श्री किशोर खरात, कार्यपालक निदेशक को वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के पत्रांक FNo.4/2/2015-Bo.I.GOI.MOF दिनांक 14 अगस्त, 2015 के अनुसार आईडीबीआई बैंक के प्रबंध निदेशक तथा मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया.

14.3 श्री विनोद कथूरिया को भारत सरकार की अधिसूचना क्र.F. No. 4/5/2015-Bo.I दिनांक 22 जनवरी, 2016 के अनुसार यूनियन बैंक के कार्यपालक निदेशक के पद पर नियुक्त किया गया है.

14.4 वित्तीय सेवा विभाग, वित्त मंत्रालय द्वारा द्वारा पत्र क्र. F.NO.6/3/2011-Bo.I दिनांक 6 जुलाई 2015 के अनुसार श्री दीपक सिंघल के स्थान पर श्री अनिल कुमार मिश्रा को 6 जुलाई, 2015 से भारतीय रिजर्व बैंक के नामित निदेशक के रूप में नामित किया गया है.

14.5 श्री दीपांकर चटर्जी, श्री जी. के. लाठ और डॉ. आर. एच. ढोलकिया, शेयरधारक निदेशकों ने 26 जून, 2015 को अपना कार्यकाल पूरा किया. डॉ.

आर.एच.ढोलकिया तथा श्री जी.के.लाठ को 27 जून, 2015 को आयोजित वार्षिक सामान्य बैठक में तीन वर्ष की नई अवधि के लिए शेयरधारक निदेशक के रूप में पुनः निर्वाचित किया गया तथा श्री दीपांकर चटर्जी के स्थान पर डॉ उत्तम कुमार सरकार को तीसरे शेयरधारक निदेशक के रूप में निर्वाचित किया गया है.

14.6 नए निदेशकों का स्वागत करते हुए निदेशक मंडल श्री के.सुब्रह्मण्यम, श्री किशोर खरात, श्री दीपक सिंघल तथा श्री दीपांकर चटर्जी द्वारा प्रदान की गयीं बहुमूल्य सेवाओं को रेखांकित करता है.

15. निदेशकों का उत्तरदायित्व कथनः

31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के लिए वार्षिक खातों को बनाये जाने के संबंध में निदेशकों द्वारा निम्न बातों की पुष्टि की गयी है;

15.1 लागू लेखा मानकों का पालन किया गया है एवं निर्धारित लेखा मानकों में कोई बदलाव नही किया गया है.

15.2 भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुसार निर्धारित लेखा नीति का पूर्ण पालन किया गया है.

15.3 तार्किक एवं विवेकपूर्ण निर्णय व अनुमानों का इस प्रकार उपयोग किया गया है कि वित्त वर्ष की समाप्ति पर बैंक के क्रियाकलाप एवं मार्च 31, 2016 को समाप्त वर्ष के लिए बैंक लाभ सही व उचित रहें.

15.4 भारत में बैंकों में लागू विधि के प्रावधानों के अनुरूप पर्याप्त लेखा रिकार्ड के रखरखाव में पर्याप्त समुचित सावधानी रखी गयी, और

15.5. निरंतर चल रही प्रक्रिया के अनुसार खाते तैयार किये गये हैं.

16. कार्पोरेट गवर्नेंसः

16.1 बैंक का निदेशक मंडल कार्पोरेट गवर्नेंस पद्धतियों को पूरी तरह लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है. कार्पोरेट गवर्नेंस पर विस्तृत रिपोर्ट इस वार्षिक रिपोर्ट के अलग खंड में दी गयी है. वर्ष 2015-16 की कार्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट पर कोई लेखा परीक्षा आपत्ति नहीं है.

17. **कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्वः** आपका बैंक समाज के लिए योगदान के द्वारा अपने कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए समर्पित है. इस क्षेत्र में आपके बैंक ने कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के विस्तार हेतु ‘यूनियन बैंक सोशल फाउंडेशन ट्रस्ट’ का गठन किया है. इस ट्रस्ट के माध्यम से बैंक, समाज का जीवन स्तर सुधारने हेतु अपनी गतिविधियां संचालित करता है.

17.1 एमबीए फाउंडेशन के प्रमुख प्रोजेक्ट ‘ए लाइफ फॉर सेल्फ एस्टीम एंड डिग्निटी फॉर दि डिफरेंटली एबल्ड’ को वित्तीय सहायता प्रदान कर यूनियन बैंक सोशल फाउंडेशन द्वारा विश्वस्तरीय समन्वित विकलांग पुनर्सुधार केंद्र की शुरुआत की गई है. बैंक द्वारा पात्र विकलांग व्यक्तियों को बचपन से ही रोजगार से संबंधित सम्पूर्ण सुविधाएं प्रदान की जाती हैं.

17.2 वर्ष 2015-16 के दौरान, बैंक द्वारा दान के रूप में कुल ₹1.22 करोड खर्च किये गये. इसमें स्वच्छ भारत के अंतर्गत दी गई ₹1 करोड़ की राशि शामिल है. आपके बैंक द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक कार्यों के माध्यम से अनेक सामाजिक मुद्दों जैसे गरीबी, भुखमरी, कौशल उन्नयन, सामुदायिक विकास तथा सामाजिक न्याय जैसी बड़ी समस्याओं में सहभागिता की जा रही है. यूनियन बैंक सोशल फाउंडेशन द्वारा सामाजिक क्षेत्र की एजेंसियों के साथ मिलकर सामाजिक उद्देश्यों की स्थायी संवृद्धि व विकास की दिशा में व्यापक स्तर पर कार्य किया गया है. वर्ष 2015-16 के दौरान, यूनियन बैंक सोशल फाउंडेशन द्वारा विभिन्न क्षेत्रों जैसे स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा तथा ग्रामीण विकास आदि के अंतर्गत 47 परियोजनाओं के लिए ₹9.41 करोड़ की राशि अनुमोदित की गयी तथा वर्ष 2015-16 के दौरान ₹5.76 करोड़ की राशि संवितरित की गई है.

17.3 असामान्य रूप से विकलांग व्यक्तियों के आत्म सम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बैंक द्वारा कुल ₹ 30 लाख की 700 से अधिक ट्राइसाइकलें तथा शारीरिक रूप से अपंग व्यक्तियों के लिए कृत्रिम अंग प्रदान किए गए. आपके बैंक द्वारा मोबाइल वैन के माध्यम से बाढ़ पीड़ितों, पहाड़ी क्षेत्रों तथा उत्तराखंड के दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने का दायित्व निभाया गया, जिससे 23 गाँवों के लगभग 12000 से अधिक लोगों को राहत प्रदान की गई है. सुविधाविहीन कैंसर पीड़ितों को सहारा देने के उद्देश्य से बैंक द्वारा कैंसर समितियों को ₹ 19.94 लाख की राशि दान में दी गई हैं.

18. आभार

18.1 निदेशक मंडल भारत सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड, बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण तथा केंद्रीय सतर्कता आयोग एवं अन्य संस्थाओं से प्राप्त उनके बहुमूल्य मार्गदर्शन और समर्थन के लिये आभार व्यक्त करता है. निदेशक मंडल वित्तीय संस्थाओं, संपर्की बैंकों के प्रति भी उनके सहयोग और समर्थन के लिये आभारी है. बोर्ड अपने माननीय शेयरधारकों, ग्राहकों एवं अन्य स्टेकधारकों के निरंतर सहयोग के लिये आभार व्यक्त करता है. निदेशक मंडल बैंक के समग्र कार्यनिष्पादन के लिये स्टाफ-सदस्यों की समर्पित सेवा और उनके योगदान की सराहना करता है.

निदेशक मंडल के लिए एवं की ओर से,

(**अरुण तिवारी**)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थान : मुम्बई
दिनांकः 13 मई, 2016

प्रबंधकीय परिचर्चा एवं विश्लेषण

1. वैश्विक अर्थव्यवस्था

1.1 वैश्विक अर्थव्यवस्था व्यापक तौर पर वस्तुओं के कम मूल्यों, नियंत्रित वैश्विक व्यापार, धीमे पूंजी प्रवाह तथा विनिमय दरों में अस्थिरता जैसे मुद्दों के बीच फंसी रही; जिससे विकास की संभावनाएं प्रभावित होती रहीं. वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान एक ओर जहां विकसित अर्थव्यवस्थाओं में ठोस राजकोषीय एवं मौद्रिक नीतिगत दृष्टिकोण के कारण विकास की गति सामान्य रही, वहीं उभरते बाजार वाली अर्थव्यवस्थाओं (ईएमई) में मंदी का दौर स्पष्ट दिखाई दिया. उभरते बाजार की अर्थव्यवस्थाओं के विकास की संभावनाओं पर रोक का प्रमुख कारण विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन में पुनर्संतुलन का दृष्टिकोण रहा. व्यापार चैनलों तथा वित्तीय बाजार में बढ़ी अस्थिरता के माध्यम से वैश्विक स्तर पर उपभोग आधारित अर्थव्यवस्था पर दिये गये विशेष जोर ने तरंगित प्रभाव डाला.

1.2 अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ़) ने वर्ल्ड इकोनामिक आउटलुक (डब्ल्यूईओ) के नवीनतम प्रकाशन में वर्ष 2016 तथा 2017 में वैश्विक विकास की दर, पूर्व के अनुमानों से कुछ कम आंकते हुए क्रमशः 3.2 तथा 3.5 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है. वर्ष 2016 के दौरान यूएस अर्थव्यवस्था का विकास अनुमान भी घटाकर 2.4 प्रतिशत किया गया है. यूरो क्षेत्र में वर्ष 2016 के दौरान 1.5 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान है. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ़) द्वारा चीन के दीर्घकालिक विकास मार्ग के दृष्टिकोण पर विश्वास व्यक्त करते हुए वर्ष 2016 तथा 2017 के लिए उसके विकास पूर्वानुमान को (वर्ष 2016 तथा 2017 दोनों के लिए 0.2 प्रतिशत) बढ़ाकर क्रमशः 6.5 प्रतिशत तथा 6.2 प्रतिशत किया गया है.

1.3 वस्तुओं के कम मूल्यों, विशेषकर कच्चे तेल के मूल्यों (जो फरवरी, 2016 में गिरकर 13 साल के सबसे निचले स्तर अर्थात यूएस डॉलर 30 प्रति बैरल से नीचे) का पूरे वित्त वर्ष के दौरान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बोलबाला रहा. व्यापारिक स्थितियों के कारण एक ओर जहां तेल निर्यातक अर्थव्यवस्थाओं पर इनका प्रतिकूल प्रभाव पड़ा, वहीं तेल आयातक देश चालू खातों में बचत के कारण इससे लाभान्वित हुए. तेल उत्पादक देशों की मुद्राओं पर लगातार दबाव के कारण उनके विदेशी मूल्यवर्गित ऋणों में भी वृद्धि हुई. वैश्विक अर्थव्यवस्था में व्याप्त निराशाजनक परिदृश्य के बावजूद व्यापक आधार पर नीतिगत सुधार के माध्यम से निजी क्षेत्र के ऋण विस्तार, कमजोर ऋण प्रसार तथा उत्पादकता में धीमी वृद्धि जैसी कमियों को दूर करने के प्रयास किये गये, जो वित्तीय बाजार की भावी अशांति के जोखिम को कम करेगें.

2. घरेलू अर्थव्यवस्था

2.1 भारतीय अर्थव्यवस्था अपने सुदृढ़ व्यापक मौलिक सिद्धांतों तथा समर्पित नीतिगत सुधारों के माध्यम से सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था के रूप में उभरी है तथा चमकते सितारे की तरह है. बीबीबी निवेश ग्रेड वाले समकक्ष देशों में भारत तुलनात्मक रूप से बेहतर स्थिति में है तथा कार्य-निष्पादन में ए-ग्रेड देशों के समतुल्य है.

2.2 केंद्रीय सांख्यिकी संगठन द्वारा जारी अग्रिम अनुमानों के अनुसार वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर, वित्त वर्ष 2014-15 के 7.2 प्रतिशत की तुलना में 7.6 प्रतिशत रही. वास्तविक जीडीपी विकास दर पिछले चार वर्षों में सबसे अधिक है, जबकि वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान सांकेतिक जीडीपी दर में 8.6 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद है. क्षेत्रवार आधार पर लगातार पिछली दो अवधियों में मानसून में कमी के कारण कृषि की विकास दर में गिरावट बनी रही. विनिर्माण क्षेत्र के उत्कृष्ट कार्य-निष्पादन के कारण औद्योगिक क्षेत्र का निष्पादन उल्लेखनीय रहा. चालू वर्ष में कोयला उत्पादन के गहन विस्तार, जिसमें खनन गतिविधि एवं बिजली उत्पादन दोनों शामिल हैं, के कारण विनिर्माण क्षेत्र में सुधार जारी है. कमजोर मांग तथा आयात की प्रतिस्पर्धा के कारण पूंजीगत वस्तुओं का उत्पादन कमजोर रहा. इसके अलावा सरकार द्वारा अपेक्षित सार्वजनिक खर्चों के माध्यम से अर्थव्यवस्था के कैपेक्स (CAPEX) चक्र के पुनर्जीवित करने के प्रयासों से क्षेत्र में राहत की उम्मीद जगी है. जीडीपी में सर्वाधिक योगदान देने वाले सेवा क्षेत्र का वर्ष के दौरान तेजी से विस्तार हुआ है, जिसमें व्यापार, होटल, परिवहन, संचार तथा लोक प्रशासन, रक्षा व संबंधित सेवाएं विकास के प्रमुख चालक रहे हैं.

तालिका 1: जीडीपी तथा उसके घटकों की विकास दर (%)

	वित्त वर्ष 2014-15 के संशोधित अनुमान	वित्त वर्ष 2015-16 के अग्रिम अनुमान
वास्तविक जीडीपी	7.2	7.6
कृषि	-0.2	1.1
उद्योग	5.9	7.3
जिसमें - निर्माण	5.5	9.5
सेवाएं	10.3	9.2

सौजन्यः सीएसओ

3. मूल्य परिदृश्यः

कच्चे तेल की सस्ती कीमतों के कारण विशेषकर लागत मूल्य कम रहने से कीमतें सामान्य रहीं. सरकार द्वारा कुशल प्रबंधन नीतियों जैसे पर्याप्त स्टाक भंडार, खाद्यान्न की समय पर आपूर्ति तथा दालों के आयात के साथ-साथ कृषि क्षेत्र के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में सीमित वृद्धि के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों को नियंत्रित किया गया. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति मार्च, 2016 में 4.8 प्रतिशत आकलित की गई, जो मार्च, 2015 में 5.2 प्रतिशत थी. वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान औसत मुद्रास्फीति दर, वित वर्ष 2014-15 के 6.00 प्रतिशत से घटकर 4.9 प्रतिशत हो गई. मार्च 2016 में कोर मुद्रास्फीति (खाद्य व ईधन मदों को छोडकर), मार्च 2015 के 4.1 प्रतिशत की तुलना में 4.8 प्रतिशत रही. उपभोक्ता मांग की वजह से कोर सीपीआई में बढ़ोत्तरी हुई.

चार्ट 1: सीपीआई, कोर सीपीआई एवं सीएफपीआई की स्थिति (%)



Source: CSO

4. बाहरी क्षेत्रः

4.1 वैश्विक आर्थिक विकास की मंदी का असर बाहरी क्षेत्रों के भी प्रदर्शन पर पड़ा है. वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान भारत के व्यापारिक माल का निर्यात पिछले वर्ष से 15.9 प्रतिशत घटकर 261.1 बिलियन अमरीकी डॉलर रहा. वित्त वर्ष 2015-16 में 15.1 प्रतिशत की गिरावट के साथ आयात 379.6 बिलियन अमरीकी डॉलर रहा. तेल तथा गैर-तेल दोनों ही आयातों में क्रमशः 40.2 तथा 4.1 प्रतिशत की कमी की वजह से आयात में गिरावट आई. वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान व्यापार घाटा वित्त वर्ष 2014-15 के 137.7 बिलियन अमरीकी डॉलर से घटकर 118.5 बिलियन अमरीकी डॉलर रहा. न्यूनतत व्यापार घाटा, अदृश्य मदों में सामान्य प्रगति तथा अप्रवासी भारतीय जमाराशियों में वृद्धि के कारण अप्रैल-दिसंबर 2015 में चालू खाते का घाटा (सीएडी) 1.4 प्रतिशत तक सीमित रहा, जो 2014-15 की समान अवधि के दौरान 1.7 प्रतिशत था. अप्रैल-फरवरी, 2016 के दौरान शुद्ध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफ़डीआई), पिछले वर्ष की इसी अवधि के 29.7 बिलियन अमरीकी डॉलर की तुलना में बढ़कर 34.0 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया. मौजूदा बाजार की परिस्थितियों के अनुसार विदेशी पोर्टफोलियो निवेश बाजार में अस्थिरता बनी रही. वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान भारत का विदेशी विनियम संचय भी बढ़कर 14.2 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया. (सौजन्य सेः वाणिज्य और वित्त मंत्रालय तथा रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया)

5. तरलता संबंधी स्थितियाँः

वित्त वर्ष 2015-16 की दूसरी छमाही के दौरान अर्थव्यवस्था की तरलता संबंधी स्थिति सरकार द्वारा नियंत्रित व्ययों तथा त्योहारों के लिए मुद्रा की सामयिक मांग के कारण संकुचित रही. भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अपनी मौद्रिक नीति के रूख में उदार रहा तथा नीतिगत रेपो दर में उनके द्वारा 125 बीपीएस की कटौती की गई. चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ़) तथा खुले बाजार परिचालनो (ओएमओ) के अलावा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दैनिक तरलता परिस्थितियों को संचालित करने के लिए चल रेपो दर तथा रिवर्स रेपो दर नीलामियों का सहारा लिया गया. तदनुसार, औसत भारित कॉल दर, नीतिगत रेपो दर के आसपास रही. वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान 10 वर्षीय सरकारी प्रतिभूतियों पर आय 7.5 से 8 प्रतिशत के बीच रही.

6. बैंकिंग परिदृश्य :

6.1 बैंकिंग क्षेत्र के समक्ष खराब आस्ति गुणवत्ता, लाभप्रदता में गिरावट एवं कमजोर कार्पोरेट मांग की चुनौती बनी रही. मार्च 2016 के अंतिम शुक्रवार को अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) की जमाराशियों तथा अग्रिमों में क्रमशः 9.9 प्रतिशत तथा 11.3 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हुई. सांविधिक चलनिधि प्रतिभूतियों में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का निवेश 5.9 प्रतिशत वार्षिक की दर से बढ़ा. इन बैंकों का अग्रिम-जमा अनुपात 77.6 प्रतिशत रहा.

6.2 31 मार्च, 2016 को गैर-खाद्य अग्रिम पिछले वर्ष की तुलना में 9.1 प्रतिशत बढ़ा. यह वृद्धि मुख्यतः कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों की वृद्धि के कारण रही; जबकि औद्योगिक ऋण में उठान कमजोर बनी रही. बैंक के सकल ऋण में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के अंशदान में गिरावट के कारण औद्योगिक ऋण उठान में कमी आई. सेवा क्षेत्र के अग्रिमों में 31 मार्च, 2015 को हुई 5.7 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में मार्च 2016 को 9.1 प्रतिशत की बढोत्तरी हुई. वैयक्तिक ऋण एवं रिटेल ऋण परिदृश्य में सुधार हुआ है, जो अर्थव्यवस्था की समुद्ध मांग की स्थिति को प्रदर्शित करती है.

7 शेयर बाजार का कार्यनिष्पादनः

7.1. वर्ष 2015-16 के दौरान बेंचमार्क एसएंडपी सेंसेक्स 9.4 प्रतिशत गिरावट पर बंद होने के साथ इक्विटी बाजार में नकारात्मक स्थिति रही. घरेलू एवं वैश्विक वित्तीय बाजारों में उतार-चढ़ाव के कारण वर्ष के दौरान निफ्टी में भी 8.9 प्रतिशत गिरावट आयी. बैंकिंग क्षेत्र के सूचकांक- बैंकेक्स में वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान 11.9 प्रतिशत की गिरावट आई. तथापि, फरवरी 2016 के मध्य से बाजार के रूख में सुधार परिलक्षित हो रहा है. पूरे विश्व में श्रम बाजार की स्थिति मजबूत होने तथा ईएमई क्षेत्र में विकास की गति शुरू होने पर आने वाले वर्षों में इक्विटी बाजार परिदृश्य में स्थिरता आने की आशा है. अमेरिका में ब्याज दरों की अनिश्चितता, चीन में मूलभूत परिवर्तन, अस्थिर कच्चे तेल की कीमतों, उपभोग मांग में गिरावट तथा कार्पोरेट ऋणों में बढ़ोत्तरी जैसे संकट बने हुए हैं, जो विकासशील बाजारों के समक्ष चुनौती पैदा कर सकते हैं.

तालिका 2: वित्त वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 के दौरान बाजार विचलन(वर्ष दर वर्ष)

सूचकांक	वित्त वर्ष 2014-15	वित्त वर्ष 2015-16
सेंसेक्स	24.9	-9.4
बैंकेक्स	43.2	-11.9
सीएनएक्स निफ्टी	26.7	-8.9
सीएनएक्स पीएसयू बैंक	-33.3	-28.2

8. वर्ष 2015-16 के दौरान यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का कार्यनिष्पादन

8.1 आपके बैंक ने विकास के तीन स्तंभों यथा एचडीआर- मानव संसाधन, डिजिटल बैंकिंग एवं जोखिम प्रबंधन के सहारे स्थायी प्रगति की ओर तेजी से कदम बढ़ाये हैं. बैंक ने प्रोजेक्ट उत्कर्ष के बैनर तले कारोबार प्रक्रिया परिवर्तन (बीपीटी) की शुरूआत की है तथा कारोबार आसूचना इकाई (बीआईयू) की स्थापना की है. ग्राहक आधार बढ़ाने एवं बेहतर कारोबार की प्राप्ति हेतु कारोबार प्रक्रियाओं यथा 'सरल' (गैर-रिटेल क्रेडिट प्रोसेसिंग सेंटर) एवं यूनियन लोन पाइंट (यूएलपी; रिटेल क्रेडिट प्रोसेसिंग सेंटर) के पुनर्गठन, बेहतर मानव संसाधन प्रबंधन की दृष्टि से शेयर्ड सेवा केन्द्र तथा ऑन लाइन शिकायत निवारण सिस्टम की शुरूआत जैसे प्रमुख क्षेत्रों को नया स्वरूप देने व सर्वोत्तम को कार्यान्वित करने की ओर विशेष जोर दिया जाना है.

8.2 डिजिटल फ्रंट पर आपके बैंक ने विद्यमान एवं नये बैंकिंग चैनलों के माध्यम से ग्राहकों को सुविधा एवं बेहतर संतुष्टि प्रदान करने की दृष्टि से अनेक पहलों की शुरूआत की है. ग्राहकों की मांगों की पूर्ति हेतु आपका बैंक ग्राहकों को उपयुक्त उत्पाद, उत्कृष्ट ग्राहक सेवा तथा नवीनतम प्रौद्योगिकी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करता है तथा हमेशा समकक्ष बैंकों से एक कदम आगे रहा है.

8.3 आपके बैंक ने बैंकिंग के सभी क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी को अपनाते हुए अपनी जोखिम प्रबंधन प्रक्रिया को सुदृढ़ किया है. आपका बैंक आस्तियों के जोखिम भार का सटीक विश्लेषण कर तथा पूंजी के प्रत्येक रूपये के अधिकतम उपयोग के प्रति प्रतिबद्धता दर्शा कर जोखिम भार को कम

करने में सफल रहा है.

8.4 ऋण संविभाग का अनुकूलतम प्रबंधन : आपके बैंक ने रिटेल, कृषि एवं एमएसएमई (रैम) क्षेत्र, जिनमें तुलनात्मक रूप से कम पूंजी लगती है तथा अधिक मार्जिन होता है, की पहचान विशेष जोर दिये जाने वाले क्षेत्र के रूप में करके ऋण संविभाग प्रबंधन (एलएमपी) में व्यावहारिक एवं लचीला दृष्टिकोण अपनाया है.

8.5 एनालीटिक्स : आपके बैंक ने कोर कारोबार निष्पादन में तेजी लाने हेतु विश्लेषण (एनालीटिक्स) के महत्व को पहचाना है. बैंक ने ग्राहक व्यवहार तथा उत्पादों एवं सेवाओं के विपणन के आधार पर उत्पाद एवं संविभाग के अनुकूलतम उपयोग, परिष्कृत जोखिम माडलिंग के लिए एनालीटिक्स के कार्यान्वयन का प्रयास किया है.

8.6 डिजिटलीकरण : परिचालनों के डिजिटलीकरण की ओर तेजी से अग्रसर होने से समूचा बैंकिंग उद्योग प्रभावित हुआ है. अतः नये डिजिटल उत्पाद एवं कारोबार माडल की शुरूआत, डिजिटल रणनीति एवं परिवर्तन आदि बैंक की सर्वाच्च प्राथमिकताएं हो गई हैं. सूचना प्रौद्योगिकी में निरंतर उन्नयन से बैंकिंग उद्योग की संरचना में भी परिवर्तन हो रहे हैं. विभिन्न सुपुर्दगी चैनलों के माध्यम से ग्राहकों को इलेक्ट्रानिक सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए नई डिजिटल पहलों के कार्यान्वयन में आपका बैंक सदा आगे रहा है. आज बैंकिंग जगत में आपके बैंक की पहचान प्रौद्योगिक सुविधा सम्पन्न बैंक के रूप में है.

9. नए कदम :

9.1. आपके बैंक ने वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान अनेक नई पहलों की शुरूआत की, जिसमें यूनियन 24x7 कम्फर्ट लॉबी, एमपासबुक, मोबाइल वॉलेट, सेल्फ़ी द्वारा खाता खोलना, बिजनेस डेबिट कार्ड, सिग्नेचर क्रेडिट कार्ड और यूसिक्योर क्रेडिट कार्ड की शुरूआत शामिल है.

9.2. आपके बैंक ने कारोबार प्रक्रिया परिवर्तन के अधीन प्रोजेक्ट उत्कर्ष की शुरूआत की है. प्रोजेक्ट उत्कर्ष के द्वारा बैंक प्रमुख उद्देश्यों यथा वर्धित ग्राहक अनुभव, श्रेष्ठ प्रक्रिया कौशल और बेहतर कर्मचारी उत्पादकता पर ध्यान केंद्रित कर अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में कामयाब हो पाएगा.

10. संसाधन प्रबंधन :

10.1. बैंक ने अपने संसाधनों में वृद्धि को कायम रखने की दृष्टि से कम लागत वाली जमाराशियों के संग्रहण पर अधिक ध्यान केंद्रित किया है. वैश्विक जमाराशियां 31 मार्च, 2015 के ₹ 3,16,870 करोड़ की तुलना में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 31 मार्च, 2016 को ₹ 3,42,720 करोड़ हो गई. बैंक द्वारा बेहतरीन ग्राहक सेवा प्रदान करने हेतु किए गए लगातार प्रयासों के फलस्वरूप बचत जमाराशियों (एसबी) में 13.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है. कासा (चालू खाता और बचत बैंक खाता) जमाराशियों ने ₹ 1 लाख करोड़ के ऐतिहासिक कीर्तिमान को पार कर लिया और 31 मार्च 2015 के ₹ 92,650 करोड़ की तुलना में 19.7% की वृद्धि के साथ 31 मार्च, 2016 को ₹ 1,10,876 करोड़ हो गईं. कुल जमाराशियों में कासा का शेयर 310 बीपीएस से बढ़ा और 31 मार्च, 2015 के 29.2 प्रतिशत से बढ़कर 31 मार्च, 2016 को 32.3 प्रतिशत हो गया है. बैंक अपनी नई डिजिटल पहल एवं ग्राहकों के लिए नई योजनाएं लाकर इस दिशा में तेजी से प्रगति की आशा करता है.

तालिका 3: जमाराशि संमिश्र (₹ करोड़ में)

पैरामीट	वित्त वर्ष 2015-16	वित्त वर्ष 2014-15	वार्षिक वृद्धि	
			वास्तविक	%
कुल जमाराशियाँ	342720	316870	25850	8.2
कासा जमाराशियाँ	110876	92650	18226	19.7
बचत जमाराशियाँ	81133	71558	9575	13.4
चालू जमाराशियाँ	29743	21092	8651	41.0
सावधि जमाराशियाँ	231844	224220	7624	3.4

11. अग्रिम प्रबंधन :

11.1. वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान क्रेडिट ऑफटेक धीमा रहा और आपके बैंक ने पिछले वर्ष की तुलना में अपने ऋण संविभाग में 5.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए ₹ 2,77,725 करोड़ के स्तर को प्राप्त किया. घरेलू अग्रिम में रैम का हिस्सा 52.0 प्रतिशत बढ़ा, जो वित्त वर्ष 2014-15 में 48.9 प्रतिशत था. समग्र घरेलू अग्रिम में रैम क्षेत्र की वृद्धि अधिक रही. टर्न अराउंड टाइम (टीएटी) में सुधार, त्वरित ऋण दस्तावेजीकरण प्रक्रिया और समुचित डाटाबेस के रखरखाव की दिशा में अपने प्रयास के जरिए बैंक निश्चय ही अग्रिम प्रबंधन परिदृश्य में सुधार ला पाएगा ?

तालिका 4: अग्रिम (₹ करोड़ में)

पैरामीट	वित्त वर्ष 2015-16	वित्त वर्ष 2014-15	वार्षिक वृद्धि	
			वास्तविक	%
सकल अग्रिम	277725	262757	14968	5.7
खुदरा अग्रिम	36589	31657	4932	15.6
कृषि अग्रिम	38819	31574	7245	22.9
एमएसएमई अग्रिम	55524	54755	769	1.4
रैम क्षेत्र	130932	117987	12945	11.0
देशी अग्रिम के सापेक्ष रैम का हिस्सा	52.0	48.9	310 बीपीएस	

12. खुदरा अग्रिम

12.1. अर्थव्यवस्था में विद्यमान वर्तमान मांग परिस्थितियों के परिप्रेक्ष्य में आपका बैंक सुदृढ़ खुदरा ऋण संविभाग वृद्धि को बनाए रखने में कामयाब रहा है. विगत तीन वर्षों के दौरान बैंक का खुदरा अग्रिम संविभाग 23.2 प्रतिशत वार्षिक चक्रवृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ा. विगत वर्ष की तुलना में वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान खुदरा ऋणों में 15.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. फलस्वरूप घरेलू अग्रिम में खुदरा ऋणों के शेयर में 31 मार्च, 2015 के 13.1 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 31 मार्च, 2016 को 14.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. खुदरा ऋण संविभाग में वृद्धि मुख्यतः आवास ऋण और जमानती बंधक ऋणों के कारण हुआ है. आवास ऋण कारोबार में तेजी लाने की दृष्टि से आपके बैंक ने प्रत्यक्ष बिक्री एजेंट(डीएसए) को सूचीबद्ध करना प्रारम्भ किया है. बड़े कार खरीदारों से व्यवसाय प्राप्त करने की दृष्टि से बैंक ने अधिकतम ऋण सीमा को ₹ 1.25 करोड़ बढ़ा दिया है और

चुकौती की उम्र 70 वर्ष कर दी है. यूनियन मोर्टगेज और यूनियन माइल्स योजना के अधीन ऋणों के त्वरित प्रोसेसिंग हेतु क्षेत्र स्तर पर प्रत्यायोजित अधिकारों को बढ़ाया गया है. प्रोजेक्ट उत्कर्ष के अधीन आपका बैंक अपने तकनीकी स्तर को समुन्नत बनाने हेतु प्रयासरत है; ताकि बाजार के अधिकतम शेयर पर अपना अधिकार हो सके. ग्राहकों को उत्तम ग्राहक सेवा की अनुभूति की दृष्टि से यूएलपी का पुनर्गठन किया गया है.

तालिका 5: खुदरा ऋण (₹ करोड़ में)

योजनाएँ	वित्त वर्ष 2015-16	वित्त वर्ष 2014-15	वार्षिक वृद्धि	
			वास्तविक	%
आवास ऋण	21739	18783	2956	15.7
ऑटो ऋण	3008	2642	366	13.9
शिक्षा ऋण	2739	2482	257	10.4
अन्य	9103	7750	1353	17.5
कुल खुदरा ऋण	36589	31657	4932	15.6

12.2. भारत सरकार ने 2022 तक 'सभी के लिए आवास' योजना की शुरूआत वर्ष 2015 में की, जिसका मुख्य उद्देश्य सभी भारतीय परिवार को आवास प्रदान करना है. क्रेडिट लिंकड सब्सिडी योजना (सीएलएसएस) के जरिए आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को आवास उपलब्ध कराना लक्ष्य है. 28 सितम्बर, 2015 को आपके बैंक ने राष्ट्रीय आवास बैंक के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया, जिसमें बैंक मुख्य लेंडिंग संस्था (पीएलआई) है और इस तरह से सरकार की पहल को प्रोत्साहित किया जा रहा है.

13. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई):

13.1. बैंक के घरेलू अग्रिमों में एमएसएमई का हिस्सा 22.1 प्रतिशत रहा. कुल एमएसएमई संविभाग में सूक्ष्म वृद्धि हुई है. व लघु उद्यम का हिस्सा 74.6 प्रतिशत रहा. वित्त वर्ष 2015-16 की समाप्ति पर आपके बैंक का एमएसएमई संविभाग ₹ 55,524 करोड़ रहा एवं 1.4 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज हुई. 31 मार्च, 2016 को एमएसई संविभाग ₹ 41,446 करोड़ रहा, जो 3.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है:

तालिका 6: एमएसएमई संविभाग की स्थिति (₹ करोड़ में)

योजनाएँ	वित्त वर्ष 2015-16	वित्त वर्ष 2014-15	वार्षिक वृद्धि	
			वास्तविक	%
सूक्ष्म अग्रिम	15921	14109	1812	12.8
लघु अग्रिम	25525	25922	-397	-1.5
मध्यम अग्रिम	14078	14724	-646	-4.4
एमएसएमई अग्रिम	55524	54755	769	1.4

13.2. आपके बैंक ने एमएसएमई ऋण में आने वाली वित्तीय बाधाओं को कम करने के पूर्ण प्रयास किए हैं; क्योंकि रोजगार सृजन और जीडीपी वृद्धि के ये प्रमुख घटक हैं. आपके बैंक के पास एमएसएमई ऋण प्रदान करने हेतु 320 समर्पित कारोबार बैंकिंग शाखाएं (बीबीबी) हैं और एमएसएमई ऋणों के शीघ्र मूल्यांकन और मंजूरी हेतु 20 सरल हैं. प्रोजेक्ट उत्कर्ष के अंतर्गत सरल की संरचना का व्यापक स्तर पर पुनरीक्षण और पुनर्गठन किया गया है.

13.3 वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान आपके बैंक ने एमएसएमई अग्रिमों को प्रोत्साहित करने हेतु 13 नई समूह विशिष्ट योजनाएं प्रतिपादित की हैं, जो निम्नानुसार हैं :

तालिका 7: समूह योजनाएं

क्र.	समूह योजना का नाम	स्थान
1	टेक्सटाइल इकाई को वित्तपोक्षण	सूरत
2	ग्रेनाइट इकाई को वित्तपोक्षण	हैदराबाद
3	टेक्सटाइल इकाई को वित्तपोक्षण	कोयमबतूर
4	आइरन और स्टील ट्रेडर-1 को वित्तपोषण	दिल्ली
5	आइरन और स्टील ट्रेडर- 2 को वित्तपोषण	
6	ऑटो एंसिलरी इकाई	नासिक
7	टेक्सटाइल इकाई को वित्तपोषण	नासिक
8	ऑटो एंसिलरी इकाई	पुणे
9	टेक्सटाइल वीविंग इकाई को वित्तपोषण (कांचीपुरम साड़ी)	चेन्नई
10	चमड़े की इकाई को वित्तपोषण	चेन्नई
11	प्रिंटिंग और पैकिंग इकाई	चंडीगढ़
12	ऑटो रिक्शा को वित्तपोषण	मुंबई
13	टिंबर ट्रेडर	हैदराबाद

13.4. कारपोरेट ऋण :

कारपारेट अग्रिम 31 मार्च, 2016 को ₹ 80,583 करोड़ अर्थात घरेलू अग्रिम का 32 प्रतिशत रहा. वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान, आपके बैंक ने उन खातों, जहां रेटिंग नीचे हो गयी थी, में रियायतों का पुनः अवलोकन कर अग्रिमों में आय सुधार के लिए प्रयास किए .

तालिका 8: एमएसएमई संविभाग की स्थिति (₹ करोड़ में)

योजनाएँ	वित्त वर्ष 2015-16	वित्त वर्ष 2014-15	वार्षिक वृद्धि	
			वास्तविक	%
मिड एवं लार्ज कारपोरेट अग्रिम	116578	120471	-3893	-3.2
जिसमें से आईएफबी अग्रिम	80583	78901	1682	2.1

14. प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र

14.1. भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप आपके बैंक में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम हमेशा से फोकस क्षेत्र रहा है. वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में ऋण मार्च, 2015 की तुलना में 17.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ ₹ 1,02,596 करोड़ रहा, जो बैंक के कुल समायोजित शुद्ध बैंक ऋण (एएनबीसी) का 41.6 प्रतिशत है. इस प्रकार

बैंक ने प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अन्तर्गत एएनबीसी के 40.00 प्रतिशत के निर्धारित बेंचमार्क को पार कर लिया है.

तालिका 9: प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण (₹करोड़)

मद	वित्त वर्ष 2015-16	वित्त वर्ष 2014-15	वर्ष दर वर्ष (%)	एएनबीसी से %	भारिबैं बेंच मार्क मार्च, 2016 (%)
एएनबीसी	246613	218562	--	--	--
प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण जिसमें से	102596	87387	17.4	41.6	40.0
अ) कृषि क्षेत्र	45417	35175	29.1	18.4	18.0
- लघु एवं सीमांत किसान	21727	17631	23.2	8.8	7.0
ब) एमएसएमई प्राथमिकता प्राप्त	40237	33610	19.7		
अन्य	16942	14464	17.1		
प्राप्राक्षे के अन्तर्गत शेष	0	4138			
अ) कमजोर वर्ग को ऋण	28849	23069	25.1	11.7	10.0
ब) महिला लाभार्थियों को ऋण	16042	14263	12.5	6.5	5.0

14.2 **कृषि :** कृषि अग्रिम मार्च, 2015 की तुलना में 29.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 31.03.2016 को ₹45417 करोड़ रहा. कृषि अग्रिम समायोजित शुद्ध बैंक ऋण (एएनबीसी) का 18.4 प्रतिशत रहा, जो समायोजित शुद्ध बैंक ऋण (एएनबीसी) के 18 प्रतिशत की न्यूनतम अपेक्षा से अधिक है. लघु एवं सीमांत कृषकों को अग्रिम यथा 31.03.2016 को ₹21727 करोड़ रहा, जो एएनबीसी के 7 प्रतिशत के निर्धारित बेंचमार्क की तुलना में 8.8 प्रतिशत है. वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान बैंक द्वारा 2.0 लाख नए किसानों को वित्तीयन किया गया एवं ₹3145 करोड़ से अधिक की ऋण सुविधा के साथ 2.2 लाख अतिरिक्त किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) जारी किए गए. इसके अतिरिक्त, 5.4 लाख किसानों को मार्च, 2016 तक एटीएम सुविधायुक्त केसीसी जारी किए गए. विशेष कृषि ऋण योजना (एसएसीपी) के अन्तर्गत वित्त वर्ष 2015-16 के लक्ष्य ₹18500 करोड़ के सापेक्ष कुल ₹21132 करोड़ का संवितरण किया गया.

14.3 किसानों की सहायता हेतु पहल :

14.3.1 विपरीत जलवायु परिस्थितियों का सामना करने रहे किसानों की सहायता के लिए आपका बैंक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) कार्यान्वित कर रहा है. बटाईधारक एवं किराए पर खेती करने वाले किसानों सहित क्षेत्र में अधिसूचित फसलों को उगाने वाले सभी किसान योजना के दायरे में आते हैं.

14.3.2 वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान किसानों के लाभार्थ 33 क्षेत्र विशेष योजनाएं संबंधित क्षेत्रों के लिए बनायी गई.

14.3.3 भौगोलिक संभावनाओं के आधार पर कृषि ऋणों पर फोकस करने के लिए 709 कृषि फोकस शाखाओं की पहचान की गयी है.

14.3.4 ग्रामीण विकास अधिकारियों के कार्यनिष्पादन के प्रभावी व निरन्तर अनुश्रवण के लिए एक ऑनलाइन मॉड्यूल तैयार किया गया है.

14.3.5 आपके बैंक ने लाईव स्टॉक एंड क्राप रजिस्ट्री इंडिया लिमिटेड (एलसीआरआई) के साथ टाई-अप व्यवस्था की है, जो पशुधन (यूआईडी के साथ) एवं फसलों के लिए अधिप्रमाणित पंजीकरण प्रणाली प्रदान करता है. इसके माध्यम से बैंक वित्तपोषित पशु, क्रय मूल्य एवं सही नस्ल व वंशजों का रिकार्ड प्राप्त कर सकते हैं.

14.3.6 किसानों/ व्यापारियों/ संसाधकों/ आढ़तियों को गोदाम की रसीद के पेटे वित्त प्रदान करने के लिए आपके बैंक ने मेसर्स एडलविस इंटीग्रेटेड कमोडिटी मैनेजमेंट लिमिटेड (ईआईसीएमएल) के साथ संपार्श्विक प्रतिभूतियों के प्रबंधन सेवाओं के लिए टाई-अप व्यवस्था की है.

14.4 **सौर ऊर्जा के माध्यम से ग्रीन इनर्जी पर फोकस :** आपका बैंक 'निर्माण-संचालन-स्वामित्व आधार' अर्थात किराया मॉडल के अन्तर्गत बैंक की शाखाओं एवं एटीएम के लिए सौर ऊर्जा को एक वैकल्पिक ऊर्जा के स्रोत के रूप में उपयोग कर रहा है. यह परियोजना लगातार चलने वाली है एवं अगले 5 वर्षों के लिए 3000 से अधिक शाखाओं एवं 1500 से अधिक एटीएमों को कवर करने की योजना है.

14.5 विशिष्ट क्षेत्रों को ऋण :

14.5.1 **कमजोर वर्ग :** समाज के कमजोर वर्ग को वित्तीयन में आपका बैंक सक्रिय सहभागिता कर रहा है. कमजोर वर्गों में बैंक का वित्तीयन 25.1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ भारत सरकार/ भारिबैं द्वारा निर्धारित एएनबीसी के लिए निर्धारित 10 प्रतिशत के बेंचमार्क के सापेक्ष 11.7 प्रतिशत का स्तर प्राप्त करते हुए 2015 के ₹23069 करोड़ से बढ़कर मार्च, 2016 में ₹28849 करोड़ हो गया है.

14.5.2 **महिला लाभार्थी :** महिला लाभार्थियों हेतु आर्थिक अवसर बढ़ाने के लिए, आपके बैंक ने 31 मार्च, 2016 तक 10.2 लाख महिला लाभार्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान की है. महिला लाभार्थियों को कुल ऋण बकाया मार्च, 2015 के ₹14263 करोड़ से बढ़कर मार्च, 2016 को ₹16042 करोड़ हो गया अर्थात भारत सरकार/ भारिबैं द्वारा निर्धारित 5.00 प्रतिशत के निर्धारित बेंचमार्क के पेटे 6.5 प्रतिशत रहा.

14.5.3 **स्वयं सहायता समूह :** जरूरतमंदों को नियमित ऋण सुविधा प्रदान करने के लिए आपके बैंक ने स्वयं सहायता समूह बैंक संबद्ध कार्यक्रम हेतु पारदर्शी एवं लोचदार दृष्टिकोण अपनाया है. आपके बैंक ने 44662 स्वयं सहायता समूह गठित किए हैं एवं 41042 स्वयं सहायता समूहों को ऋण सुविधा से जोड़ा है. 31मार्च, 2016 तक स्वयं सहायता समूहों का ऋण बकाया ₹2019 करोड़ रहा. राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अन्तर्गत भी आपका बैंक 105 चिह्नित जिलों में महिला स्वयं सहायता समूहों

(डब्ल्यूएसएचजी) के लाभार्थ ब्याज अनुदान योजना कार्यान्वित कर रहा है. 4 चिह्नित जिलों यथा रीवा, सीधी, चंदौली और जौनपुर में भी आपके बैंक ने महिला स्वयं सहायता समूह योजना कार्यान्वित की है. इससे इस वर्ग में बचत एवं ऋण गतिविधियों शुरुहोगी और आर्थिक आजादी बढ़ेगी.

तालिका 10: एसएचजी बैंक लिंकेज कार्यक्रम		
मद	वित्त वर्ष 2015-16	वित्त वर्ष 2014-15
एसएचजी गठित (संख्या)	360293	315631
एसएचजी लिंकेज (संख्या)	293197	252155
ऋण राशि (₹ करोड़)	2019	1707
जमा राशि (₹ करोड़)	921	840

14.5.4 **अल्प संख्यक समुदाय :** अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदायों के पिछड़े वर्गों में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने एवं स्व रोजगार के लिए रियायती दर पर वित्त प्रदान करने के उद्देश्य से आपका बैंक अल्प संख्यक समुदायों को वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है. वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान अल्प संख्यक समुदाय को विगत वर्ष के ₹1223 करोड़ की वित्तीय सहायता की तुलना में 11.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ ₹11605 करोड़ हो गई. 31 मार्च, 2016 को अल्प संख्यक समुदायों को दिया गया ऋण प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिमों का 11.3 प्रतिशत रहा.

14.6 **ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी):** ग्रामीण युवाओं को सशक्त करने एवं कौशल विकास के लिए क्षमता निर्माण में योगदान करने के लिए आपके बैंक ने उन 14 जिलों में आरसेटी की स्थापना की है, जहां यह अग्रणी बैंक की भूमिका का निर्वहन कर रहा है. मार्च, 2016 को हमारे इन आरसेटी ने कुल 40904 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया, जिनमें से 23393 प्रतिभागियों को रोजगार मिला अर्थात सेटलमेंट दर 57.2 प्रतिशत रही. ग्रामीण विकास मंत्रालय के एक आंकलन के अनुसार वित्त वर्ष 2014-15 के दौरान, हमारे 14 आरसेटी में 11 आरसेटी ने 'एए' ग्रेड, 2 आरसेटी ने 'ऐबी' ग्रेड, जबकि 1 आरसेटी ने 'बीबी' ग्रेड प्राप्त किया. अन्तिम ग्रेड ग्रामीण विकास मंत्रालय को पुष्टि हेतु प्रेषित की गयी हैं.

14.7 **अग्रणी बैंक योजना :** बैंक सुविधारहित क्षेत्रों में पहुंच बनाने के अपने अभियान के तहत आपका बैंक 4 राज्यों के 14 जिलों में अग्रणी बैंक की भूमिका निभा रहा है, जो निम्नानुसार हैं :

तालिका 11: अग्रणी जिला योजना की स्थिति		
क्र.	राज्य	जिले
1	बिहार	खग़ड़िया, समस्तीपुर
2	केरल	एर्णाकुलम, इडुक्की
3	मध्य प्रदेश	रीवा, सीधी एवं सिंगरौली
4	उत्तर प्रदेश	आजमगढ़, भदोही, चंदौली, गाजीपुर, जौनपुर, मऊ एवं वाराणसी

14.7.1. इन अग्रणी जिलों में आपके बैंक की 650 शाखाओं का व्यापक नेटवर्क है. 31 मार्च, 2016 को जमाराशियां 12.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 31 मार्च, 2015 के ₹31125 करोड़ से ₹34902 करोड़ हो गईं. अग्रिम भी विगत वर्ष के ₹10760 करोड़ के सापेक्ष 31 मार्च, 2016 को ₹11138 करोड़ हो गये.

14.8 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी)

14.8.1 अर्थव्यवस्था के प्रत्येक क्षेत्र को सुविधा देने के लिए आपके बैंक ने समर्पित प्रयास किए हैं. बैंक, काशी गोमती संयुत ग्रामीण बैंक (केजीएसजीबी), वाराणसी का प्रवर्तक है. उत्तर प्रदेश के 8 जिलों यथा वाराणसी, आजमगढ़, जौनपुर, गाजीपुर, चंदौली, मऊ, भदोही एवं अम्बेडकर नगर में 415 सीबीएस शाखाओं के नेटवर्क के साथ आपका बैंक ग्रामीण अर्थव्यवस्था की सेवा कर रहा है. 31 मार्च, 2016 को केजीएसजीबी का करोबार विगत वर्ष से 13.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए ₹11084 करोड़ हो गया. जमाराशियां, जिसमें कासा जमाराशियों का भाग 60.5 प्रतिशत हैं, ₹8498 करोड़ रहीं. 31 मार्च, 2016 को कुल अग्रिम ₹2586 करोड़ रहा, जिसमें प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिमों का भाग 79.8 प्रतिशत है. कुल अग्रिमों में कृषि अग्रिमों का योगदान 49.2 प्रतिशत रहा.

14.8.2 31 मार्च, 2016 को केजीएसजीबी के 41 एटीएम थे, जिनमें बोलने वाले एटीएम शामिल हैं. आरआरबी ने किसानों के लाभार्थ एटीएम सुविधायुक्त केसीसी प्रारम्भ किए हैं. त्वरित गति से सेवा प्रदान करने के लिए केजीएसजीबी ने आरटीजीएस/ एनईएफटी सेवाएं एवं डिजिटल अथार्टी चेक प्रणाली भी प्रारम्भ की हैं. प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिमों के लक्ष्यों को पूरा करने के अतिरिक्त चालू वित्त वर्ष में समर्पित दृष्टिकोण से तेज गति के साथ ग्रामीण आधार बढ़ने की आशा है.

14.9. वित्तीय समावेशन (एफआई)- सुविधाओं से वंचितों को समर्थ बनाना: आपके बैंक ने गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की वहनयोग्य ऋण तक पहुंच बनाना सुनिश्चित किया है. जाम (जनधन, आधार, मोबाईल) तीन सुविधाओं के साथ नवोन्मेष बैंकिंग पद्धति के द्वारा वित्त वर्ष 2015-16 में वित्तीय अंतरणों में क्षरण को कम करने एवं छोटी-छोटी बचतों के प्रभावी उपयोगी निवेश का बैंक का लक्ष्य रहा है. ₹1882 करोड़ की जमाराशि के साथ बैंक के 240.1 लाख एफआई खाते (बीसी मॉडल एवं शाखा रहित खातों सहित) हैं जिनमें 58.2 लाख खाते प्रधान मंत्री जनधन योजना (पीएमजेडीवाई) के अन्तर्गत खोले गये हैं.

तालिका 12: प्रधानमंत्री जनधन योजना (पीएमजेडीवाई) यथा 31 मार्च, 2016	
पैरामीटर	बैंक की उपलब्धियां
कवर किये गये गाँवों की संख्या	18396
उप-सर्विस क्षेत्र (एस एस ए)	5407
शहरी वार्ड	2581
31 मार्च, 2016 तक खोले गये खातों की संख्या	58.2 लाख
वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान जोड़े गए	12.2 लाख
जमाराशियां	₹ 858 करोड़

जारी रुपे कार्ड	55.3 लाख
ईकेवाईसी के माध्यम से खोले गए खाते	1.3 लाख
आधार अंकन	16.43 लाख

14.10 सूक्ष्म ऋण- छोटी बचतों का प्रभावी नियोजन : बिजनेस करेसपॉडेंस (बीसी) मॉडल के माध्यम से संयुक्त देयता समूहों (जेएलजी)/ स्वयं सहायता समूहों(एसएचजी) को संचयी संवितरण ₹2593 करोड़ रहा. 31 मार्च, 2016 को बीसी मॉडल के अन्तर्गत बकाया सूक्ष्म ऋण ₹1010 करोड़ रहा, जो विगत वर्ष के ₹972 करोड़ से अधिक है. बीसी मॉडल के सफलतापूर्वक कार्यान्वयन की दिशा में बैंक ने एसएचजी-बैंक लिंकेज कार्यक्रम के रूप में एसएचजी एवं जेएलजी को ऋण के लिए दो उत्पाद तैयार किए हैं :

14.10.1 **श्री क्षेत्र धर्मस्थल ग्रामीण विकास परियोजना (एसकेडीआरडीपी), स्वयं सहायता समूह :** यह विशेष योजना चार क्षेत्रों- बेलगांव, बेंगलूरु मेंगलोर एवं कोझीकोड में परिचालित है. 31 मार्च, 2016 को इस योजना के अन्तर्गत ₹1009 करोड़ रहा. कुल संवितरण ₹1937 करोड़ के साथ अब 74309 समूहों को लिंक किया जा चुका है.

14.10.2 **प्रगति (महिला जेएलजी समूह):** महिला सशक्तीकरण की दिशा में अपने प्रयासों के तहत बैंक ने इस योजना को फिनो की सहायता से 13 क्षेत्रों में परिचालित किया है. 31 मार्च, 2016 तक बैंक ने 103687 महिला जेएलजी को ₹655 करोड़ का ऋण प्रदान किया है.

15 विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अन्तर्गत प्रगति - सरकार के वित्तीय समावेशन मिशन में सहयोग :

15.1 सरकार के वित्तीय समावेशन के लक्ष्य की दिशा में आपके बैंक ने बड़ा विज़न बनाया है, जिसमें लघु एवं सीमांत कृषकों एवं कम आय वाले परिवारों को लागत कम करने के लिए विश्वसनीय तकनीक के साथ मुनासिब लागत पर बचत, प्रेषण, सरकार समर्थित बीमा एवं पेंशन उत्पादों को प्रदान करना शामिल है. इस प्रकार आपका बैंक प्रत्येक कदम के साथ 2021 तक सुविधाओं से वंचित 90 प्रतिशत लोगों के निकट पहुंच जाएगा, जैसाकि वित्तीय समावेशन पर भारतीय रिजर्व बैंक के मध्यम अवधि पाथ में उल्लिखित है.

चार्ट 2: विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अन्तर्गत प्रगति



15.2. प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी): सामाजिक भुगतानों के अन्तरणों की क्षमता में सुधार के लक्ष्य से, 14वें वित्त आयोग ने डीबीटी के कार्यान्वयन में राज्यों द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाये जाने की संस्तुति की है. आपके बैंक ने सुविधाजनक बैंकिंग पहुंच, लाभार्थियों के खातों में आधार लिंक करने एवं संबंधित ढांचागत चुनौतियों के समाधान में सक्रिय भूमिका निभायी है. आपके बैंक ने 113 जिलों में उपस्थिति दर्ज करायी है एवं वित्त वर्ष 2015-16 के लिए डीबाटी के अन्तर्गत किए गए संव्यवहारों से ₹58.2 लाख आय/कमीशन प्राप्त किया है. 31 मार्च, 2016 तक योजना के अन्तर्गत संवितरण निम्नानुसार रहा :

तालिका 13: डीबीटी एवं डीबीटीएल की प्रगति

अवधि	यूनियन बैंक की शाखाओं द्वारा किये गये संव्यवहार				अन्य बैंकों से प्राप्त धनराशि	
	प्रायोजक बैंक के रूप में प्राप्त कुल रिकार्ड	राशि लाख में (₹)	सफल रिकार्ड	राशि लाख में (₹)	लक्ष्य बैंक के रूप में प्राप्त रिकार्ड	राशि लाख में (₹)
वि.व. 2015-16	36,839	1547	15,208	552	2,20,35,238	53,330

15.3. **मुद्रा योजना :** सूक्ष्म इकाइयों के विकास एवं पुनर्वित्त संबंधी गतिविधियों के लिए भारत सरकार ने मुद्रा योजना प्रारम्भ की है. समेकित, स्थायी एवं मूल्य आधारित उद्यमिता के वातावरण को निर्मित करने के लिए आपके बैंक ने प्रधान मंत्री मुद्रा योजना के अन्तर्गत कुल ₹1997 करोड़ स्वीकृत किए हैं.

तालिका 14: मुद्रा ऋण के अंतर्गत प्रगति यथा 31.03.2016 (₹करोड़ में)

	स्वीकृत		संवितरित	
ऋण संवर्ग	**खाते**	**राशि**	**खाते**	**राशि**
शिशु	135380	365	103009	340
किशोर	62871	1154	58736	1073
तरुण	6478	478	6061	428
कुल	**204729**	**1997**	**167806**	**1841**

16. वित्तीय साक्षरता उपाय - समेकित वृद्धि की दिशा में एक कदम :

16.1. आपके बैंक ने अपने ग्राहकों को बैंक से जुड़ने से होने वाले लाभ एवं बीसी की भूमिका के बारे में साक्षर करने के संबंध में अनेक कदम उठाए हैं. बैंक ने जून, 2015 में इंडियन स्कूल फार माइक्रोफायनांस फार वोमेन (आईएसएमडब्ल्यू, अहमदाबाद) के सहयोग से पूर्वी उत्तर प्रदेश के अग्रणी जिलों में महिलाओं के लिए 60 वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किए एवं लगभग 15000 लोगों को सम्पूर्ण वित्तीय साक्षरता प्रदान की. बैंक के वित्तीय साक्षरता प्रयासों को और अधिक गति प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने बिहार, मध्य प्रदेश, पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं झारखंड के अग्रणी जिलों में 116 जागरूकता शिविर आयोजित करने के लिए ₹17.4 लाख की वित्तीय सहायता स्वीकृत की .

16.2. समेकित विकास दृष्टिकोण में बीसी की आवश्यकताओं की पहचान के लिए आपके बैंक ने वित्तीय सेवाएं विभाग एवं भारतीय बैंक संघ के दिशानिर्देशों के अनुसार अक्तूबर, 2015 से बीसी के पारिश्रमिक ढांचे को संशोधित किया है. आपके बैंक ने बैंक मित्रों (वित्तीय समावेशन मिशन को करने के लिए नियुक्त बैंक के एजेंट का पर्यायवाची) को इसक्रो तकनीक के माध्यम से पारिश्रमिक की उपलब्धता करायी. अन्तिम छोर पर खड़े हुए ग्राहक को बाधारहित सेवाएं सुनिश्चित कराने के लिए आपके बैंक ने बैंक मित्र की दैनिक गतिविधियों के अनुश्रवण के लिए डैशबोर्ड भी विकसित किया है.

16.3. आपके बैंक ने एटीएम एवं मोबाईल के माध्यम से पीएमजेडीवाई के अन्तर्गत स्वतः ओवरड्राफ्ट संवितरित होने वाली तकनीक बनायी है. बैंक ने आधार

आधारित भुगतान प्रणाली (एईपीएस) एवं रूपे आधारित संव्यवहारों को करने में सक्षम 5407 सूक्ष्म एटीएम लगाएं हैं.

16.4. आपके बैंक ने वाराणसी, जौनपुर एवं आजमगढ़ में माह अगस्त, 2015 में वित्तीय समावेशन सम्मेलन आयोजित किया. इसने वित्तीय समावेशन मिशन के रास्तें में आ रही चुनौतियों पर सरकार एवं नियामकों को फीडबैक दिया.

17. अन्तर्राष्ट्रीय बैंकिंग :

17.1. आपके बैंक ने वैश्विक वित्तीय बाजार एवं संभावित संसाधनों के संग्रहण की संभावनाओं का पता लगाने के लिए गहन भूमिका निभायी है. वर्ष के दौरान बैंक ने सिडनी (आस्ट्रेलिया) में चौथी विदेशी शाखा खोली है. यूके में एक सब्सीडियरी, आबूधाबी(यूएई), बीजिंग एवं शंघाई (चीन) में तीन प्रतिनिधि कार्यालयों सहित हांगकांग, दुबई अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय केन्द्र (डीआईएफसी), एंटवर्प (बेल्जियम) में अपनी उपस्थिति पहले ही दर्ज करा चुका है.

17.2. रिपोर्टिंग मानकों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए आपके बैंक ने विदेशी खाता कर अनुपालन अधिनियम (एफएटीसीए) एवं सामान्य रिपोर्टिंग मानक (सीआरएस) कार्यान्वित किए हैं. एफएटीसीए/सीआरएस के अन्तर्गत रिपोर्ट किए जाने वाले आवश्यक डाटा को प्राप्त करने के लिए प्रणाली को उचित रूप से संशोधित किया गया है. निर्यात ऋण 31 मार्च, 2015 के ₹9982 करोड़ की तुलना में 31 मार्च, 2016 को ₹9507 करोड़ रहा. बैंक की एनआरआई जमाराशियां 7.1 प्रतिशत बढ़कर 31 मार्च, 2015 के ₹18236 करोड़ की तुलना में 31 मार्च, 2016 को ₹19535 करोड़ रही. विदेशी विनिमय की कारोबारी गैर-ब्याज आय में 8.1 प्रतिशत की वार्षिक बढ़ोत्तरी नोट की गयी. वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान आपके बैंक ने एक और शाखा को अधिकृत डीलिंग (एडी) शाखा में वर्गीकृत किया. इस प्रकार बैंक की कुल 92 एडी शाखाएं हो गयी हैं. 2016-17 के दौरान 6 और शाखाएं अधिकृत डीलिंग शाखा में वर्गीकृत किया जाना प्रस्तावित है.

17.3. विदेशी कारोबार :

17.3.1. हांगकांग, दुबई अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय केन्द्र (डीआईएफसी)- दुबई, एंटवर्प (बेल्जियम) एवं सिडनी (आस्ट्रेलिया) स्थित विदेशी शाखाओं का कुल कारोबार 18.2 प्रतिशत बढ़ा है एवं 31 मार्च, 2016 को यह 4,954 मिलियन यूएस डालर रहा.

तालिका 15: विदेशी परिचालन (राशि यूएस डालर मिलियन)

मद	वित्त वर्ष 2015-16	वित्त वर्ष 2014-15	वार्षिक वृद्धि	
			वास्तविक	(%)
विदेशी जमाराशियां	1001	742	259	34.9
विदेशी अग्रिम	3953	3448	505	14.7
कुल विदेशी कारोबार	4954	4190	764	18.2

17.3.2. विश्व बाजार में अपनी सुदृढ़ उपस्थिति बनाए रखने के लिए आपके बैंक की महत्वाकांक्षी भावी योजना है. वित्त वर्ष 2016-17 में शंघाई में स्थित वर्तमान प्रतिनिधि कार्यालय को पूर्णरूपेण शाखा में परिवर्तित कर परिचालन प्रारम्भ करने का प्रस्ताव है. वित्त वर्ष 2016-17 में कनाडा के टोरंटो एवं दक्षिण अफ्रीका के जोहांसबर्ग में भी प्रतिनिधि कार्यालय खोलने का बैंक का प्रस्ताव है.

18. ट्रेजरी परिचालन :

18.1 वर्तमान वित्तीय बाजार की परिस्थितियों, व्यापक पूँजी ढांचे, दीर्घकालिक सावधि निवेशों की तरलता एवं कार्यशील पूँजी प्रबंधन में उत्साहजनक गति बनाए रखने के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त आपके बैंक का एक समर्पित ट्रेजरी अनुभाग है, जो पूरे देश में फैले अपने ग्राहकों को ट्रेजरी सेवाएं प्रदान करता है. इसके द्वारा आधुनिक तकनीकी प्लेटफार्म से बैंक के ग्राहकों को विभिन्न वित्तीय उत्पाद जैसे वायदा, विकल्प, ब्याज दर स्वैप एवं मुद्रा स्वैप आदि सेवाएं प्रदान की जाती हैं.

18.2 ट्रेजरी अनुभाग में घरेलू ट्रेजरी परिचालन, विदेशी परिचालन, स्थायी आय, डिरेवेटिव उत्पाद, इक्विटी एवं अन्य वैकल्पिक आस्ति वर्गों का कार्य होता है. संवैधानिक तरलता अनुपात (एसएलआर) एवं गैर-एसएलआर बनाए रखने के लिए निवेश पोर्टफोलियो में सरकारी प्रतिभूतियों, राज्य विकास ऋण एवं अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों जैसे इक्विटी शेयर, कारपोरेट ऋण पत्र, पीएसयू बांड, वाणिज्यिक पेपर, जमा प्रमाण पत्र, म्यूचुअल फंड, उपक्रम पूँजी कोष, सब्सीडियरी एवं संयुक्त उपक्रम को शामिल किया जाता है.

18.3 बांड को अपने पोर्टफोलियो को जोड़कर वर्ष की पहली छमाही में ऊंचे लाभ प्राप्त करने का बैंक को अवसर मिला और निवेश के विक्रय में लाभ बढ़ा. निवेशों से आय वित्त वर्ष 2014-15 के 7.57 प्रतिशत के सापेक्ष वित्त वर्ष 2015-16 में 7.58 प्रतिशत रही. ट्रेजरी के इक्विटी डेस्क ने सक्रियता से अपने पोर्टफोलियो को बढ़ाया एवं नियमित अंतराल में लाभ अर्जित किया. वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान, निवेशों की बिक्री में ट्रेजरी ने वित्त वर्ष 2014-15 ₹708 करोड़ के सापेक्ष ₹914 करोड़ का लाभ अर्जित किया.

18.4 आपके बैंक ने कार्पोरेट ग्राहकों की ब्याज दर एवं विदेशी विनिमय जोखिम कम करने संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उत्पादों जैसे ब्याज दर स्वैप (आईआरएस), मुद्रा स्वैप, ब्याज दर फ्यूचर, वायदा एवं विकल्प का विशिष्ट समाधान प्रस्तुत किया है. प्रोप्राइटरी ट्रेडिंग डेस्क, उपलब्ध विदेशी विनिमय के क्रय-विक्रय में सक्रिय रहा एवं लाभ अर्जित किया. वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान, विनिमय आय वित्त वर्ष 2014-15 ₹665 करोड़ की तुलना में ₹691 करोड़ रही. घरेलू ट्रेजरी परिचालनों से गैर-ब्याज आय विगत वर्ष के ₹1,373 करोड़ के सापेक्ष वित्त वर्ष 2015-16 में ₹1,604 करोड़ तक बढ़ी.

तालिका 16: ट्रेजरी परिचालन (घरेलू)

मदें	वि.व 2015-16	वि.व 2014-15	वर्ष दर वर्ष वृद्धि (%)
निवेश पर आय (%)	7.58	7.57	1 बीपीएस
निवेश की बिक्री से लाभ	913.74	707.89	29.08
विनिमय आय (₹करोड़)	690.68	665.42	3.80
गैर-ब्याज आय (घरेलू ट्रेजरी परिचालन) (₹करोड़)	1,604.42	1,373.31	16.83

19 आस्ति गुणवत्ता प्रबंधन :

19.1 वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान लार्ज कारपोरेट ऋणों के कारण बैंकिंग उद्योग को अग्रिमों में धीमी वृद्धि एवं अपकर्ष का सामना करना पड़ा. मार्च, 2017 तक तुलन पत्र के क्लीनिंग संबंधी नियामक के दिशानिर्देशों के अनुपालन में आस्ति गुणवत्ता बनाए रखना चुनौतीपूर्ण हो गया है.

19.2 आपके बैंक ने आस्तियों पर दबाव को दूर करने के लिए आवश्यक उपकरण एवं तकनीक लगाये हैं एवं इससे एनपीए काफी सीमा तक कम हो जाएगा. चुनौतीपूर्ण वातावरण के बावजूद, आपके बैंक ने ₹178 करोड़ खातों के अपग्रेडेशन से तथा ₹844 करोड़ नकद वसूली से प्राप्त किये. वित्त वर्ष 15-16 के लिए एनपीए की स्थिति निम्नानुसार है :

तालिका 17: एनपीए की स्थिति (₹करोड़)

विवरण	वित्त वर्ष 2015-16
सकल एनपीए (प्रारम्भिक)	13031
बढोत्तरी	12953
घटाया, कमी	1812
(I) अपग्रेडेशन्	178
(II) वसूली	844
(III) अपलेखन	790
सकल एनपीए (अन्तिम)	24171
शुद्ध एनपीए	
- प्रारम्भिक	6919
- अन्तिम	14026

19.3. वर्ष के दौरान, सरफेसिया अधिनियम के अन्तर्गत बैंक ने 4386 ग्राहकों को नोटिस भेजी, जो कुल राशि ₹2,292 करोड़ के थे, इससे ₹600 करोड़ की वसूली हुई. वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान बैंक ने ऋण वसूली प्राधिकरण के माध्यम से ₹208 करोड़ एवं लोक अदालतों के माध्यम से ₹64 करोड़ की राशि वसूली. आपके बैंक ने वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान एकमुश्त समझौता योजना (ओटीसी) एवं विशेष समझौता योजना (एसएसएस) के अन्तर्गत क्रमशः ₹65 करोड़ एवं ₹354 करोड़ की राशि वसूल की.

19.4 उदय (उज्ज्वल डिस्कॉम एश्योरेंस योजना) योजना का कार्यान्वयन : ऋण भार से लदी हुई ऊर्जा वितरण कम्पनियों के ऋणों को पुनर्जीवित करने एवं बैंक के आस्ति पोर्टफोलियो को नई दिशा देने के लिए भारत सरकार (जीओआई) ने नवम्बर, 2015 में उदय योजना प्रारम्भ की. आपके बैंक ने इस योजना को तीन राज्यों यथा राजस्थान, उत्तर प्रदेश एवं पंजाब में राज्य विद्युत बोर्ड (एसईबी) में चल रहे आस्तियों के दबाव की स्थिति को कम करने के लिए कार्यान्वित किया है.

19.5 कमजोर आस्तियां अर्थात मानक पुनर्गठित अग्रिम एवं जीएनपीए: आपका बैंक मानक पुनर्गठित अग्रिमों को वित्त वर्ष 2014-15 में कुल अग्रिम के 5.2 प्रतिशत से वित्त वर्ष 2015-16 में 3.1 प्रतिशत तक लाने में सफल रहा है. वित्त वर्ष 2015-16 में कमजोर आस्ति अनुपात 11.8 प्रतिशत रहा है, जो समकक्ष बैंकों/ पीएसबी की तुलना में सकरात्मक है.

तालिका 18: क्षेत्रवार मानक पुनर्गठित आस्तियां

क्र. सं.	सेक्टर	राशि (₹ करोड़)	मानक पुनर्गठित आस्तियों का %	सकल ऋण से %
1	मानक बकाया जिसमें	8572	लागू नहीं	3.1
अ.	- राज्य विद्युत बोर्ड	1311	15.3	0.5
ब.	- रुकी हुई परियोजनाएं	300	3.5	0.1

20. **डिजिटल बैंकिंग की ओर प्रस्थान :** आपका बैंक तकनीक चालित वित्तीय सेवाएं बढ़ाते हुए डिजिटल इंडिया में अपना योगदान करने के लिए प्रतिबद्ध है. ग्राहकों की आवश्यकताओं एवं परिचालन वातावरण के अनुरूप बदलती प्रवृत्ति को देखते हुए आपके बैंक ने स्वयं में बदलाव किए हैं.

20.1 आपके बैंक ने ग्राहकों के समक्ष चैनलों के विकल्प प्रस्तुत किए हैं. इसमें पारम्परिक शाखाओं का नेटवक, एटीएम, मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल वालेट एवं 9 भाषाओं में 24x7 चलने वाले काल सेंटर शामिल हैं.

तालिका 19: शाखाओं/एटीएम का नेटवर्क

	वित्त वर्ष 2015-16	वित्त वर्ष 2014-15
कुल शाखाएं	4200	4081
जिसमें विदेशी शाखाएं	4	3
एटीएम	6883	7020
जिसमें बोलने वाले एटीएम	1662	1706
एटीएम का शाखा से अनुपात	1.64	1.72

20.2 **एटीएम एवं कार्ड :** कम हिट वाले एटीएम, जिनसे कम आय हो रही थी, के बन्द होने के कारण एटीएमों की संख्या विगत वर्ष के 7020 से कम होकर 31 मार्च, 2016 को 6883 हो गयी. परिणामस्वरूप एक वर्ष पहले के प्रति एटीएम औसत हिट 85 से सुधरकर 112 हो गयी है. मार्च, 2016 को बोलने वाले एटीएमों का नेटवर्क 1662 रहा.

चार्ट 3: विभिन्न वैकल्पिक सुपुर्दगी चैनलों के अन्तर्गत ग्राहक आधार (लाख में)



20.3 31 मार्च, 2016 को बैंक का डेबिट कार्ड आधार 257 लाख रहा. बैंक विप्रेषण उत्पादों जैसे एनईएफटी, आईएमपीएस, एटीएम पर कार्ड से कार्ड अन्तरण की श्रृंखला उपलब्ध करा रहा है. डिजिटल चैनल के माध्यम से संव्यवहार करने हेतु ग्राहकों को प्रेरित करने के लिए रिवार्ड प्वाइंट के रूप

में कुछ फायदे भी दिए जाते हैं.

Exhibit 4: Transaction Value (₹ crore) under different digital channels



*मोबाईल बैंकिंग आईएमपीएस संव्यवहारों सहित.

20.4. **इंटरनेट एवं मोबाईल बैंकिंग :** आपके बैंक ने आईफोन/ आईपैड प्रयोक्ताओं के लिए मोबाइल बैंकिंग अप्लीकेशन की शुरूआत की है. मोबाइल बैंकिंग उपयोगकर्ताओं की संख्या एक वर्ष में दुगुनी हो गयी है. आईएमपीएस सेवा, जो ग्राहकों को तत्काल आधार पर मोबाइल के जरिये अंतर्बैंक निधि अंतरण की सुविधा प्रदान करती है, अब सभी तीनों चैनलों यथा एटीएम, मोबाइल बैंकिंग एवं इंटरनेट बैंकिंग पर उपलब्ध है. आईएमपीएस पी2ए (व्यक्ति से खाते में) अंतरण, इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल एप्लीकेशन, दोनों से ही अब सुलभ है. इसके अतिरिक्त कॉलेज/ विश्वविद्यालय पोर्टल पर शुल्क जमा करने के लिए बैंक ने भुगतान गेटवे साल्यूशन भी उपलब्ध कराया है.

Exhibit 5: Income Share (%) from Alternate Channels FY 2015 -16



21 संव्यवहार बैंकिंग:

21.1 **करेंसी चेस्ट :** नकदी जमा करने/ भुगतान करने/ सार्टिंग करने जैसी सेवाओं के क्षेत्र में ग्राहकों की संख्या में निरंतर वृद्धि करने का आपके बैंक का लक्ष्य है; ताकि बैंक की गैर ब्याज आय को बढाया जा सके. इस समय बैंक के 66 करेंसी चेस्ट हैं तथा 13 नये करेंसी चेस्ट खोलने की प्रक्रिया चल रही है. आपके बैंक ने उन 1619 शाखाओं में नोट सार्टिंग मशीन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया पूरी कर ली है, जिनमें प्रतिदिन औसतन ₹30 लाख की नकद प्राप्तियां होती हैं. आपके बैंक ने देश की 61 शाखाओं में क्वायन वेंडिंग मशीन (सीवीएम) स्थापित किया है.

21.2 **नकदी प्रबंधन सेवाएं (सीएमएस):** आपके बैंक का सीएमएस प्रभाग, कार्पोरेट्स के लिए त्वरित व आसान वसूली तथा भुगतान में सक्षम है. वर्ष 2015-16 के दौरान आपके बैंक ने अपने विभिन्न सीएमएस उत्पादों के माध्यम से 42 नए कार्पोरेट कनेक्शन प्राप्त किये और कुल ₹39 करोड़ की आय अर्जित की है. नकद प्राप्ति और भुगतान के तहत आपका बैंक, त्वरित गति से न्यूनतम लागत पर कस्टमाइज्ड एमआईएस की मदद से कार्पोरेट्स की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा कर रहा है. सीएमएस भुगतान हब और सीएमएस शाखाओं ने प्रति माह औसतन ₹800 करोड़ के 5 लाख भुगतान किये हैं, जिनमें नियमित कार्पोरेट भुगतान के अलावा, केन्द्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों का पूरा वेतन, एनआरईजीए भुगतान, श्रम कल्याण कार्यालयों के भुगतान शामिल हैं. इंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग के तहत 12 राज्यों में भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के सभी भुगतान सीएमएस द्वारा किये गये हैं, जिनसे हमें पर्याप्त कारोबार और आय की प्राप्ति हुई है. लायन्स क्लब इंटरनेशनल, दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) आदि खातों में आवक एनईएफटी/ आरटीजीएस सेवाएं प्रदान करने से, बैंक के बचत व चालू खाता (कासा) में अच्छी वृद्धि हुई है. आपके बैंक ने, सीएमएस संग्रहण में, प्रायोजित बैंक के रूप में नेशनल आटोमेटेड क्लीरिंग हाउस सेवाएं आरम्भ की हैं.

Exhibit 6: Turnover in CMS Business (₹ crores)



Exhibit 7: Income from CMS Business (₹ crores)



21.3 **मर्चेंट बैंकिग :** आपका बैंक ग्राहकों के लिए लाभांश/ ब्याज के भुगतान और बांड्स के पुनर्भुगतान आदि के लिए, भुगतान बैंकर के रूप में लगातार कार्य करता रहेगा. इक्विटी में आवेदन करने के लिए एप्लीकेशन सपोर्टेड बाई ब्लॉक्ड अमाउंट (ASBA) की सुविधा पहले से ही उपलब्ध कराई जा रही है. आपका बैंक डी-मैट खाते जुटाने के लगातार प्रयास करता रहेगा और इस क्षेत्र में ग्राहक आधार बढ़ता रहेगा.

22 तृतीय पक्ष उत्पाद वितरण:

22.1. आपका बैंक अखिल भारतीय स्तर पर अपने शाखा नेटवर्क के माध्यम से तृतीय पक्ष उत्पादों जैसे बीमा तथा म्यूचुवल फंड के वितरण द्वारा विभिन्न स्तरों पर ग्राहकों की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करने हेतु हमेशा आगे रहा है. बैंक के तृतीय पक्ष उत्पाद संविभाग में निम्न उत्पाद शामिल हैं:

22.2. **जीवन बीमा :** बैंक अपने संयुक्त उपक्रम स्टार यूनियन दायची लाइफ इंशोरेंस कंपनी के माध्यम से जीवन बीमा उत्पाद उपलब्ध कराता है. वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान आपके बैंक ने सुड लाइफ जीवन आश्रय, सुड लाइफ आरोग्यम और सुड लाइफ आयुष्मान जैसे नए उत्पादों का वितरण किया है.

22.3. **साधारण बीमा :** खुदरा और वाणिज्यिक खंड के तहत बैंक द्वारा न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के गैर-जीवन बीमा उत्पादों का भी वितरण किया जा रहा है.

22.4. **स्वास्थ्य बीमा :** आपके बैंक द्वारा, स्टैंड अलोन बीमाकर्ता रेलिगेयर हेल्थ इंशोरेंस के स्वास्थ्य बीमा उत्पाद प्रदान किये जा रहे हैं.

22.5. **म्यूचुवल फंड्स:** बैंक अपनी सहायक कंपनी 'यूनियन केबीसी एसे मेनेजमें' कंपनी लिमिटेड के माध्यम से म्यूचुवल फंड उत्पादों के रूप में निवेश के अवसर भी प्रदान करता है.

22.6. इनके अलावा, नागरिकों की सामाजिक सुरक्षा में वृद्धि के लिए, भारत सरकार द्वारा आरम्भ की गई योजनाओं का वितरण आपका बैंक सक्रिय रूप से कर रहा है. बैंक द्वारा वितरित की जाने वाली सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई)

तथा प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) शामिल हैं, जिनमें क्रमशः 11 लाख और 27 लाख सदस्यों को कवर किया गया है. वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान आपके बैंक ने तृतीय पक्ष उत्पादों के वितरण से ₹55 करोड़ की आय अर्जित की है, जो वित्त वर्ष 2014-15 के ₹42 करोड़ की तुलना में 29.7% वृद्धि दर्शाता है. बैंक अपने प्रमुख संविभाग को बढ़ाने के लिए तृतीय पक्ष उत्पाद वितरण के प्रयासों को तेज रखना जारी रखेगा.

23. सूचना प्रौद्योगिकी :

23.1. बैंक का सुदृढ़ आई टी प्लेटफार्म, बेहतर ग्राहक सुविधाएं एवं नवोन्मेषी सेवाएं उपलब्ध कराने के मुख्य लक्ष्य की सार्थक सिद्ध करने का मुख्य रणनीतिक स्तम्भ है. आपके बैंक ने ग्राहक संतुष्टि, स्टाफ उत्पादकता, इष्टतम लाभ में वृद्धि तथा टर्न अराउंड समय को घटाकर बेहतर उत्पादों और सेवाओं की सुपुर्दगी के लिए हमेशा तकनीक को महत्व दिया है.

23.2. सरकार के 'डिजिटल इंडिया' विज़न को गति प्रदान करने की दृष्टि से आपके बैंक ने करों और प्राप्तियों के संग्रहण हेतु महाराष्ट्र सरकार के साथ समझौता किया है. इससे राज्य के करदाताओं की पहुंच सुदूर स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की 500 से अधिक शाखाओं तक होगी. इसके अलावा वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान निम्नलिखित कार्यो के डिजिटलाइजेशन पर विशेष ध्यान दिया गयाः

शाखा बैंकिंग अनुभव के नए मिसाल	वित्तीय समावेशन/ सरकारी कारोबार	कार्पोरेट ग्राहक
• बीएनए (बंच नोट एक्सेप्टर), सीडीएम (चेक जमा मशीन) का प्रावधान • बारकोड आधारित सेमी ऑटोमेटिक पासबुक प्रिंटर, आईएमपीएस (त्वरित भुगतान प्रणाली)	• सरकार द्वारा आरम्भ की गई सामाजिक सुरक्षा योजनाएं जैसे शैक्षणिक ऋणों के लिए विद्या लक्ष्मी योजना, पेंशनरों के लिए जीवन प्रमाणपत्र (जीवन प्रमाण), विभिन्न राज्यों के लिए कर संग्रहण, स्टैम्प ड्यटी, केन्द्र एवं राज्य पेंशन, वरिष्ठ नागरिक योजना. • आपके बैंक ने काउंटर करों/ प्राप्तियों की वसूली हेतु महाराष्ट्र वर्चुवल ट्रेजरी (जीआरएएस) को कोर बैंकिंग के साथ एकीकृत किया है. इससे रिकार्ड उसी समय अद्यतन हो जाते हैं और करदाताओं के लिए भी सुविधाजनक है.	• केन्द्रीय विद्यालयों और अन्य इंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग इंटीग्रेशन संस्थाओं के लिए फीस का संग्रहण.

23.3. आपके बैंक ने आधार कार्ड आधारित ऑन-लाइन सत्यापन के लिए ई-केवाईसी, ऑन-लाइन पैन सत्यापान और क्रेडिट स्कोर जेनरेशन के लिए क्रेडिट ब्यूरो इंटीग्रेशन को कार्यान्वियन किया है. ग्राहक के संव्यवहारों/ आंकडों की सुरक्षा के लिए बैंक ने सुपरिभाषित सुरक्षा नीतियां बनाई हैं. आपके बैंक के डाटा सेंटर और डीआर साइट को आईएसओ 27001:2013 से प्रमाणित किया गया है, जो अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुपालन को प्रमाणित करता है.

23.4 आपका बैंक, भारत में बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं एवं बीमा क्षेत्र (बीएफएसआई) में बिजनेस कंटीन्युटी मेनेजमेंट सिस्टम (बीसीएमएस) प्रमाणन अर्थात आईएसओ 22301:2012 को सबसे पहले अपनाने वालों में एक है. संव्यवहारों को डिजिटलाइज करते समय आपके बैंक ने इंटरनेट बैंकिग ग्राहकों को डिजिटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र आधारित सत्यापन की सुविधा प्रदान की है.

23.5 वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने अपने खाताधारकों के लिए कई मूल्य वर्धित सेवाओं को आरम्भ किया. आयकर विभाग को फार्म 15 जी/ एच प्रमाणपत्रों की त्वरित प्रस्तुति को सुगम बनाने के लिए एक केन्द्रीयकृत रिपोर्टिंग प्रणाली आरम्भ की गई है. आपके बैंक ने मेसर्स क्लीयर टेक्स टेकनोलॉजीज के साथ टाई-अप किया है, जो अपने सभी ग्राहकों को आयकर विवरणी भरने में मदद करता है.

23.6 संव्यवहारों की बढ़ती हुई मात्रा और नए डिजिटल चैनलों को आरम्भ करने के बाद जरूरतों को पूरा करने के लक्ष्य के अनुरूप तकनीकी ढांचे में लगातार वृद्धि की जा रही है. पारम्परिक आधारभूत प्रणालियों से आगे बढ़कर इष्टतम लागत के लिए क्लाउड आधारित ई-लर्निंग प्लेटफार्म प्रारम्भ किया गया है.

23.7 त्वरित निर्णय लेने को सुविधाजनक बनाने के लिए डैश बोर्ड के माध्यम से आईपैड पर विभिन्न मानदंडों पर आंकडे प्राप्त करने के प्रावधान किये गये हैं. इसके अलावा आपके बैंक ने इंटरप्राइज एप्लीकेशन इंटरफेस के प्रयोग से आंतरिक प्रक्रियाओं यथा लेखाबंदी, संव्यवहारों की प्रोसेसिंग के माध्यम से आडिट आदि को डिजिटलाइज किया है.

23.8 आज उद्योग के लिए प्रचलित शब्द है एसएमएसी (सोशियल मीडिया, मोबिलिटी, एनालिटिक्स तथा क्लाउड). आपके बैंक ने विपणन टीम को विश्लेषणात्मक आंकड़े तथा आंतरिक ग्राहकों के लिए ई-लर्निंग के माध्यम से क्लाउड मुहैया कराकर ग्राहकों के लिए विश्लेषण तथा विभिन्न मोबाइल एप्स प्रारम्भ कर मोबिलिटी में उपस्थिति दर्ज की है.

24. विभिन्न तकनीकी पहल :

24.1 'यूनियन 24X7 कंफर्ट': सम्पूर्ण भारत में आपके बैंक ने 101 स्थानों पर ''यूनियन 24X7 कंफर्ट'' लाबी आरम्भ किया है. अपने गतव्य की ओर यात्रा में, बैक का यह एक और महत्वपूर्ण कदम है. यूनियन 24X7 कंफर्ट लाबी वह तकनीक प्रदान करती है, जहां ग्राहक अपनी पेरेंट शाखा में गये बिना सभी बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा कर सकते हैं. आपका बैंक इन लाबियों में स्वयं सेवा सुविधा उपलब्ध करा रहा है, जिनमें कार्ड से कार्ड को अंतरण, यूनियन ई-कैश, आईएमपीएस निधि अंतरण, मोबाइल रिचार्ज, आधार नंबर सीडिंग, नकद जमा मशीन एवं स्वयं सेवा पासबुक प्रिंटर शामिल हैं.

24.2 मोबाइल पासबुक (एम-पासबुक): बैंक ने एम-पासबुक आरम्भ किया है, जिसके अंतर्गत ग्राहक अपने मोबाइल पर किसी निर्धारित अवधि के लिए अपने खाते का विवरण देख सकते हैं. एम-पासबुक सभी मोबाइल एप स्टोर्स जैसे एंड्राइड, आईओएस, ब्लेकबेरी, विंडोस आदि में उपलब्ध है. ग्राहक सिर्फ एम-पासबुक एप को डाउनलोड कर परिचालन आरम्भ कर सकते हैं.

24.3 खुदरा और कार्पोरेट ग्राहकों के लिए शाखाओं के माध्यम से तुरन्त भुगतान सेवा (आईएमपीएस): शाखाओं में आने वाले अपने वाक-इन-ग्राहकों के लिए, आईएमपीएस प्रारम्भ करने में आपका बैंक अग्रणी रहा है. आईएमपीएस के द्वारा ग्राहक प्रतिदिन ₹2 लाख तक किसी भी बैंक खाते की राशि तुरन्त अंतरित कर सकते है. आपके बैंक ने यह सुविधा खुदरा और कार्पोरेट ग्राहकों के लिए आरम्भ की है.

24.4 मोबाइल वालेटः बैंक ने नवम्बर 2015 में ''डिजिपर्स'' नाम से प्रीपेड मोबाइल वालेट आरम्भ किया है, जिसमें ग्राहक द्वारा राशि डिजिटली लोड की जा सकती है और विभिन्न सेवाओं जैसे- मोबाइल रिचार्ज, डीटीएच रिचार्ज, ऑनलाइन शापिंग, निधि अंतरण आदि के लिए प्रयोग किया जा सकता है. दिनांक 31.03.2016 तक ''डिजिपर्स'' का उपयोगकर्ता आधार 1.28 लाख तक पहुंच गया है.

24.5 यूनियन सेल्फीः तकनीकी रूप से दक्ष युवाओं तक पहुंच के लिए, आपके बैंक ने खाता खोलने का सेल्फी तरीका, मोबाइल आधारित बचत बैंक खाता खोलने की प्रक्रिया प्रारम्भ की है, जिसमें भावी ग्राहक को बचत बैंक खाता खोलने के लिए बिना किसी बाधा के अपने पहचान के विवरणों को सिर्फ स्केन कर सेल्फी फोटो के साथ अपलोड करना होता है.

24.6 भारत में हो रहे डिजिटल परिवर्तनों के साथ, आपके बैंक ने वीसा के साथ मिलकर निम्नलिखित तीन डिजिटल पहलें आरम्भ की हैं :

24.6.1 बिजनेस डेबिट कार्ड : यह कार्ड- क) व्यक्तिगत, बी) एकल स्वमित्व, सी) भागीदारी तथा डी) हिन्दू अविभाजित परिवार (कर्ता) संवर्ग के सभी चालू खाता ग्राहकों के लिए है, जिसे जारी करने का कोई प्रभार नहीं लिया जाता है. कार्डधारकों को कई प्रकार की सुविधाएं जैसे- प्रत्येक तिमाही में दो बार अंतरदेशीय/ अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों के लांज में मुफ्त प्रवेश की पात्रता, ₹2 लाख का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर आदि मिलती हैं.

24.6.2 यूसेक्योर क्रेडिट कार्डः यह क्रेडिट कार्ड बैंक के ग्राहकों को उनकी मियादी जमाओं के ग्रहणाधिकार के पेटे जारी किया जाता है, जिसे जारी करने का कोई प्रभार नहीं लिया जाता है. कार्डधारकों को वीसा से यात्रा, मनोरंजन तथा डाइनिंग के विशेष ऑफर मिलते हैं और ₹5 लाख तक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर भी मिलता है.

24.6.3 सिग्नेचर क्रेडिट कार्डः बैंक द्वारा उच्च स्तर के क्रेडिट कार्ड अर्थात सिग्नेचर क्रेडिट कार्ड भी जारी किये जाते हैं, जिसमें संबंधित व्यक्ति की आय के आधार पर उसके व्यय करने की उच्चतर सीमा, जो उसकी वार्षिक आय के 20 प्रतिशत तक हो सकती है, निर्धारित होती है. प्रतिष्ठित कार्डधारकों को कई सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं.

25. जोखिम प्रबंधन- जोखिम की पहचान एवं उसके शमन हेतु अग्रसक्रिय अवधारणाः

25.1 प्रतिस्पर्धात्मक वित्तीय वातावरण में आपके बैंक का उद्देश्य अवसर एवं जोखिम के बीच संतुलन बनाए रखना है. बैंक में जोखिम प्रबंधन का पर्यवेक्षण मूलतः शीर्ष स्तर पर जोखिम और आस्ति देयता प्रबंधन (एससीबी) पर पर्यवेक्षी समिति के जरिये किया जाता है, जो विभिन्न जोखिमों के प्रबंधन हेतु उच्च कार्यपालकों की परिचालन स्तरीय समितियों द्वारा समर्थित है. आपके बैंक के निदेशक मंडल द्वारा जोखिम रणनीति एवं नीतियों का पर्यवेक्षण किया जाता है तथा एससीबी द्वारा जोखिम रणनीति एंव नीतियों का पर्यवेक्षण किया जाता है जबकि इसके क्रियान्वयन, जोखिम स्तर व उसकी दिशा की समीक्षा, प्रूडेंशियल सीलिंग, संविभाग वैविध्य एवं जोखिम रिपोर्टिंग का पर्यवेक्षण बोर्ड की पर्यवेक्षण समिति द्वारा किया जाता है. जोखिम रणनीति तथा नीतियों का बैंक की शाखाओं एवं कार्यालयों को प्रभावी रूप से संप्रेषण किया जाता है. आपके बैंक ने जोखिम प्रबंधन के संबंध में एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाया है, जिसके अंतर्गत जोखिम क्षमता एवं विनियामक ढांचे के अंतर्गत एक स्वस्थ संविभाग बनाना एवं उसका रखरखाव करना शामिल है.

25.2 आपके बैंक ने समुचित नीतियों, संगठनात्मक ढांचे, जोखिम मापन तकनीकों, पर्याप्त पद्धतियों, प्रणालियों, अनुश्रवण एवं रिपोर्टिंग तंत्र के जरिये तीन प्रकार के जोखिमों यथा ऋण, बाजार तथा परिचालन जोखिम के निवारण का कार्य किया है. आपके बैंक में एक सुस्पष्ट जोखिम क्षमता नीति तथा स्वतंत्र जोखिम कार्य विद्यमान है, जो यह सुनिश्चित करता है कि बैंक अपने जोखिम क्षमता ढांचे के अंतर्गत कार्य करे.

25.3 ऋण जोखिम प्रबंधनः आपका बैंक अनुशासित ऋण जोखिम प्रबंधन के माध्यम से सशक्त आस्ति गुणवत्ता बनाए रखने का प्रयास करता है. ऋण जोखिम प्रबंधन समिति (सीआरएमसी) बैंक में ऋण जोखिम कार्य का पर्यवेक्षण करती है. बैंक के पास पहचान, मापन, अनुश्रवण व ऋण जोखिम एक्सपोजर के नियंत्रण हेतु सुदृढ ऋण मूल्यांकन एवं जोखिम निर्धारण प्रणाली है. ऋण जोखिम नीतियां, ऋण अनुमोदन प्राधिकारी, विवेकपूर्ण ऋण सीमाएं, जोखिम रेटिंग प्रणाली, जोखिम आधारित व्याज निर्धारण, संविभाग प्रबंधन आदि ऋण जोखिम प्रबंधन के विभिन्न साधन हैं. आपका बैंक उधारकर्ता, ग्रुप, सेक्टर, रिटेल, योजनाओं, उद्योग व भौगोलिक क्षेत्रों आदि की लगातार निगरानी करता है तथा ऋण गुणवत्ता में लगातार सुधार का प्रयास करता है और जोखिम प्रोफाइल को बनाए रखता है जो उधारकर्ता, उत्पादों, औद्योगिक प्रकार व भौगोलिक आधार पर वैविध्यपूर्ण हैं.

25.4 क्रेडिट रेटिंग एवं अनुमोदनः आपके बैंक का संपूर्ण ऋण संविभाग आंतरिक क्रेडिट रेटिंग के अध्यधीन है. रिटेल संविभाग के लिए बैंक, स्कोर कार्ड आधारित अवधारणा का प्रयोग करता है तथा कॉर्पोरेट एक्सपोज़र के विभिन्न वर्गों के ऋण जोखिम आकलन हेतु अलग-अलग मॉडल उपलब्ध हैं. आपके बैंक ने सभी अग्रिमों हेतु बैंक की मानकीकृत एवं पूर्ण परिभाषित अनुमोदन प्रक्रिया अपनाई है, जिसमें ऋण अनुमोदन करने हेतु समिति आधारित दृष्टिकोण अपनाया जाता है एवं विभिन्न स्तरों पर ऋण अनुमोदन समितियां कार्यरत हैं. रेटिंग गुणवत्ता में सुधार, सशक्त रेटिंग डाटाबेस बनाने तथा रेटिंग माडलों के बेहतर प्रशासन हेतु केन्द्रीय कार्यालय स्तर पर केन्द्रीकृत रेटिंग पूल स्थापित है.

26. पूंजी संगणना

26.1 आपके बैंक ने मार्च 2009 से नयी पूंजी पर्याप्तता फ्रेमवर्क को कार्यान्वित किया है. ऋण जोखिम हेतु बैंक ने मानक प्रणाली को अपनाया है एवं ऋण जोखिम के उन्नत अप्रोच की न्यूनतम अपेक्षाओं के अनुपालन के साथ आगे की ओर अग्रसर है. आईआरबी अपेक्षाओं को पूरा करने हेतु एक पूँजी आकलन समाधान लागू किया जा रहा है एवं एफआईआरबी की ओर माइग्रेशन प्रोजेक्ट का मार्गदर्शन प्रतिष्ठित बाहरी सलाहकार द्वारा किया

जा रहा है. ऋण जोखिम घटकों यथा चूक की संभावना (पीडी), हानि जनित चूक (एलजीडी), एक्सपोजर चूक (ईएडी) और परिपक्वता (एम) की गणना करने के लिए बैंक ने आवश्यक फ्रेमवर्क तैयार किया है और डाटा के समेकन की प्रक्रिया चल रही है. खुदरा ऋण की दिशा में, रिटेल पूल्स तैयार करने तथा उनके पीडी, एलजीडी, तथा ईएडी के मूल्यांकन का प्रयास किया जा रहा है.

27. बाजार जोखिम प्रबंधनः

27.1 बाजार जोखिम का तात्पर्य- इक्विटी मूल्यों, ब्याज दरों, ऋण स्प्रेड, विदेशी मुद्रा दरें, वस्तुओं का मूल्य तथा अन्य संकेतक जिनका मूल्य बाजार तंत्र द्वारा निर्धारित किया जाता है, में परिवर्तनों के कारण बैंक की व्यापार बहियों में हानि के जोखिम से है. आपके बैंक ने आस्ति देयता प्रबंधन नीति, ट्रेजरी नीति एवं बाजार जोखिम नीति के जरिये बैंकिंग एवं व्यापार बहियों में निहित बाजार जोखिम का निवारण करने का प्रयास किया है. बाजार जोखिम के प्रबंधन की समग्र जिम्मेदारी आस्ति देयता प्रबंधन समिति (एल्को) की है. अर्जन परिदृश्य एवं आर्थिक मूल्य परिदृश्य- दोनों के जरिये मूल्य संवर्धन पर मुख्य जोर दिया जाता है. एएलएम डेस्क एवं ट्रेजरी मिड आफिस द्वारा क्रमशः बैंकिंग एवं व्यापार बहियों में बाजार जोखिम का प्रबंधन किया जाता है. आस्ति देयता समिति की नियमित बैठकें होती हैं, जिनमें विभिन्न आस्तियों एवं देयताओं की मात्रा, संमिश्र, अवधि एवं संरचना के बारे में निर्णय लिया जाता है. एल्को द्वारा आस्ति एवं देयताओं की प्राइसिंग भी निर्धारित की जाती है. एल्को मुख्यतः तरलता व ब्याज दर जोखिम की पहचान, मापन, अनुश्रवण और प्रबंधन करती है.

27.2 बैंक सक्रिय तरलता प्रबंधन सुनिश्चित करता है, दबावग्रस्त परिदृश्य परिकल्पित करता है तथा आकस्मिक निधिकरण योजना रखता है. आपके बैंक के पास ट्रेजरी में एक स्वतंत्र मिड आफिस कार्यरत है, जो जोखिम प्रबंधन समिति को रिपोर्ट करता है. यह ऑफिस एक्सपोजर, निर्धारित ऋण सीमा अनुश्रवण तथा जोखिम संवेदनशील मानदंडों के परिकलन संबंधी अनुपालन सुनिश्चित करता है.

27.3 आपके बैंक ने तरलता मानक पर बासल III के ढांचे के आधार पर आरबीआई द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार तरलता जोखिम प्रबंधन को अंगीकृत किया है. इसमें अंतः-दिवसीय तरलता प्रबंधन तथा तरलता कवरेज अनुपात (एलसीआर) शामिल है. तरलता अनुपात का आकलन तिमाही आधार पर तथा तरलता का अनुश्रवण और प्रबंधन सक्रिय रूप से किया जाता है.

27.4 वर्तमान में, बाजार जोखिम का आकलन, मानकीकृत मूल्यांकन प्रणाली (एसएमएम) द्वारा किया जाता है. आपके बैंक ने बाजार जोखिम हेतु उन्नत अप्रोच के तहत आंतरिक मॉडल अप्रोच (आईएमए) की ओर जाने हेतु भारतीय रिजर्व बैंक को आवेदन दिया है

28. परिचालन जोखिम प्रबंधनः

28.1 भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक के पास बोर्ड द्वारा अनुमोदित परिचालन जोखिम प्रबंधन नीति है. आपके बैंक ने परिचालन जोखिम के प्रबंधन हेतु प्राथमिक रूप में व्यापक प्रणाली और प्रक्रिया, आंतरिक नियंत्रण प्रणाली और लेखापरीक्षा का प्रयोग किया जाता है. परिचालन जोखिम की जांच और समाधान के लिए सभी नये उत्पादों को नव-उत्पाद अनुमोदन प्रक्रिया से गुजरना होता है. विद्यमान उत्पादों में अन्तर तथा आउटसोर्सिंग गतिविधियों में जोखिम की भी समीक्षा की जाती है. बैंक ने विगत दस वर्षों के दौरान हुई परिचालनगत हानियों से संबंधित आंकड़ों का समेकन किया है तथा सुधारात्मक कदम उठाने हेतु उनका विश्लेषण किया जाता है; ताकि आगे ऐसी हानियों की पुनरावृत्ति न हो. जोखिम एवं नियंत्रित स्व-मूल्यांकन (आरसीएसए) सर्वेक्षण करने एवं मुख्य जोखिम सूचक का पता लगाने हेतु भी प्रक्रिया शुरुकी गई है.

28.2 वर्तमान में आपके बैंक द्वारा परिचालन जोखिम के अंतर्गत पूंजी आकलन हेतु प्राथमिक संकेतक अप्रोच का प्रयोग किया जाता है. परिचालन जोखिम हेतु बैंक को समानांतर आधार पर 'मानकीकृत अप्रोच (टीएसए)' को भी कार्यान्वित करने की अनुमति भारतीय रिजर्व बैंक से मिली है. एएमए की ओर माइग्रेशन हेतु बैंक द्वारा बाहरी सलाहकार के मार्गदर्शन में ओआरएम प्रोजेक्ट कार्यान्वित किया जा रहा है. परिचालन जोखिम के लिए उन्नत अप्रोच के तहत पूंजी संगणना हेतु भी एक सॉल्युशन लागू किया जा रहा है.

28.3 बैंक ने अपने कामकाज में अधिक पारदर्शिता लाने के लिए अच्छे कार्पोरेट गवर्नेंस के उपाय के रूप में प्रकटन नीति बनायी है. कारोबार बाधा एवं सिस्टम विफलता के प्रतिकूल प्रभावों के न्यूनीकरण हेतु कारोबार निरंतरता योजना (बीसीपी) के महत्व को समझते हुए बैंक द्वारा कारोबार निरंतरता योजना (बीसीपी) कार्यान्वित की गयी है, जिसमें हानिकारक वातावरण में अपने स्टाफ, आस्तियों और ग्राहकों के हितों के संरक्षण के लिए विस्तृत खाका तैयार किया गया है.

28.4 बॉसल पिलर II मानदंडों के अनुपालन हेतु बैंक ने एक व्यापक आंतरिक पूंजी पर्याप्तता आकलन प्रक्रिया (आईसीएएपी) लागू की है. इससे बैंक आंतरिक दृष्टि से उन जोखिमों, जो पिलर I में या तो शामिल ही नहीं थीं, या पर्याप्त रूप में शामिल नहीं थीं, का पता लगाने एवं मूल्यांकन करने एवं साथ ही सामान्य तथा तनावयुक्त स्थितियों में जोखिमों के प्रबंधन हेतु समुचित रणनीति बनाने में सक्षम हो सका है. भारतीय रिजर्व बैंक के नवीनतम दिशानिर्देशों के अनुसार एक व्यापक दबाव जांच फ्रेमवर्क भी लागू किया गया है, जो अपवादस्वरूप किन्तु संभाव्य घटनाक्रमों में बैंक के जोखिम प्रबंधन फ्रेमवर्क की सक्षमता का आकलन करने में सहायक है. यह फ्रेमवर्क किन्हीं विपरीत परिस्थितियों में अपनाई जाने वाली उचित रणनीतियों में सहायक सिद्ध होता है.

29. निष्पादन मूल्यांकन एवं लाभप्रदता प्रबंधन

29.1 बैंक ने एक सुदृढ़ और वैज्ञानिक निधि अंतरण मूल्य प्रणाली यथा मैच्ड फंड ट्रांसफर प्राइसिंग सिस्टम लागू किया है. अपनी निष्पादन निर्धारण प्रणाली विकसित करने के क्षेत्र में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के बीच हमारा बैंक अग्रणी है. यह सिस्टम जनित प्रणाली, मूल्य अंतरण व्यवस्था को बहुत ही छोटे स्तर जैसे खाता स्तर पर भी अंतरण प्राइसिंग को समर्थ बनाती है तथा अंतरण दर, बाजार दर से जुड़ी होती है. यह प्रणाली ब्याज दर जोखिम को केन्द्रीय फंडिंग यूनिट (सीएफयू) में केन्द्रीकृत करने में सहायक होती है, जहां उसका बेहतर प्रबंधन किया जा सकता है. आपके बैंक ने लागत व आय निर्धारण हेतु भी मॉड्यूल लागू किये हैं, जिससे विभिन्न व्यावसायिक पहलुओं को नापा जा सके. यह भविष्य में जोखिम आधारित निष्पादन मूल्यांकन में सहायक होगी.

30. बासल-III का कार्यान्वयन :

30.1 बासल-III मानकों के अनुरूप पूंजी पर्याप्तता के आंतरिक निर्धारण, तरलता अनुपातों तथा लिवरेज अनुपातों को बैंक द्वारा संचालित किया जा रहा है. वर्ष 2010 से बासल-III दिशानिदेशों के प्रभावों को जानने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा किये जा रहे मात्रात्मक प्रभाव अध्ययन(क्यूआईएस) में बैंक की प्रतिभागिता रही है. बासल-III के तहत प्रकटन मानदंडों का पालन भी किया जा रहा है. बैंक की पूंजी, बासल-III अपेक्षाओं के अनुरूप है, जो न्यूनतम अपेक्षाओं से काफी अधिक है. बासल-III दिशानिर्देशों के अनुसार, आंतरिक पूंजी पर्याप्तता निर्धारण प्रक्रिया(आईसीएएपी) के एक भाग के रूप में पूंजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया भी अपनाई जाती है तथा पूंजी बढ़ाने के उपायों का मूल्यांकन व तदनुसार योजना बनायी गयी है.

31. समूह जोखिम प्रबंधनः

31.1 आपका बैंक, अपनी समूह जोखिम प्रबंधन नीति के माध्यम से समूहवार अप्रोच लागू करने की ओर अग्रसर है; ताकि जोखिम के प्रमुख पहलुओं, जो सभी कारोबार समूहों को प्रभावित करते हैं, की ओर ध्यान दिया जा सके. आपका बैंक, विविधीकृत वित्तीय सेवाओं जैसे बैंकिंग, प्रतिभूति एवं पूंजी बाजार, बीमा एवं खुदरा आस्ति आदि के कारोबार कार्य में शामिल है. बैंक द्वारा सामान्य तथा दबावग्रस्त स्थितियों में अपने समूह प्रतिष्ठानों, आंतरिक नियंत्रणों, निवारण उपायों तथा पूंजी संगणना में जोखिमों के आकलन हेतु एक प्रतिष्ठित बाहरी सलाहकार के सहयोग से एक व्यवस्थित नीति/ फ्रेमवर्क लागू करने की प्रक्रिया शुरूकी गई है.

32. अपने ग्राहक को जाने- धन शोधन निवारण (केवाईसी-एएमएल)

32.1 केवाईसी-एएमएल (अपने ग्राहक को जानें- धन शोधन निवारण) अनुपालन को मजबूत करने के लिए बैंक द्वारा स्थानीय भाषाओं में नोटिस जारी करने, स्थानीय समाचार-पत्रों में विज्ञापन देने, खाता खोलने के फार्म में ग्राहक प्रोफाइल संबंधी अतिरिक्त विशेषताओं को शामिल करने जैसे अनेक उपाय किये गये हैं. आपके बैंक द्वारा केवाईसी- एएमएल पर विशेष प्रशिक्षण सत्र एवं कार्यशालाएं आयोजित की गयी हैं तथा पूरे देश में सभी स्टाफ सदस्यों को केवाईसी- एएमएल के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए सभी आंतरिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में एक सत्र रखे गये हैं. जाली नोटों की पहचान तथा समय से रिपोर्टिंग के प्रति शाखाओं को संवेदनशील बनाने के लिए भी कार्यक्रम चलाये गये हैं. संदिग्ध लेनदेनों की पहचान हेतु एलर्ट जारी करने तथा नियामक प्राधिकारियों को संदिग्ध लेनदेन रिपोर्ट (एसटीआर) प्रस्तुत करने हेतु आपके बैंक ने धनशोधन निवारण साफ्टवेयर कार्यान्वित किया है. केवाईसी-एएमएल के अनुपालन में सुधार हेतु बैंक द्वारा निरंतर जोर दिया जा रहा है.

33. धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधनः

33.1 आपके बैंक ने एक प्रभावी, कारोबार चालित धोखाधड़ी एवं अवचार जोखिम मूल्यांकन तैयार करने का प्रयास किया है. बैंक में बोर्ड द्वारा अनुमोदित धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन नीति विद्यमान है. धोखाधड़ी की रोकथाम के लिए कदम उठाने हेतु फील्ड कार्यकर्ताओं को भी संवेदनशील बनाया जा रहा है. कृत धोखाधड़ी/धोखाधड़ी के प्रयास में अपनायी गई कार्यप्रणाली की समीक्षा हेतु धोखाधड़ी समीक्षा समिति की नियमित बैठक होती है तथा संबंधित वर्टिकल के माध्यम से क्षेत्रकर्मियों को सुधारात्मक उपाय सुझाये जाते हैं. धोखाघड़ी मामलों के अनुश्रवण हेतु बोर्ड की विशेष समिति द्वारा ₹ 1.00 करोड़ और उससे अधिक के धोखाघड़ी मामलों की तिमाही आधार पर समीक्षा की जा रही है. बैंक उपक्रमवार आधार पर धोखाघड़ी जोखिम प्रबंधन का समाधान करने की ओर अग्रसर है जिससे धोखाघड़ी से बचा जा सके और धोखाघड़ी की शीघ्र पहचान की जा सके.

34. सूचना तकनीक जोखिमः

34.1 बैंक ने भारत सरकार तथा भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार सूचना सुरक्षा नीति अपनायी है, जिसके द्वारा यह सुनिश्चित किया जाता है कि सूचना एवं सूचना सिस्टम की गोपनीयता, dddशुद्धता एवं सही उपलब्धता की दृष्टि से इनके अनधिकृत एक्सेस, उपयोग, प्रकटन, व्यतिक्रम, संशोधन तथा नष्ट होने से बचाया जा सके. बैंक की नाजुक कारोबारी आस्तियों की सुरक्षा हेतु बैंक द्वारा त्रिस्तरीय सुरक्षा तंत्र लागू किया गया है. बैंक ने नाजुक आस्तियों एंव बैंक नेटवर्क की सुरक्षा और अनुश्रवण हेतु सेक्युरिटी आपरेशन सेंटर (एसओसी) स्थापित किया है जो 24x7x365 समर्पित है. बैंक द्वारा अपने कर्मचारियों, तृतीय पक्ष विक्रेताओं तथा ठेकेदारों के लिए नियमित रूप से सूचना सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम चलाये जाते हैं और ग्राहकों को सूचना सुरक्षा संबंधी सावधानियां भी प्रदान की जाती हैं.

35. अनुपालन कार्य - विनियामक अनुपालन, सांविधिक अनुपालन तथा उचित व्यवहार संहिता का अनुपालन

35.1 आपके बैंक में सुस्पष्ट अनुपालन नीति के साथ एक मजबूत अनुपालन प्रणाली विद्यमान है. अनुपालन कार्य के अंतर्गत संपूर्ण बैंक में नियामक अनुपालन, सांविधिक अनुपालन, स्व-नियामक संस्थाओं द्वारा निर्धारित / प्रस्तावित उचित व्यवहार संहिता एवं अन्य संहिताओं से संबंधित अनुपालन, सरकारी नीतियों, बैंक की आंतरिक नीतियों एवं धन शोधन तथा अवैध गतिविधियों के निधिकरण पर रोक संबंधी अनुपालन कार्य पर विशेष ध्यान दिया जाता है.

35.2 बैंक में प्रत्येक स्तर पर अनुपालन कार्य के संबंध में भूमिका एवं जिम्मेदारी का स्पष्ट उल्लेख किया गया है. अनुपालन नीति की वार्षिक रूप से समीक्षा की जाती है. नियामक एवं सांविधिक अनुपालन विषयों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए एक स्वप्रमाणन प्रक्रिया जिसमें शाखाओं द्वारा उच्च कार्यालयों को अनुपालन प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया जाता है, विद्यमान है. नियामकों/ मंत्रालय से प्राप्त निर्देशों के अनुश्रवण, नियंत्रण तथा अनुवर्ती कार्रवाई हेतु अनुपालन पैकेज स्थापित किया गया है.

36. आंतरिक लेखापरीक्षाः

36.1 रिपोर्टिंग मानकों में शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए आपके बैंक में आंतरिक लेखापरीक्षा, समवर्ती लेखापरीक्षा तथा आईएस लेखापरीक्षा प्रणाली विद्यमान है. बैंक ने दिनांक 1 अप्रैल, 2009 से जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा में शिफ्ट किया है. बैंक द्वारा 'जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा' साफ्टवेयर विकसित किया गया है, जिसमें लेखापरीक्षा रिपोर्टों के ऑनलाइन समेकन की व्यवस्था है. वित्त मंत्रालय के दिशानिर्देशों को ध्यान में रखते हुए इस सॉफ्टवेयर को वित्त वर्ष 2015-16 में पुनः अपडेट किया गया तथा 1 अप्रैल, 2016 से इसे कार्यान्वित किया गया है.

36.2 **आईएस लेखापरीक्षाः** विभिन्न अरक्षितताओं, बाहरी / आंतरिक खतरों से महत्वपूर्ण सूचना प्रणालियों की रक्षा के लिए आउटसोर्स्ड वेडर मेसर्स ऑडिट टाइम इन्फार्मेशन इंडिया लिमिटेड द्वारा बैंक की आईएस लेखापरीक्षा टीम के साथ सभी सूचना प्रणालियों की वर्ष 2015-16 के लिए लेखापरीक्षा की गयी. बैंक की आंतरिक ऑडिट टीम द्वारा वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान 30 शाखाओं, 12 क्षेत्रीय कार्यालयों तथा 5 क्षेत्र महाप्रबंधक कार्यालयों की लेखापरीक्षा की गयी.

36.3 **शाखा निरीक्षणः** नियामक दिशानिर्देशों के अनुसार, प्रत्येक शाखा की निर्धारित अवधि के अनुसार आंतरिक लेखा परीक्षा की जानी आवश्यक

है. छह महीने पूरे होने पर नई खुली शाखाओं की भी लेखापरीक्षा की जाती है. आंतरिक लेखा परीक्षा/ निरीक्षण के अतिरिक्त आपके बैंक द्वारा बाहरी एजेंसियों के माध्यम से चयनित शाखाओं की राजस्व लेखापरीक्षा और समवर्ती लेखापरीक्षा आयोजित करने की प्रणाली विद्यमान है. ऐसी लेखापरीक्षाओं के कार्यक्षेत्र / कवरेज का निर्धारण की लेखापरीक्षा नीति वित्त वर्ष 2015-16 के अनुसार किया गया है.

36.4 वित्त वर्ष 2015-16 के लिए शाखा निरीक्षण/ आंतरिक लेखापरीक्षा, राजस्व लेखापरीक्षा और समवर्ती लेखा परीक्षा की स्थिति इस प्रकार हैः

तालिका 20: वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान आंतरिक व समवर्ती लेखा परीक्षा का ब्यौरा	
विवरण	**शाखाओं की संख्या**
आंतरिक लेखापरीक्षा	3663
समवर्ती लेखापरीक्षा	775

36.5. ऑफ साइट निगरानी कक्ष(ओएमसी): वर्ष 2015-16 के दौरान बैंक द्वारा नये प्रकार के एलर्ट्स की पहचान की है, जिनकी निगरानी ओएमसी द्वारा की जा रही है. इसमें चालू जमा/ बचत जमा खातों में बेजमानती टीओडी, अनुमत तदर्थ सीमा जो 3 महीने के भीतर समायोजित नहीं हुई, अतिदेय होने के बावजूद नये पैकिंग क्रेडिट का संवितरण, साखपत्र(एलसी) डिवाल्व होने के बावजूद क्रेता का नया साखपत्र भुनाना, यूएसडी 3,00,000 तक का किया गया आयात भुगतान, स्टाफ खाते में नकदी जमा लेनदेन, अन्य बैंकों को बैंक शुल्क का भुगतान, नकदी में कमी प्रविष्टि को उचंत खाते में नामे करना तथा प्रविष्ट बिल प्रस्तुतीकरण में विलंब आदि शामिल है.

37. नेटवर्क:

तालिका 21: शाखा विस्तार					
विवरण/क्षेत्र	**ग्रामीण**	**अर्ध शहरी**	**शहरी**	**महानगरीय**	**कुल**
शाखाओं की संख्या	1311	1253	882	750	4196
संख्या (%)	31	30	21	18	100

आपके बैंक की शाखाएं पूरे देश में फैली हुई हैं, जिसमें से 61 प्रतिशत शाखाएं ग्रामीण और अर्ध- शहरी केंद्रों में स्थित हैं. वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान 125 शाखाएं खोली गई हैं.



38. मानव संसाधन प्रबंधन

38.1. सेवा उन्मुख उद्योग होने के नाते बैंकिंग हमेशा 'जन सामान्य कारोबार' के रूप में उभरा है. आपके बैंक ने मानव संसाधन प्रबंधन संवर्धन द्वारा संगठनात्मक दक्षता में सुधार लाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. आपके बैंक ने पुरातन अनुभव की मौजूदगी के साथ साथ युवा प्रतिभायें जुटाने में सक्रिय भूमिका निभाई है. बैंक कर्मचारियों से जुड़ने और कर्मचारियों की संतुष्टि के लिए लगातार अपनी मानव संसाधन प्रथाओं को बदलता रहा है.

38.2 वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान आपके बैंक ने बड़े पैमाने पर भर्ती के माध्यम से नई प्रतिभाओं को आकर्षित करने का प्रयास किया है. बैंक सक्रियता से अपनी मानव पूंजी के आधार को समृद्ध बनाने में लगा है. अतः यह पहचान करना और भी अधिक महत्वपूर्ण है कि प्रशिक्षण प्रणाली यह सुनिश्चित करे कि संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सही गति, कार्य व्यवहार्यता, उपयुक्त मार्गदर्शन तथा सहयोगपूर्ण नजरिया शामिल हो. वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान बैंक ने नवनियुक्त परिवीक्षाधीन अधिकारियों (पीओ) को विभिन्न बैंकिंग गतिविधियों से परिचित करने के लिए 2-3 सप्ताह का एक नया इंडक्शन कार्यक्रम तैयार किया है. इंडक्शन प्रशिक्षण के बाद एक वर्ष के लिए ऑन दि जॉब प्रशिक्षण दिया जाता है.

38.3 **ई-लर्निंग पोर्टलः** आपके बैंक ने प्रशिक्षण प्रणाली की पहुंच बढ़ाने के लिए एक ई-लर्निंग पोर्टल तैयार किया है. बैंक के युवा कर्मचारियों को मॉड्यूल पर बैंकिंग के विभिन्न शूक्ष्म व महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी प्रदान की जाती हैं.

38.4 **साझा सेवा केंद्रः** आपके बैंक द्वारा साझा सेवा केंद्र की सुविधा आरंभ की गयी है जो एक ही स्थान पर दावों (परिलब्धियों) की केंद्रीकृत मंजूरी प्रदान करता है. यह प्रणाली बैंक में एकरूपता बनाए रखने के क्रम में स्थापित की गयी थी. यह सभी कर्मचारियों के भत्तों के दावे के लिए टर्न अराउंड समय (टीएटी) के साथ साथ दावों की मंजूरी में पारदर्शिता बनाए रखने में मदद करता है.

38.5 **शिकायत निवारण पोर्टल -'एचआर आपके द्वार':** आपका बैंक सार्वजनिक क्षेत्र का ऐसा पहला बैंक है, जिसने ऑनलाइन शिकायतों के निवारण के लिए एक समर्पित पोर्टल बनाया है. 'खुश कर्मचारी अधिक उत्पादक कर्मचारी' इस विचार को ध्यान में रखते हुए आपके बैंक द्वारा एक ऑनलाइन शिकायत निवारण पोर्टल 'एचआर आपके द्वार' आरंभ किया गया तथा अगस्त, 2015 में लखनऊ में इसका उद्घाटन किया गया. वर्तमान में यह पोर्टल सभी क्षेत्रीय कार्यालयों/ क्षेत्र महाप्रबंधक कार्यालयों को कवर करता है. यह पोर्टल इस आशय से शुरूकिया गया था कि स्थानीय स्तर पर एक संवेदनशील तथा कर्मचारी अनुकूल मानव संसाधन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ स्टाफ प्रशासनिक कार्यों के लिए युक्तिसंगत टीएटी बनाया जा सके. यह पोर्टल सभी स्टाफ सदस्यों के लिए उनकी शिकायतों/ समस्याओं के शीघ्र निवारण के लिए एक आसान एवं सुलभ मंच प्रदान करता है. यह प्रणालियों, प्रक्रियाओं व स्टाफ प्रशासनिक कार्यों का शीघ्र अनुपालन सुनिश्चित करता है.

38.6 **नवोन्मेष पर पोर्टलः** किसी भी कंपनी का मन व प्राण उनकी रचनात्मकता तथा नवीनता होती है. स्टाफ सदस्यों को बैंक के हित में उच्च प्रबंधन से बेहिचक बातचीत करने व अपने सुझाव/विचार देने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए मंच प्रदान करते हुए एक समर्पित ईमेल आईडी innovation@unionbankofindia.com उपलब्ध कराई गयी है. प्राप्त सुझावों का मूल्यांकन करने के लिए उच्च कार्यपालकों की एक समिति भी बनायी गयी है. नवोन्मेष के अधीन अब तक हमारे कर्मचारियों से 2407 सुझाव प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 102 सुझाव पहले ही लागू किये जा चुके हैं.

38.7 कार्य-निष्पादन प्रबंधन प्रणाली: वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान आपके बैंक ने नयी कार्य भूमिका को परिभाषित किया, जिसका उद्देश्य सभी स्तरों पर ऐसी टीम का गठन करना है जो बैंक के कारोबारी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक साथ कार्य करे. नई कार्य भूमिका के अतिरिक्त कर्मचारियों

के महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व क्षेत्रों (केआरए) व मुख्य निष्पादन संकेतकों (केपीआई) को भी फिर से परिभाषित किया गया, ताकि उन्हें और अधिक उद्देश्यपरक, कारोबार उन्मुख तथा उनसे संबंधित भूमिकाओं के लिए और अधिक सार्थक बनाया जा सके.

38.8 प्रोजेक्ट उत्कर्षः

38.8.1 आपके बैंक ने प्रोजेक्ट उत्कर्ष के नाम से कारोबार प्रक्रिया परिवर्तन की एक नयी यात्रा आरंभ की है. प्रॉजेक्ट उत्कर्ष के जरिये बैंक अपने प्रमुख उद्देश्यों यथा बेहतर ग्राहक अनुभव, बेहतर प्रक्रिया दक्षता और बेहतर कर्मचारी उत्पादकता पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपनी आकांक्षाओं की पूर्ति में सफल हो सकेगा. बैंक द्वारा कार्यान्वित निम्नांकित 6 महत्वपूर्ण पहलों के माध्यम से इन उद्देश्यों की पूर्ति की जा रही हैः

- यूनियन एक्सपीरियन्सः रिटेल शाखाओं के ऑपरेटिंग मॉडल व संगठनात्मक ढांचे को दुरूस्त बनाना;
- रिटेल कारोबार के लिए यूएलपी में सुधार;
- एमएसएमई कारोबार के लिए सरल में सुधार;
- डिजिटल चैनलः मल्टी चैनलों (एटीएम, इंटरनेट, मोबाइल) के कार्यनिष्पादन व प्रतिफल में वृद्धि;
- साझा सेवा केंद्र, उत्तराधिकार आयोजना, कर्मचारी संवर्धन और इंगेजमेंट कार्यक्रमों जैसी प्रमुख पहलों के माध्यम से मानव संसाधन प्रथाओं और कर्मचारी प्रक्रियाओं में सुधार.

38.8.2 बिजनेस इंटेलिजेंस यूनिट (बीआईयू) तथा डाटा एनालिटिक्सः बैंक ने बिजनेस इंटेलीजेंस साल्यूशन की स्थापना की है, जिसका इस्तेमाल डाटा अपडेशन, भावी मॉडलों के पुनर्विकास के साथ साथ व्यापक बाजार/ ग्राहक आधार की अंतर्दृष्टि विकसित कर ग्राहक संबंध प्रबंधन (सीआरएम) के अभियानों के अतिरिक्त विभिन्न मानदंडों की निगरानी के लिए किया जा रहा है. डाटा एनालिटिक्स के तहत यूनियन एक्सपीरियंस शाखाओं में फिनेकल के माध्यम से एनपीटीबी (खरीदने के लिए अगला उत्पाद) मॉडल शुरू किया गया है. यह ग्राहकों से साक्षात्कार के दौरान उन्हें अधिक प्रासंगिक उत्पाद/ सेवाओं की पेशकश करने में फ्रंट लाइन स्टाफ की मदद करता है, जिससे कारोबार संवृद्धि की संभावना बढ़ जाती है. डाटा विश्लेषण से उभरी सिफारिशों पर आधारित विभिन्न अभियान आरंभ किये गये हैं तथा जिन क्षेत्रों में शुरूआती तौर पर इन्हें आरंभ किया गया, वहां बेहतर उत्पादकता देखने को मिली है. प्रोजेक्ट उत्कर्ष भारत के 7 क्षेत्रों में आरंभ किया गया है.

38.9. जनबल क्षमताः 31 मार्च, 2016 को बैंक का कुल जनबल 35514 रहा. आपके बैंक ने वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान 790 परिवीक्षाधीन अधिकारियों, 505 विशेषज्ञ अधिकारियों, 521 लिपिकों व 298 अधीनस्थ स्टाफ को मिलाकर कुल 2,114 कर्मचारियों की भर्ती की. वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान विशेषज्ञ कैडर में 495 कर्मचारियों की नियुक्ति हुई. इन नियुक्तियों के बाद से आपके बैंक में कर्मचारियों की औसत उम्र कम होकर 40 वर्ष हो गयी.

तालिका 22: कर्मचारियों के संवर्ग

वर्ष	अधिकारी		लिपिक		अधीनस्थ स्टाफ		कुल	
	पुरूष	महिला	पुरूष	महिला	पुरूष	महिला	पुरूष	महिला
2014-15	14454	3836	8462	3269	4708	785	27624	7890
2015-16	14710	4168	8552	3202	4140	701	27402	8071

38.10. **आरक्षण नीतिः** आपके बैंक ने भारत सरकार की आरक्षण नीति को अक्षरशः लागू करना जारी रखा है. विभिन्न आरक्षित श्रेणियां दर्शाने वाले आरक्षण रोस्टर को भर्ती वर्ष 2014 तक अद्यतन किया जा चुका है और उसका बैंक के मुख्य संपर्क अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया जा चुका है. विभिन्न आरक्षित श्रेणियों की सभी शिकायतों को हल करने और उनके साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखने के साथ ही उनकी करियर प्रगति में सहायता करने के प्रयास जारी रखे गये.

तालिका 22 एः कर्मचारियों के संवर्ग

संवर्ग	अधिकारी	लिपिक	अधीनस्थ स्टाफ	कुल
कुल कर्मचारी, जिनमें से	18878	11754	4841	35473
अनुसूचित जाति(एससी)	3215	2477	1811	7503
अनुसूचित जनजाति(एसटी)	1362	759	433	2554
अन्य पिछड़ा वर्ग(ओबीसी)	4465	3116	1284	8865
मेमो मदें:				
- अपंग व्यक्ति(पीडब्ल्यूडी)	331	217	74	622
- भूतपूर्व सैनिक	184	936	541	1661
- महिलाएं	4168	3202	701	8071
- अल्प संख्यक समुदाय	1513	992	372	2877

39 प्रशिक्षण :

39.1 आपके बैंक की प्रशिक्षण प्रणाली व्यक्तिगत व संगठन के विकास के लिए निरंतर सीखने की संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु सक्रिय है, जिससे कार्य प्रथाओं में बेहतरी लाने में मदद मिलती है. स्टाफ सदस्यों को प्रासंगिक प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से बैंक ने वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान 818 कैलेंडर कार्यक्रम और 521 लोकेशनल कार्यक्रम आयोजित किये.

39.2 कार्पोरेट कार्यालय व क्षेत्र की आवश्यकतानुसार लोकेशनल कार्यक्रमों में व्यावहारिक कौशल, ऋण अनुश्रवण व पुनर्गठन, बीसीएसबीआई कोड्स, अनुपालन और लाभ में वृद्धि तथा पूंजी संरक्षण पर स्थानीय कार्यक्रम आयोजित किये गये.

39.3 वर्ष 2015-16 के दौरान कॉर्पोरेट चिंताओं के अनुरूप चयनित अंचलों की चिन्हित शाखाओं के लिए एनपीए प्रबंधन, ऋण अनुश्रवण, एमएसएमई, कासा और रिटेल अग्रिम व कृषि निवेश ऋण पर केन्द्रित कार्यक्रम आयोजित किए गए. प्रशिक्षण प्रणाली द्वारा जाव्स सॉफ्टवेयर के माध्यम से बैंकिंग परिचालन को संभालने के लिए दृष्टिबाधित स्टाफ सदस्यों को तैयार करने के लिए दो विशेष कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया. ग्राहक शिक्षा पहल के एक हिस्से के रूप में प्रशिक्षण प्रणाली द्वारा पेंशनरों के लिए एक कार्यक्रम संचालित किया गया जिसमें कुल 84 ग्राहकों ने भाग लिया.

40. औद्योगिक संबंध :

40.1. प्रमुख श्रम संघों के साथ निरंतर संवाद तथा सभी विवादास्पद मामलों के समाधान के कारण बैंक के औद्योगिक संबंध सौहार्द्रपूर्ण रहे हैं. अनुशासनिक कार्रवाई के मामले अत्यंत न्यायपूर्ण ढंग से तथा मानवीय दृष्टिकोण के साथ शीघ्रता से निपटाये गये हैं.

41. **राजभाषा कार्यान्वयन:** वर्ष के दौरान आपके बैंक द्वारा भारत सरकार की राजभाषा नीति संबंधी सरकारी प्रावधानों का पालन करने का प्रयास किया गया, जो कि भारत सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक और विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा राजभाषा व बैंक में हिंदी के प्रगामी प्रयोग के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए आपके बैंक को प्रदत्त 53 पुरस्कारों/ इनामों से स्पष्ट है. आपके बैंक ने हिन्दी पुस्तक 'डिजिटल बैंकिंग-विविध आयाम', हिंदी में कॉमिक्स 'राजभाषा के रंग कार्टूनिस्ट के संग' हिंदी गृह पत्रिकाएं व समस्त क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा बैंकिंग विषयों पर हिंदी में संदर्भ साहित्य का प्रकाशन किया. आपके बैंक ने राजभाषा व बैंकिंग पर क्रमशः कार्यपालकों व स्टाफ के सदस्यों के लिए अलग-अलग ऑनलाइन हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन उनके नियमित कार्यकलापों में राजभाषा हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित करने के लिए किया. बैंक की तिमाही गृह पत्रिका 'यूनियन धारा' बैंक प्रबंधन व कर्मचारियों के बीच संचार का बेहतरीन माध्यम बनी रही. परिचालन सुविधा के लिए इंटरनेट बैंकिंग की सुविधा हिंदी में भी उपलब्ध करायी गयी है. आपके बैंक ने वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में गंगटोक(सिक्किम) में बैंकों, बीमा कंपनियों और वित्तीय संस्थानों के लिए आयोजित दो दिवसीय राजभाषा सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन किया.

42. सतर्कता- नीतिपरक माहौल बनाने के लिए एक प्रयास

42.1 केंद्रीय सतर्कता आयोग अधिनियम, 2003 तथा मई, 2011 में जारी भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार आपके बैंक द्वारा एक उपयुक्त संरचना विकसित की गयी, जो उन सभी मामलों की जांच करेगा, जिसमें सतर्कता की दृष्टि से किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी की आशंका है. आपके बैंक ने जोखिम वहन करने की भूमिका तथा जनता की जमाराशियों के ट्रस्टी के रूप में अपनी जिम्मेदारी के बीच एक अच्छा संतुलन बनाया है. सतर्कता मामलों की संख्या 31 मार्च, 2015 के 147 तथा 31 मार्च, 2014 के 189 से घटकर 31 मार्च, 2016 को 119 रह गयी. मामलों के औसत निपटान का समय भी मार्च, 2015 के 8 माह से कम होकर मार्च, 2016 में मात्र 6.79 माह हो गया. आपके बैंक द्वारा मार्च, 2016 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान क्षेत्रकर्मियों में प्रक्रियाओं एवं कार्यप्रणाली के बारे में आवश्यक जागरूकता पैदा करने तथा गैर-अनुपालन की खामियों के प्रति उन्हें संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से बैंक के विभिन्न कार्यालयों के क्षेत्रकर्मियों के लिए 1236 संवादात्मक सतर्कता निवारक सत्र आयोजित किये गये. मार्च, 2015 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान ऐसे 766 कार्यक्रम आयोजित हुए थे.

42.2 **यूनियन विजिल-** तत्काल वास्तविक समय में ऑनलाइन सतर्कता समाधानः बैंक में यूनियन विजिल नामक एक समर्पित वेबसाइट भी है, जो निम्नलिखित महत्वपूर्ण कार्यों को ऑनलाइन करता हैः

- 'ध्यानाकर्षक नीति' के तहत गोपनीयता की गारंटी के साथ शिकायत दर्ज कराना. 'ध्यानाकर्षक नीति' में प्रोत्साहन घटक आरंभ किया गया है.
- ऑनलाइन सतर्कता समाधान,
- निवारक सतर्कता रिपोर्ट आदि का सृजन,
- वेबसाइट पर भी 'नॉलेज हब' नामक एक लिंक उपलब्ध है, जिसमें ऋण अनुश्रवण, कृषि, खुदरा व्यापार व अन्य सहित अग्रिम प्रस्तावों से संबंधित महत्वपूर्ण जाँच सूची, शाखाओं में क्या करें और क्या न करें तथा प्रभावी नियंत्रण के लिए उपयोगी फिनेकल मेनू उपलब्ध हैं.

42.3 **'विजिथॉन-भ्रष्टाचार मुक्त भारत के लिए एक दौड़':** देश भर में भ्रष्टाचार के विरूद्ध संवेदनशीलता उत्पन्न करने व सभी हितधारकों को साझे मंच पर एक साथ लाने के एक प्रयास के रूप में आपके बैंक द्वारा 25 अक्टूबर, 2015 को मुंबई में 'विजिथॉन-भ्रष्टाचार मुक्त भारत के लिए एक दौड' नामक भ्रष्टाचार विरोधी दौड़ का आयोजन किया. इस दौड़ का आयोजन 26 अक्टूबर से 31 अक्टूबर, 2015 तक मनाये जाने वाले 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' के पूर्व संकेतक के रूप में किया गया. भारत में यह पहला अवसर था, जब किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक/उद्यम द्वारा भ्रष्टाचार के विरूद्ध किसी दौड़ का आयोजन किया गया. इसे आम जनता, ग्राहकों व बैंक के स्टाफ सदस्यों से भारी समर्थन प्राप्त हुआ. 'विजिथॉन' का आयोजन पूरे देश भर में अन्य अठारह मेट्रो केन्द्रों/ शहरों में किया गया.

42.4 केंद्रीय सतर्कता आयोग के मार्गदर्शन में सम्पूर्ण सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों की ओर से आपके बैंक द्वारा 'सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी का महत्व' विषय पर एक लघु फिल्म की अवधारणा बनायी गयी. फिल्म को बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली तथा कर्तव्यों का पालन करते समय सतर्क, सचेत व सावधान रहने का उपयुक्त संदेश देने के लिए यह एक प्रभावी माध्यम साबित हुई.

43. परिदृश्य

43.1 भारतीय अर्थव्यवस्था नियंत्रित मुद्रास्फीति के साथ संरचनात्मक नीतिगत सुधारों, तेल की कम कीमतों के कारण लाभांवित हो रही है. केंद्र सरकार द्वारा की गई पहलें यथा टैक्स ढांचे को सरल बनाने, दिवालिया कानून लाने, नवोन्मेष व व्यापार को(स्टार्ट अप इंडिया, स्किल इंडिया, मेक इन इंडिया के माध्यम से) प्रोत्साहित करने और बैंकों के तुलन पत्र का शोधन करके वित्तीय क्षेत्र में सुधार लाने जैसे दृढ़ उपाय आदि आर्थिक सुधार के पथ-प्रदर्शक हो सकते हैं. बुनियादी सुविधाओं के आधार को पुनर्जीवित करने के साथ निजी निवेश को बढ़ाने हेतु सार्वजनिक निजी भागीदारी पर अधिक ध्यान देने से क्षेत्र के तीव्र विकास का मार्ग प्रशस्त होगा. आने वाले वर्षों में सामान्य से अधिक मानसून की उम्मीद कृषि क्षेत्र में राहत प्रदान कर सकती है. बैंकों की परिसंपत्तियों की समग्र गुणवत्ता आर्थिक माहौल के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई है. दबाव वाली परिसंपत्तियों में वृद्धि से बैंकों का तुलन पत्र और कमजोर हुआ है.(पीएसयू बैंकों का निफ्टी सीएनएक्स वित्त वर्ष 2014-15 में 3410 से गिरकर वित्त वर्ष 2015-16 में 2449 हो गया). मार्च 2017 तक तुलन पत्र के शोधन के रिजर्व बैंक के संकल्प से बैंकों के तुलन पत्र पर और दबाव बढ़ेगा, जिससे अधिक प्रावधान करना जरूरी होगा. एक पूर्ण विकसित कॉरपोरेट बांड बाजार से आसान शर्तों पर ऋण के बुनियादी ढांचे के सक्षम होने से बैंकों की परिसंपत्तियों पर दबाव की स्थिति कम होगी. तथापि, चालू वित्त वर्ष में तरलता की स्थिति को आसान करने के भारतीय रिजर्व बैंक के प्रयासों से बैंकों को राहत मिलने की उम्मीद की जा सकती है. निधियों के सीमांत लागत आधारित ऋण दर को ग्रहण कर लेने से दरों के शीघ्र ट्रांसमिशन में सुविधा होगी, जिससे बैंकों के ऋण संविभाग का विस्तार होगा और वे कारोबारी माहौल को आगे बढ़ाने में सक्षम होंगे.

43.2 हितधारकों की अल्पकालिक के साथ दीर्घकालिक आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए आपका बैंक उचित कदम उठा रहा हैं. दिसम्बर 2015 व मार्च, 2016 तिमाही के दौरान संपत्ति की गुणवत्ता की समीक्षा के उपरांत अर्थव्यवस्था के बदलाव के समन्वय से आने वाले समय में बैंकिंग माहौल के लाभान्वित होने की संभावना है. बैंक ने पहले से ही प्रोजेक्ट उत्कर्ष के तहत प्रक्रिया पुनर्नियोजन, बिक्री प्रदर्शन में उत्थान, विश्लेषण पर आधारित अभियान प्रबंधन और डिजिटल चैनलों को बेहतर करने के उद्देश्य से विभिन्न कदम उठाए हैं. अपनी मजबूत एचडीआर रूपरेखा (मानव पूंजी, डिजिटल बैंकिंग व जोखिम प्रबंधन) के बल पर आपका बैंक पूंजी आवश्यकताओं का अनुकूलतम उपयोग करने के लिए अपनी आस्तियों तथा दायित्वों को पुनर्संतुलित कर मार्जिन पैदा करना जारी रखा है. बैंक अपने सभी स्टेकधारकों के हितों में उल्लेखनीय वृद्धि हेतु प्रतिबद्ध है.

कार्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट

1. कार्पोरेट गवर्नेंस के बारे में बैंक की मान्यताः

1.1 यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में श्रेष्ठ कार्पोरेट गवर्नेंस की परम्परा रही है. शेयरधारकों की संपदा वृद्धि और हितधारकों के हितों के संरक्षण के लिए बैंक ने अपने सभी स्तर के कार्यों में औचित्य, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के सिद्धांत को अत्यधिक महत्व प्रदान किया है.

1.2 बैंक स्वयं को अपने शेयरधारकों का ट्रस्टी मानता है और उनके लिए संपदा सृजन करने और उसकी रक्षा करने की जिम्मेवारी स्वीकार करता है. आलोच्य वर्ष के दौरान बैंक कार्पोरेट कार्यनीति लागू करने और उसका अनुश्रवण करने, सुविचारित कारोबार योजना बनाने, बैंक के कारोबार की प्रमुख जोखिमों का अनुश्रवण करने तथा कानूनी एवं नैतिक जिम्मेदारियों के निर्वहन हेतु नीतियों और कार्यपद्धतियों के पालन के माध्यम से उक्त उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए प्रयत्नशील रहा है.

1.3 उत्तम पद्धतियों को ध्यान में रखते हुए बैंक ने कार्पोरेट गवर्नेंस की स्वैच्छिक संहिता तैयार की है. यह संहिता शीर्ष से ही अच्छी कार्पोरेट गवर्नेंस की भावना का विकास करती है. इसमें मूलतः सभी हितधारकों के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वाह में बैंक में प्रचलित कार्यप्रणालियां सम्मिलित एवं प्रलेखित हैं, यथा :

- निदेशक मंडल एवं उसकी विभिन्न समितियों की कार्यप्रणालियां
- अनुपालन
- शेयरधारकों के साथ संबंध
- निदेशकों द्वारा प्रकटन
- कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और
- अन्य विविध मामले जैसे आचार संहिता, इनसाइडर ट्रेडिंग का निषेध, संबंधित पक्ष संव्यवहार नीति, व्हिसिल ब्लोवर नीति, स्टाफ संबंधी मामले, सतर्कता आदि.

2. निदेशक मंडल

2.1 निदेशक मंडल का संघटन, बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण),1970 यथा संशोधित और राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध और विविध प्रावधान) योजना, 1970 यथा संशोधित के प्रावधानों द्वारा नियंत्रित है.

2.2 निदेशक मंडल के उत्तरदायित्व में नये उत्पाद विकसित करना, लक्ष्यों के सापेक्ष कारोबार समीक्षा, ऋण, परिचालन, बाजार, तरलता जोखिम, जोखिम कार्यों की स्वतंत्रता का मूल्यांकन, तिमाही तथा वार्षिक वित्तीय परिणामों की विस्तृत संवीक्षा, एनपीए प्रबंधन एवं रिपोर्ट किए गए एनपीए तथा प्रावधानीकरण सत्यनिष्ठा, सांविधिक दिशानिर्देशों का अनुपालन, ग्राहक संरक्षण, वित्तीय समावेशन, मानव संसाधन का समग्र पर्यवेक्षण संबंधी नीतियों का अनुमोदन सम्मिलित हैं.

2.3 निदेशक मंडल ने विभिन्न उप-समितियां बनाई हैं और विभिन्न कार्यक्षेत्रों में अधिकारों का प्रत्यायोजन किया है. निदेशक मंडल और समितियों की बैठकें आवधिक अंतराल पर होती हैं.

2.4 31 मार्च, 2016 को निदेशक मंडल में भारत सरकार द्वारा नियुक्त तीन पूर्णकालिक निदेशक यथा अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा दो कार्यपालक निदेशकों के अतिरिक्त आठ गैर-कार्यपालक निदेशक भी हैं, जो समाज के विभिन्न वर्गों से चुने गये श्रेष्ठ व्यक्तित्व वाले महत्वपूर्ण व्यक्ति हैं. विभिन्न क्षेत्रों में उनके बहुमूल्य एवं वृहद् अनुभव बैंक की प्रगति एवं उपलब्धियों में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं.

2.5 **निदेशक मंडल की संरचना यथा 31 मार्च, 2016 निम्नानुसार हैः**

क्र. सं.	निदेशक का नाम, पदनाम एवं श्रेणी	नियुक्ति की तारीख	बैंक की समितियों में सदस्यता #	बैंक के शेयरों की धारिता यथा 31.03.16	बैंक सहित पब्लिक लिमिटेड कंपनियों में एसीबी तथा एसआरसी में सदस्यता की संख्या	बैंक सहित पब्लिक लिमिटेड कंपनियों में एसीबी तथा एसआरसी में अध्यक्ष वाले पदों की संख्या	टिप्पणियां (बैंक/ अन्य कंपनियों में नियुक्ति का स्वरुप) (यथा 31.03.2016)
1	श्री अरुण तिवारी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (कार्यपालक)	26-12-2013	एमसीबी, एससीआरएण्ड एएलएम, एससीएमएफ, आरएमसी, सीएससीबी, एचआर, डीपीसी, डीपीसी- वी एसटीसीबी, आरसीएनसीबी, आरसीडब्ल्यूडीबी, ईएसडी, सीएसी	शून्य	2	2	बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण)1970 की धारा 9 (3)(ए) के अधीन पूर्णकालिक निदेशक के रूप में नियुक्त. दि. 30.06.2017 या अधिवर्षिता तिथि या अगले आदेश, जो भी पहले हों, तक पद पर बने रहेंगे. वह इन कंपनियों के निदेशक मंडल में भी निदेशक हैंः- • यूनियन बैंक ऑफ इंडिया(यूके) लि., • यूनियन केबीसी एसेट मैनेजमेंट कं. प्रा. लि. • जनरल इंश्योरेंस कार्पोरेशन ऑफ इंडिया. • स्टार यूनियन दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी. • दि न्यू इन्डिया एश्योरेंस कं. लि. • इंडियन इन्स्टिट्यूट ऑफ बैंकिंग एण्ड फायनेंस

क्र. सं.	निदेशक का नाम, पदनाम एवं श्रेणी	नियुक्ति की तारीख	बैंक की समितियों में सदस्यता #	बैंक के शेयरों की धारिता यथा 31.03.16	बैंक सहित पब्लिक लिमिटेड कंपनियों में एसीबी तथा एसआरसी में सदस्यता की संख्या	बैंक सहित पब्लिक लिमिटेड कंपनियों में एसीबी तथा एसआरसी में अध्यक्ष वाले पदों की संख्या	टिप्पणियां (बैंक/ अन्य कंपनियों में नियुक्ति का स्वरुप) (यथा 31.03.2016)
2	श्री राकेश सेठी कार्यपालक निदेशक (कार्यपालक)	05-08-2013	एमसीबी, एसीबी, एससीआरएण्ड एएलएम, एससीएमएफ, आरएमसी, सीएससीबी, एचआर, एसआरसी, आईटी एसटीसीबी, ईएसडी, सीएसी	शून्य	3	शून्य	बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1970 की धारा 9(3)(ए) के अधीन पूर्णकालिक निदेशक के रूप में नियुक्त, दि.30.06.2016 या अधिवर्षिता की तारीख या अगले आदेश, जो भी पहले हों, तक पद पर बने रहेंगे. वह इन कंपनियों के निदेशक मंडल में भी निदेशक हैं: • यूनियन केबीसी एसेट मैनेजमेंट कं. प्रा. लि. • यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूके) लि.
3	श्री विनोद कथूरिया कार्यपालक निदेशक (कार्यपालक)	22-01-2016	एमसीबी, एससीआरएण्ड एएलएम, आरएमसी, सीएससीबी, एचआर,एसआरसी, आईटी, एसटीसीबी, ईएसडी, सीएसी	शून्य	1	शून्य	बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1970 की धारा 9 (3)(ए) के अधीन पूर्णकालिक निदेशक के रूप में नियुक्त, दि.31.07.2018 या अधिवर्षिता की तारीख या अगले आदेश, जो भी पहले हो, तक पद पर बने रहेंगे.
4	श्री मिहिर कुमार, सरकार द्वारा नामित निदेशक (गैर-कार्यपालक)	25-11-2014	एसीबी, एससीआर एंड एएलएम, एससीएमएफ, आरएमसी, सीएससीबी, एचआर, एनसीबी, आरसीबी, डीपीसी,डीपीसी-वी	शून्य	1	शून्य	केंद्र सरकार द्वारा बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1970 की धारा 9(3)(बी) के अधीन निदेशक के रूप में नियुक्त, अगले आदेशों तक पद पर बने रहेंगे.
5	श्री अनिल कुमार मिश्रा, भारिबैं नामित निदेशक (गैर-कार्यपालक)	06-07-2015	एमसीबी, एसीबी, आरसीबी, डीपीसी,डीपीसी-वी	शून्य	1	शून्य	केंद्र सरकार द्वारा भारिबैं की संस्तुति पर बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1970 की धारा 9(3)(सी) के अधीन निदेशक के रूप में नियुक्त. अगले आदेशों तक पद पर बने रहेंगे.
6	श्री जगमोहन शर्मा, सनदी लेखाकार निदेशक (गैर-कार्यपालक)	05-12-2013	एसीबी, एससीआरएण्डए एलएम, एससीएमएफ, सीएससीबी, एसआरसी, एनसीबी	शून्य	2	1	केंद्र सरकार द्वारा सनदी लेखाकार संवर्ग के अंतर्गत बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1970 की धारा 9(3)(जी) के अधीन, अधिसूचना की तारीख से 3 वर्ष की अवधि या अगले आदेश, जो भी पहले हों, तक निदेशक के रूप में नियुक्त.
7	श्री श्रीकांत मिश्रा, अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक (गैर-कार्यपालक)	11-04-2013	एससीआरएण्ड एएलएम, एससीएमएफ, सीएससीबी, एसआरसी, आईटी, ईएसडी,	शून्य	1	शून्य	केंद्र सरकार द्वारा बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1970 की धारा 9(3)(एच) के अधीन, अधिसूचना की तारीख से 3 वर्ष की अवधि या अगले आदेश, जो भी पहले हों, तक अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक के रूप में नियुक्त.
8	सुश्री अनुसूया शर्मा, अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक (गैर-कार्यपालक)	06-05-2013	एमसीबी, एससीआरएण्ड एएलएम, सीएससीबी, एसआरसी, एनसीबी, आरसीबी	शून्य	1	शून्य	केंद्र सरकार द्वारा बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1970 की धारा 9(3)(एच) के अधीन, अधिसूचना की तारीख से 3 वर्ष की अवधि या अगले आदेश, जो भी पहले हों, तक अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक के रूप में नियुक्त.

क्र. सं.	निदेशक का नाम, पदनाम एवं श्रेणी	नियुक्ति की तारीख	बैंक की समितियों में सदस्यता #	बैंक के शेयरों की धारिता यथा 31.03.16	बैंक सहित पब्लिक लिमिटेड कंपनियों में एसीबी तथा एसआरसी में सदस्यता की संख्या	बैंक सहित पब्लिक लिमिटेड कंपनियों में एसीबी तथा एसआरसी में अध्यक्ष वाले पदों की संख्या	टिप्पणियां (बैंक/ अन्य कंपनियों में नियुक्ति का स्वरुप) (यथा 31.03.2016)
9	डॉ. आर.एच. ढोलकिया, शेयरधारक निदेशक (स्वतंत्र गैर-कार्यपालक)	27-06-2015	एमसीबी,सीएससीबी, एच आर, आरसीबी, आरसीडब्ल्यूडीबी,	200	2	1	बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1970 की धारा 9(3)(आई) के अधीन. दि. 27.06.2015 से 26.06.2018 तक 3 वर्ष की अवधि हेतु शेयरधारक निदेशक के रूप में पुनः निर्वाचित. वह इन कंपनियों के निदेशक मंडल में भी निदेशक हैं: • एयर इंडिया लि., • अडानी इन्टरप्राइजेज लि., • गुजरात स्टेट पेट्रोलियम कारपोरेशन लि.
10	श्री गोपाल कृष्ण लाठ, शेयरधारक निदेशक (स्वतंत्र गैर-कार्यपालक)	27-06-2015	एमसीबी,एसीबी, आरसीएनसीबी, आरसीडब्ल्यूडीबी,	100	1	1	बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1970 की धारा 9(3)(आई)के अधीन, 27.06.2015 से 26.06.2018 तक 3 वर्ष की अवधि हेतु शेयरधारक निदेशक के रूप में पुनः निर्वाचित .
11	डॉ.उत्तम कुमार सरकार, शेयरधारक निदेशक (स्वतंत्र गैर-कार्यपालक)	27-06-2015	एससीआरएण्ड एएलएम, सीएससीबी, आईटी, आरसीएनसीबी, ईएसडी	100	शून्य	शून्य	बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1970 की धारा 9(3)(आई) के अधीन. दि. 27.06.2015 से 26.06.2018 तक 3 वर्ष की अवधि हेतु शेयरधारक निदेशक के रूप में निर्वाचित.

एसीबी - बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति

सीएसी - साख अनुमोदन समिति

सीएससीबी - बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति

डीपीसी - निदेशकों की पदोन्नति समिति

डीपीसी(वी) - निदेशकों की पदोन्नति समिति- सतर्कता/ गैर-सतर्कता

ईएसडी - सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा मतदान के माध्यम से शेयरधारकों का चुनाव

एचआर - बोर्ड की मानव संसाधन उप समिति

आईटी - बोर्ड की आईटी रणनीति समिति

एमसीबी - बोर्ड की प्रबंध समिति

एनसीबी - बोर्ड की नामांकन समिति

आरसीबी - बोर्ड की पारिश्रमिक समिति

आरसीएनसीबी - गैर-सहयोगी उधारकर्ता के रूप में उधारकर्ताओं के वर्गीकरण हेतु बोर्ड की समीक्षा समिति

आरसीडब्ल्यूडीबी - बैंक के जानबूझकर चूककर्ताओं की समीक्षा समिति

आरएमसी - बोर्ड की वसूली प्रबंधन समिति

एससीएमएफ - ₹1.00 करोड़ एवं अधिक के धोखाधड़ी मामलों के अनुश्रवण हेतु निदेशक मंडल की विशेष समिति

एससीआर एण्ड एएलएम - जोखिम और आस्ति-देयता प्रबंधन पर निदेशकों की पर्यवेक्षी समिति

एसआरसी - बोर्ड के हितधारकों की संबंध समिति

एसटीसीबी - बोर्ड की शेयर अंतरण समिति

2.6 **वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान नियुक्तियां/ कार्यकाल समापन**

नियुक्तियांः वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान बोर्ड में शामिल किए गए नए निदेशकों का संक्षिप्त परिचय निम्नानुसार हैः

क्र.	नाम	आयु	नियुक्ति की तारीख	वर्तमान कार्यकाल समाप्ति की तारीख	विशेक्षज्ञता का स्वरुप	संक्षिप्त परिचय
1.	डॉ. आर एच ढोलकिया	62	27-06-2015 पुनः निर्वाचित	26-06-2018	अर्थशास्त्री	63 वर्षीय अहमदाबाद निवासी डॉ ढोलकिया आईआईएम अहमदाबाद में अर्थशास्त्र एवं पब्लिक सिस्टम के प्रोफेसर हैं और उन्हें 37 वर्षों का अनुभव है. वे मास्टर ऑफ आर्ट्स (गोल्ड मेडलिस्ट), पीएचडी अर्थशास्त्र (एमएसयू, बड़ौदा) तथा पोस्ट डॉक्टोरल फ़ेलो (यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो) हैं. वे एयर इंडिया, अदानी इंटरप्राइजेज़ लिमिटेड तथा गुजरात स्टेट पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मण्डल में निदेशक हैं. वे छठे केंद्रीय वेतन आयोग के सदस्य थे तथा भारत सरकार एवं गुजरात राज्य सरकार द्वारा नियुक्त विभिन्न उच्चाधिकार प्राप्त समितियों में उन्होंने विशेषज्ञ सदस्य के रूप में कार्य किया है. उन्होंने आर्थिक विकास एवं नीतियों के क्षेत्र में अनेक पुस्तकें, विनिबंध एवं शोध पत्र प्रकाशित किये हैं.
2.	श्री जी.के. लाठ	63	27-06-2015 पुनः निर्वाचित	26-06-2018	वित्त व लेखापरीक्षा	लखनऊ निवासी 64 वर्षीय श्री लाठ लखनऊ विश्वविद्यालय से गोल्ड मेडल सहित वाणिज्य में स्नातक हैं तथा उन्हें 36 वर्षों से अधिक का चार्टर्ड एकाउंटेंट की प्रैक्टिस करने का अनुभव है. वे 29 वर्षों से अधिक समय से मेसर्स ए.सचदेव एंड कंपनी, चार्टर्ड एकाउंटेंटस, लखनऊ के वरिष्ठ प्रबंध भागीदार हैं. श्री लाठ आईसीएआई द्वारा 'पीअर रिव्यूवर' के पैनल में नामित हैं तथा पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने आईसीएआई विनियमों के अनुरूप विभिन्न सीए फर्मों की समकक्ष समीक्षा की है. बैंकिंग उद्योग की लेखापरीक्षा के व्यापक अनुभव के अतिरिक्त, उन्होंने निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र के कई निगमों, बीमा कंपनियों, स्थानीय निकायों, केंद्रीय सहकारी समितियों, सरकारी विभागों एवं विश्व बैंक द्वारा सहायता प्राप्त कई परियोजनाओं की विभिन्न प्रकार की लेखापरीक्षा एवं अन्य कार्य किया है. श्री लाठ 'श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार' द्वारा नामित 'स्थायी त्रिपक्षीय समिति' तथा न्यूनतम मजदूरी परामर्शदात्री बोर्ड' के भी सदस्य थे. उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 'उ.प्र. में निजी इंजीनियरिंग कालेजों में फीस निर्धारण' के लिए गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति में भी नामित किया गया था.
3.	डॉ. उत्तम कुमार सरकार	50	27-06-2015	26-06-2018	सूचना प्रौद्योगिकी	डॉ. उत्तम कुमार सरकार ने आईआईटी खड़गपुर से कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग में अपनी बी.टेक, एम.टेक तथा पीएचडी की उपाधि प्राप्त की. एक बहुराष्ट्रीय डिजाइन आटोमेशन कंपनी में उच्च पद पर रहने तथा आईआईटी दिल्ली में सहायक प्रोफेसर के रुप में कार्य करने के उपरांत वर्ष 1997 से वे आईआईएम कलकत्ता में कार्यरत हैं, जहां वर्तमान में वे मैनेजमेंट इनफारमेंशन सिस्टम ग्रुप में प्रोफेसर तथा न्यू इनिशिएटिव्स एण्ड एक्स्टर्नल रिलेशंस के डीन भी हैं. उन्होंने 4 वर्ष तक फ्लोरिडा, यूएसए की एक यूनिवर्सिटी में विजिटिंग फैकल्टी के रुप में कार्य किया है. उनकी मूल अध्यापन रूचियों में डाटा माइनिंग तथा बिजनेस एनालिटिक्स शामिल हैं. उनके शोध पत्र कई प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय जरनलों में प्रकाशित हुए हैं. उन्होंने शिक्षा, खाद्य प्रसंस्करण, कृषि तथा आटोमेशन के क्षेत्र में भारत सरकार के कई परामर्शी उत्तरदायित्वों का निर्वहन किया है.

क्र.	नाम	आयु	नियुक्ति की तारीख	वर्तमान कार्यकाल समाप्ति की तारीख	विशेक्षज्ञता का स्वरुप	संक्षिप्त परिचय
4.	श्री अनिल कुमार मिश्रा	57	06-07-2015	-	बैंकिंग	केन्द्रीय बैंकर के रूप में करियर आरम्भ करने वाले तथा भारतीय रिजर्व बैंक में मुख्य महाप्रबंधक श्री अनिल कुमार मिश्रा का लगभग 3 दशकों का वित्तीय क्षेत्र का अंतर-कार्यात्मक अनुभव है, जिसमें भारतीय बैंकिंग एवं गैर-बैंकिंग ऋण मध्यवर्ती संस्थाओं का विनियम एवं पर्यवेक्षण संबंधी अनुभव विशेष उल्लेखनीय है, जहां इन्होंने एक दशक से अधिक समय तक कार्य किया. इनके अंतर्राष्ट्रीय अनुभवों में आरबीआई से फाइनेंशियल स्टेबिलिटी बोर्ड (एफएसबी), जो बैंक ऑफ इंटरनेशनल सेटलमेंट, बासेल, स्विट्ज़रलैंड द्वारा आयोजित जी-20 की वित्तीय नियंत्रक इकाई है, में साढ़े चार वर्ष की प्रतिनियुक्ति भी शामिल है. एफएसबी सचिवालय के सदस्य तथा वैश्विक वित्तीय स्थिरता के प्रचार हेतु एफएसबी द्वारा सौंपे गए विशेष जी-20 कार्य में अंतर्राष्ट्रीय मानक निर्धारण के समन्वयक के रूप में उन्हें अनेक वैश्विक प्रणालीगत मामलों के एक्सपोजर के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रगत अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय मानकों के मूल्यांकन व उन्हें सुलझाने का अवसर मिला. वह एफएसबी आउटरीच स्ट्रेटजी के माध्यम से वित्तीय क्षेत्र में सुधार के लिए जी-20 द्वारा समर्थित प्रमुख वैश्विक पहल के प्रसार में बारीकी से सम्मिलित थे. इसमें 65 से अधिक देशों (एफएसबी के 24 सदस्य देशों के अतिरिक्त) में फैले हुए 6 सलाहकार समूह, जिनमें कई उभरते बाजार एवं विकासशील अर्थव्यवस्थाएं भी शामिल थीं, में इन्होंने एफएसबी के जी-20 आदेशित गवर्नेंस सुधार प्रक्रिया को तैयार करने एवं उसके कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण योगदान दिया. वे बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय से बिजनेस मैनेजमेंट तथा हार्वर्ड विश्वविद्यालय से पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में स्नातकोत्तर हैं.
5.	श्री विनोद कथूरिया	57	22-01-2016	31.07.2018 तक अर्थात उनकी अधिवर्षिता या अन्य आदेश, जो भी पहले हो, की तारीख	बैंकिंग	श्री विनोद कथूरिया ने 22 जनवरी, 2016 को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया. श्री विनोद कथूरिया दिल्ली विश्वविद्यालय से कॉमर्स में स्नातकोत्तर उपाधि धारक और भारतीय बैंकर्स संस्थान के सर्टिफाइड एसोसिएट हैं. 1983 में इन्होंने पंजाब नैशनल बैंक में मैनेजमेंट ट्रेनी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया था और इन्हें बैंकिंग के विभिन्न पहलुओं का 32 वर्षों से अधिक का व्यापक अनुभव प्राप्त है. पंजाब नैशनल बैंक में अपने कार्यकाल के दौरान श्री कथूरिया 2 वर्षों से अधिक समय तक बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) मुंबई में ट्रेजरी प्रभाग के प्रमुख भी रहे हैं. उन्होंने कॉर्पोरेट क्रेडिट एवं निवेश पर ध्यान देते हुए कॉर्पोरेट क्रेडिट, विदेशी विनिमय कारोबार एवं ट्रेजरी कारोबार को भी संभाला. यूनियन बैंक में पदभार संभालने से पूर्व श्री कथूरिया पंजाब नैशनल बैंक के आगरा अंचल के प्रमुख रहे, जो उत्तर प्रदेश राज्य के मध्य क्षेत्र को कवर करता है. ट्रेजरी एवं कार्पोरेट क्रेडिट के क्षेत्र में श्री कथूरिया की योग्यता एवं अनुभव को देखते हुए वित्त मंत्रालय (एमओएफ) ने उन्हें भारतीय महिला बैंक के गठन का कार्य सौंपा था, जिसमें वे कोर मैनेजमेंट टीम के सदस्य थे. इसी प्रकार श्री कथूरिया वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस), वित्त मंत्रालय (एमओएफ), भारत सरकार द्वारा गठित बासल III मानदंडों के अंतर्गत टीयर-I पर्पेचुअल बांड्स की समिति के सदस्य भी थे. विपणन परिचालनों में क्षमता के कारण श्री कथूरिया ने एमसीएक्स-एसएक्स के बोर्ड के कार्यों के प्रबंधन हेतु सेबी द्वारा गठित समिति के सदस्य के रूप में भी सेवाएं प्रदान की हैं. वे प्रिंसिपल ट्रस्टी कं. प्रा. लि. के बोर्ड में निदेशक, इंडिया फैक्टरिंग एण्ड फाइनेन्स सोल्यूशन प्रा. लि. में नामित निदेशक और पीएनबी इंश्योरेंस ब्रोकिंग प्रा. लि. में प्रबंध निदेशक रह चुके हैं.

कार्यकाल समापनः निम्नांकित सदस्यों का कार्यकाल वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान पूर्ण हुआः

क्र.	निदेशक का नाम	पदनाम	कार्यकाल पूर्ण होने की तिथि	कारण
1.	श्री दीपक सिंघल	भारिबैं नामित निदेशक	05.07.2015	श्री अनिल कुमार मिश्रा द्वारा स्थानापन्न
2.	श्री दीपांकर चटर्जी	शेयरधारक निदेशक	26.06.2015	कार्यकाल पूर्ण
3.	डॉ.आर.एच. ढोलकिया	शेयरधारक निदेशक	26.06.2015	कार्यकाल पूर्ण*
4.	श्री जी.के. लाठ	शेयरधारक निदेशक	26.06.2015	कार्यकाल पूर्ण*
5.	श्री के. सुब्रह्मण्यम	कार्यपालक निदेशक	31.07.2015	सेवानिवृत्ति
6.	श्री किशोर खरात	कार्यपालक निदेशक	14.08.2015	आईडीबीआई के एमडी व सीईओ के पद पर प्रोन्नत

* डॉ.आर.एच. ढोलकिया तथा श्री जी.के. लाठ दिनांक 26.06.2015 को आयोजित बैंक की वार्षिक साधारण बैठक में दिनांक 27.06.2015 से 3 वर्ष के नये कार्यकाल के लिए पुनः शेयरधारक निदेशक चुने गये.

2.7 निदेशकों का परस्पर संबंध

कोई भी निदेशक आपस में रिश्तेदार नहीं है.

2.8 निदेशकों की समिति सदस्यता

क्र.	निदेशक का नाम	पदनाम	कंपनी का नाम	समिति का नाम	सदस्य/ अध्यक्ष
1	श्री अरुण तिवारी	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	दि न्यू इंडिया एश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड	लेखापरीक्षा समिति	अध्यक्ष
2	श्री अरुण तिवारी	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	जनरल इंश्योरेंस कार्पोरेशन ऑफ इंडिया	लेखापरीक्षा समिति	अध्यक्ष
3	श्री राकेश सेठी	कार्यपालक निदेशक	यूनियन केबीसी एसेट मैनेजमेंट कं.प्रा.लि.	लेखापरीक्षा, जोखिम एवं अनुपालन समिति	सदस्य
4	डॉ.आर.एच. ढोलकिया	शेयरधारक निदेशक	अडानी इन्टरप्राइजेज लि.	लेखापरीक्षा समिति	अध्यक्ष
5	डॉ.आर.एच. ढोलकिया	शेयरधारक निदेशक	अडानी इन्टरप्राइजेज लि.	हितधारकों की संबंध समिति	सदस्य
6	डॉ.आर.एच. ढोलकिया	शेयरधारक निदेशक	गुजरात स्टेट पेट्रोलियम कार्पोरेशन लि.	लेखापरीक्षा समिति	अध्यक्ष

2.9 निदेशकों द्वारा भाग लिये जाने वाले अभिज्ञता (परिचय) कार्यक्रमों का ब्यौरा :

निदेशकों द्वारा भाग लिये जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों का ब्यौरा बैंक की बेवसाइट पर निम्नांकित लिंक पर उपलब्ध कराया गया हैः http://www.unionbankofindia.co.in/familarisation.aspx

3. वार्षिक सामान्य बैठक

बैंक के शेयरधारकों की 13वीं वार्षिक साधारण बैठक शुक्रवार, दिनांक 26 जून, 2015 को आयोजित की गयी, जिसमें निम्नलिखित निदेशक उपस्थित थेः

क्र	निदेशक का नाम	पदनाम
1.	श्री अरुण तिवारी	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
2.	श्री के. सुब्रह्मण्यम	कार्यपालक निदेशक
3.	श्री राकेश सेठी	कार्यपालक निदेशक
4.	श्री किशोर खरात	कार्यपालक निदेशक
5.	श्री जग मोहन शर्मा	निदेशक- सनदी लेखाकार
6.	श्री गोपाल कृष्ण लाठ	शेयरधारक निदेशक सदस्य- बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति
7.	सुश्री अनुसूया शर्मा	अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक

4. निदेशक मंडल की बैठकें और कार्यवाहियां :

वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान हुई निदेशक मंडल की बैठकों का ब्यौराः

क्र	निदेशक मंडल की बैठक की तारीख	निदेशक मंडल में निदेशकों की कुल संख्या	बैठकों में उपस्थित निदेशकों की संख्या
1.	24-04-2015	12	11
2.	11-05-2015	12	10
3.	12-05-2015	12	11
4.	21-05-2015	12	8
5.	06-06-2015	12	10
6.	25-06-2015	12	8
7.	16-07-2015	12	11
8.	28-07-2015	12	9
9.	26-08-2015	10	8
10.	22-09-2015	10	9
11.	05-11-2015	10	7
12.	06-11-2015	10	8

क्र	निदेशक मंडल की बैठक की तारीख	निदेशक मंडल में निदेशकों की कुल संख्या	बैठकों में उपस्थित निदेशकों की संख्या
13.	07-12-2015	10	9
14.	05-01-2016	10	9
15.	10-02-2016	11	9
16.	11-02-2016	11	9
17.	12-03-2016	11	11
18.	12-03-2016	11	10

निदेशक मंडल की बैठकों में निदेशकों की उपस्थिति का ब्यौरा इस प्रकार है:

निदेशक का नाम	उनके कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें	बैठकों में उपस्थिति
श्री अरुण तिवारी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	18	18
श्री के. सुब्रह्मण्यम, कार्यपालक निदेशक	8	7
श्री राकेश सेठी, कार्यपालक निदेशक	18	18
श्री किशोर खरात, कार्यपालक निदेशक	8	5
श्री विनोद कथूरिया, कार्यपालक निदेशक	4	4
श्री मिहिर कुमार, सरकार द्वारा नामित निदेशक	18	4
श्री दीपक सिंघल, भारिबैं नामित निदेशक	6	4
श्री अनिल कुमार मिश्रा, भारिबैं नामित निदेशक	12	8
श्री जगमोहन शर्मा, सनदी लेखाकार निदेशक	18	17
श्री एस.के.मिश्रा, अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक	18	17
सुश्री अनुसूया शर्मा, अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक	18	17
श्री डी.चटर्जी, शेयरधारक निदेशक	6	5
श्री जी.के. लाठ, शेयरधारक निदेशक	18	18
डॉ.आर.एच. ढोलकिया, शेयरधारक निदेशक	18	15
डॉ. उत्तम कुमार सरकार, शेयरधारक निदेशक	12	10

5. बोर्ड की समितियां

बैंक के निदेशक मंडल ने कारपोरेट गवर्नेंस एवं जोखिम प्रबंधन पर भारतीय रिजर्व बैंक/ सेबी/ भारत सरकार के दिशानिर्देशों के संदर्भ में महत्वपूर्ण रणनीति के विभिन्न क्षेत्रों को देखने के लिए निदेशकों एवं/ अथवा कार्यपालकों की विभिन्न समितियां गठित की हैं. महत्वपूर्ण समितियां निम्नानुसार हैं -

1. बोर्ड की प्रबंधन समिति (एमसीबी)
2. बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति (एसीबी)
3. जोखिम एवं आस्ति देयता प्रबंधन पर निदेशक की पर्यवेक्षण समिति (एससीआर एवं एएलएम)
4. ₹ 1.00 करोड़ एवं अधिक के धोखाधड़ी के मामलों के अनुश्रवण हेतु निदेशक मंडल की विशेष समिति (एससीएमएफ)
5. बोर्ड की वसूली प्रबंधन समिति (आरएमसी)
6. निदेशक मंडल की ग्राहक सेवा समिति (सीएससीबी)
7. निदेशकों की मानव संसाधन उप-समिति (एचआर)
8. हितग्राहियों की संबंध समिति (एसआरसी)
9. निदेशकों की आईटी रणनीति समिति (आईटीएस)
10. बोर्ड की नामांकन समिति (एनसीबी)
11. बोर्ड की पारिश्रमिक समिति (आरसीबी)
12. निदेशकों की पदोन्नति समिति (डीपीसी)
13. निदेशकों की पदोन्नति समिति- सतर्कता/ गैर सतर्कता (डीपीसी-विज)
14. बोर्ड की शेयर अंतरण समिति (एसटीसीबी)
15. ऋणी को गैर सहयोगी ऋणी वर्गीकृत करने के लिए बोर्ड की समीक्षा समिति (आरसीएनसीबी)
16. बैंक के जानबूझकर चूककर्ताओं की समीक्षा समिति (आरसीडब्ल्यूडीबी)
17. शेयरधारकों के निदेशक का चुनाव तय करने के लिए बोर्ड की उप समिति- सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के माध्यम से मतदान (ईएसडी)
18. चुनाव विवाद समिति (ईडीसी)
19. ऋण अनुमोदन समिति-I (सीएसी- I)

5.1 बोर्ड की प्रबंधन समिति (एमसीबी)

5.1.1 संघटन :

राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना,1970 के वाक्य खण्ड 13 (यथा संशोधित) वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किए गए संशोधन के साथ पठित के अनुक्रम में बोर्ड की प्रबंधन समिति निम्न को शामिल कर 31.03.2016 को बनी.

- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक,
- कार्यपालक निदेशक/ कों,
- भारतीय रिजर्व बैंक नामित निदेशक का धारा 9(3) (सी) के अन्तर्गत नामांकन, एवं
- तीन अन्य गैर-कार्यपालक निदेशकों का धारा 9(3) (ई), (एफ), (एच) एवं (आई) के अन्तर्गत आवर्तन के आधार पर प्रत्येक छः माह की अवधि के लिए नामांकन.

श्री अरुण तिवारी, बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक इस समिति के अध्यक्ष हैं.

5.1.2 **कार्य**

वित्त मंत्रालय भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुक्रम में विभिन्न कारोबारी मामलों यथा ऋण प्रस्तावों की मंजूरी, ऋण समझौता/ अपलेखन प्रस्ताव, पूँजी एवं राजस्व व्ययों का अनुमोदन, परिसरों का अधिग्रहण एवं किराए पर लेने, निवेश, दान आदि को ध्यान में रखते हुए बोर्ड के निदेशकों द्वारा बोर्ड की प्रबंधन समिति गठित की गयी है.

5.1.3 **एमसीबी बैठकों की उपस्थिति**

वर्ष 2015-16 के दौरान, बोर्ड की प्रबंधन समिति की 24 बैठकें आयोजित हुईं, जिनमें उपस्थिति का विवरण निम्नानुसार है :

निदेशक का नाम	कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री अरुण तिवारी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	24	24
श्री के. सुब्रह्मण्यम, कार्यपालक निदेशक	9	7
श्री राकेश सेठी, कार्यपालक निदेशक	24	20
श्री किशोर खरात, कार्यपालक निदेशक	10	6
श्री विनोद कथूरिया, कार्यपालक निदेशक	5	5
श्री अनिल कुमार मिश्रा, भारतीय रिजर्व बैंक नामित निदेशक	17	13
श्री दीपक सिंघल, भारतीय रिजर्व बैंक नामित निदेशक	7	6
सुश्री अनुसुया शर्मा, अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक	17	16
श्री एस.के. मिश्रा, अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	11	7
श्री दीपांकर चटर्जी, शेयरधारक निदेशक	2	0
डॉ. आर.एच. ढोलकिया, शेयरधारक निदेशक	17	11
श्री जी.के. लाठ, शेयरधारक निदेशक	15	14
डॉ. उत्तम कुमार सरकार, शेयरधारक निदेशक	11	7

5.2 **बोर्ड निदेशकों की लेखापरीक्षा समिति (एसीबी)**

5.2.1 **संघटन :**

बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति (एसीबी) भारतीय रिजर्व बैंक एवं वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार गठित की गयी है. बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति में निम्नानुसार सदस्य हैं :

- कार्यपालक निदेशक, आन्तरिक निरीक्षण एवं लेखापरीक्षा के प्रभारी
- भारत सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक के नामिती, एवं
- धारा 9(3)(जी) के अन्तर्गत दो अन्य गैर कार्यपालक निदेशक, जिनमें से एक सामान्यतः सनदी लेखाकार निदेशक होना चाहिए.

अन्य कार्यपालक निदेशक/ कों को आमंत्रित किया जा सकता है, यदि कार्यसूची में उनके क्षेत्र से संबंधित कोई मद चर्चा के लिए शामिल हो.

श्री जी.के. लाठ, शेयरधारक निदेशक समिति के अध्यक्ष हैं.

5.2.2 **कार्य :**

लेखापरीक्षा समिति, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी कैलेंडर मद के आदेश के अनुसार बैंक के कार्यों की समीक्षा करती है. निदेशक मंडल की लेखा परीक्षा समिति (एसीबी) के प्रमुख कार्य निम्न प्रकार हैं:-

1. एसीबी बैंक के लेखापरीक्षा संबंधी समग्र कार्य का पर्यवेक्षण और मार्गदर्शन करती है. समग्र लेखा परीक्षा कार्य में बैंक की आंतरिक लेखापरीक्षा और निरीक्षण का गठन, परिचालन तथा गुणवत्ता नियंत्रण और बैंक की सांविधिक/ बाह्य लेखापरीक्षा और भारतीय रिज़र्व बैंक के निरीक्षणों पर अनुवर्ती कार्रवाई करना शामिल है.
2. एसीबी, बैंक के आंतरिक निरीक्षण /लेखापरीक्षा कार्यों अर्थात् उसकी प्रणाली, गुणवत्ता और अनुवर्ती कार्रवाई की प्रभावकारिता की समीक्षा करती है. यह विशेषीकृत शाखाओं और बहुत बड़ी शाखाओं तथा असंतोषजनक रेटिंग वाली सभी शाखाओं की निरीक्षण रिपोर्टों की समीक्षा करती है. इसके द्वारा विशेष रूप से निम्नलिखित कार्यों पर भी ध्यान केन्द्रित किया जाता है :-
   - अंतर-शाखा समायोजन खाते
   - अंतर बैंक खातों और नोस्ट्रो खातों में बहुत समय से बकाया प्रविष्टियां जिनका मिलान न हुआ हो.
   - विभिन्न शाखाओं में बहियों के मिलान की बकाया स्थिति
   - धोखाधड़ी.
   - हाउसकीपिंग से संबंधित सभी अन्य प्रमुख क्षेत्र.
3. एसीबी भारिबैं के अन्य दिशानिर्देशों के अनुसार बैंकों में नियुक्त अनुपालन अधिकारी से छमाही रिपोर्ट और लिस्टिंग तथा अन्य सेबी दिशानिर्देशों के अनुपालन की तिमाही रिपोर्ट प्राप्त करती है एवं उसकी समीक्षा करती है.
4. सांविधिक लेखापरीक्षा के मामले में यह समिति लांग फॉर्म ऑडिट रिपोर्ट में उठाए गए सभी मुद्दों पर अनुवर्ती कार्रवाई करती है. बैंक के छमाही/ वार्षिक वित्तीय लेखों और रिपोर्टों को अंतिम रूप प्रदान करने के पहले यह बाह्य लेखापरीक्षकों से चर्चा करती है.

5. लेखापरीक्षा समिति, बैंक की लेखा नीति और कार्य प्रणाली, संबंधित पार्टी लेनदेन, व्हिसिल ब्लोअर तकनीक, प्रबंधन चर्चा एवं विश्लेषण तथा बैंक के तिमाही और वार्षिक वित्तीय परिणामों की भी समीक्षा करती है.

5.2.3 **एसीबी बैठकों में उपस्थिति :**

वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान समिति की 11 बैठकें हुई एवं उपस्थिति विवरण निम्नानुसार है :-

निदेशक का नाम	कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री दीपांकर चटर्जी, समिति के अध्यक्ष	2	2
श्री जी.के. लाठ, समिति के अध्यक्ष	11	11
श्री के. सुब्रह्मण्यम, कार्यपालक निदेशक	3	3
श्री राकेश सेठी, कार्यपालक निदेशक	11	11
श्री किशोर खरात, कार्यपालक निदेशक	1	1
श्री विनोद कथूरिया, कार्यपालक निदेशक	2	2
श्री मिहिर कुमार, सरकार द्वारा नामित निदेशक	11	3
श्री दीपक सिंघल, भारिबैं नामित निदेशक	2	1
श्री अनिल कुमार मिश्रा, भारिबैं नामित निदेशक	9	5
श्री जगमोहन शर्मा, सनदी लेखाकार निदेशक	9	9

5.3 **जोखिम और आस्ति देयता प्रबंधन पर निदेशकों की पर्यवेक्षी समिति (एससीआर एंड एएलएम)**

5.3.1 **संघटन :**

बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुक्रम में जोखिम एवं आस्ति देयता प्रबंधन पर निदेशकों की पर्यवेक्षी समिति गठित की है. समिति में निम्नानुसार सदस्य शामिल किए गए हैं:

- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक,
- कार्यपालक निदेशक एवं
- पांच गैर-कार्यपालक निदेशक.

श्री अरुण तिवारी, बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक इस समिति के अध्यक्ष हैं.

5.3.2 **कार्य :**

बैंक ने जोखिम और आस्ति देयता प्रबंधन के कार्यकलापों के पर्यवेक्षण के लिए निदेशक मंडल की जोखिम और आस्ति देयता प्रबंधन पर्यवेक्षी समिति गठित की है, यह बैंक के सभी जोखिमों की पहचान, मूल्यांकन और निगरानी के लिए उत्तरदायी है

5.3.3 **एससीआर एवं एएलएम समिति की उपस्थिति**

वर्ष 2015-16 में समिति की 4 बैठकें हुई, जिनमें उपस्थिति निम्नानुसार रहीः

निदेशक का नाम	कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री अरुण तिवारी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	4	4
श्री के. सुब्रह्मण्यम, कार्यपालक निदेशक	1	1
श्री राकेश सेठी, कार्यपालक निदेशक	4	2
श्री किशोर खरात, कार्यपालक निदेशक	1	1
श्री विनोद कथूरिया, कार्यपालक निदेशक	1	0
श्री मिहिर कुमार, सरकार द्वारा नामित निदेशक	4	1
श्री जगमोहन शर्मा, सनदी लेखाकार निदेशक	3	3
श्री एस.के. मिश्रा, अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक	4	3
सुश्री अनुसूया शर्मा, अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक	3	3
श्री दीपांकर चटर्जी, शेयरधारक निदेशक	1	1
श्री आर. एच. ढोलकिया, शेयरधारक निदेशक	1	0
श्री जी.के.लाठ, शेयरधारक निदेशक	1	1
डॉ. उत्तम कुमार सरकार, शेयरधारक निदेशक	3	2

5.4 **₹ 1.00 करोड़ एवं अधिक के धोखाधड़ी के मामलों के अनुश्रवण हेतु निदेशक मंडल की विशेष समिति (एससीएमएफ)**

5.4.1 **संघटनः**

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप ₹1.00 करोड़ एवं अधिक के धोखाधड़ी के मामलों के अनुश्रवण हेतु निदेशक मंडल की विशेष समिति का गठन किया गया है. वर्तमान में निदेशक मंडल की लेखापरीक्षा समिति (एसीबी) से आंतरिक निरीक्षण, सांविधिक लेखापरीक्षा, अंतर शाखा/ अंतर बैंक खातों,बहियों के मिलान के

प्रमुख क्षेत्रों आदि का पर्यवेक्षण अपेक्षित है. एसीबी से यह भी अपेक्षित है कि वह बैंक में धोखाधड़ी के संबंध में निवारक पहलुओं तथा की जा रही अनुवर्ती कार्रवाई पर भी ध्यान दे. यह विशेष समिति ₹1.00 करोड़ एवं अधिक के धोखाधड़ी के मामलों का विशेष रूप से अनुश्रवण और उन पर अनुवर्ती कार्रवाई पर ध्यान देती है, जबकि एसीबी सामान्य रूप से धोखाधड़ी के सभी मामलों का भी अनुश्रवण जारी रखेगी

यह विशेष समिति, निदेशक मंडल के निम्नलिखित सदस्यों को शामिल कर गठित की गई है.

- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
- निदेशक मंडल की लेखापरीक्षा समिति के दो सदस्य
- भारतीय रिजर्व बैंक नामिती को छोड़कर निदेशक मंडल के दो अन्य सदस्य

श्री अरुण तिवारी, बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक इस समिति के अध्यक्ष हैं.

5.4.2 **कार्य :**

इस विशेष समिति का प्रमुख कार्य ₹ 1.00 करोड़ एवं अधिक के धोखाधड़ी के सभी मामलों की समीक्षा एवं उनका अनुश्रवण करना होगा ताकि:

- धोखाधड़ी की संभावनाओं वाली कार्यप्रणालीगत कमियों को पहचानने और उन पर रोक लगाने हेतु आवश्यक उपाय करना.
- धोखाधड़ी का पता लगाने में हुई देरी का पता लगाने और/ अथवा बैंक के उच्च प्रबंधन या भारतीय रिजर्व बैंक को सूचित करने में यदि कोई देरी हुई हो, तो उनके कारणों की पहचान करना.
- सीबीआई/ पुलिस जांच एवं वसूली स्थिति की प्रगति का अनुश्रवण करना.
- सुनिश्चित करना कि धोखाधड़ी के सभी मामलों में प्रत्येक स्तर पर स्टाफ उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाता है तथा यदि स्टाफ संबंधी कोई कार्रवाई हो तो उसे तत्काल निपटाया जाता है.
- धोखाधड़ी की पुनरावृत्ति रोकने हेतु आंतरिक नियंत्रणों को सुदृढ़ करने जैसी उपचारात्मक कार्रवाई की समीक्षा करना.
- धोखाधड़ी निवारक उपायों को सुदृढ़ बनाने हेतु यथावश्यक अन्य उपाय लागू करना.

5.4.3 **एससीएमएफ में उपस्थिति :**

वर्ष 2015-16 में समिति की 4 बैठकें हुईं, जिनमें उपस्थिति निम्नानुसार रही:

निदेशक का नाम	कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री अरुण तिवारी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	4	4
श्री के. सुब्रह्मण्यम, कार्यपालक निदेशक	1	1
श्री राकेश सेठी, कार्यपालक निदेशक	4	2
श्री किशोर खरात, कार्यपालक निदेशक	1	0
श्री मिहिर कुमार, सरकार द्वारा नामित निदेशक	4	3
श्री जगमोहन शर्मा, सनदी लेखाकार निदेशक	1	1
श्री एस.के. मिश्रा, अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक	3	1
श्री जी.के.लाठ, शेयरधारक निदेशक	1	1

5.5 **वसूली प्रबंधन समिति (आरएमसी) :**

5.5.1 **संघटन :**

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुक्रम में नियमित आधार पर वसूली की प्रगति का अनुश्रवण करने के लिए वसूली प्रबंधन के लिए बोर्ड स्तर की उप समिति गठित की गयी हैं. यह समिति अपनी रिपोर्ट बोर्ड को प्रस्तुत करेगी. समिति का संगठन इस प्रकार है:

- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
- कार्यपालक निदेशक (कों)
- भारत सरकार द्वारा नामित निदेशक

5.5.2 **कार्य :**

नियमित आधार पर वसूली की प्रगति का अनुश्रवण करना एवं बोर्ड को रिपोर्ट प्रस्तुत करना.

5.5.3 **वसूली प्रबंधन समिति में उपस्थिति :**

वर्ष 2015-2016 के दौरान समिति की 3 बैठकें हुई, जिनमें उपस्थिति का विवरण निम्नानुसार है:

निदेशक का नाम	कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री अरुण तिवारी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	3	3
श्री के. सुब्रह्मण्यम, कार्यपालक निदेशक	1	0
श्री राकेश सेठी, कार्यपालक निदेशक	3	3

निदेशक का नाम	कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री किशोर खरात, कार्यपालक निदेशक	1	1
श्री मिहिर कुमार, सरकार द्वारा नामित निदेशक	3	3

5.6 **बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति** (सीएससीबी)

5.6.1 **संघटन :**

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुक्रम में बैंक में ग्राहक सेवा की देखरेख के लिए बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति गठित की गयी है. समिति के सदस्य निम्नानुसार हैं :

- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
- कार्यपालक निदेशक
- सरकार द्वारा नामित निदेशक
- पांच गैर-कार्यपालक निदेशक
- मुख्य ग्राहक सेवा अधिकारी
- विशेष आमंत्रित के रूप में दो विशेषज्ञ.

5.6.2 **कार्यः**

समिति निम्नलिखित कार्य कर रही हैः

- सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए सुझाव देना.
- मौजूदा नीतियों एवं कार्यपद्धतियों को युक्तियुक्त बनाने तथा सरलीकरण की दृष्टि से उनके कार्यान्वयन की समीक्षा करना तथा निरंतर आधार पर परिवर्तनों को सुविधाजनक बनाने हेतु समुचित प्रोत्साहनों का सुझाव देना
- बोर्ड के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किये जाने से पूर्व नीतियों की वार्षिक आधार पर समीक्षा करके संस्तुति करना

5.6.3 **सीएससीबी में उपस्थिति :**

वर्ष 2015-16 के दौरान समिति की 4 बैठकें हुई जिसमें उपस्थिति का विवरण निम्नानुसार हैः

निदेशक का नाम	कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री अरुण तिवारी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	4	4
श्री के. सुब्रह्मण्यम, कार्यपालक निदेशक	1	1
श्री राकेश सेठी, कार्यपालक निदेशक	4	2
श्री किशोर खरात, कार्यपालक निदेशक	1	0
श्री विनोद कथूरिया, कार्यपालक निदेशक	1	0
श्री मिहिर कुमार, सरकार द्वारा नामित निदेशक	4	0
श्री जगमोहन शर्मा, सनदी लेखाकार, निदेशक	3	3
सुश्री अनुसूया शर्मा, अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	4	4
श्री एस.के. मिश्रा, अंशकालिक गैर- सरकारी निदेशक	4	3
श्री दीपांकर चटर्जी, शेयरधारक निदेशक	1	1
श्री आर. एच. ढोलकिया, शेयरधारक निदेशक	4	3
श्री जी.के.लाठ, शेयरधारक निदेशक	1	1
डॉ. उत्तम कुमार सरकार, शेयरधारक निदेशक	3	2
श्री एन. श्रीवास्तव, मुख्य ग्राहक सेवा अधिकारी	4	4
श्री रवीन्द्रनाथ, विशेष आमंत्रित	4	4
श्री जगन्नाथन, विशेष आमंत्रित	4	4

5.7 **निदेशकों की एचआर उप-समिति**

5.7.1 **संघटन :**

समिति में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और कार्यपालक निदेशक तथा कोई दो निदेशक होते हैं. इसके अतिरिक्त, मानव संसाधन के दो विशेषज्ञ भी विशेष आमंत्रित के रूप में भाग लेते हैं.

5.7.2 **कार्यः**

निम्नलिखित पहलुओं के कार्यान्वयन का पर्यवेक्षण और समीक्षाः

1. एचआर पर बैंक की संपूर्ण रणनीति.
   - समग्र जनबल आयोजना व कौशल अंतराल की पहचान
   - सही प्रतिभाओं को आकर्षित करने और उनके विकास के लिये प्रणाली, प्रक्रिया और संरचना
2. बैंक के सभी स्टाफ पर लागू होने वाली निषादन प्रबंधन प्रणाली का विकास
   - प्रमुख दायित्व क्षेत्रों का पारदर्शी निष्पादन आकलन
   - सभी स्टाफ को विकास संबंधी फीडबैक देना

3. बैंक की रणनीति और बाजार की परिस्थितियों के अनुरूप एचआर नीतियों को सुव्यवस्थित करना

- पुरस्कार व प्रोत्साहन
- पदोन्नति
- तैनाती

4. प्रशिक्षण

- विशिष्ट कारोबारी कौशल प्रशिक्षण
- सभी स्टाफ सदस्यों को सामान्य प्रशिक्षण/ पुनश्चर्या

5. एचआर संबंधी सभी कार्यों का आईटी स्वचालन

5.7.3 **निदेशकों की एचआर उप समिति में उपस्थिति :**

वर्ष 2015-2016 के दौरान समिति की 4 बैठकें हुई, जिनमें उपस्थिति का विवरण निम्नानुसार हैः

निदेशक का नाम	कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री अरुण तिवारी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	4	4
श्री के. सुब्रह्मण्यम, कार्यपालक निदेशक	1	1
श्री राकेश सेठी, कार्यपालक निदेशक	4	3
श्री किशोर खरात, कार्यपालक निदेशक	1	0
श्री मिहिर कुमार, सरकार द्वारा नामित निदेशक	4	2
श्री आर. एच.ढोलकिया, शेयरधारक निदेशक	4	4
श्री टी.वी. राव, विशेष आमंत्रित	4	3
श्री आर.आर. नायर, विशेष आमंत्रित	4	4

5.8 **बोर्ड की स्टेकधारक संबंध समिति (एसआरसी)**

5.8.1 **संघटन :**

सेबी (सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के अनुक्रम में कार्यपालक निदेशकों एवं तीन गैर-कार्यपालक निदेशकों की बोर्ड की स्टेकधारक संबंध समिति (एसआरसी) गठित की गयी है. श्री जगमोहन शर्मा, गैर- कार्यपालक निदेशक (सीए श्रेणी) समिति के अध्यक्ष हैं.

5.8.2 **कार्य :**

यह समिति बैंक के प्रतिभूति धारकों की शेयर अंतरण, रिफंड आदेश, शेयर प्रमाण पत्र, लाभांश आदि की अप्राप्ति के संबंध में शिकायतों का अनुश्रवण करती है.

5.8.3 **एसआरसी में उपस्थिति**

वर्ष 2015-2016 के दौरान समिति की 4 बैठकें हुईं, जिनमें उपस्थिति का विवरण निम्नानुसार हैः

निदेशक का नाम	कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री जगमोहन शर्मा, समिति के अध्यक्ष	4	4
श्री के. सुब्रह्मण्यम, कार्यपालक निदेशक	1	1
श्री राकेश सेठी, कार्यपालक निदेशक	4	4
श्री किशोर खरात, कार्यपालक निदेशक	1	1
श्री विनोद कथूरिया, कार्यपालक निदेशक	1	1
श्री दीपांकर चटर्जी, शेयरधारक निदेशक	1	1
सुश्री अनुसूया शर्मा, अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	4	4
श्री एस.के. मिश्रा, अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	3	3

5.8.4 **अनुपालन अधिकारी का नाम एवं पदनाम**

सेबी (सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के नियम 6 के अनुक्रम में सुश्री नेहा अग्रवाल, कम्पनी सचिव, 01.04.2015 से 30.12.2015 की अवधि के लिए निवेशकों की शिकायतों के लिए बैंक की अनुपालन अधिकारी पदनामित की गयी थीं. श्री दीपक डी. संघवी, एसीएस, बोर्ड सचिव 31.12.2015 से आज की तिथि तक निवेशकों की शिकायतों के लिए कार्यकारी अनुपालन अधिकारी हैं.

5.8.5 **वर्ष 2015-16 के दौरान शेयरधारकों की शिकायतो का विवरण**

31.03.2015 को समाप्त वित्त वर्ष की तुलना में 31.03.2016 को समाप्त वित्त वर्ष में प्राप्त, निस्तारित एवं लम्बित शिकायतों की संख्या प्रदर्शित करने वाली तुलनात्मक तालिका निम्नानुसार हैः-

विवरण		31.03.16 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए	31.03.15 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए
अ.	वर्ष के प्रारम्भ में शेयरधारकों की लम्बित शिकायतों की संख्या	0	0
ब.	वर्ष के दौरान शेयरधारकों से प्राप्त शिकायतों की संख्या	783	766
स.	वर्ष के दौरान शेयरधारकों की निस्तारित की गयी शिकायतों की संख्या	781	766
द.	वर्ष की समाप्ति पर शेयरधारकों की लम्बित शिकायतों की संख्या	2*	0

*ये शिकायतें 31.03.2016 को प्राप्त हुई थीं, जिन्हें 04.04.2016 को निस्तारित कर दिया गया.

5.9 निदेशकों की आईटी रणनीति समिति

5.9.1 संघटन

आईटी सुशासन उपायों के एक भाग के रूप में भारतीय रिज़र्व बैंक ने बोर्ड को आईटी पर रणनीतिक मार्गदर्शन देने और बोर्ड की ओर से आईटी निवेश की समीक्षा के लिए आईटी रणनीति समिति बनाने की संस्तुति की है. समिति में निम्नलिखित शामिल होंगेः

- कार्यपालक निदेशकगण
- दो स्वतंत्र निदेशक
- एक बाहरी आईटी विशेषज्ञ
- मुख्य सूचना अधिकारी- (बैंक के आईटी कार्यों के प्रमुख, महाप्रबंधक)

5.9.2 कार्य

- आईटी रणनीति और नीति दस्तावेजों का अनुमोदन
- यह सुनिश्चित करना कि प्रबंधन ने प्रभावी रणनीतिक योजना प्रक्रिया बनाई है.
- यह पुष्टि करना कि कारोबारी रणनीति वास्तव में आईटी रणनीति के साथ संयोजित है.
- यह सुनिश्चित करना कि आईटी की संगठनात्मक संरचना, कारोबारी मॉडल और इसकी दिशा के अनुरूप है.
- सुनिश्चित करना कि प्रबंधन ने कारोबार बढ़ाने में आईटी का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए प्रक्रिया एवं पद्धति का पालन किया है.
- यह सुनिश्चित करना कि आईटी के निवेश जोखिम और लाभ के संतुलन के अनुरूप रहें और बजट स्वीकार करने योग्य हों.
- रणनीतिक उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए आवश्यक आईटी संसाधनों का प्रयोग तय करने के लिए प्रबंधन द्वारा प्रयुक्त उपायों का अनुश्रवण और आईटी संसाधनों के स्रोत और उपयोग के बारे में उच्च स्तरीय मार्गदर्शन देना.
- बैंक के सुस्थिर विकास के लिए आईटी निवेश में उचित संतुलन सुनिश्चित करना.
- आईटी जोखिम और नियंत्रणों के प्रयोग के बारे में जानकारी प्राप्त करना और अनुश्रवण के लिए प्रबंधन की तैयारी का मूल्यांकन करना.
- आईटी रणनीतियों के कार्यान्वयन में वरिष्ठ प्रबंधन के निष्पादन का मूल्यांकन करना.
- उच्च स्तरीय नीति संबंधी मार्गदर्शन (उदाहरणार्थ- जोखिम, फंडिंग या प्राप्ति स्रोत संबंधी)
- यह पुष्टि करना कि आईटी या कारोबारी संरचना इस प्रकार बनायी गयी है जिससे आईटी से अधिकतम कारोबारी लाभ प्राप्त हो.
- बैंक स्तर पर आईटी पर व्यय होने वाली समग्र राशि का पर्यवेक्षण और यह पता करना कि प्रबंधन के पास आईटी जोखिम के लिए संसाधन हैं.
- आईटी के कामकाज और कारोबार में इसके योगदान की समीक्षा (अर्थात् वायदे के अनुरूप लाभ मिल रहा है)
- आईटी आपदा प्रबंधन के लिए तंत्र स्थापित करना.

5.9.3 आईटी रणनीति बैठक में निदेशकों की उपस्थिति

वर्ष 2015-16 के दौरान समिति की 3 बैठकें हुई और उसमें निम्नलिखित उपस्थिति रहीः

निदेशक का नाम	उनके कार्यकाल के दौरान सम्पन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री एस. के. मिश्रा, समिति के अध्यक्ष	3	3
श्री के. सुब्रह्मण्यम, कार्यपालक निदेशक	1	1
श्री राकेश सेठी, कार्यपालक निदेशक	3	3
श्री किशोर खरात, कार्यपालक निदेशक	1	1
श्री डी चटर्जी, शेयरधारक निदेशक	1	1
श्री उत्तम कुमार सरकार, शेयरधारक निदेशक	2	2
श्री आर. कंडासामी, महाप्रबंधक-आईटी	3	3

5.10 बोर्ड की नामांकन समिति (एनसीबी)

5.10.1 संघटनः

भारतीय रिज़र्व बैंक ने राष्ट्रीयकृत बैंकों के बोर्ड के निदेशकों के रूप में चयनित किए गए व्यक्तियों द्वारा पूरे किए जाने के लिए विशिष्ट ''योग्य एवं उपयुक्त'' मानदंड निर्धारित किए हैं. उपर्युक्त दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक ने शेयरधारक निदेशकों की योग्य एवं उपयुक्त स्थिति के निर्धारण हेतु समुचित सावधानी प्रक्रिया करने के लिए नामांकन समिति का गठन किया है, जिसमें तीन गैर-कार्यपालक निदेशक शामिल किये गए हैं.

5.10.2 कार्यः

- समुचित सावधानी के कार्य की जिम्मेदारी लेना और चयनित शेयरधारक निदेशकों की ''योग्य एवं उपयुक्त'' स्थिति की जांच करना.
- यह देखना कि क्या किसी मानदंड यथा (i) शैक्षिक योग्यता (ii) क्षेत्र एवं विशेषज्ञता का अनुभव (iii) ट्रैक रिकॉर्ड एवं सत्यनिष्ठा का गैर-अनुपालन वर्तमान चयनित निदेशक/ प्रस्तावित उम्मीदवार को बैंक के बोर्ड में निदेशक के रूप में अपने कर्तव्यों को निभाने में रूकावट तो पैदा नहीं करता है. इसके अतिरिक्त, किसी प्राधिकार/ नियामक एजेंसी से उम्मीदवार के बारे में

प्रतिकूल सूचना या दिवालियापन अथवा किसी बैंक या किसी वित्तीय संस्था से किसी ऋण में चूक की सूचना उम्मीदवार को बैंक के बोर्ड में निदेशक होने के लिए अयोग्य एवं अनुपयुक्त कर देगी.

- हस्ताक्षरित घोषणा के आधार पर यह समिति उम्मीदवार को स्वीकार करने या न करने का निर्णय करे और आवश्यक समझे जाने पर उपयुक्त प्राधिकारी/ व्यक्तियों से संदर्भ प्राप्त करें ताकि इन अपेक्षाओं का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके.

5.10.3 **एनसीबी में उपस्थिति :**

समिति की वर्ष 2015-16 के दौरान एक बैठक संपन्न हुई, जिसमें उपस्थिति निम्नानुसार रहीः

निदेशक का नाम	उनके कार्यकाल के दौरान सम्पन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री मिहिर कुमार, समिति के अध्यक्ष	1	1
श्री जगमोहन शर्मा, सनदी लेखाकार निदेशक	1	1
सुश्री अनुसूया शर्मा, अंश कालिक गैर-सरकारी निदेशक	1	1

5.11 **निदेशकों की पारिश्रमिक समिति (आरसीबी)**

5.11.1 **संघटनः**

भारत सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के पूर्णकालिक निदेशकों को कार्य निष्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन की एक योजना घोषित की है. भारत सरकार की सूचना के अनुसार बोर्ड की एक उपसमिति बनाई गई है, जिसे ''पारिश्रमिक समिति'' कहा गया है. समिति के गठन में निम्नलिखित सदस्यों को शामिल किया गया हैः

- सरकार द्वारा नामित निदेशक
- भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नामित निदेशक
- दो अन्य निदेशक

5.11.2 **कार्यः**

भारत सरकार के उपर्युक्त दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक के पूर्णकालिक निदेशकों को दिए जाने वाले कार्यनिष्पादन सम्बद्ध प्रोत्साहनों का निर्धारण करना.

5.11.3 **आरसीबी में उपस्थिति**

वर्ष 2015-16 के दौरान इस समिति की एक बैठक आयोजित की गयी, जिसमें उपस्थिति का ब्यौरा निम्नानुसार हैंः

निदेशक का नाम	उनके कार्यकाल के दौरान सम्पन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री मिहिर कुमार, समिति के अध्यक्ष	1	1
श्री अनिल कुमार मिश्रा, भारिबैं नामित निदेशक	1	1
सुश्री अनुसूया शर्मा, अंश कालिक गैर सरकारी निदेशक	1	0
श्री आर.एच.ढोलकिया, शेयरधारक निदेशक	1	1

5.12 **निदेशकों की पदोन्नति समिति (डीपीसी)**

5.12.1 **संघटन :**

भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार वरिष्ठ स्तर पर पदोन्नति के लिए 'निदेशक पदोन्नति समिति' का गठन किया गया है. इस समिति में निम्न सदस्य हैः

- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
- भारत सरकार द्वारा नामित निदेशक
- भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नामित निदेशक

5.12.2 **कार्यः**

यह समिति उच्च कार्यपालक ग्रेड स्केल VII में पदोन्नति के लिए अभ्यर्थियों का चयन करने के साथ-साथ उच्च प्रबंधन वर्ग वेतनमान VII में चयन/ अनुमोदन न होने पर अधिकारियों द्वारा दिए गए अभ्यावेदनों पर विचार करती है और उच्च कार्यपालक ग्रेड में अधिकारियों की सेवाएं जारी रखने संबंधी मामलों पर निर्णय लेती है.

5.12.3 **डीपीसी में उपस्थिति**

डीपीसी- पदोन्नति समिति की वर्ष 2015-16 में तीन बैठक हुई, जिसमें उपस्थिति इस प्रकार रहीः

निदेशक का नाम	उनके कार्यकाल के दौरान सम्पन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री अरुण तिवारी, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक	3	3
श्री मिहिर कुमार, सरकार द्वारा नामित निदेशक	3	3
श्री दीपक सिंघल, भारिबैं नामित निदेशक	1	1
श्री अनिल कुमार मिश्रा, भारिबैं नामित निदेशक	2	2

5.13 **निदेशकों की पदोन्नति समिति- सतर्कता/ गैर-सतर्कता**

5.13.1 **संघटनः**

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने बैंक की पदोन्नति समिति के निदेशकों को यह निर्देश दिया है कि प्रति तिमाही में सतर्कता अनुशासनात्मक मामलों व विभागीय जांच की समीक्षा भी की जानी चाहिए. इस समिति में निम्न सदस्य हैं:

- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
- भारत सरकार द्वारा नामित निदेशक
- भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नामित निदेशक

5.13.2 **कार्यः**

यह समिति तिमाही आधार पर सतर्कता, गैर-सतर्कता संबंधी अनुशासनात्मक मामलों और विभागीय जांचों की समीक्षा करती है.

5.13.3 **डीपीसी- सतर्कता/ गैर-सतर्कता में उपस्थिति**

समिति की वर्ष 2015-16 के दौरान 3 बैठकें संपन्न हुई, जिनमें उपस्थिति निम्नानुसार रहीः

निदेशक का नाम	उनके कार्यकाल के दौरान सम्पन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री अरुण तिवारी, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक	3	3
श्री मिहिर कुमार, सरकार द्वारा नामित निदेशक	3	3
श्री दीपक सिंघल, भारिबैं नामित निदेशक	1	1
श्री अनिल कुमार मिश्रा, भारिबैं नामित निदेशक	2	2

5.14 **बोर्ड की शेयर अंतरण समिति (एसटीसीबी)**

5.14.1 **संघटनः**

इस समिति में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, कार्यपालक निदेशकगण, उप महाप्रबंधक (एमडीओ) और मुख्य विधि अधिकारी शामिल हैं.

5.14.2 **कार्यः**

बैंक ने शेयरों के शीघ्र अंतरण के लिए निदेशक मंडल की शेयर अंतरण समिति गठित की है, जिसे शेयरों के अंतरण, प्रेषण, डीमैट एवं डुप्लीकेट शेयर जारी करने आदि की पुष्टि के अधिकार दिये गये हैं.

5.14.3 **एसटीसीबी में उपस्थितिः**

वर्ष के दौरान, समिति की अंतरण, प्रेषण, डीमैट एवं डुप्लीकेट शेयर जारी करने इत्यादि पर कार्रवाई करने के लिए 39 बैठकें आयोजित की गयी.

निदेशक का नाम	उनके कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री अरुण तिवारी, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक	39	38
श्री के. सुब्रह्मण्यम, कार्यपालक निदेशक	12	8
श्री राकेश सेठी, कार्यपालक निदेशक	39	31
श्री किशोर खरात, कार्यपालक निदेशक	14	12
श्री विनोद कथूरिया, कार्यपालक निदेशक	8	8
श्री पी. आर. राजगोपाल, मुख्य विधि अधिकारी	39	35
श्री दीपक डी. संघवी, उप महाप्रबंधक (एमडीओ)	39	37

5.15 **उधारकर्ता के असहयोगी उधारकर्ता के रूप में वर्गीकरण पर बोर्ड की समीक्षा समिति (आरसीएनसीबी)**

5.15.1 **संघटन:**

अनुमोदन समिति द्वारा पारित असहयोगी उधारकर्ता के वर्गीकरण पर आदेशों की समीक्षा करने के लिए भारिबैं के निर्देशों पर उधारकर्ता के असहयोगी उधारकर्ता के रूप में वर्गीकरण पर बोर्ड की समीक्षा समिति का गठन किया गया है. समिति में शामिल हैः

- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
- दो स्वतंत्र निदेशक (शेयरधारक निदेशक)

5.15.2 **कार्य :**

- समिति, अनुमोदन समिति के आदेशों की समीक्षा करेगी, अर्थात कार्यपालक निदेशक के नेतृत्व वाली समिति द्वारा उधारकर्ता की रिकार्डिंग असहयोगी के रूप में किये जाने पर बोर्ड की समीक्षा समिति द्वारा पुष्टि होने के बाद ही यह आदेश अंतिम होगा.
- सीआरआईएलसी को प्रस्तुत तिमाही रिटर्न की समीक्षा.
- छमाही आधार पर असहयोगी उधारकर्ताओं की स्थिति की समीक्षा यह सुनिश्चित करने के लिए करना कि क्या बोर्ड को प्रस्तुत करने से पूर्व ऋण अनुशासन रिटर्न व सहकारी व्यवहार द्वारा उनके नाम को अवर्गीकृत किया जा सकता है.

5.15.3 **आरसीएनसीबी में उपस्थितिः**

समिति की वर्ष 2015-16 के दौरान 1 बैठक संपन्न हुई, जिनमें उपस्थिति निम्नानुसार रहीः

निदेशक का नाम	उनके कार्यकाल के दौरान सम्पन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री अरुण तिवारी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	1	1
श्री जी.के. लाठ, शेयरधारक निदेशक	1	1
डॉक्टर उत्तम कुमार सरकार, शेयरधारक निदेशक	1	1

5.16 **बैंक के जानबूझकर चूककर्ताओं पर समीक्षा समिति (आरसीडब्ल्यूडीबी)**

5.16.1 **संघटनः**

जानबूझकर चूककर्ताओं पर भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक में जानबूझकर चूककर्ताओं पर समीक्षा समिति का गठन किया गया हैं. समिति में शामिल है.

- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
- दो स्वतंत्र निदेशक (शेयरधारक निदेशक)

5.16.2 **कार्यः**

- जानबूझकर चूककर्ता के रूप में उधारकर्ताओं के वर्गीकरण पर कार्यपालक निदेशक की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा समीक्षा व पारित आदेश की पुष्टि.

5.16.3 **आरसीडब्ल्यूडीबी में उपस्थितिः**

समिति की वर्ष 2015-16 के दौरान 2 बैठकें संपन्न हुई, जिनमें उपस्थिति निम्नानुसार रहीः

निदेशक का नाम	उनके कार्यकाल के दौरान सम्पन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री अरुण तिवारी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	2	2
श्री जी.के. लाठ, शेयरधारक निदेशक	2	2
डॉक्टर आर.एच. ढोलकिया, शेयरधारक निदेशक	2	2

5.17 **अंशधारक निदेशकों के चुनाव पर निर्णय के लिए बोर्ड की समिति- सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा मतदान (ईएसडी)**

5.17.1 **संघटनः**

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, वित्तीय संस्थानों सहित अन्य कंपनियों एवं सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के इक्विटी शेयर धारण करते हैं. भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को अन्य कंपनियों, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों व वित्तीय संस्थाओं के शेयरधारक निदेशक के चुनाव में उम्मीदवारों का समर्थन करने पर निर्णय लेने के लिए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के नेतृत्व में बोर्ड की एक समिति का गठन करना होता है. समिति में शामिल हैं :

- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
- कार्यपालक निदेशक
- बोर्ड द्वारा नामित दो अन्य सदस्य

5.17.2 **कार्यः**

सभी बिन्दुओं अर्थात विभिन्न उम्मीदवारों की शिक्षा, अनुभव, प्रोफाइल एवं पृष्ठभूमि सहित सभी तथ्यों पर विचार करने के उपरांत चुनाव में उम्मीदवारों का समर्थन करने पर एक निर्णय लिया जाएगा. इसके साथ ही पीएसबी के अंशधारक निदेशक के चुनाव के मामलों में विभिन्न क्षेत्रों में बैंक के संदर्भ में आवश्यक विशेषज्ञता को भी ध्यान में रखा जाएगा.

5.17.3 **ईएससी में उपस्थिति**

आवश्यकता के अनुसार बैठक का आयोजन किया जाता है. चूँकि इस संबंध में कोई आवश्यकता नहीं रही, अतः वर्ष 2015-16 के दौरान समिति की कोई बैठक आयोजित नही हुई.

5.18 **चुनाव विवाद समिति (ईडीसी)**

5.18.1 **संघटनः**

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (शेयर्स एवं बैठकें) विनियम, 1998 के अनुसार शेयरधारक निदेशक के चयन में योग्यता या अयोग्यता अथवा चुने जाने की घोषणा या चुनाव की वैधता आदि के विषय में कोई संदेह या विवाद होने पर उसे निर्णय के लिए चुनाव विवाद समिति के पास भेजा जायेगा. समिति में शामिल होंगे :

- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक या उनकी अनुपस्थिति में कार्यपालक निदेशक
- अधिनियम की धारा 9 की उपधारा(3) के खंड (बी) और (सी) के तहत नामित कोई दो निदेशक

5.18.2 **कार्यः**

चुनाव विवाद समिति, आवश्यकता अनुसार जांच करेगी और यदि यह पाती है कि वह चुनाव, वैध चुनाव था, तो वह घोषित चुनाव के परिणाम की पुष्टि करेगी अथवा यदि उसे लगे कि चुनाव वैध नहीं था तो तत्कालीन परिस्थितियों के अनुसार समिति जांच प्रारंभ होने के 30 दिनों के भीतर तदनुसार आदेश पारित करेगी, साथ ही नए सिरे से चुनाव कराने सहित इस प्रकार के आदेश जारी करेगी.

5.18.3 **ईडीसी में उपस्थितिः**

समिति की वर्ष 2015-16 के दौरान 1 बैठक संपन्न हुई, जिसमें उपस्थिति निम्नानुसार रहीः

निदेशक का नाम	उनके कार्यकाल के दौरान सम्पन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री अरुण तिवारी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	1	1
श्री मिहिर कुमार, सरकार द्वारा नामित निदेशक	1	1
श्री अनिल कुमार मिश्र, आरबीआई द्वारा नामित निदेशक	1	1

5.19 **ऋण अनुमोदन समिति (सीएसी-1)**

5.19.1 **संघटनः**

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक ने ऋण अनुमोदन समिति-1 का गठन किया है. हमारे बैंक में यह समिति ₹400 करोड़ तक के किसी एक ऋण प्रस्ताव तथा ₹800 करोड़ तक के समूह ऋणों के संबंध में बोर्ड की शक्तियों का प्रयोग करेगी और यदि ऋण इस सीमा से अधिक है, तो बोर्ड की प्रबंधन समिति इस पर विचार करेगी. सीएसी-1 में निम्न शामिल हैं :

- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
- कार्यपालक निदेशकगण
- महाप्रबंधक प्रभारी ऋण
- महाप्रबंधक प्रभारी वित्त, और
- महाप्रबंधक प्रभारी जोखिम प्रबंधन

5.19.2 **कार्यः**

अग्रिम से संबधित सभी मामले, जिसमें अनुमोदन/ समीक्षा-नवीकरण, विविध अनुरोध, ब्याज में रियायत, समझौते/ बट्टे खाते में डालने वाले प्रस्ताव, जो इसके प्रत्यायोजन अधिकारों में आते हैं, सीएसी-I में अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किये जाते हैं.

5.19.3 **ऋण अनुमोदन समिति-I की बैठक में उपस्थिति :**

वर्ष 2015-2016 के दौरान समिति की 22 बैठकें आयोजित की गई और उनमें उपस्थिति निम्नानुसार रहीः

निदेशक का नाम	उनके कार्यकाल के दौरान सम्पन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री अरुण तिवारी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	22	22
श्री के. सुब्रह्मण्यम, कार्यपालक निदेशक	8	5
श्री राकेश सेठी, कार्यपालक निदेशक	22	21
श्री किशोर खरात, कार्यपालक निदेशक	10	7
श्री विनोद कथूरिया, कार्यपालक निदेशक	4	4
पदवार उपस्थिति		
महाप्रबंधक (एफपीआईआर)	22	22
महाप्रबंधक (जोखिम प्रबंधन)	22	22
महाप्रबंधक (ऋण)\	22	22

6 **साधारण सभा की बैठकेंः**

पिछले 3 वर्षो के दौरान आयोजित शेयरधारकों की साधारण बैठकों के ब्यौरे निम्नानुसार हैंः

बैठक का स्वरूप	दिनांक एवं समय	स्थान
ग्यारहवीं वार्षिक सामान्य बैठक	26 जून, 2013 अपराह्न 3.30 बजे	रामा वाटुमल ऑडिटोरियम, के सी कॉलेज, दिनशा वाच्छा रोड, चर्चगेट, मुम्बई-400 020.
असाधारण सामान्य बैठक	14 दिसम्बर, 2013 प्रातः 10.00 बजे	रामा वाटुमल ऑडिटोरियम, के सी कॉलेज, दिनशा वाच्छा रोड, चर्चगेट, मुम्बई-400 020.
बारहवीं वार्षिक सामान्य बैठक	27 जून, 2014 प्रातः 11.00 बजे	रामा वाटुमल ऑडिटोरियम, के सी कॉलेज, दिनशा वाच्छा रोड, चर्चगेट, मुम्बई-400 020.
तेरहवीं वार्षिक सामान्य बैठक	26 जून, 2015 प्रातः 11.00 बजे	रामा एंड सुंदरी वाटुमल ऑडिटोरियम, के सी कॉलेज, दिनशा वाच्छा रोड, चर्चगेट, मुम्बई-400 020.
असाधारण सामान्य बैठक	18 सितम्बर, 2015 प्रातः 11.00 बजे	रामा एंड सुंदरी वाटुमल ऑडिटोरियम, के सी कॉलेज, दिनशा वाच्छा रोड, चर्चगेट, मुम्बई-400 020.

सामान्य बैठक में अनुमोदन के लिये प्रस्तुत विशेष संकल्पों के ब्यौरे इस प्रकार हैंः

6.1 **14 दिसम्बर, 2013 को हुई असाधारण सामान्य बैठक.**

विशेष संकल्पः

1. **भारत सरकार को अधिमान आवंटन के माध्यम से इक्विटी शेयर जारी करना**

क) सेबी आईसीडीआर विनियम के विनियम 76(1) के अनुसार ₹ 10/-(रूपये दस मात्र) प्रति शेयर अंकित मूल्य के 3,35,12,064 (तीन करोड़ पैंतीस लाख बारह हजार चौंसठ) इक्विटी शेयर ₹ 139.20 प्रीमियम के साथ ₹ 149.20 पर भारत सरकार को वरीयता आधार पर कुल ₹ 500 करोड़ (रूपये पांच सौ करोड़) नकद के बदले सृजित करना, प्रस्तावित करना, जारी करना और आबंटित करना.

ख) ₹ 10/- प्रत्येक के 74,39,678 (चौहत्तर लाख उनतालीस हजार छः सौ अठहत्तर) इक्विटी शेयर ₹ 139.20 प्रीमियम के साथ ₹ 149.20 परिवर्तन मूल्य पर सेबी आईसीडीआर विनियम के विनियम 76(1) के अनुसार परिवर्तन के द्वारा कुल ₹ 111 करोड़ (रूपये एक सौ ग्यारह करोड़) के 11.10 करोड़ पीएनसीपी शेयर्स को परिवर्तन के द्वारा भारत सरकार को वरीयता आधार पर सृजित करना, प्रस्तावित करना, जारी करना और आबंटित करना.

2. **अर्हता प्राप्त संस्थागत नियोजन के माध्यम से इक्विटी शेयर जारी करना (क्यूआईपी)**

आईसीडीआर विनियम के खण्ड VIII के तहत अर्हता प्राप्त संस्थागत नियोजन के द्वारा आईसीडीआर विनियम के खण्ड VIII में अर्हता प्राप्त संस्थागत क्रेताओं के रूप में परिभाषितों को बैंक के इक्विटी शेयरों का सृजन, प्रस्ताव, जारी तथा आवंटन करना है; भले ही वे बैंक के शेयर धारक हों या नहीं, यथा लागू कानूनों तथा विनियमों के अनुसार बोर्ड के विवेकानुसार निर्णय लेकर अनुमति दी जाती है. यह राशि एक या अधिक बार में समग्र रूप से ₹ 1386 करोड़ (रूपये एक हजार तीन सौ छियासी करोड़) से अधिक न हो, बोर्ड के विवेकानुसार ऐसी शर्तों और निबंधनों के अधीन निवेशकों के संवर्ग के लिए निर्धारित, बाजार में प्रचलित दशा तथा अन्य परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए तथा जहां भी आवश्यक हो, लीड प्रबंधकों और/ या अंडरराइटर्स और/ या सलाहकारों की सलाह लेकर प्रीमियम के साथ मूल्य का निर्धारण किया गया हो.

उपर्युक्त संकल्प के अनुसार भारत सरकार से बैंक को आवेदन राशि प्राप्त हुई तथा भारत सरकार को 3,35,12,064 (तीन करोड़ पैंतीस लाख बारह हजार चौंसठ) इक्विटी शेयर दिनांक 23 दिसम्बर, 2013 को जारी किये गये तथा शेयरों का आवंटन किया गया.

पी.एन.सी.पी.शेयर्स के परिवर्तन के लिए भारत सरकार से बैंक को दिनांक 27 जून, 2014 को आयोजित वार्षिक साधारण बैठक तक अनुमोदन नहीं मिला था, इसलिए पी.एन.सी.पी. शेयर्स के वरीयता के आधार पर भारत सरकार को इक्विटी शेयरों में सृजन, निर्गम एवं आवंटन हेतु उक्त बैठक में शेयरधारकों का अनुमोदन लिया गया था.

दूसरा संकल्प, इस संकल्प की तारीख से एक वर्ष की अवधि तक क्यू.आई.पी. के माध्यम से विशेष संकल्प के द्वारा पूंजी वृद्धि के लिए बोर्ड को प्राधिकृत किया गया जो बैंक के हित में होगा. इस प्रकार से की गई पूंजी वृद्धि से प्राप्त निधियों का प्रयोग बैंक की पूंजी पर्याप्तता को बेहतर बनाने और बैंक की सामान्य कारोबारी आवश्यकताओं के लिए किया जाएगा. इस संकल्प के तहत बैंक ने अब तक कोई पूंजी प्राप्त नहीं की है.

6.2 27 जून, 2014 को हुई साधारण वार्षिक बैठक

<u>विशेष संकल्पः</u>

1. **भारत सरकार को वरीयता आवंटन के माध्यम से इक्विटी शेयर जारी करना**

सेबी आईसीडीआर विनियम के विनियम 76(1) के अनुसार प्रत्येक ₹10/- अंकित मूल्य के 5472563 (चौवन लाख बहत्तर हजार पांच सौ तिरसठ) इक्विटी शेयर सृजित करने और ₹192.83 के प्रीमियम पर ₹202.83 की दर से ₹111 करोड़ (₹ एक सौ ग्यारह करोड़) के कुल 11.10 पीएनपीसी शेयरों को परिवर्तन के द्वारा वरीयता आधार पर भारत सरकार को प्रस्ताव करना, जारी करना और आबंटित करना.

2. **अर्हता प्राप्त संस्थागत नियोजन के माध्यम से इक्विटी शेयर जारी करना**

आईसीडीआर विनियम के खण्ड VIII के तहत अर्हता प्राप्त संस्थागत नियोजन के द्वारा आईसीडीआर विनियम के खण्ड VIII में अर्हता प्राप्त संस्थागत क्रेताओं के रूप में परिभाषितों को बैंक के इक्विटी शेयरों का सृजन, प्रस्ताव, जारी तथा आवंटन करना है, भले ही वे बैंक के शेयरधारक हों या नहीं, यथा लागू कानूनों तथा विनियमों के अनुसार बोर्ड के विवेकानुसार निर्णय लेकर अनुमति दी जाती है. यह राशि एक या अधिक बार में समग्र रूप से ₹1386 करोड़ (रूपये एक हजार तीन सौ छियासी करोड़) से अधिक न हो, बोर्ड के विवेकानुसार ऐसी शर्तों और निबंधनों के अधीन निवेशकों के संवर्ग के लिए निर्धारित, बाजार में प्रचलित दशा तथा अन्य परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए तथा जहां भी आवश्यक हो, लीड प्रबंधकों और/ या अंडरराइटर्स और/ या सलाहकारों की सलाह लेकर प्रीमियम के साथ मूल्य का निर्धारण किया गया है.

दिनांक 12.09.2014 के उपर्युक्त संकल्प के अनुसार भारत सरकार से बैंक को आवेदन राशि प्राप्त हुई तथा बैंक ने ₹111 करोड़ (रूपये एक सौ ग्यारह करोड़) के कुल पी.एन.सी.पी. शेयरों को परिवर्तित कर प्रति शेयर रू10/- मात्र के 54,72,563 (चौवन लाख बहत्तर हजार पांच सौ तिरसठ) ईक्विटी शेयर ₹192.83 के प्रीमियम के साथ ₹202.83 की दर से भारत सरकार को आबंटित किया है.

दूसरा संकल्प, इस संकल्प की तारीख से एक वर्ष की अवधि तक क्यू.आई.पी. के माध्यम से विशेष संकल्प के द्वारा पूंजी वृद्धि के लिए बोर्ड को प्राधिकृत किया गया, जो बैंक के हित में होगा. इस प्रकार से की गई पूंजी वृद्धि से प्राप्त निधियों का प्रयोग बैंक की पूंजी पर्याप्तता को बेहतर बनाने और बैंक के सामान्य कारोबारी आवश्यकताओं के लिए किया जाएगा. इस संकल्प के तहत बैंक ने अब तक कोई पूंजी प्राप्त नहीं की है.

6.3 26 जून, 2015 को हुई साधारण वार्षिक बैठकः

<u>विशेष संकल्पः</u>

1. एफपीओ/ राइट्स/ क्यूआईपी आदि के माध्यम से पूंजी में वृद्धि करना

ऑफर दस्तावेज/ प्रोस्पेक्टस या ऐसे अन्य दस्तावेजों के द्वारा सृजन, प्रस्ताव, जारी तथा आवंटन (उस समय लागू कानून के अनुसार निर्गम के किसी भाग का निश्चित आवंटन और/ या प्रतियोगिता के आधार पर उस संवर्ग के लिए आरक्षण के लिए प्रावधानों को शामिल कर) भारत में या विदेश में, ईक्विटी शेयरों की ऐसी संख्या, ₹3700 करोड़ (रूपये तीन हजार सात सौ करोड़ मात्र) (प्रीमियम को शामिल कर, यदि कोई हो), जो वर्तमान प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी ₹635.78

करोड़ (रूपये छः सौ पैंतीस करोड़ और अठहत्तर लाख मात्र) को मिलाकर ₹3000 करोड़ (रूपये तीन हजार करोड़ मात्र) से अधिक न हो, जो बैंकिंग कंपनीज (उपक्रमों का अधिग्रहण और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 3(2ए) के अनुसार प्राधिकृत पूंजी है या संशोधन (यदि कोई हो) के अनुसार बढी हुई अधिकृत पूंजी, जो भविष्य में इस प्रकार की जा सकती है कि किसी भी समय बैंक की प्रदत्त ईक्विटी पूंजी में केन्द्र सरकार का अंश 51% से कम न हो, चाहे बाजार मूल्य के प्रीमियम या डिसकाउंट पर हो, एक या अधिक बार, एक या अधिक सदस्यों, बैंक के कर्मचारियों, भारतीय नागरिक, प्रवासी भारतियों, कंपनियों, प्राइवेट या पब्लिक, निवेश संस्थाओं, समितियों, ट्रस्ट, शोध संगठनो, अर्हता प्राप्त संस्थागत क्रेताओं जैसे विदेशी संस्थागत निवेशक, बैंक, वित्तीय संस्थाएं, भारतीय म्यूचुअल फंड्स, वेंचर केपिटल फंड्स, विदेशी वेंचर केपिटल निवेशक, राज्य औद्योगिक विकास निगम, बीमा कंपनियां, भविष्य निधियां, पेंशन फंड्स, विकास वित्तीय संस्थाएं या अन्य इकाइयां, प्राधिकरण या अन्य कोई निवेशकों का संवर्ग, जो वर्तमान नियामकों/ दिशानिदेशों के अनुसार या उपर्युक्त का कोई समूह, जो भी बैंक द्वारा उचित समझा जाता है, के अनुसार बैंक के ईक्विटी/ सेक्यूरिटीस में निवेश के लिए प्राधिकृत हों.

2. बैंक के शेयर धारकों में से **तीन** निदेशकों का चुनाव करना, केन्द्र सरकार के अलावा, जिनके लिए बैंकिंग कंपनीज (उपक्रमों का अधिग्रहण और अंतरण) अधिनियम, 1970/ 1980 (जिसे बाद में'' अधिनियम'' के नाम से लिखा गया है), बैंकिंग नियामक अधिनियम 1949 (जिसे बाद में ''नियामक अधिनियम'' के नाम से लिखा गया है), राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना, 1970/ 1980 (जिसे बाद में 'योजना'' के नाम से लिखा गया है), अधिनियम की धारा 19 के अनुपालन में बनाये गये यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (शेयर्स एंड मीटिंग्स) नियामक 1998 (जिसे बाद में ''प्रावधानों'' के नाम से लिखा गया है), भारतीय रिजर्व बैंक की अधिसूचना क्र.डीबीओडी क्र.बीसी क्र.46 तथा 47/29.39.001/2007-08 दिनांक 01 नवंबर 2007, जिसे अधिसूचना क्र.डीबीओडी.क्र.बीसी. क्र.95/29.39.001/2010-11 दिनांक 23 मई, 2011 (जिसे बाद मे ''आर,बी.आई.अधिसूचना'' के नाम से लिखा गया है) तथा भारत सरकार का पत्र क्र.एफ.क्र.16/83/2013-बीओ.आई दिनांक 09 सितम्बर,2013 के साथ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में गैर कार्यकारी निदेशकों की नियुक्ति के लिए मानदंड दिनांक 25 मार्च 2015 (जिसे बाद में ''भारत सरकार के दिशानिर्देश'' के नाम से लिखा गया है) में निर्धारित मानदंडों के अनुसार वैध नामांकन प्राप्त हुए हों.

केन्द्र सरकार के अलावा, संबंधित योजना के साथ अधिनियम की धारा 9(3) (i) तथा उसके तहत बनाये गये नियामकों, भारतीय रिजर्व बैंक की अधिसूचना, भारत सरकार के दिशानिदेशों का अनुपालान किया गया और डॉ.आर. एच. ढोलकिया, श्री जी.के. लाठ और डॉ. उत्तम कुमार सरकार को बैंक के निदेशकों के रूप मे चुना गया और ये दिनांक 27 जून 2015 को कार्यग्रहण किये और कार्यग्रहण करने की तारीख से तीन वर्ष तक बैंक के निदेशक रहेंगे.

6.4 18 सितम्बर, 2015 को हुई असाधारण सामान्य बैठक.

विशेष संकल्पः

सेबी आईसीडीआर विनियम के विनियम 76(1) के अनुसार ₹10/-(रूपये दस मात्र) अंकित मूल्य के 5,16,62,281 (पांच करोड़ सोलह लाख बासठ हजार दो सौ इक्यासी) इक्विटी शेयर ₹199.05 प्रीमियम के साथ ₹209.05 के दर पर कुल मिलाकर ₹1080 करोड़ (रूपये एक हजार अस्सी करोड़) वरीयता आधार पर भारत सरकार को प्रस्ताव करना, जारी करना और आबंटित करना.

वरीयता पर जारी करने के लिए मूल्य के निर्धारण की संबंधित तारीख बुधवार, 19 अगस्त 2015 होगी.

उपर्युक्त संकल्प के अनुपालन में, बैंक ने दिनांक 30.09.2015 को ₹10/- (रूपये दस मात्र) अंकित मूल्य के 5,16,62,281 (पांच करोड़ सोलह लाख बासठ हजार दो सौ इक्यासी) इक्विटी शेयर ₹199.05 प्रीमियम के साथ ₹209.05 की दर पर कुल मिलाकर ₹1080 करोड़ (₹एक हजार अस्सी करोड़) में वरीयता आधार पर भारत सरकार को आबंटित कर दिया.

7 प्रकटनः

बैंककारी विनियमन अधिनियम 1949, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970/ 1980 और राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना 1970, सेबी (सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 तथा भारतीय रिजर्व बैंक, भारत सरकार और सेबी द्वारा जारी दिशानिदेशों/ परिपत्रों से बैंक संचालित होता है.

सेबी (सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के अनुसार कार्पोरेट गवर्नेंस के प्रावधान उन सूचीबद्ध प्रतिष्ठानों पर, जो कंपनी नहीं हैं, परंतु अन्य अधिनियमों के अंतर्गत निगमित कार्पोरेट निकाय हैं, पर उस सीमा तक ही लागू होंगे कि वह उनके संबंधित अधिनियमों और नियामक प्राधिकारियों द्वारा जारी दिशानिर्देशों का उल्लंघन न करता हो.

उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए यह घोषणा की जाती है कि बैंक सभी लागू अनिवार्य अपेक्षाओं का पालन करता है. उक्त खंड के अंतर्गत गैर-अनिवार्य अपेक्षाओं से संबंधित अनुपालन की जानकारी भी इस रिपोर्ट में दी गई है. खंड द्वारा निर्धारित अन्य प्रकटन अपेक्षाएं निम्नानुसार हैंः

7.1 निदेशकों का पारिश्रमिक

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा कार्यपालक निदेशकों को भारत सरकार द्वारा इस प्रयोजन से बनाये गये नियमों के अनुसार पारिश्रमिक का भुगतान और यात्रा व्ययों एवं विराम व्ययों की प्रतिपूर्ति की जाती है. पूर्णकालिक कार्यपालकों की नियुक्ति के अन्य नियम एवं शर्तें राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन

एवं विविध प्रावधान) योजना 1970/ 1980 के खंड 8 के अनुसार हैं, जिनके विस्तृत विवरण लेखों की टिप्पणियों में दिए गए हैं.

1 बैठक में भाग लेने की फीस

बैठक में भाग लेने की फीस का निर्धारण राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना 1970/1980 के खंड 17(1)/16(1) की शर्तों के अनुसार किया जाता है. तदनुसार, सरकार द्वारा नामित निदेशक तथा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नामित निदेशक को छोड़कर, सभी गैर कार्यकारी निदेशकों को सरकार की अधिसूचना क्र.15/1/2011-बीओ.1 दिनांक 20-07-2015 के अनुसार, बैठकों के लिए फीस का भुगतान किया जाता है.

बोर्ड की बैठकें - ₹ 20,000/- प्रति बैठक.

समिति की बैठकें- ₹ 10,000/- प्रति बैठक

उक्त जानकारी बैंक की वेब साइट पर भी, निम्न लिंक के तहत उपलब्ध है : http://www.unionbankofindia.co.in/making-payment.aspx

2. यात्रा एवं विराम भत्ताः

अपने लिये पात्र फीस के अतिरिक्त बैंक के कार्य से यात्रा करने वाले प्रत्येक निदेशक को राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना 1970 खंड 17 की शर्तों के अनुसार यात्रा व्यय एवं विराम व्यय, यदि कोई हो, का समय-समय पर केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित दर से भुगतान किया जायेगा.

7.2 महत्वपूर्ण लेनदेन एवं आर्थिक सम्बन्धों का प्रकटन :

बैंकिंग कारोबार की सामान्य प्रक्रिया के अतिरिक्त, बैंक ने बड़े स्तर पर बैंक के हितों की संभाव्य प्रतिकूलता को ध्यान में रखते हुए अपने प्रवर्तकों, निदेशकों अथवा प्रबंधन, अपनी सहायक कंपनियों या रिश्तेदारों आदि के साथ ऐसा कोई महत्वपूर्ण लेनदेन नहीं किया है, जो बैंक के हितों के विपरीत हो. वर्ष के दौरान गैर-कार्यपालक निदेशक और बैंक के बीच कोई आर्थिक संबंध या लेनदेन नहीं हुआ.

बैंक में यह स्थापित प्रथा है कि बोर्ड या बोर्ड की उप-समितियों की उन बैठकों में वे निदेशक भाग नहीं लेते हैं जिनमें उनके या उनके रिश्तेदारों के हितों वाली फर्मों/ कंपनियों से संबंधित मामलों पर चर्चा होती हो.

7.3 सार्वजनिक निर्गमों, राइट निर्गमों, अधिमानी निर्गमों आदि के आगम

आलोच्य वर्ष में बैंक ने ₹10/- मूल्य के 5,16,62,281 (पांच करोड़ सोलह लाख बासठ हजार दो सौ इक्यासी मात्र) इक्विटी शेयर ₹209.05 (प्रति इक्विटी शेयर ₹199.05 प्रीमियम सहित) भारत सरकार को परिवर्तन के आधार पर आवंटित किया. परिणामस्वरूप, सरकार की अंशधारिता 60.47% से बढ़कर 63.44% हो गयी है. परिवर्तन के उपरान्त बैंक की चुकता पूंजी ₹635.78 करोड़ से बढ़कर ₹687.44 करोड़ हो गयी है.

बैंक ने समय-समय पर वचन पत्र (टियर-I एवं टियर-II पूंजी) की प्रकृति के असुरक्षित अपरिवर्तनीय बांड जारी किये हैं. इससे संबंधित सूचना रिपोर्ट के पैरा 9.1 में दी गयी है.

7.4 दंड एवं आक्षेप :

गत 3 वर्षों के दौरान बैंक पर स्टॉक एक्सचेज, सेबी या अन्य सांविधिक प्राधिकरण द्वारा पूंजी बाजार से संबंधित किसी भी मामले पर कोई अर्थदंड या आक्षेप नहीं लगाया गया है.

7.5 गुप्त सूचना नीति (विसल ब्लोअर)

बैंक ने गुप्त सूचना नीति लागू की है और इसे निम्न लिंक पर देखा जा सकता है : http://www.unionbankodindia.co.in/Whistle_blower_policy.aspx. लेखापरीक्षा समिति उक्त नीति के कार्य की आवधिक रूप से समीक्षा करती है. इसके अतिरिक्त, यह भी निर्दिष्ट किया जाता है कि किसी भी कर्मचारी को लेखापरीक्षा समिति से संपर्क करने से रोका नहीं गया है.

7.6 महत्वपूर्ण सब्सिडियरी निर्धारण की नीति

सेबी (सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 16(1)(सी) के अनुपालन में बैंक ने महत्वपूर्ण सब्सिडियरी निर्धारण की नीति निरूपित की है तथा इस तक निम्नलिखित लिंक के द्वारा पहुंचा जा सकता है.
http://www.unionbankofindia.co.in/Policy_For_Determining_Material_Subsidiary.aspx

बैंक ने अपनी सब्सिडियरियों के संबंध में लिस्टिंग विनियमों की कार्पोरेट गवर्नेंस संबंधी अपेक्षाओं का अनुपालन किया है.

7.7 संबंधित पक्ष संव्यवहार नीतिः

बैंक द्वारा संबंधित पक्ष संव्यवहारों के निपटान हेतु संबंधित संव्यवहार नीति निरुपित की गयी है. इस तक निम्नलिखित लिंक के द्वारा पहुंचा जा सकता है. http://www.unionbankofindia.co.in/RelatedPartyTransactionPolicyforWebsite.aspx

7.8 प्रबंधन चर्चा एवं विश्लेषणः

इसे वार्षिक रिपोर्ट में अलग से दिया गया है.

7.9 कार्पोरेट गवर्नेंस पर अनुपालन रिपोर्ट

बैंक द्वारा बीएसई तथा एनएसई को कार्पोरेट गवर्नेंस पर तिमाही अनुपालन रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप में संबंधित तिमाही समाप्ति से 15 दिन के अंदर प्रस्तुत की गई है.

7.10 बैंक द्वारा वेबसाइट पर सूचनाओं का प्रसार

बैंक ने लिस्टिंग विनियमों के उप-विनियम 46 के खंड (बी) से (आई) के अधीन सभी अपेक्षित जानकारी अपनी वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in.पर उपलब्ध कराई हैं.

8 संप्रेषण के साधन

बैंक के तिमाही, छमाही और वार्षिक वित्तीय परिणाम बिजनेस स्टैन्डर्ड (अंग्रेजी) सहित फ्री प्रेस जर्नल (अंग्रेजी), नवभारत (हिंदी), नवशक्ति (मराठी) आदि अग्रणी समाचार पत्रों में प्रकाशित किए गए हैं. ये परिणाम बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in पर भी दर्शाये गये हैं. इसी प्रकार बैंक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति, संबंधित प्रस्तुतियां, शेयरधारकों का पैटर्न आदि भी बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध कराये गये हैं.

9 शेयरधारकों की सूचना

9.1 बैंक के इक्विटी शेयर बम्बई स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड तथा नैशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया में सूचीबद्ध हैं तथा इसका स्क्रिप कोड निम्नानुसार हैः -

स्टॉक एक्सचेंज का नाम	स्टॉक एक्सचेंज पत्ता	स्टॉक कोड
बीएसई लिमिटेड (बीएसई)	बीएसई लिमिटेड फिरोज जीजीभॉय टॉवर्स दलाल स्ट्रीट मुंबई - 400 001	532477
नैशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई)	नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाजा, सी-1, ब्लॉक जी, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स बांद्रा (पू) मुंबई - 400 051	UNIONBANK-EQ

वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए वार्षिक सूचीबद्धता शुल्क का भुगतान शेयर बाजारों को 30 अप्रैल, 2016 से पूर्व कर दिया गया है.

9.2 बैंक ने समय-समय पर प्रॉमिसरी नोट (टियर I एवं II पूंजी) के रूप में आरक्षित गैर परिवर्तनीय-बांड जारी किए हैं. 31 मार्च 2016 को तत्संबंधित ब्यौरा निम्नानुसार हैः

श्रृंखला	मात्रा (करोड़ में)	आवंटन की तिथि	परिपक्वता तिथि	कूपन दर % (प्र.व.)	आईएसआईएन नं.
बॉण्ड सिरीज़- IX	200	19.05.2006	19.05.2016	8.33% पर स्थिर	आईएनई692A09100
बॉण्ड सिरीज़- X- प्रथम खंड	300	10.10.2006	स्थाई	9.45% 10वर्ष तक, 10वर्ष के उपरांत 9.95% तक, यदि कॉल विकल्प का प्रयोग नहीं किया गया है.	आईएनई692A09118
बॉण्ड सिरीज़ X-द्वितीय खंड (अपर टियर -II)	750	16.10.2006	16.10.2021	8.95% 10वर्ष तक, 10 वर्ष के उपरांत 9.45% तक, यदि कॉल विकल्प का प्रयोग नहीं किया गया है.	आईएनई692A09126
बॉण्ड सिरीज़ XI- प्रथम खंड (लोअर टियरII)	400	12.12.2007	12.04.2018	9.35% पर स्थिर	आईएनई692A09134
बॉण्ड सिरीज़ XI-द्वितीय खंड	200	12.12.2007	स्थाई	9.90% 10वर्ष तक, 10वर्ष के उपरांत 10.40 तक, यदि कॉल विकल्प का प्रयोग नहीं किया गया है.	आईएनई692A09142
बॉण्ड सिरीज़ XII (स्थाई)	200	09.09.2008	स्थाई	11.15% 10 वर्ष तक, 10 वर्ष के उपरांत 11.65% तक यदि मांग विकल्प का उपयोग न किया गया हो	आईएनई692A09159
बॉण्ड सिरीज़ XII (लोअर टियर II)	400	17.09.2008	17.09.2018	10.95% पर स्थिर	आईएनई692A09167
बॉण्ड सिरीज़ XII (लोअर टियर II)	200	23.12.2008	23.12.2008	9.50% पर स्थिर	आईएनई692A09175
बॉण्ड सिरीज़ XII (लोअर टियर II)	200	30.12.2008	30.12.2018	8.60% पर स्थिर	आईएनई692A09183
बॉण्ड सिरीज़ XII (स्थाई)	140	30.03.2009	स्थाई	9.10% 10वर्ष तक, 10वर्ष के उपरांत 9.60% तक, यदि मांग विकल्प का उपयोग न किया गया हो	आईएनई692A09191
बॉण्ड सिरीज़ XIV-ए (स्थाई)	200	16.06.2009	स्थाई	8.85 10वर्ष तक,10वर्ष के उपरांत 9.35 यदि मांग विकल्प का उपयोग न किया गया हो	आईएनई692A09209
बॉण्ड सिरीज़ XIV-बी (अपर टियर II)	500	25.06.2009	15 वर्ष 25.06.2024	8.65% 10 वर्ष तक, 10 वर्ष के उपरांत 9.15%, यदि मांग विकल्प का उपयोग न किया गया हो	आईएनई692A09217

श्रृंखला	मात्रा (करोड़ में)	आवंटन की तिथि	परिपक्वता तिथि	कूपन दर % (प्र.व.)	आईएसआईएन नं.
बॉण्ड सिरीज़ XIV-सी (अपर टियरII)	500	27.01.2010	15 वर्ष 27.01.2025	8.55% 10 वर्ष तक, 10वर्ष के उपरांत 9.05% तक, यदि मांग विकल्प का उपयोग न किया गया हो	आईएनई692A09225
बॉण्ड सिरीज़ XV-ए (अपर टियर II)	500	28.06.2010	15 वर्ष 28.06.2025	8.48% 10 वर्ष तक, 10 वर्ष के उपरांत 8.98% तक, यदि मांग विकल्प का उपयोग न किया गया हो	आईएनई692A09233
बॉण्ड सिरीज़ XVI-बी (लोअर टियर II)	800	28.12.2012	28.12.2022	8.90%	आईएनई692A09241
बॉण्ड सिरीज़ XVII-ए (बेसल III अनुपालन टियर II बॉन्ड)	2000	22.11.2013	22.11.2023	9.80%	आईएनई692A09266
बॉण्ड सिरीज़ XVII (बेसल III अनुपालन टियर II बॉन्ड)	1000	29.03.2016	29.03.2026	8.61%	आईएनई692A09274
कुल	**8490**				

ये सभी बांड राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध हैं और बैंक ने स्टॉक एक्सचेंज को 2016-17 के लिए वार्षिक सूचीबद्धता शुल्क का भुगतान कर दिया है.

9.3 लाभांश (बोर्ड की संस्तुति पर निर्भर)

बैंक के निदेशक मंडल ने 13 मई, 2016 को आयोजित बैठक में वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए कुल 19.50% अर्थात् ₹ 1.95 प्रति शेयर लाभांश की संस्तुति की है.

10 वार्षिक साधारण बैठक और वित्तीय कैलेंडर के ब्यौरे

10.1 **वार्षिक साधारण बैठक के विवरण**

लेखों और लाभांश पर विचार विमर्श के लिए बोर्ड की बैठक	13 मई, 2016
वार्षिक साधारण बैठक की तिथि, समय और स्थान	दि.27 जून, 2016 को प्रातः 11.00 बजे रामा एंड सुन्दरी वाटुमल ऑडिटोरियम, के.सी. कॉलेज, दिनशा वाचा रोड, चर्चगेट, मुंबई-400 020.
वार्षिक रिपोर्ट एवं वार्षिक साधारण बैठक के नोटिस का प्रेषण	29 मई, 2016 को या उसके पूर्व
बहियों के बंद रहने की तिथि	21 जून, 2016 से 27 जून, 2016
वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए लाभांश के भुगतान की तिथि	5 जुलाई, 2016

10.2 **वित्तीय कैलेंडर**

वित्तीय वर्ष 2016-17 के वित्तीय परिणामों की घोषणा की संभावित तिथियां निम्नलिखित हैंः

वित्तीय परिणाम	घोषणा की संभावित तिथि
30 जून, 2016 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणाम	01 अगस्त, 2016
30 सितंबर, 2016 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणाम	31 अक्टूबर, 2016
31 दिसंबर, 2016 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणाम	28 जनवरी, 2017
31 मार्च, 2017 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणाम	12 मई, 2017

10.3 **शेयर अंतरण प्रणाली और निवेशकों की शिकायतों का निवारण**

बैंक यह सुनिश्चित करता है कि सभी शेयरों का अंतरण, विधिवत दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करने की तिथि से 15 दिनों के अंदर कर दिया जाए. बैंक ने शेयरों के अंतरण और उनसे संबंधित मामलों पर विचार के लिए बोर्ड की शेयर अंतरण समिति बनाई है.

सेबी (सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के अनुपालन के क्रम में बैंक द्वारा **मेसर्स डाटामेटिक फाइनेंशियल सर्विसेस लिमिटेड** को अपने रजिस्ट्रार तथा शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) के रूप में शेयरों तथा लाभांश के अंतरण, शेयरधारकों के आवेदनों के रिकॉर्ड एवं शेयर से संबन्धित अन्य गतिविधियों में शेयरधारकों द्वारा की गई शिकायतों के निवारण हेतु अधिदेश द्वारा नियुक्त किया गया है. निवेशक अपने अंतरण विलेख/ आवेदन/ शिकायतें आरटीए के साथ नीचे दिए पते पर भेज सकते हैं.

बैंक ने अपने प्रधान कार्यालय, मुंबई में भी निवेशक सेवाएं प्रभाग स्थापित किया है. शेयरधारक अपनी शिकायतों के लिए कम्पनी सचिव, निवेशक सेवाएं प्रभाग से संपर्क कर सकते हैं.

रजिस्ट्रार एवं अंतरण एजेंट (आरटीए)
ii) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में निवेश संवहन लागत के आधार पर मूल्यांकित किया गया है

iii) अनुषंगी इकाइयों एवं संयुक्त उपक्रम में निवेश संवहन लागत के आधार पर मूल्यांकित किया गया है.

iv) ऐसे निवेशों के मूल्यांकन में स्थायी ह्रास, यदि कोई है, का प्रावधान कर दिया गया है.

v) ''एएफस'' व ''एचएफटी'' श्रेणी में धारित प्रतिभूतियों का मूल्यांकन वर्गवार एवं स्क्रिप-वार किया गया है और प्रत्येक वर्गीकरण में किसी प्रकार का शुद्ध ह्रास, लाभ-हानि खाते में प्रभारित किया गया है, जबकि किसी

प्रकार की शुद्ध वृद्धि को अनदेखा किया गया है.

vi) अन्य प्रतिभूतियों का मूल्यांकन निम्नानुसार किया गया है :

i	भारत सरकार की प्रतिभूतियां	फिक्स्ड इन्कम मनी मार्केट एंव डेरिवेटिव्स एसोसिएशन (एफआईएमएमडीए) के कोटेशन के अनुसार.
ii	राज्य विकास ऋण, केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा गारंटीकृत प्रतिभूतियां, पी एस यू बांड	एफ आई एम एम डी ए के दिशानिदेशों के अनुसार, परिपक्वता पर समुचित प्राप्तियों के आधार पर.
iii	इक्विटी शेयर	यदि उपलब्ध हो, तो बाज़ार मूल्य पर अन्यथा अद्यतन लेखापरीक्षित तुलन पत्र (एक वर्ष से अधिक पुराना न हो) के अनुसार बही मूल्य पर, दोनों नहीं होने पर रु1/- प्रति कंपनी के अनुसार.
iv	वरीयता शेयर	यदि उल्लेखित हो, तो बाजार मूल्य पर या एफआईएमएमडीए के दिशा निर्देशानुसार परिपक्वता पर समुचित आय के आधार पर, लेकिन शोधन मूल्य से अधिक नहीं.
v	ऋण पत्र/बांडस	यदि उल्लेखित हो तो, बाजार मूल्य पर या एफआईएमएमडीए के दिशा निर्देशानुसार परिपक्वता पर समुचित आय के आधार पर.
vi	म्युचुअल फंड (एमएफ)	स्टॉक एक्सचेंज कोटेशन के अनुसार, यदि हों. अनकोटेड इकाइयों की दशा में, म्युचुअल फंड द्वारा घोषित नवीनतम पुनर्खरीद मूल्य के अनुसार. यदि नवीनतम पुनर्खरीद मूल्य घोषित न हो, तो शुद्ध आस्ति मूल्य (एनएवी) के अनुसार.
vii	राजकोक्षीय बिल /जमा प्रमाणपत्र / वाणिज्यिक पत्र	संवहन लागत पर
viii	उद्यम पूंजी निधियां (वीसीएफ)	घोषित एनएवी पर अथवा लेखापरीक्षित तुलन पत्र, जो 18 माह से अधिक पुरानी न हो, के अनुसार विश्लेषित एनएवी, यदि एनएवी/लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण लगातार 18 माह से उपलब्ध न हो तो रु1/- प्रति वीसीएफ.
ix	प्रतिभूति रसीदें	प्रतिभूतिकरण कंपनियों द्वारा घोषित एनएवी पर

5.3 अंतर बैंक रेपो / रिवर्स रेपो लेनदेन का लेखांकन, भारतीय रिज़र्व बैंक के विद्यमान दिशानिर्देश के अनुसार किया गया है.

5.4 भारतीय रिज़र्व बैंक के वर्तमान दिशानिर्देशों के अनुसार, एक संवर्ग से दूसरे संवर्ग में प्रतिभूतियों की शिफ्टिंग निम्नानुसार की गई है :

5.4.1 विक्रय के लिए उपलब्ध/ट्रेडिंग के धारित से परिपक्वता तक धारित की श्रेणी में, यथा शिफ्ट की तारीख पर पुस्तकीय मूल्य के निचले स्तर पर अथवा बाजार मूल्य पर, यदि कोई, ह्रास है, तो लगाया गया है.

5.4.2 परिपक्वता तक धारित श्रेणी से विक्रय के लिए उपलब्ध/ट्रेडिंग के लिए धारित श्रेणी में

- ➢ यदि परिपक्वता तक धारित श्रेणी में प्रतिभूति मूलतः डिस्काउंट पर हो तो, अधिग्रहण लागत /बही मूल्य पर
- ➢ यदि प्रतिभूति मूलतः प्रीमियम पर हो, तो परिशोधित लागत पर

5.4.3 विक्रय के लिये उपलब्ध से ट्रेडिंग के लिये धारित श्रेणी में या इसके विपरीत, बही मूल्य पर.

5.4.4 इस प्रकार शिफ्ट की गयी प्रतिभूतियों का तुरंत पुनर्मूल्यांकन किया गया और इसके परिणामस्वरूप मूल्य में होने वाली कमी के लिये पूरा प्रावधान किया गया.

5.5 गैर निषादक निवेश की पहचान की गई है और भारिबैं के दिशानिर्देशों के अनुसार मूल्यह्रास/प्रावधान किया गया है.

5.6 किसी भी श्रेणी के निवेश की बिक्री से होने वाले लाभ/हानि को, लाभ और हानि खाते में लिया जाता है. तथापि, परिपक्वता तक धारित श्रेणी के निवेश की बिक्री से लाभ होने पर, लाभ के बराबर राशि (कर और सांविधिक आरक्षित निधियों को अंतरित राशि घटाकर शेष राशि) आरक्षित पूंजी खाते में समायोजित की गई है.

5.7 प्रतिभूतियों पर कमीशन, दलाली, प्रतिभूतियों पर बीच की अवधि का ब्याज आदि, लाभ और हानि खाते को जमा/नामे की गई है.

5.8 भारिबैं के वर्तमान दिशानिर्देशों के अनुसार, निवेश संव्यवहारों के लेखांकन के लिए बैंक द्वारा ''निपटान तारीख'' का पालन किया जाता है.

6 डेरीवेटिव संविदा

वित्तीय विवरण में ब्याज वहन करने वाली आस्ति अथवा देयता को संरक्षण देने वाली ब्याज दर स्वैप (आईआरएस) उपचित आधार पर लगाई गई है सिवाय उन स्वैप नामित आस्तियों और देयताओं के, जिन्हें लागत अथवा बाजार मूल्य, दोनों में जो कम हो, अथवा बाजार मूल्य पर लिया गया है स्वैप की समाप्ति पर लाभ या हानि का स्वैप की शेष संविदा अवधि अथवा आस्ति / देयता की शेष अवधि, जो भी कम हो, के अनुसार निर्धारित किया गया है.

i) ट्रेडिंग स्वैप संव्यवहार वित्तीय विवरण में दर्ज परिवर्तनों के साथ बाजार दर पर मार्क किये गए हैं.

ii) विकल्प संविदाओं के मामले में फेडाई द्वारा समय-समय पर आय की पहचान, प्रीमियम और बट्टे से संबंधित जारी दिशानिर्देशों का पालन किया गया है.

7 अग्रिम

7.1 भारत में सभी अग्रिमों को 4 श्रेणीयों (ए) मानक, (बी) अवमानक, (सी) संदिग्ध तथा (डी) हानि आस्तियों के रूप में वर्गीकृत किया गया है . ऐसे अग्रिमों के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी विद्यमान विवेकपूर्ण मानदंडों के अनुसार आवश्यक प्रावधान सुनिश्चित किया गया है. विदेशी शाखाओं में स्थित अग्रिमों के संबंध में, भारतीय रिजर्व बैंक अथवा स्थानीय विधि, जिस देश में अग्रिम दिए गए हैं, द्वारा लागू विवेकपूर्ण मानदंड, जो भी अधिक सख्त होंगे, लागू होंगे.

7.2 अग्रिमों में विशेष हानि के लिए प्रावधान, प्रति चक्रीय बफर प्रावधान, पुनर्गठन से अग्रिमों के बाद उचित मूल्य में आई गिरावट के लिए प्रावधान तथा गैर निष्पादक आस्तियों से संबंधित वसूल न हुई विविध जमा में रखी ब्याज की राशि और सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों के लिए ऋण गारंटी ट्रस्ट (सीजीएफटी)/ निर्यात ऋण गारंटी निगम (ईसीजीसी) से प्राप्त दावे की राशि को घटाकर निवल राशि ही दर्शाई गई है.

7.3 मानक अग्रिमों पर सामान्य प्रावधान को ''अन्य देयताओं और प्रावधानो'' में रखा गया है, जिन्हें तुलनपत्र की अनुसूची 5 में दर्शाया गया है तथा निवल अवमानक आस्तियों व निवल अग्रिमो में नहीं लिया गया है.

8 स्थायी आस्तियां एवं मूल्यह्रास

8.1 परिसर तथा अन्य स्थायी आस्तियों को, मूल्यह्रास और क्षतियों की राशि (यदि कोई हो) समायोजित करने के बाद, लागत पर दिखाया गया है. आस्ति की खरीद मूल्य में व्यापारिक बट्टा तथा छूट को घटाकर, पात्र ऋण राशि प्राप्त करने और आस्ति के प्रयोग में लाने तक के व्ययों को शामिल किया जाता है. इसके बाद आस्ति पर किए गए व्ययों को केवल तभी पूंजीकृत किया जाता है जिनसे आस्ति से भविष्य के लाभ में वृद्धि होती है या उसकी कार्यक्षमता में वृद्धि होती है. भूमि तथा भवन का यदि पुनर्मूल्यांकन किया जाता है तो उनकी पुनर्मूल्यांकित राशि दर्शाई जाती है. पुनर्मूल्यांकन से बढ़ी हुई राशि को पुनर्मूल्यांकन निधि में जमा किया जाता है तथा ह्रास की राशि उसमें से घटाई जाती है.

8.2 अचल आस्तियों के मूल्यह्रास का प्रावधान घटती शेष प्रणाली के अनुसार प्रबंधन द्वारा उचित समझी गयी निम्नांकित दर पर की गई हैः

	आस्ति का प्रकार	मूल्य ह्रास की दर
I.	परिसर	5%
II.	अन्य स्थायी आस्तियां	
	- फर्नीचर और फिटिंग्स	10%
	- इलेक्ट्रिक फिटिंग और उपस्कर, कार्यालय उपकरण, एसडीवी/स्ट्रांग रूम आदि	15%
	- परिवहन वाहन	20%
	- यू पी एस. उपकरण	33.33%
III.	आस्तियों के पुनर्मूल्याकन के परिणामस्वरूप जोड़ी गयी राशि पर	संबंधित आस्ति पर लागू दर, उसके आर्थिक अवशिष्ट काल के आधार पर.

8.3 अप्लीकेशन साफ्टवेयर को पूँजीगत किया जाता है तथा अमूर्त आस्तियों में मिला दिया जाता है. कम्प्यूटर एवं साफ्टवेयर पर ह्रास कम्प्यूटर हार्ड वेयर एवं एटीएम का एक भाग है जिस पर भारिबै के दिशानिर्देशों के अनुसार सीधी रेखा पद्धति से 33.33% की दर पर ह्रास लगाया जाता है.

8.4 30 सितंबर तक आस्तियों के परिवर्द्धन पर मूल्यह्रास पूर्ण दर से और उसके बाद हुए परिवर्द्धन पर आधी दर से लगाया गया है

8.5 भूमि और भवन का मूल्य अलग-अलग पता न लगा पाने पर, परिसर पर मूल्यह्रास संमिश्र लागत पर लगाया गया है

8.6 वर्ष के दौरान बेची/निपटान की गई आस्तियों पर मूल्यह्रास का प्रावधान नहीं किया गया है..

8.7 पट्टे पर ली गयी आस्ति तथा इनमें संवर्घन पर मूल्यह्रास, पट्टे की मूल अवधि के लिए निर्धारित दर के आधार पर लगाई गई हैं.

8.8 देश के बाहर स्थित स्थायी आस्तियों एवं सब्सीडियरी/एसोसियेट्स की स्थायी सम्पत्तियों पर नियामक की आवश्यकतानुसार/अथवा संबंधित देश/ उद्योग की प्रचलित प्रथाओं के अनुरूप मूल्यह्रास लगाया जाता है.

9 आस्तियों में क्षति

आंतरिक/बाहरी कारकों से किसी प्रकार की क्षति का संकेत मिलने पर, प्रत्येक तुलनपत्र की तारीख को आस्तियों के संवहन लागत की समीक्षा की जाती है. किसी आस्ति की संवहन लागत उसकी वसूली योग्य लागत से अधिक होने पर क्षरण हानि मानी जाती है. क्षरण हानि उस समय मानी जाती है जब उस आस्ति की संवहन लागत उसकी वसूली योग्य राशि से अधिक हो. आस्ति के निवल विक्रय मूल्य और उपयोग मूल्य से वसूली योग्य राशि अधिक है. उपयोग मूल्य के निर्धारण हेतु, धन के समय मूल्य के लिए मौजूदा बाजार आंकलन और आस्ति के जोखिम विशेष के अनुसार, कर- पूर्व बट्टा दर पर भविष्य की अनुमानित नकदी प्रवाह का वर्तमान मूल्य पता किया जाता है. क्षरण के बाद आस्ति की शेष उपयोगिता अवधि की संशोधित संवहन लागत पर मूल्यह्रास लगाया जाता है. परिस्थितियों में परिवर्तन के अनुसार, पहले लगाई क्षरण हानि बढ़ाई या घटाई जाती है. लेकिन हानि कम होने से रिवर्सल के बाद भी, संवहन मूल्य उस संवहन लागत से अधिक नहीं होगी, जो क्षरण न होने पर सामान्य मूल्यह्रास लगाने के बाद होती.

10 प्रति चक्रीय प्रावधान बफर

प्रति चक्रीय बफर प्रावधान करने और उसके उपयोग हेतु, अग्रिम एवं निवेश के लिए बैंक की अपनी अलग-अलग अनुमोदित नीति है. प्रत्येक वित्त वर्ष की समाप्ति पर किए जाने वाले प्रावधान की मात्रा निर्धारित की जाती है. प्रति चक्रीय प्रावधानों का प्रयोग, केवल नीति में निर्दिष्ट असाधारण परिस्थितियों में, भारतीय रिजर्व बैंक की पूर्वानुमति से किया जाता है.

11 विदेशी विनिमय संबंधी लेनदेन

11.1 विदेशी विनिमय संबंधी लेनदेनों का लेखांकन आईसीएआई द्वारा जारी लेखा मानक 11(विदेशी विनिमय दरों में परिवर्तन के प्रभाव), के अनुसार किया जाता है. जैसा कि लेखा मानक 11 में निर्दिष्ट है, बैंक के विदेशी मुद्रा परिचालनों को निम्नानुसार वर्गीकृत किया गया है :

ए) एकीकृत परिचालन एवं

बी) गैर एकीकृत परिचालन.

समस्त विदेशी शाखाएं, सुदूर बैंकिंग इकाईयां, विदेशी अनुषंगियों के परिचालनों को गैर एकीकृत परिचालन एवं विदेशी विनिमय में घरेलू लेनदेनों एवं प्रतिनिधि कार्यालयों को एकीकृत परिचालन माना जाता है.

11.2 एकीकृत परिचालनों के संबंध में लेखांकन

11.2.1 आय एवं व्यय मदों को लेनदेन की तारीख पर, विद्यमान विनिमय दरों पर अभिलिखित किया गया है..

11.2.2 विदेशी मुद्रा मौदिक एवं गैर- मौद्रिक आस्तियां एवं देयताओं का लेखांकन प्रत्येक तिमाही की समाप्ति पर फेडाई द्वारा अधिसूचित अन्तिम तत्काल दरों पर किया जाता है.

11.2.3 गारंटी, स्वीकरण, परांकन एवं अन्य बाध्यताओं के कारण होने वाली आकस्मिक देयताएं वर्ष के अंत में फेडाई द्वारा अधिसूचित विनिमय दर के आधार पर दर्शायी गयी हैं..

11.2.4 परिणामी विनिमय अन्तरों की पहचान आय अथवा व्यय के रूप में की जाती है एवं उनका लेखा लाभ एवं हानि खाते में किया जाता है.

11.2.5 वायदा विनिमय संविदाओं को, वायदा की तारीख को विद्यमान विनिमय दर पर अभिलिखित किया गया है फेडाई द्वारा विनिर्दिष्ट परिपक्वताओं और अंतरिम परिपक्वताओं के संविदा के लिए इंटरपोलेटेड दर के अनुसार बकाया वायदा विनिमय संविदाओं का पुनर्मूल्यांकन किया गया है. परिणामी लाभ-हानि को लाभ एवं हानि खाते में लिया गया है..

11.3 गैर -एकीकृत परिचालनों के संबंध में लेखांकन

11.3.1 आस्तियों एवं देयताओं (आकस्मिक देयतओं सहित) का लेखा प्रत्येक तिमाही की समाप्ति पर फेडाई द्वारा अधिसूचित अन्तिम तत्काल दरों पर किया जाता है.

11.3.2 विदेशी विनिमय तत्काल एवं वायदा बकाया आकस्मिक देयताओं का अंतरिम परिपक्वताओं के अनुबंधों के लिए लेखा तुलन-पत्र की तारीख पर क्रमशः फेडाई द्वारा अधिसूचित तत्काल एवं वायदा दरों एवं इंटरपोलेटेड दरों पर किया जाता है.

11.3.3 आय एवं व्यय का लेखा प्रत्येक तिमाही की समाप्ति पर फेडाई द्वारा अधिसूचित तिमाही औसत दर पर किया जाता है.

11.3.4 परिणामी विनिमय अन्तरों की पहचान इस अवधि के लिए आय अथवा व्यय के रूप में नही की जाती है बल्कि शुद्ध निवेश के निस्तारण तक उन्हें अलग ''विदेशी मुद्र लेखा रिजर्व'' खाते में रखा जाता है.

12 कर्मचारी लाभ

भविष्य निधि के रूप में सेवानिवृत्ति लाभ एक परिभाषित अंशदायी योजना है. अंशदान देय होने पर, भविष्य निधि अंशदान की राशि, उस वर्ष के लाभ-हानि खाते को नामे की जाती है. भविष्य निधि में देय अंशदान के अतिरिक्त, बैंक का अन्य कोई उत्तरदायित्व नहीं है.

ग्रेच्युटी देयता, पेंशन निधि अंशदान तथा अवकाश नकदीकरण का प्रावधान परिभाषिक दायित्व है और इसके लिए प्रावधान लेखा मानक 15(संशोधित) के अनुसार बीमांकिक आधार पर, वित्त वर्ष के अन्त में अनुमानित यूनिट क्रेडिट के आधार पर किया गया है. वर्ष के दौरान शुद्ध बीमांकिक लाभ/ हानि को, लाभ-हानि खाते में लेखांकित किया गया है.

दिनांक 01.04.2010 को या उसके बाद बैंक में भर्ती कार्मिकों के लिए, परिभाषित 'अंशदायी योजना' नामक नई पेंशन योजना है. बैंक द्वारा पूर्व निर्धारित दर से, एक निश्चित अंशदान का भुगतान किया जाता है तथा बैंक की देयता केवल उस अंशदान तक सीमित होती है. इस अंशदान को लाभ-हानि खाते में विकलित किया जाता है.

विदेशी कार्यालयों में नियोजित कर्मचारियों के कर्मचारी-लाभों का मूल्यांकन और लेखांकन, संबंधित देश के स्थानीय कानूनों/विनियमों के अनुसार किया जाता है.

13 खंडवार रिपोर्ट करना :

भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों और आईसीएआई द्वारा जारी लेखा मानक 17 के अनुसार, बैंक का कारोबार प्राथमिक रिपोर्टिंग खंड और भौगोलिक विस्तार को द्वितीयक कारोबार खंड के रूप में मान्यता प्राप्त है.

कारोबार खंड को (क) ट्रेजरी परिचालन, (ख) कार्पोरेट व होलसेल बैंकिंग, (ग) रिटेल बैंकिंग परिचालन और (घ) अन्य बैंकिंग परिचालन में वर्गीकृत किया गया हैः

14 लीज़ संव्यवहार

परिचालन लीज पर लिये गये आस्तियों हेतु किया गया भुगतान, लीज अवधि के अनुसार लेखांकित किया जाता है. बैंक द्वारा लीज/किराये पर ली गयी संपत्तियों के लीज की समाप्ति/ नवीकरण का विकल्प बैंक के पास होता है. अतिरिक्त किराये/लीज संबंधी विवादों में, बैंक की देयताओं को समझौते या नवीकरण के समय मान्यता दी जाती है.

15 प्रति शेयर आय

प्रति शेयर अर्जन की गणना आलोच्य वर्ष के निवल लाभ या हानि (कर पश्चात) को, वर्ष के दौरान इक्विटी शेयरों की औसत भारित संख्या से विभाजित करके की जाती है.

प्रति शेयर डायल्युटेड आय संभावित डायल्यूशन को प्रदर्शित करता है जो वर्ष के दौरान इक्विटी शेयर निर्गम के अनुबंधों के होने अथवा परिवर्तित होने की स्थिति में होता है. प्रति इक्विटी शेयर डायल्युटेड अर्जन की गणना के लिए, इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या और वर्ष के दौरान संभावित बढ़ते शेयरों या परिवर्तित शेयरों की संख्या का प्रयोग कर लिया जाता है.

प्रति इक्विटी शेयर की डायल्युटेड आय की गणना भारित औसत संख्या का उपयोग करते हुए वर्ष के अंत मे बकाया डायल्युटीव इक्विटी शेयर का उपयोग करके की गई है.

16 कराधान

चालू एवं आस्थगित दोनों करों के लिए प्रावधान किया गया है कर योग्य आय पर वर्तमान दर एवं कर नियमों के अनुसार प्रावधान किया गया है समय अंतराल के कारण उत्पन्न आस्तियों एवं आस्थगित कर देयताओं, जिन्हें आगामी अवधियों में रिवर्स किया जाना है, की पहचान तुलन पत्र की तारीख तक लागू कर दरों एवं बने हुए कर नियमों के अनुसार की गयी है

आस्थगित कर आस्तियों का निर्धारण तभी किया जाता है जब भविष्य में ऐसी आस्तियों के होने की निश्चितता हो . वर्ष के दौरान आस्थगित कर आस्तियों/देयताओं की गतिविधियों के अनुसार प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख पर समीक्षा की जाती है.

17 प्रावधान, आकस्मिक देयताएं एवं आकस्मिक आस्तियां

आईसीएआई द्वारा जारी लेखा मानक 29 के अनुसार (प्रावधान, आकस्मिक देयताएं एवं आकस्मिक आस्तियां) बैंक केवल तभी प्रावधान करता है जब पिछली घटनाओं के परिणाम स्वरूप वर्तमान देयताएं हों, ऐसी सम्भावना है कि आर्थिक लाभ सहित संसाधनों के बहिर्गमन की आवश्यकता देयताओं के निपटान और जब देयता की वसूलीयोग्य राशि का अनुमान लगाया गया हो, में होगी.

वित्तीय विवरणों में आकस्मिक आस्तियों की पहचान नही की गयी है क्योंकि इनकी पहचान कभी न वसूली जा**सकने वाली आय के रुप में परिणित हो सकती है.**

18 शेयर निर्गम व्यय :

शेयर निर्गम व्यय, शेयर प्रीमियम खाते में प्रभारित किये जाते हैं.

अनुसूची 18: लेखों पर नोट्स

1 बैंक (पैरेंट) के स्टैंड अलोन वित्तीय विवरण के साथ जिन सहायक कम्पनियों के स्टैंड अलोन वित्तीय विवरण समेकित किये गये हैं, उनका विवरण निम्नानुसार है:

सहायक कम्पनियों के नाम	निगमन का देश	31.03.2016 को बैंक (पैरेंट) के स्वामित्व का अनुपात
यूनियन केबीसी असेट मैनेजमेंट कम्पनी प्रा.लि.	भारत	51%
यूनियन केबीसी ट्रस्टी कंपनी प्राइवेट लि.	भारत	51%
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया यूके लि.	यूनाईटेड किंगडम	100%

2 समेकित वित्तीय विवरण में सम्मिलित संयुक्त उपक्रमों के विवरण इस प्रकार हैं :

संयुक्त उपक्रमों के नाम	निगमन का देश	स्वामित्व का अनुपात
स्टार यूनियन दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कम्पनी लि. (गैर बैंकिंग))	भारत	26%

3 समेकित वित्तीय विवरण में सम्मिलित एसोसिएट के विवरण इस प्रकार हैं :

एसोसिएटों के नाम	निगमन का देश	स्वामित्व का अनुपात
क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक i) काशी गोमती संयुत ग्रामीण बैंक	भारत	35%

31 मार्च, 2016 को बैंक द्वारा किए गए निवेशों का मूल्य ₹189.96 करोड़ रहा, जिसे लंबी अवधि के निवेश के रूप शामिल किया गया है.

4 सहायक कम्पनियों, संयुक्त उपक्रमों और एसोसिएट्स के वित्तीय विवरण समेकन के लिये उपयोग किये गये हैं, वे उसी अवधि के लिये तैयार किये गये हैं, जिस अवधि यथा 31 मार्च 2016, के वित्तीय विवरण बैंक (पैरेंट) के हैं.

5 देशी एसोसिएट/ सहायक कम्पनियों के मामले में, पैरेंट बैंक और एसोसिएट/ सहायक कम्पनियों द्वारा अपनाई गई अलग अलग लेखांकन नीतियों के कारण किये जाने वाले समायोजन, एसोसिएट/ सहायक कम्पनियों द्वारा उपलब्ध कराये गये डाटा के आधार पर नहीं किये गये हैं, क्योंकि राशियां बहुत कम हैं.

6 समेकित वित्तीय विवरण, स्टार यूनियन दाई इची लाईफ इंश्योरेंस कंपनी लि., केबीसी असेट मैनेजमेंट, यूनियन केबीसी ट्रस्टी कं. प्रा.लि., यूनियन बैंक ऑफ इंडिया यूके लि. लेखा परीक्षित वित्तीय विवरणों और काशी गोमती संयुत क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक) के 31.03.2016 को समाप्त वित्तीय वर्ष के गैर लेखा परीक्षित वित्तीय विवरणों के आधार पर तैयार किया गया है.

7 उचंत खाता, विविध जमा, समाशोधन समायोजन, बैंक समाधान विवरण और विभिन्न में बकाया प्रविष्टियों के समायोजन का कार्य प्रगति पर है और यह सतत जारी है.

प्रबंधन के विचार से अंतिम समाधान के लंबित रहने का लेखों पर पड़ने वाला समग्र प्रभाव उल्लेखनीय नहीं है.

8 भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिदेर्शों के अनुसार अतिरिक्त जानकारी इस प्रकार है:

8.1 ए. पूँजी

बैंक 01 अप्रैल, 2013 से प्रभावी भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा बेसल III के लिए निर्धारित पूँजी पर्याप्तता दिशानिर्देशों का अनुपालन कर रहा है. बेसल III के 31 मार्च, 2019 तक कार्यान्वयन के लिए परिवर्तन अनुसूची दिशानिर्देशों में दी गयी है. दिशानिर्देशों के अनुसार, टायर-I पूँजी, कॉमन इक्विटी टायर (सीईटी I) एवं अतिरिक्त टायर- I से बनी है.

बेसल III के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक को 31 मार्च, 2016 तक पूँजी को जोखिम भारित आस्ति अनुपात (सीआरएआर) के 9 तक, जिसमें न्यूनतम सीईटी-I 5.5 % एवं न्यूनतम टायर- I सीआरएआर 7 तक लाना आवश्यक है.

फ्रेमवर्क के अनुसार पूँजी पर्याप्तता की गणना निम्नानुसार है :

क्र.	विवरण	31.03.2016	31.03.2015
i)	सामान्य इक्विटी टायर-I पूंजी अनुपात (सीईटी 1) (%)		
	बेसल II	शून्य	शून्य
	बेसल III	8.00	7.26
ii)	टायर -Iपूंजी अनुपात (%)		
	बेसल II	8.29	7.66
	बेसल III	8.20	7.53

iii)	टायर II पूंजी अनुपात (%)		
	बेसल II	2.90	3.18
	बेसल III	2.42	2.71
iv)	कुल पूंजी अनुपात (सीआरएआर) (%)		
	बेसल II	11.19	10.83
	बेसल III	10.62	10.24
v)	भारत सरकार की शेयर होल्डिंग का प्रतिशत (%)	63.44	60.47
vi)	उगाही गई इक्विटी पूंजी की राशिः (₹ करोड में)	51.66	5.47
vii)	उगाही गई अतिरिक्त टायर -I पूंजी की राशि (₹ करोड में)	---	---
Viii	उगाही गई टायर - II पूंजी की राशिः (₹ करोड में)	1000.00	--
	इसमे से ऋण पूंजी लिखतः (₹ करोड में)	1000.00	--

वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान बैंक द्वारा भारत सरकार को ₹10 प्रति इक्विटी शेयर वाले 5,16,62,281 शेयर ₹209.05 प्रति इक्विटी शेयर के मूल्य से (जिसमें ₹199.05 प्रति शेयर का प्रीमियम भी शामिल है) आबंटित किए गए, जिससे भारत सरकार की शेयरधारिता 60.47% से बढ़कर 63.44% हो गई.

8.2 प्रावधान एवं आकस्मिकताएं

(₹ करोड़ में)

लाभ एवं हानि शीर्ष के अंतर्गत प्रावधानों और आकस्मिकताओं का ब्रेकअप	31.03.2016	31.03.2015
निवेश पर मूल्यह्रास के लिये प्रावधान/ (प्रति प्रविष्टि)	149.28	(37.62)
एनपीए के लिये प्रावधान	4655.03	2536.67
मानक आस्तियों के लिये प्रावधान/ (प्रति प्रविष्टि)	(107.47)	239.81
आयकर (आईटी) के लिये प्रावधान/ धन कर/		
आस्थगित कर देयता (डीटीएल)	415.07	1000.00
अन्य प्रावधान और आकस्मिकताएं :		
- शिफ्टिंग हानि	5.74	38.82
- पुनर्संरचित अग्रिम	(623.25)	127.11
- अन्य	(197.15)	136.33
योग	4297.25	4041.12

8.3 काउंटर साईक्लिकल प्रोविजनिंग बफर/ फ्लोटिंग प्रावधान (पैरेंट बैंक)

(₹ करोड़ में)

क्र.	विवरण	31.03.2016	31.03.2015
i)	01.04.2015 को प्रारंभिक शेष	293.20	511.21
ii)	लेखा वर्ष में किया गया अतिरिक्त प्रावधान	0.00	75.18
iii)	लेखा वर्ष में ड्रॉ डाउन की गई राशि	0.00	293.19
iv)	31.03.2016 को लेखाबंदी शेष	293.20	293.20

9 लेखामानक 15 - कर्मचारी लाभ (पैरेंट बैंक)

(₹ करोड में)

विवरण		31.03.2016		31.03.2015	
		ग्रेच्युटी	पेंशन	ग्रेच्युटी	पेंशन
i)	**लाभ बाध्यताओं में परिवर्तन दर्शाने वाली सारिणी :**				
	वर्ष के प्रारंभ में देयता	1,088.16	8,218.43	1060.13	6683.81
	ब्याज लागत	83.52	638.22	95.66	616.32
	चालू सेवा लागत,	50.12	150.00	45.13	190.73
	पिछली सेवा लागत (परिशोधित निहित लाभ)	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	पिछली सेवा लागत (निहित लाभ)	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	अन्य कम्पनी से अंतरित देयताएं	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	अन्य कम्पनी को अंतरित देयताएं	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	प्रदत्त लाभ	(186.00)	(681.00)	-160.00	-452.00
	बाध्यताओं पर बीमांकिक (अर्जन)/ हानि	74.53	1,293.35	47.24	1179.57
	वर्ष के अंत में देयताएं	1,110.33	9,619.00	1088.16	8218.43
ii)	**योजना आस्तियों के उचित मूल्य की सारिणी :**				
	वर्ष के प्रारंभ में योजना आस्तियों का उचित मूल्य	1,264.00	7,861.00	1081.23	6104.73
	योजना आस्तियों पर अपेक्षित प्रतिलाभ	105.21	777.24	96.74	630.38
	अंशदान	38.26	1,413.35	208.00	1367.00
	अन्य कम्पनियों से अंतरित	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	अन्य कम्पनियों को अंतरित	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	प्रदत्त लाभ	(186.00)	(681.00)	-160.00	-452.00
	योजना आस्तियों पर बीमांकिक अर्जन /(हानि)	29.80	155.11	38.03	210.89
	वर्ष के अंत में योजना आस्तियों का उचित मूल्य	1,251.27	9,525.70	1264.00	7861.00
	अभिज्ञात किया जाने वाला कुल बीमांकिक अर्जन/ (हानि)	(44.73)	(1,138.24)	-9.21	-968.68
iii)	**संक्रमणकालीन देयताओं की पहचान :**				
	प्रारंभ में संक्रमणकालीन देयताएं	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	वर्ष के दौरान पहचानी गई संक्रमणकालीन देयताएं	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	वर्ष के अंत में संक्रमणकालीन देयताएं	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
iv)	**योजना आस्तियों पर वास्तविक प्रतिलाभ :**				
	योजना आस्तियों पर अपेक्षित प्रतिलाभ	105.21	777.24	96.74	630.38
	योजना आस्तियों पर बीमांकिक लाभ/ (हानि)	29.80	155.11	38.03	210.89
	योजना आस्तियों पर वास्तविक प्रतिलाभ	135.01	932.35	134.77	841.27
v)	**आय विवरण में पहचाने गये व्यय :**				
	चालू सेवा लागत	50.12	150.00	45.13	90.73
	ब्याज लागत	83.52	638.22	95.66	616.32
	योजना आस्तियों पर अपेक्षित प्रतिलाभ	(105.21)	(777.24)	-96.74	-630.38
	पहचाने गये गत सेवा लागत (निहित लाभ परिशोधित)	शून्य	शून्य	65.00	338.00
	पहचाने गये गत सेवा लागत (निहित लाभ)	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	संक्रमण देयता की पहचान	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	बीमांकिक लाभ या हानि	44.73	1,138.24	9.21	968.68
	लाभ एवं हानि खाते में पहचाने गए व्यय	73.16	1,149.22	118.26	1483.35

विवरण		31.03.2016		31.03.2015	
		ग्रेच्युटी	पेंशन	ग्रेच्युटी	पेंशन
vi)	**तुलन पत्र समाधान :**				
	प्रारंभिक शुद्ध देयता (पिछले वर्ष तुलन पत्र में चिन्हित निवल राशि)	(175.84)	357.43	-86.10	241.08
	उपर्युक्त अनुसार व्यय	73.16	1,149.22	118.26	1483.35
	अन्य कम्पनियों से अंतरण (शुद्ध)	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	अन्य कम्पनियों को अंतरित (शुद्ध)	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	नियोक्ता का अंशदान	(38.26)	(1,413.35)	-208.00	-1367.00
	तुलन पत्र में चिन्हित राशि	(140.94)	93.30	-175.84	357.43
vii)	**अन्य विवरण :**				
	पेंशन प्रत्येक वर्ष के लिए 1/66 वेतन की दर से देय है; बशर्ते अधिकतम राशि 50% या बैंक की योजना अनुसार है.				
	उपदान सेवा के प्रत्येक वर्ष के लिये 15 दिन के वेतन की दर पर देय है; बशर्ते कि अधिकतम राशि ₹10,00,000/- या बैंक की योजना के अनुसार हो.				
	चालू वर्ष में लेखांकित बीमांकिक लाभ/ हानि कम्पनी की सलाह पर वेतन बढ़ोत्तरी की गई.				
	जो कर्मचारियों की पदोन्नति और मांग व आपूर्ति को ध्यान में रखते हुए औद्योगिक व्यवहार के अनुरूप है.				
	सदस्यों की संख्या	35,716.00	19,670.00	35646	21337
	वेतन प्रति माह	148.54	107.98	135.34	97.37
	अगले वर्ष के लिये अंशदान	शून्य	349.86	शून्य	315.48
viii)	**आस्तियों का संवर्गः**				
	भारत सरकार आस्तियां	146.02	473.14	146.02	473.14
	कॉर्पोरेट बांड	267.72	1532.83	385.01	1879.80
	विशेष जमा योजना	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	राज्य सरकार	443.41	2442.38	434.50	2390.20
	संपत्ति	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	अन्य	90.39	974.77	40.47	214.74
	बीमाकर्ता प्रबंधित निधियां	303.73	4102.58	258.00	2903.12
	योग	1,251.27	9,525.70	1264.00	7861.00
ix)	**मुख्य बीमांकक पूर्वानुमान का उपयोग** (%)				
	पिछली डिस्काउंट दर	7.99	7.95	9.33	9.27
	पिछली प्लान आस्तियों पर प्रतिलाभ की दर	8.70	8.70	8.00	8.70
	पिछली वेतन वृद्धि	5.00	5.00	5.00	5.00
	पिछली एट्रीशन दर	2.00	2.00	2.00	2.00
	चालू डिस्काउंट दर	8.04	8.06	7.99	7.95
	चालू प्लान आस्तियों पर प्रतिलाभ दर	8.04	8.06	8.70	8.70
	चालू वेतन वृद्धि	5.00	5.00	5.00	5.00
	चालू एट्रीशन दर	2.00	2.00	2.00	2.00

(₹ करोड में)

योजना में अधिशेष/ कमीः	ग्रेच्युटी योजना				
तुलन पत्र में पहचानी गई राशि	**31.03.2016**	**31.03.15**	**31.03.14**	**31.03.13**	**31.03.12**
वर्ष के अंत मे देयताएं	1,110.33	1088.16	1060.13	1000.86	990.55
वर्ष के अंत मे योजना परिसम्पत्तियों का उचित मूल्य	1,251.27	1264.00	1081.23	1037.22	861.28
अंतर	140.94	175.84	21.10	36.36	-129.27
पहचानी नही गई पूर्व सेवा लागत	शून्य	शून्य	65.00	130.00	195.00
पहचानी नही गई संक्रमण देयता	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
तुलन पत्र मे पहचान की गई राशि	140.94	175.84	86.10	166.36	65.73

(₹ करोड में)

तुलन पत्र में पहचानी गई राशि	ग्रेच्युटी योजना				
अनुभव समायोजन योजना	**31.03.2016**	**31.03.15**	**31.03.14**	**31.03.13**	**31.03.12**
योजना देयता पर (लाभ)/ हानि	शून्य	(21.18)	123.74	21.60	95.09
योजना आस्तयिों पर (लाभ)/ हानि	29.80	38.03	(20.00)	(24.43)	(0.80)

(₹ करोड में)

योजना मे अधिशेष/ कमीः	पेंशन				
तुलन पत्र में पहचानी गई राशि	**31.03.2016**	**31.03.15**	**31.03.14**	**31.03.13**	**31.03.12**
वर्ष के अंत में देयता	9,619.00	8218.43	6683.81	5991.02	5259.03
वर्ष के अंत में योजना आस्तियों का उचित मूल्य	9,525.70	7861.00	6104.73	4774.08	4020.00
अंतर	(93.30)	(357.43)	(579.08)	(1216.94)	(1239.03)
अज्ञात गत सेवा लागत	शून्य	शून्य	338.00	761.00	1014.17
अज्ञात संक्रमण देयता राशि					
अंतिम शेष	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
तुलन पत्र में पहचान की गई राशि	(93.30)	(357.43)	(241.08)	(455.94)	(224.86)

तुलन पत्र में पहचानी गई राशि	पेंशन				
अनुभव समायोजन	**31.03.2016**	**31.03.15**	**31.03.14**	**31.03.13**	**31.03.12**
योजना देयता पर (लाभ)/ हानि	1399.16	731.44	661.38	251.18	511.13
योजना आस्तियों पर (हानि)/ लाभ	155.11	210.89	-233.23	-103.10	-145.15

बैंक द्वारा 1 अप्रैल, 2010 के बाद नियुक्त किये गये सभी संवर्ग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए परिभाषित अंशदान पेंशन योजना (डीसीपीएस) लागू की गई है. यह योजना पेंशन फंड रेग्युलेटरी तथा डेवलपमेंट अथॉरिटी के संरक्षण में राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) द्वारा संचालित की जा रही है. नेशनल सिक्यूरिटीज डिपॉजिटरी को एनपीएस के रिकॉर्ड के रख-रखाव हेतु सेंट्रल रिकॉर्ड कीपिंग एजेंसी के रूप में नियुक्त किया गया है. वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान बैंक द्वारा एनपीएस में ₹58.52 करोड़ (पिछले वर्ष 42.44 ₹ करोड़) का योगदान दिया गया.

9.1 वर्ष के दौरान विभिन्न दीर्घावधि कर्मचारी लाभ के लिये किये गये प्रावधानों के ब्यौरे निम्नानुसार हैं :

(₹ करोड़ में)

क्रम	अन्य दीर्घकालिक लाभ	31.03.2016	31.03.2015
1.	पेंशन	1149	1483
2.	अवकाश नकदीकरण	75	68
3.	अवकाश किराया रियायत	10	9
4.	बीमारी अवकाश	शून्य	शून्य

10वें द्विपक्षीय वेतन समझौते के अंतिम कार्यान्वयन पर वर्ष के दौरान बैंक द्वारा अपवाद मदों के रूप में ₹79 करोड़ का भुगतान किया गया, जिसमें पूर्व के वर्षों की वेतन की बकाया राशि शामिल है.

अपरिशोधित पेंशन व ग्रेच्युटी देयताएं : (पैरेंट बैंक)

(₹ करोड़ में)

विवरण		31.03.2016	31.03.2015
पेंशन			
ए)	लाभ-हानि खाते से प्रभारित किया गया	शून्य	338.00
बी)	आगे ले जाया गया	शून्य	-
ग्रेच्युटी			
ए)	लाभ-हानि खाते से प्रभारित किया गया	शून्य	65.00
बी)	आगे ले जाया गया	शून्य	-

10 लेखा मानक 17 के अनुसार क्षेत्रवार रिपोर्टिंग

10.1 क्षेत्रवार कारोबारः

(₹ करोड़ में)

क्षेत्रवारः कारोबार		स्टैंड अलोन					समेकित	
		समाप्त तिमाही			समाप्त वर्ष		समाप्त वर्ष	
		(लेखापरीक्षित)	(समीक्षित)	(लेखापरीक्षित)	(लेखापरीक्षित)		(लेखापरीक्षित)	
		31.03.16	31.12.15	31.03.15	31.03.16	31.03.15	31.03.16	31.03.15
(ए)	**क्षेत्रवारःराजस्व**							
1	ट्रेजरी परिचालन	2503.37	2567.08	2624.40	10177.19	9457.35	10177.19	9457.35
2	खुदरा बैंकिग परिचालन	3309.08	2363.45	2550.30	10221.26	10096.56	10221.26	10096.56
3	कॉर्पोरेट/ थोक बैंकिंग	3016.78	3824.94	4121.28	15236.62	15733.95	15236.62	15733.95
4	अन्य बैंकिंग परिचालन	78.98	63.56	98.76	264.76	342.36	264.76	342.36
5	गैर निर्धारित	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	419.56	514.44
	योग	**8908.21**	**8819.03**	**9394.74**	**35899.83**	**35630.22**	**36319.39**	**36144.66**
	अंतर क्षेत्र राजस्व घटायें	23.80	16.97	11.03	69.29	23.26	69.29	23.26
	कुल राजस्व	**8884.41**	**8802.06**	**9383.71**	**35830.54**	**35606.96**	**36250.10**	**36121.40**
(बी	**क्षेत्रवार परिणाम**							
1	ट्रेजरी परिचालन	619.96	646.88	641.87	2146.01	1902.99	2146.01	1902.99
2	खुदरा बैंकिग परिचालन	205.23	161.73	575.20	667.62	1216.99	667.62	1216.99
3	कॉर्पोरेट/ थोक बैंकिंग	-1014.94	-741.56	-624.56	-1173.31	-503.19	-1173.31	-503.19
4	अन्य बैंकिंग परिचालन	34.70	29.45	49.84	125.07	166.59	125.07	166.59
5	गैर निर्धारित	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	6.13	-25.92
	कर से पूर्व कुल लाभ	**(155.05)**	**96.50**	**642.35**	**1765.39**	**2783.38**	**1771.52**	**2757.46**
(सी)	आयकर	(251.18)	17.96	198.58	413.77	1001.74	415.08	1000.00

क्षेत्रवारः कारोबार		स्टैंड अलोन					समेकित	
		समाप्त तिमाही			समाप्त वर्ष		समाप्त वर्ष	
		(लेखापरीक्षित)	(समीक्षित)	(लेखापरीक्षित)	(लेखापरीक्षित)		(लेखापरीक्षित)	
		31.03.16	31.12.15	31.03.15	31.03.16	31.03.15	31.03.16	31.03.15
(डी)	**शुद्ध लाभ**	**96.13**	**78.54**	**443.77**	**1351.60**	**1781.64**	**1342.89**	**1757.46**
(ई)	**क्षेत्रवार आस्तियां**							
1	ट्रेज़री परिचालन	124187.02	125032.19	113440.55	124187.02	113440.55	124187.02	113440.55
2	खुदरा बैंकिंग परिचालन	93320.72	118148.19	107285.95	93320.72	107285.95	93320.72	107285.95
3	कॉर्पोरेट/ थोक बैंकिंग	183281.67	144431.52	156474.27	183281.67	156474.27	183281.67	156474.27
4	अन्य बैंकिंग परिचालन	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0
5	अनाबंटित आस्तियां	3906.49	3208.08	4415.16	3906.49	4415.16	6575.15	6368.18
	योग	**404695.90**	**390819.97**	**381615.93**	**404695.90**	**381615.93**	**407364.56**	**383568.95**
(एफ)	**क्षेत्रवार देयताएँ**							
1	ट्रेज़री परिचालन	117469.24	117914.52	107654.06	117469.24	107654.06	117469.24	107654.06
2	खुदरा बैंकिंग परिचालन	88934.90	112434.00	102760.57	88934.90	102760.57	88934.90	102760.57
3	कॉर्पोरेट/ थोक बैंकिंग	174667.92	137446.14	149874.09	174667.92	149874.09	174667.92	149874.09
4	अन्य बैंकिंग परिचालन	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0
5	गैर निर्धारित देयताएँ	732.63	950.89	1565.18	732.63	1565.18	3244.17	3381.06
6	पूंजी, आरक्षित एवं अधिशेष	22891.21	22074.43	19762.03	22891.21	19762.03	23048.33	19899.17
	योग	**404695.90**	**390819.97**	**381615.93**	**404695.90**	**381615.93**	**407364.56**	**383568.95**

टिप्पणियां:

i) बैंक चार क्षेत्रों यथाः ट्रेज़री, रिटेल, कार्पोरेट/ थोक बैंकिंग एवं अन्य बैंकिंग में परिचालन करता है . उत्पाद और सेवाओं की जोखिम प्रोफाइल और प्रकृति, लक्षित ग्राहक प्रोफाइल, बैंक की संगठनात्मक संरचना और आंतरिक रिपोर्टिंग प्रणाली पर विचार करने के बाद, क्षेत्रवार रिपोर्टिंग से संबंधित लेखा मानक (एएस) 17 के अनुसार इन क्षेत्रों की पहचान की गयी है. बैंक ने कारोबार क्षेत्र को प्राथमिक क्षेत्र के रूप में प्रकट किया है. विदेशी शाखा की इस अवधि की आय और अन्य पैरामीटर, (एएस)17 में बतायी गयी सीमा के अंतर्गत है. अतः बैंक का रिपोर्ट करने योग्य भौगोलिक क्षेत्र केवल एक ही है.

ii) सीधे तौर पर आबंटित न किये जा सकने योग्य आय, व्यय, आस्तियां और देयताएं उचित समझे जाने वाले अनुमानों के आधार पर रिपोर्ट किये जाने वाले क्षेत्रों में आबंटित कर दी गई हैं.

11 लेखा मानक-18 से संबंधित पार्टियों का प्रकटन (पैरेंट बैंक)

11.1 संबंधित पार्टियों की सूची

ए) सहायक कंपनियां:

- यूनियन केबीसी असेट्स मैनेजमेंट कंपनी प्राइवेट लिमिटेड
- यूनियन केबीसी ट्रस्टी कंपनी प्राइवेट लिमिटेड
- यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूके) लिमिटेड

बी) संयुक्त उपक्रम

- स्टार यूनियन दाई-ची लाईफ इंश्योरेंस कं. लि.

सी) **एसोसिएट**

- काशी गोमती संयुत ग्रामीण बैंक

डी) **प्रमुख प्रबंधन कार्मिक**

नाम	पदनाम	वर्ष 2015-16 के दौरान सेवा ग्रहण करने/ सेवानिवृत्त होने वाले
श्री अरुण तिवारी	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	लागू नही
श्री के. सुब्रमण्यम	कार्यपालक निदेशक	31 जुलाई, 2015 को सेवानिवृत्त
श्री राकेश सेठी	कार्यपालक निदेशक	लागू नही
श्री किशोर खरात	कार्यपालक निदेशक	14 अगस्त, 2015 को सेवा पूर्णता
श्री विनोद कथूरिया	कार्यपालक निदेशक	22 जनवरी, 2016 को कार्यग्रहण

वर्ष के दौरान जिन पार्टियों के साथ संव्यवहार प्रारंभ किए गए :

एएस- 18 के पैरा 9 के अनुसार संबंधित पार्टियां जो ''राज्य नियंत्रित उद्यमी'' हैं, के संबंध में किसी भी प्रकटीकरण की आवश्यकता नहीं है. आगे, एएस- 18 के पैरा 5 के अनुसार, बैकर- ग्राहक संबंध की प्रकृति के संव्यवहारों, जिसमे प्रमुख प्रबंधन कार्मिक और उनके रिश्तेदार भी शामिल हैं, को प्रकटित नही किया गया है

11.2 प्रमुख प्रबंधन कार्मिक - प्रदत्त पारिश्रमिक

(₹ करोड़ में)

विवरण	**31.03.2016**	**31.03.2015**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को भुगतान किया गया पारिश्रमिक	#0.28	0.20
कार्यपालक निदेशक को भुगतान किया गया पारिश्रमिक	#0.44	0.39
योग	0.72	0.59

वर्ष के दौरान बैंक द्वारा अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा कार्यपालक निदेशकों को भुगतान की गई कार्य निष्पादन आधारित प्रोत्साहन राशि क्रमशः 0.06 करोड व ₹0.08 करोड भी शामिल है.

12 प्रति शेयर अर्जन (एएस-20)

बैंक ने 'प्रति शेयर आय' पर लेखा मानक 20 के अनुसार बेसिक आय प्रति इक्विटी शेयर रिपोर्ट किया है. बेसिक आय प्रति शेयर की गणना वर्ष के दौरान कर बाद के शुद्ध लाभ को बकाया भारित औसत शेयरों की संख्या से विभाजित करके की जाती है.

क्र.	**विवरण**	**31.03.2016**	**31.03.2015**
i	मूल एवं डाइल्यूटेड ईपीएस (₹)	20.50	27.67
ii	इक्विटी शेयरधारकों को कर के बाद उपलब्ध शुद्ध लाभ (₹ करोड में)	1356.44	1752.18
iii	इक्विटी शेयरों की भारित औसत (संख्या करोड़ में)	66.18	63.33
iv	प्रति शेयर नॉमिनल मूल्य (₹)	10.00	10.00

13 आस्थगित कर (एस 22)

(₹ करोड़ में)

क्र.	**विवरण**	**31.03.2016**	**31.03.2015**
	आस्थगित कर आस्ति		
1	निवेश पर प्रीमियम का परिशोधन	187.71	234.25
2	कर्मचारी लाभ	266.59	328.89
3	पूर्व वर्षो में दावाकृत, वर्ष के दौरान विक्रित निवेशों पर मूल्यह्रास	60.35	15.73
4	अवकाश नकदीकरण	83.89	57.93

क्र.	विवरण	31.03.2016	31.03.2015
5	अन्य प्रावधानों के लिए	1435.06	477.18
6	कर क्रेडिट तथा अप्रयुक्त हानि के लिए	3.04	3.05
	योग	**2036.64**	**1117.03**
	आस्थगित कर देयताएं		
1	निवेश के मूल्य में ह्रास हेतु प्रावधान	91.23	66.15
2	अचल संपत्तियों पर मूल्य ह्रास	29.24	35.68
3	प्रतिभूतियों के मूल्य में कमी के लिए प्रावधान	607.89	641.15
4	धारा 36 (i) (viii) के अंतर्गत विशेष रिजर्व	889.69	823.24
	योग	**1618.05**	**1566.22**
	शुद्ध आस्थगित कर आस्तियां	418.59	-
	शुद्ध आस्थगित कर देयताएं	**-**	**449.19**

14 पैरेंट तथा सहायक कंपनियों के पृथक वित्तीय विवरणों में प्रकट की गई अतिरिक्त जानकारियों का समेकित वित्तीय विवरण (सीएफ़एस) के निष्पक्ष तथा उचित दृष्टिकोण से कोई संबंध नहीं है तथा जो मदे महत्वपूर्ण नहीं हैं, उनसे संबन्धित जानकारियां भी सीएफ़एस में नहीं प्रकट की गई हैं.

15 वर्ष के दौरान पैरेंट बैंक द्वारा बाहरी स्वतंत्र मूल्यांकन कर्ताओं की रिपोर्ट के आधार पर परिसर का पुनर्मूल्यांकन कराया गया तथा मूल्यांकन को बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया है. पुनर्मूल्यांकन से उत्पन्न आधिक्य राशि ₹1213.10 करोड़ की राशि 'आरक्षिती व आधिक्य' के अंतर्गत 'पुनर्मूल्यांकन आरक्षितीट के रूप में दर्शाई गयी गई है तथा इसकी गणना आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुसार टियर I पूंजी में भी की गई है.

16 जहां- कहीं आवश्यक है, पिछले वर्ष के आंकड़ों को पुनर्समूहित/ पुनर्व्यवस्थित किया गया है.

अनुसूची 1 से 18 के हस्ताक्षरकर्ता

(धीरेन्द्र जैन)
सहायक महाप्रबंधक

(विवेक कामत)
महाप्रबंधक

(विनोद कथूरिया)
कार्यपालक निदेशक

(राकेश सेठी)
कार्यपालक निदेशक

(अरुण तिवारी)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

(मिहिर कुमार)
निदेशक

(अनिल कुमार मिश्रा)
निदेशक

(जग मोहन शर्मा)
निदेशक

(डॉ. के रमेश)
निदेशक

(डॉ. आर. एच. ढोलकिया)
निदेशक

(जी. के. लाठ)
निदेशक

(डॉ. उत्तम कुमार सरकार)
निदेशक

हमारी उक्त तिथि की संलग्न रिपोर्ट के अनुसार.

कृते जे. गुप्ता एंड कं.
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. 314010ई

(एन. सी. कोनार)
भागीदार
(एम.सं.052892)

कृते जी. पी. कापड़िया एंड कं.
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं.104768डब्ल्यू

(निमेश भिमानी)
भागीदार
(एम. सं. 030547)

कृते अश्वनी एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. 000497एन

(संजीव नारायण)
भागीदार
(एम. सं. 084205)

कृते जीबीसीए एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. 103142डब्ल्यू

(योगेश अमल)
भागीदार
(एम. सं. 111636)

कृते सुंदर श्रीनी एंड श्रीधर
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. 004201एस

(टी एस सदाशिवम)
भागीदार
(एम. सं. 081684)

कृते पी. ए. एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं.313085ई

(दिलीप अग्रवाल)
भागीदार
(एम. सं. 055420)

स्थान : मुंबई
दिनांक : 26 मई, 2016.

31 मार्च 2016 को समाप्त वर्ष का नकदी प्रवाह विवरण

(₹ लाख में)

क्र.सं	विवरण	समाप्त वर्ष 31.03.2016	समाप्त वर्ष 31.03.2015
ए	**परिचालन कार्यो से नकदी प्रवाह :**		
	कर से पहले निवल लाभ / (हानि)	17,71,52	27,57,46
	के लिए समायोजन		
	अचल आस्तियो पर मूल्य हास	2,48,98	2,25,12
	निवेश आस्तियो पर मूल्य हास	1,55,02	1,20
	गैर निष्पादित आस्तियो के लिए प्रावधान	46,55,03	26,63,78
	मानक आस्तियो के लिए प्रावधान	(9,34,82)	3,34,90
	अन्य प्रावधान	6,94	41,25
	अचल आस्तियो की बिक्री अथवा निपटान पर लाभ / (हानि)	1,79	39
	स्टाफ संबंधी व्यय हेतु प्रावधान	84,04	2,85,18
	सहायक कंपनियों की आय में हिस्सा	(4,52)	(13,42)
	अल्पमत हित में वृद्धि/(कमी)	(9,03)	(10,36)
	उप योग	**59,74,95**	**62,85,50**
	निम्न के लिए समायोजन		
	जमाराशियों में वृद्धि / (कमी)	2,66,67,17	1,97,99,28
	उधार में वृद्धि / (कमी)	(35,28,32)	23,77,16
	अन्य देयताओं और प्रावधानों में वृद्धि / (कमी)	2,84,04	4,61,42
	निवेश में (वृद्धि) / कमी	(49,10,08)	(8,14,26)
	अग्रिमो में (वृद्धि) / कमी	(1,69,83,47)	(2,94,80,23)
	अन्य आस्तियों में (वृद्धि) / कमी)	15,59,11	(16,06,12)
	प्रदत्त प्रत्यक्ष कर (रिफंड का निवल)	(7,89,26)	(5,90,23)
	परिचालन कार्यो से निवल नकदी प्रवाह (ए)	**82,74,14**	**(35,67,48)**
बी	**निवेश कार्यो से नकदी प्रवाह :**		
	अचल आस्तियों की खरीद	(15,87,66)	(3,46,10)
	अचल आस्तियों की बिक्री	7,02,32	4,33
	सहायक कंपनियों की आय में हिस्सा	4,52	13,42
	अल्पमत हित में वृद्धि/(कमी)	9,03	10,36
	निवेश कार्यो से निवल नकदी प्रवाह (बी)	**(8,71,79)**	**(3,17,99)**
सी	**वित्तपोषण कार्यो से नकदी प्रवाह :**		
	परपेचुअल गैर संचयी प्रिफरेन्स शेयरों का कनवर्जन	0	(1,11,00)
	वीएनसीपीएस के कनवर्शन के पेटे जारी इक्विटी शेयर	0	5,47
	वरीयता आधार पर भारत सरकार को इक्विटी शेयर जारी करना	51,66	0
	प्राप्त प्रतिभूति प्रीमियम (शेयर निर्गम व्यय को घटाकर)	10,27,26	1,05,42
	आईपीडीआई, गौण बांड और अपर टायर II बांड जारी करने से आगम	(10,03,06)	34,74,61
	लाभांश का भुगतान (अंतरिम और अंतिम लाभांश कर सहित)	(4,64,41)	(3,06,66)
	वित्तपोषण कार्यो से निवल नकदी प्रवाह (सी)	**(3,88,55)**	**31,67,84**

क्र.सं	विवरण	समाप्त वर्ष 31.03.2016	समाप्त वर्ष 31.03.2015
	नकदी और नकदी समकक्ष में निवल वृद्धि / (कमी) (ए) + (बी) + (सी)	70,13,80	(7,17,63)
	वर्ष के आरंभ में नकदी और नकदी समकक्ष	2,26,03,01	2,33,20,64
	वर्ष के अंत में नकदी और नकदी समकक्ष	**2,96,16,81**	**2,26,03,01**
डी	**वर्ष के आरंभ में नकदी और नकदी समकक्ष**		
	नकदी और रिजर्व बैंक के पास जमा शेष (विदेशी मुदा नोटों सहित)	1,50,63,87	1,84,19,98
	बैंकों के पास जमा और मांग पर देय जमा	75,39,14	49,00,66
	वर्ष के आरंभ में नकदी और नकदी समकक्ष	**2,26,03,01**	**2,33,20,64**
ई	**वर्ष के अंत में नकदी और नकदी समकक्ष**		
	नकदी और रिजर्व बैंक के पास जमा शेष (विदेशी मुदा नोटों सहित)	1,56,06,92	1,50,63,87
	बैंकों के पास जमा और मांग पर देय जमा	1,40,09,89	75,39,14
	वर्ष के अंत में निवल नकदी और नकदी समकक्ष	**2,96,16,81**	**2,26,03,01**

(विनोद कथूरिया)
कार्यपालक निदेशक

(राकेश सेठी)
कार्यपालक निदेशक

(अरुण तिवारी)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

लेखा परीक्षकों का प्रमाणपत्र :

हम यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के अधोहस्ताक्षरी लेखा परीक्षकों ने 31.03.2016 को समाप्त वर्ष के लिये बैक के उपर्युक्त नकदी प्रवाह विवरण का सत्यापन किया है. यह विवरण इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी एएस-3, नकदी प्रवाह विवरण के अनुरूप अप्रत्यक्ष पद्धति तथा स्टॉक एक्सचेंज के लिस्टिंग करार के खंड 32 की अपेक्षाओं के अनुसार तैयार किया गया है और सदस्यों को 26 मई, 2016 की हमारी रिपोर्ट में सम्मिलित बैंक के लाभ हानि खाते तथा तुलन पत्र पर आधारित और उसके अनुरुप है.

कृते जे. गुप्ता एंड कं.
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. 314010ई

(एन. सी. कोनार)
भागीदार
(एम.सं.052892)

कृते जी. पी. कापड़िया एंड कं.
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं.104768डब्ल्यू

(निमेश भिमानी)
भागीदार
(एम. सं. 030547)

कृते अश्वनी एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. 000497एन

(संजीव नारायण)
भागीदार
(एम. सं. 084205)

कृते जीबीसीए एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. 103142डब्ल्यू

(योगेश अमल)
भागीदार
(एम. सं. 111636)

कृते सुंदर श्रीनी एंड श्रीधर
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. 004201एस

(टी एस सदाशिवम)
भागीदार
(एम. सं. 081684)

कृते पी. ए. एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं.313085ई

(दिलीप अग्रवाल)
भागीदार
(एम. सं. 055420)

स्थान : मुंबई
दिनांक : 26 मई, 2016.

जोखिम प्रबंधन

पूंजी नियमन बेसल III के अंतर्गत प्रकटन - पिलर III

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा बेसल III, पूंजी नियमन पर जारी मास्टर परिपत्र दिनांक 01 जुलाई, 2015 के अनुसार बैंकों के लिए बेसल III, पूंजी अपेक्षाओं के तहत पिलर III प्रकटन करना आवश्यक है. बैंक द्वारा ये प्रकटन किये गये हैं, जो बैंक की वेबसाइट पर निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध हैं

http://www.unionbankofindia.co.in/pdf/Basel-III_Disclosures_mar16.pdf

कारोबारी उत्तरदायित्व रिपोर्ट वि. व. 2015-16

अनुभव ए - कंपनी के बारे में सामान्य जानकारी

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की स्थापना 11 नवंबर 1919 में हुई थी. जिसका प्रधान कार्यालय मुंबई में है. मुंबई स्थित बैंक के प्रधान कार्यालय का उद्घाटन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा सन् 1921 में किया गया था. पिछले 96 वर्षों में बैंक ने लगातार तेजी से वृद्धि और विकास किया है जो इस बात का प्रतीक है कि बैंक द्वारा बिना अवसर गंवाये विवेकपूर्ण तरीके से प्रबंधन किया जाता है. उत्पादक क्षेत्रों को ऋण देते समय बैंक का ध्यान कारोबारी गुणात्मक विकास पर केंद्रित रहता है तथा साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाता है कि आस्ति गुणवत्ता कमजोर न हो. इससे मुख्य कारोबारी पैरामीटरों पर बैंक का कार्यनिष्पादन वर्ष-दर-वर्ष बेहतर होता रहा है. इस समय बैंक की कुल 4196 घरेलू शाखाएं तथा 6883 एटी एम हैं.

डी आई एफ सी दुबई, हांग-कांग,सिडनी व एंटवर्प में बैंक की चार अंतरराष्ट्रीय पूर्ण विकसित शाखायें हैं और इसके अलावा शंघाई, बीजिंग तथा अबूधाबी में स्थित 3 प्रतिनिधि कार्यालय हैं. बैंक अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूके) लिमि. के माध्यम से लंदन में परिचालन करती. बैंक में कुल स्टाफ संख्या 35473 है जो बैंक के मूल्यों और व्यवसाय को ध्यान में रखते हुये कार्यरत हैं.

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने 29 मार्च,2016 को सिडनी , आस्ट्रेलिया में अपनी चौथी विदेशी शाखा खोली. इसका उद्घाटन यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री अरूण तिवारी की उपस्थिति में भारत के वित्त मंत्री माननीय श्री अरूण जेटली द्वारा किया गया.

बैंक प्राथमिक रूप से अपने ग्राहकों को बैंकिंग तथा वित्तीय सेवायें प्रदान कर रहा है और बैंक के अधिकांश उत्पाद एवं सेवाएं मुख्यतः तीन श्रेणियों में वर्गीकृत हैः-

1. जमाराशियां,
2. ऋण एवं अग्रिम तथा
3. विप्रेषण एवं संग्रहण

बैंक की गतिविधियां सांख्यिकीय एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित राष्ट्रीय औद्योगिक वर्गीकरण (सभी आर्थिक गतिविधियां) 2008'' समूह के - वित्तीय एवं बीमा गतिविधियां'' के गतिविधि कोड -6419 के अंतर्गत आती हैं. तकनीक को अपनाने में बैंक अग्रणी रहा है तथा इसकी शत-प्रतिशत शाखायें कम्प्यूटराईज़्ड हैं. बैंक ने सभी शाखाओं में कोर बैकिंग सोल्यूशन लागू किया है तथा नेटवर्किंग के माध्यम से शाखाओं को आपस में जोड़ रखा है. बैंक का शत-प्रतिशत कारोबार कोर बैंकिंग सोल्यूशन के अंतर्गत है

बैंक के बारे में अन्य उपयोगी जानकारी निम्नानुसार हैः-

कम्पनी की कारपोरेट पहचान संख्या (सी आई एन)	लागू नहीं
पंजीकृत पता	यूनियन बैंक भवन, 239, विधान भवन मार्ग,नरीमन पॉइंट, मुंबई-400 021.
वेबसाईट	http://www.unionbankofindia.co.in
ई-मेल आई डी	busresponsehead@unionbankofindia.com
वित्तीय वर्ष	2015 -16

अनुभाग बी- कम्पनी के वित्तीय ब्यौरे

रिपोर्टिंग वर्ष के बैंक के वित्तीय ब्यौरे निम्नानुसार हैं:

पेड अप कैपिटल	₹ 687 करोड़
कुल जमाराशियां	₹ 342720 करोड़
कुल अग्रिम	₹ 277725 करोड़
कर पश्चात लाभ	₹ 1352 करोड़
कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर) पर कुल खर्च	₹ 6.98 करोड़
कर पश्चात प्राप्त लाभ में से सी एस आर पर खर्च का प्रतिशत (%)	0.52%

कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्वः

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के उद्देश्य के प्रति प्रतिबद्ध है तथा अपने कारोबारी मॉडल में सामाजिक एवं सामुदायिक विकास हेतु विभिन्न पहलुओं को सम्मिलित करता है. बैंक द्वारा *यूनियन बैंक सामाजिक फाउंडेशन* नामक ट्रस्ट की स्थापना की गई है जो कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व से सबंधित क्रियाकलापों को संचालित करता है. इस ट्रस्ट के माध्यम से बैंक विभिन्न विकासात्मक क्रियाकलापों से लोगों को सक्षम बना रहा है

2015-16 में बैंक ने सीएसआर पर ₹ 6.98 करोड़ खर्च किया. रिपोर्टिंग वर्ष के दौरान बैंक द्वारा सी एस आर के अंतर्गत किये गये कुछ चुनिंदा प्रयासों में निम्नलिखित भी शामिल हैं:

2015-16 में सीएसआर के अंतर्गत की गयी कुछ नयी पहल की सूची:

- o ऐरोली, मुंबई में दिब्यांग व्यक्तियों के लिए समन्वित पुनर्वास केंद्र की चौथी मंजिल के निर्माण के लिए दान
- o सांताक्रूज, मुंबई में शारीरिक रूप से दिब्यांग लड़कों के लिए स्कूल बस हेतु चंदा.
- o महावीर विकलांग, जयपुर के माध्यम से शारीरिक रूप से दिब्यांग व्यक्तियों के लिए कृत्रिम अंग हेतु दान.
- o गवर्नमेंट मूक एवं बधिर स्कूल, रायपुर के लिए स्कूल बस तथा दो औडियो मेट्रिक साउंड प्रूफ मोबाइल रूम हेतु दान.
- o श्रवण बाधित एवं मानसिक दिब्यांग स्कूल, ईगतपुरी के लिए सोलर सिस्टम तथा लूम हेतु दान.
- o फिजिओथिरेपी उपकरण एवं दवाओं के लिए हेमोफीलिया सोसाइटी, वाराणसी को दान.

- सुमिता कैंसर सोसाइटी,सिलीगुड़ी(पश्चिम बंगाल) को वाहन एवं चिकित्सा उपकरण हेतु दान.
- सेंचुरियन यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नालाजी एंड मैनेजमेंट को वूड लैब की स्थापना हेतु दान.
- जबलपुर की मलिन बस्तियों के उपयोग के लिए वाटर टैंकर तथा सफाई के लिए वाहन की खरीद हेतु दान.
- उत्तर प्रदेश में सोलर लाइट लगाने एवं एसएजी ग्रामों के लिए हैंड पंप की खुदाई के लिए दान
- सेंट थॉमस हॉस्पिटल एंड लेपरोसी सेंटर, चेतुपट्टु, तमिलनाडु को पैथालाजिकल उपकरणों की खरीद हेतु दान.

अनुभाग सी- अन्य ब्यौरे:

बैंक की तीन सब्सीडियरी हैं-(यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूके) लि., ''यूनियन के बी सी आस्ति प्रबंधन कंपनी प्राईवेट लिमिटेड'' तथा यूनियन के बी सी ट्रस्टी कंपनी प्राईवेट लिमिटेड)' बैंक का एक संयुक्त उपक्रम (स्टार यूनियन दाई-ईची लाईफ इन्श्योरेंस कंपनी लिमिटेड) है तथा एक सहयोगी - काशी गोमती संयुक्त ग्रामीण बैंक है. बैंक की सब्सीडियरी व साथ ही इसके भागीदार जिम्मेदारीपूर्वक कारोबार करती हैं. बैंक अपनी सब्सीडियरी तथा कारोबारी भागीदारों को कारोबारी उत्तरदायित्व के निर्वहन हेतु यथावश्यक ज्ञान तथा सहयोग प्रदान करने हेतु वचनबद्ध है.

अनुभाग डी- बी आर संबंधी सूचना

कारोबार उत्तरदायित्व संबंधी गवर्नेंस

कारोबार दायित्व से संबंधित नीति / नीतियों की अनुपालना हेतु जिम्मेदार निदेशक:

डी आई एन नंबर	03567831
नाम	श्री राकेश सेठी
पदनाम	कार्यपालक निदेशक

कारोबारी उत्तरदायित्व के प्रमुख के ब्यौरे:

डी आई एन नंबर (यदि लागू हो)	लागू नहीं
नाम	श्रीमती हेमलता राजन
पदनाम	महाप्रबंधक, वैयक्तिक बैंकिंग एवं परिचालन विभाग, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई.
दूरभाष	022-22896601
ई-मेल आई डी	gmpbod@unionbankofindia.com

कारोबार उत्तरदायित्व संबंधी रिपोर्ट के बारे में

बी आर रिपोर्ट प्रकाशित करने का यूनियन बैंक का यह चौथा वर्ष है. चूंकि यह एक विनियामक आवश्यकता है, अतः इसे हर वर्ष वार्षिक रिपोर्ट के साथ ही प्रकाशित किया जायेगा. वर्तमान समय में बैंक के बी आर संबंधी कार्यनिष्पादन का मूल्यांकन स्थायी विकास तथा सी एस आर समिति द्वारा किया जाता है. बैंक की बी आर रिपोर्ट हमारी वेबसाईट पर निम्नलिखित लिंक पर देखी जा सकती है:

Main Page > About Us > Sustainable Development

सिद्धान्तवार (एनवीजी के अनुसार) बीआर पॉलिसी/पॉलिसियाँ(जवाब-हाँ/नहीं में)

क्र.	प्रश्न	राष्ट्रीय एच्छिक दिशानिर्देश के सिद्धांत (एन वी जी)								
			2	3	4	5	6	7	8	9
1	क्या सिद्धांत/तों हेतु आपकी कोई पॉलिसी/ पॉलिसियां है ?	जी हां								
2	क्या पॉलिसी संबंधित स्टेकहोल्डरों के परामर्श से तैयार की जाती है ?	जी हाँ								
3	क्या आपकी पॉलिसी किन्हीं राष्ट्रीय/ अंतराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हैं ? यदि हाँ तो विनिर्दिष्ट (करें) (50 शब्द)	जी हाँ, बैंक की स्थायी विकास एवं सी एस आर नीति, कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा कारोबारी सामाजिक, पर्यावरणीय तथा आर्थिक उत्तरदायित्वों के संबंध में जारी किये गये राष्ट्रीय स्वैच्छिक दिशानिर्देशों पर आधारित है.								
4	क्या नीति का अनुमोदन निदेशक मंडल द्वारा किया गया है ? यदि हाँ तो क्या यह प्रबंध निदेशक/स्वामी/सी ई ओ/ सक्षम निदेशक द्वारा हस्ताक्षरित है ?	जी हाँ, स्थायी विकास एवं सी एस आर नीति निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित व प्रबंध निदेशक द्वारा हस्ताक्षरित है.								
5	नीति के कार्यान्वयन के पर्यवेक्षण के लिये क्या निदेशक मंडल की कोई समिति/निदेशक या कोई अधिकारी है ?	जी हाँ								
6	इस नीति को ऑनलाईन देखने के लिये लिंक बतायें	Main Page>About Us>Sustainable development								
7	क्या नीति को औपचारिक रूप से आंतरिक तथा बाह्य स्टेकहोल्डरों में परिचालित किया गया है ?	जी हाँ, पॉलिसी वेब साईट पर अपलोड की गई है. तथापि पॉलिसी के संबंध में जागरूकता लाने के लिये भविष्य में विभिन्न स्तरों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे.								
8	क्या पॉलिसी/पॉलिसियां लागू करने के लिये इन-हाउस व्यवस्था है ?	जी हाँ								
9	क्या बैंक में स्टेकहोल्डरों की पॉलिसी/ पॉलिसियों संबंधी शिकायतों के निस्तारण हेतु कोई प्रणाली है ?	जी हां								

10	क्या पॉलिसी के क्रियान्वयन के संबंध में बैंक द्वारा स्वतंत्र रूप से आंतरिक या बाहरी एजेंसी द्वारा लेखापरीक्षा/ मूल्यांकन करवाया गया है ?	वर्तमान समय में बैंक के बी आर संबंधी कार्यनिष्पादन का मूल्यांकन एसडी तथा सी एस आर समिति द्वारा किया जाता है जिसकी बैठक तिमाही अंतराल पर आयोजित होती है. किंतु आगे से, कार्यनिष्पादन के बाहरी मूल्यांकन हेतु यह कार्य किसी बाहरी एजेंसी को सौंपा जायेगा जो आवधिक अंतराल पर अपना कार्य करेगी.

अनुभाग ई - सिद्धांतवार कार्यनिष्पादन

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सामाजिक उत्तरदायित्व के तौर पर अपने कारोबार का परिचालन एवं विकास करने हेतु प्रतिबद्ध है. बैंक का मानना है कि जो कारोबार, नागरिकों के प्रत्यक्ष मुद्दों एवं पर्यावरण आवश्यकताओं दोनो से सरोकार रखेगा, दीर्घावधि में वही कारोबार समृद्धि करेगा.

बैंक विजन की मूल धारणा है कि इसके अपने कारोबार में वृद्धि हो, जबकि पर्यावरण प्रभावित न हो व सकारात्मक सामाजिक प्रभाव में वृद्धि हो. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया विभिन्न सीएसआर कार्यक्रमों के माध्यम से इसे पूरा करने हेतु वचनबद्ध है. बैंक का लक्ष्य लोगों के स्वास्थ्य एवं उनकी समृद्धि में वृद्धि,पर्यावरणीय प्रतिकूलता को कम करने कारोबार में वृद्धि के साथ ही उनकी आजीविका में वृद्धि में सहायता प्रदान करना है.

रिपोर्ट में राष्ट्रीय ऐच्छिक दिशानिर्देश के सिद्धान्त(एनवीजी) के नौ सिद्धांतों में से प्रत्येक के अधीन संचालित की जा रही गतिविधियों का सिंहावलोकन दिया गया है.

सिद्धांत 1- सुदृढ़ कॉरपोरेट गवर्नेंस

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को अपने कुशल गवर्नेंस पर गर्व है जो कि इसके संस्थापकों की दूर दृष्टि व वास्तव में बाद के नेतृत्वकर्ताओं, जिन्होनें इस परम्परा को आगे बढ़ाते हुए इन वर्षों में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को बैंकिंग उद्योग मे अग्रणी बनाया है. बैंक की कार्रवाई मूल्यों व सिद्धांतों के आधार पर नियंत्रित होती है, जिसे बैंक के भीतर सभी स्तर के कर्मचारियों द्वारा सुदृढ बनाया जाता है. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया अपने कार्यों को नीति सम्मत तथा लागू संहिता के अनुपालन के अनुरूप करते हुए सुदृढ़ कारपोरेट गवर्नेंस की ओर अग्रसर होने के लिए प्रतिबद्ध है.

बैंक द्वारा कारपोरेट गवर्नेंस के प्रति सिद्धान्त आधारित रवैया अपनाते हुए यह सुनिश्चित किया जाता है कि बैंक द्वारा ऐसा मजबूत एवं प्रभावी कारपोरेट गवर्नेंस प्रदान किया जाय जिसे निवेशकों का सम्मान प्राप्त हो. कारपोरेट गवर्नेंस के एक भाग के रूप में बैंक में बोर्ड के निदेशकों तथा वरिष्ठ प्रबंधन के लिए एक आचार संहिता है. यह आचार संहिता उन सिद्धांतों का प्रतिपादन करती है जिनसे मार्गदर्शित होकर बैंक अपने बहुसंयोजक स्टेकहोल्डरों,सरकार,मीडिया,विनियामक एजेंसियों तथा उस हर घटक के साथ, जिससे बैंक जुड़ा हुआ है, के साथ अपना दैनंदिन कारोबार करता है. यह संहिता इस बात को दर्शाती है कि बैंक आम जनता के धन का मात्र ट्रस्टी एवं अभिरक्षक है तथा अपने ऊपर किये जाने वाले जनता के विश्वास एवं सौंपी गई जिम्मेदारियों को पूरा करता है और बैंक को व्यापक तौर पर जनता का यह विश्वास तथा भरोसा बनाये रखना होगा.

यह संहिता निम्नलिखित अपेक्षायें और आशायें करती है -

- वैयिक्तक एवं व्यवसायिक संबंधों के बीच में होने वाले वास्तविक एवं प्रत्यक्ष परस्पर विरोधों को पारदर्शी नैतिक प्रक्रियाओं के माध्यम से हल करने के दौरान ईमानदारी व नैतिकता के उच्चतम सिद्धांतों का अनुपालन.
- सरकार तथा विनियामनक एजेंसियों के समक्ष आवधिक रूप से प्रस्तुत की जाने वाली रिपोर्टों में पूर्ण,निष्पक्ष,परिशुद्ध,तर्कसंगत,समयबद्ध तथा अर्थपूर्ण घोषणा.
- अपने ऊपर लागू कानूनों,नियमों और विनियमों का अनुपालन.
- बैंक की आस्तियों और संसाधनों के दुरूपयोग एवं त्रुटिपूर्ण उपयोग को रोकना.
- बैंक के भीतर तथा बाहर उच्चस्तरीय गोपनीयता एवं सद्व्यवहार.

कारोबारी सिद्धांतों की संहिता बैंक के मूल्यों का अभिवर्धित अंश है जो कारोबारी परिचालनों के दौरान बैंक की कारोबार संबंधी नैतिक प्रथाओं के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है. यह संहिता उन मानकों का भी निर्धारण करती है जो बैंक पर लागू विधिक अपेक्षाओं से संबंधित होते हैं तथा साथ ही कुछ ऐसे मामलों से संबंधित मानकों का भी निर्धारण करती है जो बैंक के कार्यक्षेत्र से बाहर होते हैं.

यूनियन बैंक को 'कारपोरेट संवर्ग में प्रतिष्ठित प्रथम सर्वश्रेष्ठ सतर्कता उत्कृष्टता पुरस्कार (2015-16)' प्राप्त हुआ

नेवेली लिग्नाइट कार्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष श्री एस. के. आचार्य, से पुरस्कार प्राप्त करने हुए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अतुल कुमार.

बैंक अपनी वार्षिक रिपोर्ट के साथ कार्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट भी प्रकाशित करता है. बैंक के सभी अधिकारी / कर्मचारियों पर निम्नलिखित नीतियां लागू हैं:

- यूनियन बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी कर्मचारी (व्यवहार) विनियम 1976.
- यूनियन बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन एवं अपील) विनियम 1976.
- द्विपक्षीय समझौता/भारतीय बैंक संघ के विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों के माध्यम से प्रबंधन तथा विभिन्न कर्मचारी संगठनों/संघों के प्रतिनिधियों

द्वारा हस्ताक्षरित संयुक्त नोट

- स्थायी विकास एवं कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व नीति

विगत वर्षो के दौरान बैंक को इसकी अच्छी कॉरपोरेट नीतियों के लिये बहुत सारे प्रतिष्ठा-पत्र एवं सम्मान मिले हैं. पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान, व्हिशिल ब्लोवर पॉलिसी के अंतर्गत 5 शिकायतें प्राप्त हुई थीं और सभी का संतोषजनक ढंग से समाधान कर दिया गया है.

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा निवारक सतर्कता पर लघु फिल्म जारी की गयी

सार्वजनिक क्षेत्र की सभी वित्तीय संस्थाओं की ओर से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 'सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी का महत्व' थीम पर 'सावधानी हटी-दुर्घटना घटी' नामक एक लघु फिल्म की संकल्पना एवं निर्माण किया गया जिसे सतर्कता आयुक्त श्री टी. एम. भसीन द्वारा मुंबई में आयोजित एक समारोह में जारी किया गया.

सिद्धांत 2- टिकाऊ उत्पाद एवं सेवायें

यूनियन बैंक का मुख्य लक्ष्य ग्राहकों को ऐसे उत्पाद और सेवायें प्रदान करना है जो मौजूदा मूलभूत ढांचे में ही नवोन्मेषण का पुट लिये हुये हों एवं जो ग्राहकों को प्रासंगिक लगें, पर्यावरण के लिए कम से कम हानिकारक हों तथा जिनसे अधिकतम आर्थिक एवं सामाजिक उपयोगिता प्राप्त की जा सके.

बैंक की कारोबारी नीतियां चयनित क्षेत्रों में बैंक के कारोबार को संगठित करने,कोर एवं खुदरा कारोबार पर केंद्रित करने,सार्थक वित्तीय समावेशन हेतु प्रयास करने, प्रणालियों और नियंत्रण को मजबूत बनाने की ओर केंद्रित हैं. बैंक की रणनीतियुक्त अवस्थिति,नयी तकनीक के साथ अपने ग्राहकों तक पहुंच के नये तरीके इज़ाद करना तथा ग्राहकों के साथ अपने संबंधों को प्रगाढ़ बनाना- आदि वरीयतायें हैं जिन पर प्रमुख रूप से बैंक द्वारा जोर दिया जा रहा है. देश के विकास के भागीदार के रूप में, बैंक अर्थव्यवस्था के सभी बड़े-छोटे संघटकों, एम एस एम ई,निर्यात, व्यापार,कृषि, मूलभूत ढांचे या वैयिक्तक संवर्ग आदि- विभिन्न क्षेत्रों को उनकी आवश्यकतानुसार अग्रिम प्रदान करता है. बैंक वित्तीय वंचन से प्रभावित संवर्गों को वित्तीय समावेशन के अंतर्गत लाने के लिये सार्थक प्रयास करने में अग्रणी रहा है. बैंक द्वारा किये इन प्रयासों को बैंक की कारपोरेट वेबसाईट पर देखा जा सकता है.

मोबाईल बैंकिंग की सुविधा प्रदान करने में यूनियन बैंक सार्वजनिक क्षेत्र का अग्रणी बैंक रहा है. इस सुविधा से बैंक के ग्राहक चलते-चलते भी निधियों का अंतरण कर सकते हैं. यह समय की बचत के साथ-साथ निधियों के अंतरण की लागत को भी कम करता है. बैंक द्वारा कुछ ऐसे नवोन्मेषी उत्पाद भी लाये गये हैं जो विकलांगों के लिये तो लाभदायक हैं ही किंतु पर्यावरण संरक्षण तथा समाज की भलाई से भी जुड़े हैं. इनमें से कुछ निम्नलिखित हैं:

1. आईआरसीटीसी यूनियन बैंक वर्चुअल प्रीपेड कार्ड- कार्ड ऑनलाइन जनरेट किया जाता है तथा कार्ड के सभी ब्यौरे यथा कार्ड नं., पीआईएन, सीवीवी तथा समाप्ति तिथि ग्राहक को मेल के द्वारा भेजी जाती है . कार्ड के ब्यौरे का उपयोग ग्राहक द्वारा रेलवे टिकट बुक करने तथा ऑनलाइन शॉपिंग के लिए किया जा सकता है. चूंकि कार्ड वर्चुअल कार्ड है, इसमें प्लास्टिक प्रिंटिंग शामिल नहीं हैं तथा कागज की पीआईएन जनरेट करने की भी आवश्यकता नहीं है.

2. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा मोबाइल आधारित खाता खोलने की सुविधा 'यूनियन सेल्फी' शुरू की गयी है जिसके द्वारा संभावित ग्राहक एक एप्प के माध्यम से अपना बचत बैंक खाता खोल सकता है. इस सुविधा के द्वारा, एक संभावित ग्राहक अपना आधार कार्ड, पैन कार्ड स्कैन करके तथा अपने स्मार्ट फोन के माध्यम से 'सेल्फी' अपलोड करके बचत खाता खोल सकता/ती है.
3. बैंक ने टेक सेवी ग्राहकों को लक्ष्य करके वित्तीय वर्ष के दौरान 'ऑनलाइन खाता खोलने' की सुविधा शुरू की है. इस वेब आधारित बचत बैंक खाता खोलने की सुविधा के माध्यम से संभावित ग्राहक बैंक की वेबसाइट पर जाकर अपना खाता खोल सकता/ती है.
4. देश में गरीब महिलाओं के उत्थान के लिए एसएचजी- बैंक लिंकेज कार्यक्रम के माध्यम से बैंक द्वारा भारत सरकार की एनआरएलएम/एनयूएलएम योजना लागू की जा रही है.
5. यूनियन बायो टेक- यह उत्पाद देश में ऊतक संवर्धन तकनीक तथा पोली हाउसेज को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है.
6. बैंक देश में बोलते ए टी एम लगाने में अग्रणी रहा है. ये ए टी एम दृष्टि बाधित व्यक्तियों को आवाज़ के द्वारा निर्देशित कर संव्यवहार करने में

सक्षम बनाता है इसीलिये इसे बोलता ए टी एम कहा जाता है. इस ए टी एम का डिज़ाईन इस प्रकार का होता है कि शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्ति भी व्हील चेयर पर अंदर जाकर अपने संव्यवहार कर सकता है.

7. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये सभी उत्पाद एवं सेवायें उपलब्ध कराना

8. ग्रामीण एवं कृषि बैंकिंग के अंतर्गत आने वाले विभिन्न उत्पादों, सेवाओं तथा योजनाओं का कार्यान्वयन

बैंक के ए टी एम केवल नकदी देने की मशीनें ही नहीं हैं बल्कि ये निधि विप्रेषण का कार्य भी करते हैं जैसेः एन ई एफ टी, इंटर बैंक मोबाइल पेमेंट सिस्टम (आई एम पी एस) तथा यूनियन ई-कैश जो मोबाईल आधारित उत्पाद है और जो मोबाईल ऑथेंटिकेशन के आधार पर ए टी एम से नकदी आहरण करने में सक्षम बनाता है. पुराने रिकार्ड के कागज़ों के पुराना होने पर उसे छिद्रयुक्त करने के बाद रिसाईक्लिंग के लिये कागज़ उद्योग को भेजने हेतु बैंक की एक सुनियोजित नीति है.

उपरोक्त प्रक्रिया में रिसाईक्लिंग तथा निकलने वाले कूड़े का प्रतिशत 10 से अधिक है. बैंक अपने उपभोग के लिये यथासंभव स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं से ही सामान खरीदता है. सूक्ष्म एवं छोटे व्यवसायियों के प्रति बैंक प्रतिबद्ध है तथा इस प्रतिबद्धता के फलस्वरूप बैंक इस संवर्ग के उन सूक्ष्म एवं छोटे व्यवसायियों पर भरोसा करता है ताकि संबंधित वेंडर सरलतापूर्वक तथा शीघ्रता से अपने दैनिक बैंकिंग संव्यवहारों हेतु तथा इकाई की आर्थिक तंगी के दौरान बैंकिंग सेवाओं का लाभ ले सकें.

सिद्धांत 3- कर्मचारी कल्याण

3.स्थाई तथा लाभप्रद वृद्धि उसी संस्था द्वारा प्राप्त की जा सकती है जहाँ कार्यनिषादन को मूल्यों के साथ जोड़ा जाता हो. बैंक उन कर्मचारियों से भरी-पूरी एक दक्ष तथा बहुमुखी संस्था है जिसके कर्मचारी जब अच्छा करते हैं तो उसमें कल्याण की भावना भी सन्निहित होती है.

नेता ही नेताओं के निर्माता

बैंक प्रतिभा के संपोषण तथा नेतृत्व-निर्माण के सिद्धांत पर इस विश्वास के साथ कार्य करता है कि नेता ही नेताओं के निर्माता होते हैं. बैंक नेतृत्व विकास के कार्य को कुछ ही लोगों तक सीमित रखने या फिर किसी जिम्मेदारी की तरह निभाने के बजाये समूचे बैंक में नेतृत्व के गुणों का प्रसार करता है.

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का विश्वास है कि शिक्षित, अभिप्रेरित तथा उत्पादक कर्मचारी ही बैंक की सबसे बड़ी आस्ति है. इसे ही ध्यान में रखते हुये बैंक ने उद्योग की सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं को अपनाते हुये कारोबारी तथा मानव संसाधन रणनीतियों के समामेलन से एच आर ट्रांसफॉर्मेशन प्रक्रिया प्रारंभ की थी. इसी ट्रांसफार्मेशन प्रक्रिया के परिणामस्वरूप बैंक द्वारा अपनी विभिन्न नीतियों, प्रक्रियाओं और प्रणालियों को सुव्यवस्थित किया, जॉब-क्लैरिटी के साथ हरेक की भूमिका को परिभाषित एवं कलमबंद किया गया. इसे फीडबैक की सुविधा के साथ इंट्रानेट पर अपलोड भी किया गया है. एच आर द्वारा निम्नलिखित का कार्यान्वयन किया गया हैः-

1. सरकारी दिशानिर्देशों के अनुरूप एक पारदर्शी तथा उद्देश्यपूर्ण परफार्मेन्स मैनेजमेंट सिस्टम(पीएमएस).

2. मूल्यांकन प्रणाली के एकीकरण एवं ऑनलाईन प्रस्तुतिकरण के हेतु एक नये तकनीकी मोड्यूल(यूनियन परिवार) को विकसित किया गया. जनबल आयोजना को वैज्ञानिक तरीके से संगणित करके इस आवश्यकता का आंकलन किया गया.

3. बैंक द्वारा महत्वपूर्ण भूमिकाओं के लिए उत्तराधिकार आयोजना पर भी अमल किया जा रहा है तथा नेतृत्व की शृंखला को जारी रखने के लिये भी प्रयासरत है..

सेवा-काल में कार्य-संतुलन

यूनियन बैंक कर्मचारियों के सेवा-कालीन जीवन को बेहतर बनाने संबंधी विभिन्न प्रकार के प्रयास किये जा रहे हैं. बैंक में आकर्षक पदोन्नति नीति है जिसमें योग्य कर्मचारियों के आगे बढ़ने के लिये बैंक की फास्ट ट्रैक प्रमोशन पॉलिसी भी शामिल है. इस नीति का उद्देश्य कर्मचारियों को विस्तृत अनुभव उपलब्ध कराना तथा पदोन्नति के माध्यम से अभिप्रेरित करना एवं बैंक में कर्मचारियों का कैरियर आगे बढ़ाना है.

बैंक अपने स्टाफ को ऐसी सुविधायें तथा लाभ भी प्रदान करता है जिससे वे अपने कार्य तथा जीवन में संतुलन बनाये रख सकें. स्टाफ की चिकित्सकीय आवश्यकताओं का ध्यान रखने के उद्देश्य से बैंक द्वारा देश भर में कई अस्पतालों से टाई-अप योजना के माध्यम से अस्पतालीकरण की योजना लागू की गई है. इन अस्पतालों में स्टाफ भर्ती हो सकते हैं तथा अपना इलाज करा सकते हैं. इस चिकित्सा का बिल सीधे बैंक द्वारा भुगतान किया जाता है. यदि बिल उक्त स्टाफ की पात्रता से अधिक होता है तो उक्त की वसूली बाद में उससे की जाती है. तथापि स्टाफ एक्स-ग्रेशिया भुगतान के लिये भी आवेदन कर सकते हैं. बैंक की 24 कल्याणकारी योजनायें हैं जिन्हें पांच वर्गों में विभाजित किया जा सकता हैः- कैंटीन सब्सिडी,शिक्षा,चिकित्सा और अस्पतालीकरण, सेवानिवृत्त स्टाफ तथा अन्य कल्याणकारी उपाय.

स्टाफ के लिये अन्य उपायों में स्वास्थ्य शिविर,बैंक के स्थापना दिवस समारोह का आयोजन,हिन्दी दिवस का आयोजन, स्वतंत्रता दिवस का आयोजन, गणतंत्र दिवस का आयोजन तथा स्टाफ एवं उनके बच्चों की उत्कृष्टता को पहचानने और स्वीकारने के लिये खेल,शिक्षा तथा सांस्कृतिक क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के सम्मान-पहचान आदि तथा सिल्वर जुबली अवार्ड्स आदि शामिल हैं. 31 मार्च 2016 को बैंक की कुल स्टाफ संख्या 35473 थी जिसमें से 8071महिलायें तथा 622 विकलांग स्टाफ थे.

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 8 मार्च, 2016 को मुंबई में धूमधाम से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया.

समारोह की मुख्य अतिथि, भारतीय स्टेट बैंक की अध्यक्ष श्रीमती अरुंधती भट्टाचार्य का स्वागत करते हुए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री अरुण तिवारी.

मानवाधिकारों के लिये आदर

बैंक अपने कारोबार तथा प्रभावक्षेत्र में मानवाधिकारों का समादर तथा उनके अनुसार कार्य करने के लिये प्रतिबद्ध है. बैंक ने कार्यस्थल पर यौन शोषण निवारण समिति का भी गठन किया है तथा किसी भी प्रकार की संबंधित शिकायतों के निस्तारण के लिये पर्याप्त, शिकायत निवारण प्रणाली को अपनाया है. बैंक अपने स्टाफ द्वारा समूह/एसोसियेशन बनाने के अधिकारों का आदर करता है ताकि वे सामूहिक रूप से अपनी आवाज़ उठा सकें. बैंक में कई कर्मचारी एसोसियेशन बनी हुई हैं जिनमें से बैंक अधिसंख्यक बहुमत वाली एसोसियेशन को मान्यता प्रदान करता है.

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों का कल्याण

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति संवर्ग के कर्मचारियों के कल्याण के लिये बैंक द्वारा महाप्रबंधक पद के वरिष्ठ अधिकारी को संपर्क अधिकारी बनाया है. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के प्रतिनिधियों के साथ यह संपर्क अधिकारी तिमाही आधार पर बैठक करता है तथा उनके कल्याण से संबंधित समस्याओं को हल करता है.

औद्योगिक स्तर पर वेतन समझौता

वेतन संबंधी वार्तालाप बैंकों की ओर से भारतीय बैंक संघ द्वारा मान्यताप्राप्त यूनियनों/एसोसियेशनों के साथ सामूहिक समझौते के माध्यम से उचित मांगों को स्वीकार किया जाता है. यह वेतन पुनरीक्षण 5 वर्षो तक मान्य होता है.

प्रशिक्षण एवं कर्मचारियों के कौशल का विकास

प्रशिक्षण कार्य को बैंक के उच्च प्रबंधन द्वारा समग्र रूप से सारे बैंक के प्रति महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व एवं संपूर्ण प्रतिबद्धता के रूप में माना जाता है ताकि बैंक के विभिन्न चैनलों द्वारा दी जाने वाली ग्राहक सेवा से संबंधित तथा इसके कर्मचारियों की आवश्यकतायें पूरी कर सके. एक ज्ञानार्जन करने वाली संस्था के रूप में बैंक समसामयिक जानकारी को प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करता है, कौशल को बढ़ाने तथा पुनरीक्षित करने के प्रयास करता है तथा अभिवृत्तियों में सुधार करता है. बैंक का प्रशिक्षण मिशन हैः- व्यक्ति तथा बैंक दोनों के विकास के लिये निरंतर सीखने की कला को बढ़ावा देना. बैंक का प्रयास है कि उत्कृष्टता के लिये प्रशिक्षण दिया जाये और उत्कृष्ट प्रशिक्षण दिया जाए.

स्टाफ को आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण देना तथा उक्त प्रशिक्षण का संस्थागत आवश्यकताओं के साथ सामंजस्य बिठाना बैंक के प्रशिक्षण तंत्र की एक विशेषता है. हाउस-कीपिंग स्टाफ से लेकर उच्च कार्यपालक तक के स्टाफ की प्रशिक्षण आवश्यकताओं का निर्धारण कर उसे पूरा किया जाता है. अपने स्टाफ सदस्यों को मौलिक कार्यों में कुशल बनाने तथा वैयिक्तक जिम्मेदारियों के संबंध में जानकारी रखने में सक्षम बनाने का सुनिश्चयन करने हेतु बैंक प्रतिबद्ध है. किसी भी कर्मचारी के पूरे कार्यकाल में- संस्था में प्रवेश से लेकर सेवानिवृति तक- प्रशिक्षण का कार्य बैंक की सर्वोच्च प्रशिक्षण संस्था बेंगलुरुतथा देशभर में फैले 7 स्टाफ प्रशिक्षण केंद्रों-अलुवा, अहमदाबाद, भोपाल, भुवनेश्वर, गुड़गाँव, लखनऊ तथा पवई(मुंबई) में स्थित स्टाफ प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से पूरा किया जाता है. संस्थागत आवश्यकताओं के अनुसार नयी मांगों को पूरा करने के लिये क्षेत्रीय स्तरो में भी लोकेशनल प्रोग्राम आयोजित किये जाते हैं. स्टाफ को अद्यतन प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से बाहरी और आंतरिक संकाय सदस्यों की व्यवस्था भी की जाती है. पात्र मामलों में स्टाफ सदस्यों को विदेशों में भी प्रशिक्षण हेतु भेजा जाता है.

वर्ष 1997 में बैंक द्वारा अपने प्रशिक्षण तंत्र में आमूलचूल परिवर्तन के लिये विदेशी सलाहकारी कंपनियों की मदद से अपने प्रशिक्षण-तंत्र में नई तकनीकों को शामिल किया. अब यह मानक बन गई है तथा प्रशिक्षण तंत्र द्वारा नवोन्मेषी तकनीकें को अपनाये जाने से विभिन्न प्रतिष्ठित पुरस्कार और सम्मान हमारे प्रशिक्षण तंत्र को प्राप्त हो रहे हैं जिनमें से देश भर में प्रतिष्ठित गोल्डेन पीकॉक अवार्ड भी शामिल है. यह हमारे बैंक को सर्वश्रेठ प्रशिक्षण तंत्र के लिये वर्ष 1998, 2004, 2007, 2011 तथा 2012, 2014 तथा 2015 में प्राप्त हुआ है.

वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान इन आठों प्रशिक्षण केंद्रों में कुल 25861 कर्मचारी प्रशिक्षित किये गये जिनमें से 20870 पुरूष तथा 4991 महिलायें थीं.

नियुक्तियों के समान अवसर

पर्यवेक्षकीय स्टाफ/अधिकारियों तथा प्रबंधवर्गीय स्टाफ की रिक्तियों की पहचान तथा उन्हें भरने हेतु विभिन्न स्तरों पर भर्ती के प्राधिकारों के संबंध में सुस्पष्ट दिशानिर्देश हैं. कुशल तथा अकुशल स्टाफ की भर्तियों के लिये योग्यताक्रम को आधार बनाकर अभ्यर्थियों का चयन किया जाता है. बैंक अपना ध्यान लिंग-वैविध्य की ओर भी केंद्रित करता है.

सुरक्षित कार्यस्थल

अपने कर्मचारियों को सुरक्षित कार्यस्थल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बैंक में यौन-उत्पीड़न-के रोकथाम हेतु नीति है तथा सबंधित मामलों में सकारात्मक कार्रवाई की जाती है. यौन-उत्पीड़न के मामलों पर यौन-उत्पीड़न-रोधी नीति तथा प्रावधानों के अंतर्गत कार्रवाई की जाती है. बैंक तथा इसकी अनुषंगी सब्सीडियरीज़ के सभी स्टाफ सदस्यों को कार्य-स्थल पर यौन-उत्पीड़न-रोकथाम के संबंध में विविध पहलुओं से ई-मेल तथा संप्रेषण के अन्य माध्यमों से अवगत कराया जाता है.

संगठन,प्रतिभागिता तथा सामूहिक सौदेबाजी की स्वतंत्रता

बैंक कर्मचारियों के संगठित होने तथा सामूहिक रूप से सौदेबाजी करने हेतु स्वतंत्रता के सिद्धांत का अनुसरण करता है. लिपिकों तथा स्टाफ सदस्यों के अधिकारी संवर्ग में प्रोन्नति हेतु सुस्पष्ट एवं पारदर्शी प्रक्रिया है.

बैंक की मानवाधिकार से संबंधित प्रक्रियायें, बैंक-कर्मचारियों को विधि-सम्मत तरीकों से, संगठन एवं सामूहिक सौदेबाजी हेतु कर्मचारियों की स्वतंत्रता के सिद्धांत को मान्यता प्रदान करती हैं.

शिकायत-निवारण

बैंक के अपने परिचालनों तथा इसके कारोबारी-भागीदारों में बाल श्रम,बाध्यकारी श्रम, पक्षपातयुक्त भर्ती तथा यौन-उत्पीड़न से संबंधित स्पष्ट दिशानिर्देश हैं.

बैंक की प्रणालियाँ इस प्रकार के मामलों की रिपोर्टिंग हेतु फोरम उपलब्ध कराती हैं. बैंक द्वारा इस हेतु ई-मेल पते की सुविधा दी गई है जहाँ इस प्रकार की शिकायतें प्रेषित की जा सकती हैं. शिकायती की गोपनीयता बनाई रखी जाती

है. बैंक द्वारा इस आशय से संबंधित प्रक्रियायें और प्रणालियाँ बनाई गई हैं कि इस प्रकार के मामलों में शिकायती को प्रताड़ित न किया जा सके और दोषी न माना जा सके.

यौन-उत्पीड़न सहित सभी शिकायतें बैंक की नीतियों के अनुसार प्रसंस्कृत की जाती हैं. वर्ष के दौरान, बाल-श्रम, जबरन श्रम अनैच्छिक श्रम तथा पक्षपातपूर्ण भर्तियों से संबंधित कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है.

सिद्धांत 4-स्टेकहोल्डरों से संपर्क

यूनियन बैंक के लिये स्टेक-होल्डर-प्रबंधन अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि इसी के द्वारा हम अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा कर पाते हैं तथा कारोबार में सफल हो पाते हैं.ग्राहक, शेयरहोल्डर, निवेशक,कर्मचारी, मीडिया तथा एन जी ओ आदि वे स्टेक-होल्डर समूह हैं जिनसे बैंक सक्रियतापूर्वक संबंध बनाये रखता है.

बैंक अपने स्टेकहोल्डर को उस व्यक्ति के रूप में देखता है जो बैंक के परिचालनों से प्रभावित होता है या बैंक के परिचालनों को प्रभावित करता है. इस प्रभाव के कारण ही कोई स्टेकहोलडर प्राईमरी,सेकेंडरी या की स्टेकहोल्डर कहलाता है.

प्राईमरी 'स्टेकहोल्डरों' में स्टाफ और ग्राहक आदि शामिल होते हैं. किंतु प्राईमरी स्टेकहोल्डर्स का इन दोनों ही श्रेणियों तक सीमित होना आवश्यक नहीं है. सेकेंडरी स्टेकहोल्डरों में स्थानीय कम्युनिटीज़, आपूर्तिकर्ता, एन जी ओ, इंडस्ट्री एसोसियेशन आदि शामिल होते हैं किंतु यह श्रेणी भी यहीं तक सीमित नहीं है. 'कीस्टेकहोल्डर में शेयरधारक, प्रोमोटर तथा विनियामक इकाईयां शामिल होती है. बैंक विभिन्न संप्रेषण माध्यमों से अपने सभी स्टेक होल्डरों से औपचारिक या अनौपचारिक तरीकों से संपर्क में रहता है.

बैंक द्वारा कुछ स्टेकहोल्डरों की अलाभप्रद, असुरक्षित या मार्जिनल के रूप में पहचान की है तथा उन्हें विशेष उत्पाद/सेवायें उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहा है. स्टेकहोल्डरों के ऐसे समूह में कुछ कृषि-संबंधी ग्राहक,एम एस एम ई ग्राहक, स्वयं सहायता समूह, अल्पसंख्यक समूह, शहरी श्रमिक तथा फेरीवाले, पिछड़े गाँवों में रहने वाले ग्रामीण आदि हैं किंतु ऐसे स्टेकहोल्डरों की संख्या इन्हीं श्रेणियों तक सीमित होना आवश्यक नहीं है. इस प्रकार के सभी स्टेकहोल्डरों के लिये बैंक विशिष्ट उत्पाद/सेवायें और योजनायें उपलब्ध कराता है जिनके विवरण बैंक की कॉरपोरेट वेबसाईट पर उपलब्ध है.

बैंक के की स्टेकहोल्डर निम्नानुसार हैं:

ग्राहक

बैंक का ध्यान अपने सभी संपर्क साधनों पर उत्कृष्ट ग्राहक सेवा प्रदान करने पर केंद्रित रहता है फिर वह चाहे शाखा हो, ए टी एम हो, इंटरनेट बैंकिंग हो, मोबाईल बैंकिंग हो या फिर कॉल सेंटर हो. उत्कृष्ट ग्राहक सेवा के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये बैंक ने निम्नलिखित उपाय किये हैं:

- ग्राहकों के साथ अपने संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के लिये उनके साथ लगातार संपर्क स्थापित करते हुए बैंक द्वारा ग्राहक संपर्क अधिकारियों की नियुक्ति की गयी है
- शिकायतियों को प्रचारकों में परिवर्तित करने के लिये स्टाफ सदस्यों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं.
- ग्राहकों को प्रिंट मीडिया तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के द्वारा अपने नये उत्पादों और सेवाओं के बारे में शिक्षित करना. विगत हाल ही में बैंक को शाखा संप्रेषण तथा विपणन के लिये ए बी सी आई (एसोसियेशन ऑफ बिज़नेस कम्युनिकेशन ऑफ इंडिया) पुरस्कार प्राप्त हुआ है.
- ग्राहकों की जिज्ञासा का उत्तर देने के लिये 24x7 कॉल सेंटर की स्थापना.
- शाखा, क्षेत्रीय तथा कॉरपोरेट स्तर पर तिमाही आधार पर ग्राहक बैठकें आयोजित करना. इस मंच का उपयोग बैंक द्वारा ग्राहकों को अपने उत्पादों/सेवाओं की जानकारी देने, के वाई सी जैसे नये पहलुओं की जानकारी देने, इंटरनेट बैंकिंग करते समय सुरक्षा उपायों की जानकारी देने के लिये करता है. ऐसी बैठकों में बैंक के तिमाही कार्यनिष्पादन की जानकारी भी ग्राहकों को दी जाती है.
- बैंक द्वारा ग्राहकों की जिज्ञासाओं का उत्तर देने के लिये कस्टमर केयर युनिट की स्थापना की गयी है. यह युनिट बैंकिंग अनुभव को बेहतर बनाने के लिये प्रणालीबद्ध तरीके से फीडबैक का विश्लेषण भी करती है. इस इकाई से इंटरनेट बैंकिंग तथा ए टी एम के पिन की अप्राप्ति संबंधी शिकायतों में बहुत कमी आई है. कस्टमर केयर युनिट शिकायतों के निस्तारण के संबंध में ग्राहक की संतुष्टि का स्तर भी जांचती है.

कर्मचारी

- बैंक की गृह पत्रिका यूनियन धारा प्रबंधन एवं कर्मचारियों के मध्य आन्तरिक सम्प्रेषण का उत्कृष्ट माध्यम बनी हुई है जो स्टाफ सदस्यों के बीच जानकारियां प्रदान करने के साथ साथ उन्हें कर्तव्यों, निष्ठा एवं सृजनात्मकता हेतु प्रेरित करने का उद्देश्य पूरा कर रही है. यूनियन धारा लगातार एसोसियेशन ऑफ बिजनेस कम्युनिकेटर्स ऑफ इंडिया (एबीसीआई) का पुरस्कार जीत रही है. विगत वर्ष यूनियन धारा ने चैंपियन ऑफ दि चैंपियन ट्रॉफी सहित 7 पुरस्कार प्राप्त किए.
- बैंक के अपने आन्तरिक पोर्टल में सभी नीतियां, दिशा निर्देश, कोड, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के सम्प्रेषण उपलब्ध होते हैं जिन्हें सभी कर्मचारी आसानी से देख सकते हैं.
- केंद्रीय कार्यालय से सीएमडी/ईडी/महाप्रबंधक क्षेत्र/शाखाओं का आवधिक निरीक्षण करते हैं.

- पूरे देश के कर्मचारियों के फीडबैक प्राप्त करने के लिए innova-tion@unionbankofindia.com के नाम से बैंक की एक ऑन लाईन प्रणाली है. उत्पादों के विकास/संशोधन, प्रक्रिया एवं सेवाओं के संबंध में कर्मचारियों के प्राप्त सुझावों को एकत्र किया जाता है, विश्लेषण किया जाता है एवं उन पर विचार किया जाता है.

निवेशक

- बैंक प्रत्येक तिमाही के अपने कार्यनिष्पादन की प्रमुख बातें संक्षिप्त तुलन पत्र के साथ प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में प्रकाशित कराती है.
- बैंक अपने अंशधारकों को भी बैंक के कार्यनिष्पादन के बारे में अर्धवार्षिक आधार पर सूचित करती है.
- बैंक विश्लेषकों एवं निवेशकों की तिमाही आधार पर बैंठकें आयोजित करती है.

समाज

- बैंक सरकार एवं अन्य समान बैंकों के साथ लगातार समन्वय बनाए रखती है एवं भारत में बैंकिंग उद्योग की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए विभिन्न नीति निर्माण के लिए एवं उद्योग स्तर के मामलों में सक्रियता से भाग लेती है.

- बैंक ने 212 गाँवों को आदर्श गाँव बनाने हेतु गोद लिया है. अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और कार्यपालक निदेशक आवधिक रूप से इन गाँवों का दौरा करते हैं तथा ग्रामीणों के साथ चर्चा करके इस कार्यक्रम की प्रभावशीलता को बढ़ाने का सुनिश्चयन करते हैं.

बैंक द्वारा कुछ स्टेकहोल्डरों की अलाभप्रद, असुरक्षित या मार्जिनल के रूप में पहचान की है. स्टेकहोल्डरों के ऐसे समूह में कुछ कृषि-संबंधी ग्राहक,एमएसएमई ग्राहक, स्वयं सहायता समूह, अल्पसंख्यक समूह, शहरी श्रमिक तथा फेरीवाले, पिछड़े गाँवों में रहने वाले ग्रामीण आदि हैं किंतु ऐसे स्टेकहोल्डरों की संख्या इन्हीं श्रेणियों तक सीमित होना आवश्यक नहीं है. इस प्रकार के सभी स्टेकहोल्डरों के लिये बैंक विशिष्ट उत्पाद/सेवायें और योजनायें उपलब्ध कराता है. कमजोर व सीमांत किसानों को स्वयं सहायता समूह एवं संयुक्त देयता समूह के अंतर्गत संगठित कर उन्हें परेशानी मुक्त तरीके से आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है. इसके अलावा पीएमजेडीवाई के अंतर्गत सरलीकृत स्वरूपों में उन्हें ₹ 5000/- ओवरड्राफ्ट की सुविधा भी उपलब्ध करायी गयी है.

बैंक, सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के कार्यक्रम यथा पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई तथा अटल पेंशन योजना के रूप में भी इस प्रकार की योजनाओं को प्रस्तुत करता है. टॉकिंग एटीएम नेत्रहीन व्यक्तियों को ध्वनि मार्गदर्शन से लेनदेन करने के लिए सक्षम बनाता हैं. एटीएम साइट को इस प्रकार का बनाया गया है कि व्हील चेयर पर बैठा शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्ति भी अंदर जाकर लेन-देन कर सकता है.

सिद्धांत 5- मानवाधिकारों का सम्मान

यूनियन बैंक मानव अधिकार के सिद्धांतों को मानता है एवं उनका स्पष्ट पालन करता है एवं मानव अधिकारों एवं कर्मचारियों के हितों में ईमानदारी, समग्रता एवं खुले रूप में कार्यान्वित करता है. एक जिम्मेदार कॉरपोरेट इकाई के रूप में, बैंक केंद्र/राज्य/स्थानीय सरकारों द्वारा मानवाधिकारों के बारे में जारी दिशानिर्देशों, अनुदेशों, निदेशों का न केवल अक्षरशः पालन करता है बल्कि व्यवहार में भी उन्हें अपनाता है.

बैंक की एसडी और सीएसआर नीति यह दर्शाती है कि बैंक मानवाधिकारों का आदर करेगा तथा इनके बारे में स्टेक-होल्डरों के बीच सामान्य जागरूकता को बढ़ायेगा. बैंक अपने कारोबारी भागीदारों के अलावा आपूर्तिकर्ताओं, बिज़नेस कॉरेसपोंडेंस आदि से अपेक्षा रखता है कि वे भी अपने कर्मचारियों के मानवाधिकारों का सम्मान करें तथा उनके उल्लंघन से बचें. बैंक द्वारा रिर्पोटिंग वर्ष में मानवाधिकारों के उल्लंघन से संबंधित कोई शिकायत प्राप्त नहीं की गई.

सिद्धांत 6- पर्यावरण पर प्रभाव

बैंक एक जिम्मेदार कार्पोरेट संस्था होने के नाते समाज एवं पर्यावण के प्रति अपनी जवाबदेही के प्रति सजग है. बैंक ने कार्बन को कम करने के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं. कार्बन के उत्सर्जन को कम करने के लिये बैंक द्वारा लेड वाली प्रकाश व्यवस्था,एयरकंडीशनरों में पर्यावरण के संरक्षण वाली गैस का उपयोग, कम ऊर्जा की खपत करने वाले एयर कंडीशनरों का उपयोग, नयी परियोजनाओं में सौर ऊर्जा जैसे गैरपारंपरिक ऊर्जा स्रोतों का उपयोग आदि अनेक कदम उठाये गये हैं. हाँलांकि अंतिम रूप से हुये लाभ की गणना अभी नहीं की जा सकी है किंतु ऊर्जा संबंधी बिलों में उक्त प्रयासों का प्रभाव दिखाई पड़ता है. इन प्रयासों को आगे भी लगातार जारी रखा जायेगा.

बैंक मुख्य रूप से एटीएम की ऊर्जा संबंधी आवश्यकताओं तथा बैंक के साथ साथ प्रशिक्षण केंद्रों में हीटिंग की आवश्यकताओं के लिए सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ाने का प्रयास कर रहा है. बैंक परिसरों में लगी प्रकाश-व्यवस्थायें तथा एयर कंडीशनर ऊर्जा की बचत के लिये स्टार रेटेड हैं. एयर कंडीशनरों में उपयोग की जाने वाली रेफ्रीजरेंट गैस (आर-407 सी) कार्बन के उत्सर्जन को कम करती है.

बैंक द्वारा पर्यावरण संरक्षण के संबंध में उठाये गये कुछ अन्य कदम निम्नानुसार हैं:

- ऊर्जा की बचत वाले सीएफएल तथा लेड फिटिंग्स का उपयोग.
- लेड वाले साईनेज़ का संस्थापन.
- बीईई प्रमाणित एयर कंडीशनर की स्थापना और सीएनजी के साथ कार.
- बैंक परिसर में वर्षा के जल का भंडारण, जो भूजल के स्तर को बढ़ाता और उसका संरक्षण करता है.
- सभी उपकरणों में बिजली के समान प्रवाह के लिये बसबार ट्रंकिंग सिस्टम जैसे किफायती एवं सुरक्षित प्रणाली का उपयोग. अभी हाल ही में बैंक द्वारा केंद्रीय कार्यालय परिसर के एक्सटर्नल ईलेक्ट्रिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम का नवीकरण किया गया है और नये बसबार ट्रंकिंग सिस्टम को लगाया गया है.
- पवई में ग्रीन डाटा सेंटर:- प्रौद्योगिकी केन्द्र, पवई बिल्डिंग में एयर कंडीशनिंग प्रणाली के साथ-साथ ऊर्जा बचत विद्युत प्रणाली स्थापित कर डाटा सेंटर का विस्तार किया गया. सूक्ष्म एयर कंडीशनर इलेक्ट्रिक कूलिंग तकनीक पर आधारित हैं तथा इको-फ्रेंडली गैस से युक्त हैं. दूसरी ओर यूपीएस/केबिनों/बैटरी रूम को ठंडा करने के लिये

वैरियेंट रेफ्रीजेंट सिस्टम का उपयोग किया जा रहा है. प्रकाश तथा एयर कंडीशनरों पर नियंत्रण के लिये केबिनों में ऑक्यूपेंसी सेन्सर लगाये गये हैं.

- भवनों में वास्तुकला के माध्यम से दिन के समय सूर्य के प्रकाश का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया गया है.

सिद्धांत 7- सार्वजनिक कल्याण

यूनियन बैंक की कारोबारी इको-प्रणाली एवं समुदायों में सकारात्मक प्रभाव लाने के उद्देश्य से सक्रियता से वकालत करने की परम्परा रही है. यूनियन बैंक की यह सक्रिय वकालत केवल सरकार से लॉबी करने एवं उद्योग के लिए कुछ लाभ प्राप्त करने की नहीं है, बल्कि समाज में बड़े पैमाने पर लाभ के लिए भी वकालत करने कुछ अच्छी परम्पराएं रही हैं.

ग्राहक सेवा में सुधार के दृष्टिकोण से बैंक के वरिष्ठ कार्यपालक भारतीय रिज़र्व बैंक, भारतीय बैंक संघ तथा अन्य इकाइयों के सदस्य नामित किये जाते हैं. बैंक वित्त एवं उद्योग से संबंधित ट्रेड चैम्बर एवं एसोसियेशन का सदस्य है ट्रेड चैम्बर तथा इंडस्ट्री एसोसियेशनों के मंच से ही बैंक आम जनता के लिये सार्वजनिक नीतियों की वकालत करता है. इन अधिकारियों के साथ बैंक अन्य चैनलों से भी संपर्क में रहता है तथा कानून तथा विनियमन संबंधी उन आम नीतियों को आकार देने का प्रयास करता है जो इसके कारोबार तथा कर्मचारियों से जुड़ी होती हैं. नीति निर्माण के मामले में बैंक वित्तीय समावेशन, वित्तीय साक्षरता तथा समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करता है. बैंक निम्नलिखित वित्तीय तथा औद्यौगिक व्यापार चैम्बरों/संघों का सदस्य है:

- भारतीय बैंक संघ(आईबीए)
- इंडियन इन्स्टिटयूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेन्स (आईआईबीएफ)
- द एसोसियेटेड चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एसोचैम)
- फेडरेशन ऑफ इंडियन चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री(एफआईसीसीआई)
- कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई)
- बैंकिंग कोड्स व भारतीय मानक बोर्ड (बीसीएसबीआई)

बैंक सक्रिय रूप से इन निकायों के साथ सहभागिता कर व विभिन्न मुद्दों यथा वार्षिक बजट, ऋण नीति/मौद्रिक नीति, उत्पाद के मूल्य निर्धारण पर दिशा निर्देश, विभिन्न सर्वेक्षणों आदि पर जानकारी उपलब्ध कराता है.

सिद्धांत 8- समग्र विकास

भारतीय रिज़र्व बैंक ने वित्तीय समावेशन को एक प्रक्रिया के रूप में परिभाषित किया है जो कमज़ोर वर्गों तथा कम आय वाले वर्गों को उनकी आवश्यकता के अनुसार समय पर पर्याप्त अग्रिम सुविधायें उनके द्वारा वहन की जा सकने वाली लागत पर मुख्य वित्तीय संसाधनों से उपलब्ध कराती है. बैंक ने वर्ष 2013-16 तक वित्तीय समावेशन के लिये तीन वर्षों की बोर्ड द्वारा अनुमोदित परियोजना तैयार की है जिसका विज़न है:- वंचितों तक उचित लागत पर ''निरन्तर प्रक्रिया के तहत'' सेवायें पहुंचाना तथा औपचारिक वित्तीय संस्थाओं के लाभ से वंचित लोगों के जीवन स्तर में सुधार करना.

31 मार्च, 2016 तक बैंक ने वित्तीय समावेशन से संबंधित निम्नलिखित उपलब्धियां हासिल कर लीं थीं:-

- बैंक ने 5407 बिज़नेस कॉरेसपोंडेंट की नियुक्ति करके इस मॉडल के द्वारा 18396 बैंकिंग से वंचित/न्यूनतम बैंकिंग सुविधाओं से युक्त गाँवों तक अपनी पहुंच बनाई है.
- बिज़नेस कॉरेसपोंडेंट मॉडल के द्वारा बायोमैट्रिक कार्ड के माध्यम से 141.37 लाख वित्तीय समावेशन ग्राहकों के खाते खोले गये हैं तथा इन ग्राहकों से बैंक ने ₹ 429.88 करोड़ की जमाराशियां जुटाई हैं.
- ग्रामीण एवं शहरी निर्धन वर्गों को आकस्मिक अग्रिम के रूप में सूक्ष्म ऋण की उपलब्धता से आर्थिक गतिविधियों को प्रारंभ करने हेतु प्रेरित करना. बैंक बहुत कम प्रीमियम पर बीमा की सुविधा भी उपलब्ध कराता है.
- बैंक ने बायोमैट्रिक कार्ड आधारित सूक्ष्म ऋण उत्पाद ''प्रगति'' मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार और महाराष्ट्र के 14 क्षेत्रों की महिलाओं द्वारा गठित ज्वाईंट लायबिलिटी ग्रुप के लिये जारी किया है. योजनान्तर्गत 31.03.2016 तक वर्तमान बकाया ₹ 41.85 करोड़ था.
- बैंक का श्री क्षेत्र धर्मस्थल रूरल डेवलपमेंट प्रोजेक्ट नामक एनजीओ जो कर्नाटक और केरल में स्वयं सहायता समूहों को वित्तीयन करता है, के साथ टाई-अप किया है. स्वयं सहायता समूह रोजगार के सृजन तथा ग्रामीणों की आय हेतु मुख्य रूप से कृषि एवं उससे संबद्ध गतिविधियों में संलग्न रहते हैं. वर्ष के दौरान ₹ 592.90 करोड़ स्वयं सहायता समूहों को वितरित किये गये थे. वर्तमान में इस मद में बकाया शेष ₹ 1008.60 करोड़ है. वर्तमान में यह प्रोजेक्ट बेलगाम, बेंगलुरु मेंगलोर तथा कोझीकोड़ क्षेत्रों में लागू है.

1. वित्तीय साक्षरता :

बैंक द्वारा प्रदान की जाने वाली वित्तीय सुविधाओं के बारे में ग्राहकों में जागरूकता लाने के लिये वित्तीय वर्ष के दौरान कुल 26 वित्तीय साक्षरता केंद्र खोले गये. ये केंद्र वंचित लोगां को उन वित्तीय सुविधाओं से अवगत कराते हैं जो बैंक द्वारा उन्हें दी जा सकती है. वित्त वर्ष 2013-14 से बैंक की ग्रामीण शाखायें अपने सेवा क्षेत्रों में माह में एक बार वित्तीय साक्षरता शिविरों का आयोजन करती हैं. बैंक के 201 ग्राम ज्ञान केंद्र हैं जो बैंकिंग उत्पादों तथा कृषि संबंधी गतिविधियों की जानकारी देते है.

2. यूनियन आदर्श ग्राम योजना

देश के प्रति कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत अपनी प्रतिबद्धता के रूप में बैंक ने ''यूनियन आदर्श ग्राम योजना'' प्रारंभ की है. इस योजना के तहत इस वर्ष देश भर में 60 गाँवों को उनके सर्वांगीण विकास हेतु गोद लिया है. इस योजना में अब तक ऐसे गाँवों की संख्या 212 हो गई है.

3. अग्रणी बैंक योजनाः

बैंक देश के चार राज्यों में स्थित 14 जिलों में अग्रणी बैंक की भूमिका का निर्वहन कर रहा है. इन जिलों में बैंक न केवल लगातार अपनी शाखाएं बढ़ा रहा है और सामान्य बैंकिंग गतिविधियां कर रहा है बल्कि स्थानीय सरकारों के साथ जिला अग्रिम योजना के लिए भी काम करता है. इससे जिला अग्रिम योजना तथा अन्य सरकारी योजनाओं के अनुश्रवण में सहायता मिलती है. बैंक के 14 ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र भी हैं जहां ग्रामीण युवाओं को सूक्ष्म उद्योगों को चलाने के लिये प्रशिक्षण तथा कौशल अद्यतनीकरण के कार्यक्रम चलाये जाते हैं. बैंक चार चयनित पिछड़े जिलों में महिला सशक्तीकरण हेतु महिला स्वयं सहायता समूहों को भी सहायता दे रहा है.

4. प्रधान मंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई)

देश में सभी परिवारों को मूलभूत वित्तीय सेवाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से, भारत सरकार ने देश की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन योजना-प्रधान मंत्री जन धन योजना के प्रथम चरण को अगस्त 2014 में आरम्भ किया है. इस योजना में जो 6 स्तम्भ शामिल है, वे हैं: सबकी पहुंच, ओवरड्राफ्ट की सुविधा के साथ बेसिक बैंकिंग खाता, दुर्घटना बीमा और रूपे डेबिट कार्ड, वित्तीय साक्षरता, क्रेडिट गारंटी निधि, सूक्ष्म वित्त और अन्त में असंगठित क्षेत्र पेंशन योजना. इन स्तम्भों को दो चरणों में लागू किया जाना है.

प्रथम चरण दिनांक 28 अगस्त, 2014 को आरम्भ किया गया जिसका उद्देश्य बचत, प्रेषण और ₹ 1.00 लाख के दुर्घटना बीमा कवर करते हुए रूपे डेबिट कार्ड के लिए बेसिक बैंकिंग खाता खोलते हुए सभी लोगों के लिए बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध करवाना है. इसमें वित्तीय साक्षरता को भी शामिल किया गया है.

योजना आरम्भ होने के दिन अर्थात दिनांक 28 अगस्त, 2014 को हमने 5 लाख खाते खोलने का लक्ष्य रखा. इस लक्ष्य के पेटे हमने 8.96 लाख खाते खोला है.

प्रधान मंत्री जन धन योजना के तहत हमारे निष्पादन के मुख्य तत्व		
1	कवर किये गये कुल गांव :	18,396
2	उप सेवा क्षेत्र (SSAs):	5,407
3	शहरी वार्डस्:	2581
4	सर्वे किये गये कुल परिवार :	72.34 लाख
5	जिनमें -ए. ग्रामीण परिवार :	45.54 लाख
6	बी. शहरी परिवार :	26.80 लाख
31 मार्च, 2016 का निष्पादन		
7	31 मार्च, 2016 तक खोले गये खाते :	58.21 लाख
8	31 मार्च, 2016 तक जारी रूपे कार्ड :	55.34 लाख
9	31 मार्च, 2016 को खातों मे शेष राशिः	₹ 858.07 करोड़
10	पीएमजेडीवाई के तहत ई-केवाईसी के तहत खोले गए खाते	1,29,466

5. वित्तीय साक्षरताः

हम अपने 26 वित्तीय साक्षरता केन्द्रों और ग्रामीण शाखाओं के माध्यम से प्रधान मंत्री जन धन योजना के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्य कर रहे हैं. हमने कॉमिक पुस्तकों के साथ ही साथ पोस्टर्स तथा अन्य पठन सामग्री का प्रकाशन किया है.

इस क्षेत्र में हमारे बैंक ने 01 जनवरी, 2015 को एक अनोखी पहल आरम्भ की है और इंडियन स्कूल ऑफ माइक्रो फाइनेंस फॉर वुमन (ISMW) के सहयोग से पूर्वी उत्तर प्रदेश में वित्तीय साक्षरता पर 60 कैंपों का आयोजन किया है. इन कैंपों में 80% महिलाओं के साथ, करीब 15000 प्रतिभागियों को वित्तीय साक्षरता प्रदान कर प्रधान मंत्री जन धन योजना के तहत लिंकेज, लाभ और पात्रता के बारे में जागरूकता बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया था. इन कैंपों में हमने, प्रधान मंत्री जन धन योजना के बारे में निम्न जानकारियों प्रदान की :

1) रूपे कार्ड का प्रयोग और लाभ
2) आधार कार्ड लिंकेज और लाभ
3) प्रधान मंत्री जन धन योजना के तहत बीमा का लिंकेज
4) ऋण एवं ओवरड्राफ्ट की सुविधा
5) बचत, उधार और उच्च लागत वाले ऋणों पर जानकारियां
6) मोबाइल बैंकिंग और तकनीक का प्रयोग

प्रत्येक कैंप में करीब 250 से 300 महिलाओं ने भाग लिया तथा प्रत्येक कैंप की अवधि लगभग 4 घंटे की थी. सहभागिता और प्रशिक्षणों में जिन साधनों और उपायों को शामिल किया गया था उनमें वीडियो, फिल्मस, नाटक, पोस्टर्स, अक्सर पूछे जाने वाले सवाल आदि थे और इनका संचालन इंडियन स्कूल ऑफ माइक्रो फाइनेंस फॉर वुमन के प्रशिक्षित लोगों द्वारा किया गया था. प्रतिभागियों को कुछ हेंडबुक्स भी प्रदान किये गये थे.

6. प्रधान मंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई):

(मुद्रा ऋण शिविर में भाग लेते हुए रेल राज्य मंत्री श्री मनोज सिन्हा के साथ श्री अरुण तिवारी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

- पीएमएमवाई के तहत हमारा बैंक ग्रामीण, शहरी व महानगरीय क्षेत्रों के सूक्ष्म उद्यमों को वित्त प्रदान करता है जो विनिर्माण, व्यापार तथा सेवा क्षेत्र के व्यवसाय में है.
- पीएम मुद्रा योजना विभिन्न नए व वर्तमान उद्यमियों को बैंकिंग चैनल से ऋण लाभ लेने का अवसर प्रदान करता है. इससे ऋण हेतु बैंक का ग्राहक आधार बढ़ जाता है.

31.03.2016 तक मुद्रा ऋण की स्थिति

(राशि करोड़ में)

ऋण की श्रेणी	स्वीकृत		वितरित	
	खाते	राशि	खाते	राशि
शिशु	135380	364.89	103009	339.75
किशोर	62871	1154.51	58736	1072.82
तरुण	6478	477.91	6061	428.49
कुल	**204,729**	**1,997.31**	**167,806**	**1,841.06**

7. प्रधानमंत्री जन धन योजना का द्वितीया चरण

प्रधानमंत्री जन धन योजना के दूसरे चरण में निम्न कार्य शामिल हैं:

- ₹ 5000 तक की ओवरड्राफ्ट सुविधा, पिछले 6 माह में बचत/अग्रिम में संतोषजनक निष्पादन.
- सूक्ष्म-बीमा

बैंक द्वारा पीएमजेडीवाई के अंतर्गत 31 मार्च, 2016 तक 7533 खातों में ₹ 163.54 लाख का ओवरड्राफ्ट वितरित किया गया. एटीएम व एसएमएस चैनलों के माध्यम से उपलब्ध पीएमजेडीवाई सुविधा के अंतर्गत बैंक ने ओवरड्राफ्ट योजना भी आरम्भ कर दी है. माननीय वित्त मंत्री द्वारा वर्ष 2015-16 के बजट घोषणा के अनुसार, बैंक द्वारा निम्न तीन सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से, गरीबों और सुविधाओं से वंचित लोगों के लिए सूक्ष्म बीमा और पेंशन प्रदान की जाएगी:

प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजनाआ (पीएमएसबीवाई): 18 से 70 वर्ष की आयु वर्ग के लिए, बहुत कम प्रीमियम ₹ 12.00 प्रतिवर्ष पर ₹ 2.00 लाख का दुर्घटना बीमा कवर करता है.

प्रधान मंत्री जीवनज्योति बीमा योजना(पीएमजेबीवाई): यह योजना प्राकृतिक या दुर्घटना से मौत की जोखिम के लिए ₹ 2.00 लाख का बीमा कवर करता है. इसमें वार्षिक प्रीमियम ₹ 330.00 होगी. यह योजना 18 से 50 वर्ष की आयु वर्ग के लिए है.

अटल पेंशन योजना (एपीवाई): यह योजना 18 से 40 वर्ष की आयु वर्ग के व्यक्तियों को निर्धारित पेंशन प्रदान करती है, जो अंशदान की राशि और अवधि के आधार पर होती है.

31 मार्च, 2016 तक सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की स्थिति:

योजना का नाम	पुरुष ग्राहक	महिला ग्राहक	कुल नामांकन
अटल पेंशन योजना	31604	18453	50057
प्रधानमंत्री जीवन बीमा योजना	685433	420076	1105509
प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना	1570385	1087589	2657974
कुल	**2287422**	**1526118**	**3813540**

8. एल.पी.जी. के लिए प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटीएल):

भारत सरकार एल.पी.जी.लाभार्थियों के खातों में अनुदान को सीधे जमा करा रही है. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया देश के सभी जिलों में गैस सब्सिडी प्राप्त करने के दोनों विकल्पों को लागू कर रहा है. पहले विकल्प के अंतर्गत, एनपीसीआई के आधार तंत्र के माध्यम से बैंक खातों में सब्सिडी के प्रत्यक्ष क्रेडिट का लाभ उठाने के लिए गैस उपभोक्ता के आधार नंबर व उसके एलपीजी गैस वितरक को उसके बैंक के खाते से लिंक किया जाता है.

दूसरे के विकल्प के अंतर्गत, यदि उपभोक्ताओं के पास आधार नंबर नहीं है तो, उसके एलपीजी आईडी को ही बैंक खाते में लिंक करने की सुविधा दी गई है, ताकि सब्सिडी की राशि उसकी/उसके खाते में जमा किया जा सकता है. ग्राहक अपने बैंक खाते के विवरण एलपीजी डीलर को प्रदान करेगा, विवरण की सत्यता की पुष्टि के लिए डीलर उसे बैंक को भेजेगा और उसके बाद उनके बैंक खाते में सीधे जमा करने के लिए राशि भेजना शुरूकर देगा. वित्तीय वर्ष 2015-16 के अंतर्गत आधार कार्ड के माध्यम से प्राप्त व बैंक खाते में जमा एलपीजी सब्सिडी की स्थिति निम्नानुसार है:

आधार के माध्यम से एल.पी.जी. अनुदान जमा		
अवधि	**संव्यवहारों की संख्या**	**राशि लाख में (रु.)**
अप्रैल,15 से मार्च, 16	**22034762**	**53330.56**

9. प्रत्यक्ष लाभ अंतरण का संवितरण:

सरकार ने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना के प्रथम चरण में दिनांक 01 जनवरी, 2013 से 43 जिलों में लागू किया गया था और दूसरे चरण में दिनांक 01 जुलाई, 2013 से 78 अन्य जिलों को शामिल कर कुल 111 जिलों में लागू किया है. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की उपस्थिति कुल 40+73=113 जिलों में है. भारत सरकार ने डीबीटी के तहत 43 विभिन्न योजनाएं शुरू की है तथा सरकार से प्राप्त निधियों को सब्सिडी के रूप में सीधे लाभार्थियों के खातों में जमा किया जाता है. इस योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए संवितरण इस प्रकार है:

अवधि	यूनियन बैंक शाखाओं से आरम्भ संव्यवहार				अन्य बैंकों से प्राप्त जमा	
	संयोजक बैंक के रूप में प्राप्त कुल रिकार्ड	राशि लाख में (रु)	सफल रिकार्ड	राशि लाख में (रु)	गंतव्य बैंक के रूप में प्राप्त रिकार्ड	राशि लाख में (रु)
अप्रैल,15 से मार्च, 16	**36,839**	**1,547.82**	**15,208**	**552.12**	**22,034,762**	**53,330.33**

10. आईआईबीएफ प्रमाणन और बैंक मित्रों की क्षमता निर्माण:

भारतीय बैंक संघ ने अपने पत्र क्रमांकः एसबी/सीबीसी/1141 दिनांक 30 जुलाई, 2015 के द्वारा सभी बैंकों को आईआईबीएफ प्रशिक्षण द्वारा बैंक मित्रों के प्रशिक्षिण व प्रमाणन का निर्देश दिया है. प्रशिक्षित व प्रमाणित बैंक मित्र व्यापक वित्तीय समावेशन के लिए अधिक विश्वसनीय होंगे. आईआईबीएफ द्वारा 31 मार्च, 2016 तक कुल 2,618 बैंक मित्र प्रमाणित हो चुके है.

11. आधार सीडिंग की स्थिति:

31.03.2016 तक आधार सीडिंग की की प्रगति स्थिति इस प्रकार है:

अवधि	सीडेड आधार कार्डों के रिकॉर्ड की संचयी स्थिति	जिसमें से मार्च, 2015 के बाद से एनपीसीआई सर्वर पर सफलतापूर्वक सीडेड आधार रिकॉर्ड	अन्य बैंक में ले जाये गए आधार कार्डों की संख्या	यूनियन बैंक सीडेड कुल आधार
	(1)	(2)	(3)	(2-3)
अप्रैल,15 से मार्च, 16	78,90,710	76,17,403	6,60,037	69,84,687

तथापि, पीएमजेडीवाई खातों में सीडेड आधार की स्थिति इस प्रकार हैः

अवधि	पीएमजेडीवाई खुले खातों की कुल संख्या	पीएमजेडीवाई खातों में सीडेड आधार कार्ड का संचयी स्थिति
अप्रैल,15 से मार्च, 16	58,21,379	17,43,376

वर्ष -2015-16 के दौरान नई पहलः

1. एटीएम व एसएमएस के माध्यम से ओवरड्राफ्ट का स्वचालन.
2. वित्तीय साक्षरता पहलः जून, 2015 में भारतीय महिला माइक्रोफाइनेंस स्कूल (आईएसएमडब्ल्यू, अहमदाबाद) की मदद से बैंक पूर्वी उत्तर प्रदेश में बैंक के लीड जिलों में महिलाओं के लिए 60 वित्तीय साक्षरता शिविरों का आयोजन किया, और इन शिविरों के माध्यम से लगभग 15000 व्यक्तियों को व्यापक वित्तीय साक्षरता प्रदान की गयी.
3. नाबार्ड ने अपने पत्र क्रमांक एफआईडी-49(डी)/2015-16 दिनांक 23 अक्तूबर, 2015 के द्वारा आईएसडब्ल्यूएम के सहयोग से बिहार, मध्य प्रदेश, पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा झारखंड के लीड जिलों में बृहत पैमाने पर जागरूकता शिविरों के आयोजन को मंजूरी दे दी है. इसके लिए उल्लेखित राज्यों में सीएसआर गतिविधियों के तहत एफआईएफ (वित्तीय समावेशन फंड) के अंतर्गत नाबार्ड ने ₹ 17.40 लाख की वित्तीय सहायता 116 जागरूकता शिविरों के आयोजन के लिए स्वीकृत की है.
4. एस्क्रो तंत्र के माध्यम से बैंक मित्रों को पारिश्रमिक का वितरण.
5. डीएफएस और आईबीए के दिशा निर्देशों के अनुसार अक्टूबर, 2015 से बीसी मॉडल के लिए संशोधित पारिश्रमिक संरचना का कार्यान्वयन.
6. क्षेत्रों में खुले कुल 5407 माइक्रो एटीएम ईपीएस व रूपे आधारित लेन-देन के लिए सक्षम.
7. विकसित डैशबोर्ड की मदद से बैंक मित्रों की दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों की निगरानी से बहुत दूर के ग्राहकों को भी निर्बाध सेवाएं सुनिश्चित.
8. वित्तीय समावेशन कॉन्क्लेवः बैंक द्वारा माह अगस्त, 2015 में वाराणसी, जौनपुर व आजमगढ़ (सभी लीड जिले) में वित्तीय समावेशन सम्मेलनों का आयोजन किया गया. इन सम्मेलनों में चर्चा का मुख्य उद्देश्य सरकार और नियामकों के दृष्टिकोण, वित्तीय समावेशन के विभिन्न तरीकों को लागू करते समय बैंकों के अनुभवों व नजरिए को समझना, कार्यान्वयन के दौरान चुनौतियों के बारे में सरकार एवं नियामकों को फीडबैक प्रदान करना था. इस सम्मेलन में सरकारी विभागों, क्षेत्रीय प्रमुखों, शाखा प्रमुखों, बैंकों के वित्तीय समावेशन विभाग की क्षेत्रीय एवं स्थानीय टीमों, आईटी सेवा प्रदाताओं, कारोबार संवाददाताओं के साथ कुछ सूक्ष्म वित्तीय संस्थानों ने भी भाग लिया.
9. बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, नाबार्ड के एफआईएफ समिति के सलाहकार बोर्ड के सदस्य है.

बैंक का कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहलः

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया अपनी सीएसआर प्रतिबद्धताओं को पूर्ण करने में सदैव अग्रणी रहा है. इसी दिशा में हमारे बैंक ने वर्ष 2006 में यूनियन बैंक ऑफ सोशल फाउंडेशन ट्रस्ट की स्थापना की गयी. बैंक की प्रमुख सीएसआर गतिविधियां इसी ट्रस्ट के माध्यम से की जाती है. इसके ट्रस्टी बोर्ड का नेतृत्व उपाध्यक्ष के रूप में कार्यपालक निदेशकों के साथ बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक करते है. अन्य ट्रस्टियों में बैंक के महा प्रबंधकगण व एक स्वतंत्र ट्रस्टी होता है. बोर्ड बैंक के प्रमुख क्षेत्रों के अनुसार दिशा निर्देश प्रदान कर तिमाही समीक्षा करता है. इन दिशा निर्देशों को मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा क्रियान्वित किया जाता हैं, जिसका मुख्यालय मुंबई में है.

सामाजिक उत्थान एवं वंचित वर्गों के जीवन की दिशा में सुधार की पहल का समर्थन करने के लक्ष्य के साथ बैंक मुख्य रूप से निम्नलिखित गतिविधियों में सहायता पर ध्यान केंद्रित कर रहा हैः

सामुदायिक कल्याणः

बैंक की मोबाइल वैन के द्वारा बैंक ने उत्तराखंड के बाढ़ प्रभावित, पहाड़ी व दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं का कार्य आरंभ किया जिससे 23 गांवों को राहत मिली व 12000 से अधिक लोगों को लाभ मिला. यह योजना 2014 से ही अस्तित्व में है.

5 शहरों यथा कोट्टयम, भोपाल, कोलकाता, पटना और बेंगलुरु में बैंक द्वारा कैंसर जांच शिविरों का आयोजन किया गया.

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने एक पंजीकृत चैरिटेबल सोसायटी अपंग शिक्षा समाज (एसईसी) मुंबई को एक बस दान दिया. एसईसी मुंबई में अस्थि विकलांग व विकलांग बच्चों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी कार्य कर रहा है. एसईसी का स्कूल मुंबई में चलता है तथा कान्हे फाटा (लोनावाला के पास) में एक आवासीय विद्यालय भी है.

शिक्षा:

यूनियन बैंक सोशल फाउंडेशन ने सिलीगुड़ी एवं तिरूपति में 600 बेरोजगार युवाओं के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण आरंभ किया. इन युवाओं को प्रशिक्षण के उपरांत रोजगार/स्वरोजगार दिया गया.

मानसिक एवं शारीरिक विकलांग की स्वास्थ्य देखभाल:

श्री अरूण तिवारी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 8000 वर्ग फीट भूमि पर ऐरोली, मुंबई में एक विश्व स्तरीय एकीकृत विकलांग पुनर्वास केंद्र का उद्घाटन किया गया. इस केंद्र में बहुत से विकलांग बच्चों को आजीवन आश्रय मिलेगा.

बालिका गोद लेना एवं महिला सशक्तिकरण

देश भर में 6500 बालिकाओं को साइकिल व शिक्षा की लागत प्रदान की गयी. तस्वीर में बैंक के कार्यपालक निदेशक प्राप्तकर्ता को चेक सौंपते हुए.

महावीर विकलांग सहायता समिति, जयपुर:

बैंक ने महावीर विकलांग सहायता समिति, जयपुर को 700 से अधिक तिपहिया साइकिलें व शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों को ₹ 30.00 लाख की लागत का कृत्रिम अंग दान दिया. हमारे अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री अरूण तिवारी समिति के अधिकारियों को चेक सौंपते तथा एक जरूरतमंद व्यक्ति को कृत्रिम अंग को लगाने में मदद करते.

कौशल विकास:

बैंक ने सेंचुरियन प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर को लकड़ी की कार्य प्रयोगशाला व 100 कंप्यूटर की स्थापना के लिए ₹ 55.00 लाख का अनुदान दिया. यह कार्यशाला किसी भी समय में 150 छात्रों के बैच के साथ आयोजित की जाती है. तस्वीर में गूंगे व बहरे बेरोजगार युवाओं को लकड़ी का काम सीखते देखा जा सकता है.

ग्रामीण विकास एवं ग्राम गोद लेना

विद्यालय/सामुदायिक शौचालयों का निर्माण. वाराणसी,इलाहाबाद,आजमगढ़ तथा जौनपुर ,सिक्किम ,असम, पश्चिम बंगाल इत्यादि में गावों में सोलर लाइट/लालटेन की स्थापना. रिपोर्टिंग वर्ष के दौरान, निम्नलिखित परियोजनाएं अनुमोदित की गयी थीं जो या तो पूर्ण हो गयी हैं अथवा प्रगति पर हैं.

1. उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार तथा झारखंड राज्यों में वित्तीय साक्षारता पर 120 समूहिक जागरूकता शिविर आयोजित करने के लिए परियोजना.
2. वारवत्ती गाँव, बीदर जिला, कर्नाटक में ₹ 56.33 लाख की कुल लागत से जनजातीय बालिका छात्रावास का निर्माण

3. अहमदाबाद के 4 विद्यालयों तथा वाराणसी जिले के एक विद्यालय में वंचित समाज के 2500 से अधिक बच्चों के लाभ हेतु ₹ 195.00 लाख की रकम के एक शिक्षण कार्यक्रम को अनुमोदन दिया गया है जिसका नाम 'प्रज्ञा प्लस' है.

व्यावसायिक प्रशिक्षण

सिलीगुड़ी एवं तिरुपति के अर्ध-शहरी, ग्रामीण क्षेत्रों में 600 बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षण एवं रोजगार देने के लिए परियोजना शुरुकी गयी है.

पर्यावरण संरक्षण

बैंक ने मुंबई में नाना नानी पार्क के रख रखाव का उत्तर दायित्व स्वीकार किया. चित्र में, पर्यावरण संरक्षण के प्रति एक प्रयास के क्रम में अ एवं प्रनि, कानि तथा मप्र, एसएसडी वृक्षारोपण करते हुए दिखाई दे रहे हैं.

सीएसआर के लिए क्षेत्रवार अनुमोदन:



कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति योगदान के लिए प्राप्त पुरस्कार:

कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को निम्नलिखित पुरस्कार प्राप्त हुए:-

- यूनियन बैंक सोशल फाउंडेशन को सर्वश्रेष्ठ सीएसआर व्यवहार बैंक पुरस्कार प्राप्त हुआ
- शारीरिक विकलांग व्यक्तियों के लिए रोजगार को बढ़ावा देने के लिए सीएसआर नेतृत्व पुरस्कार.
- बैंकिंग क्षेत्र में सीएसआर व्यवहार के सर्वश्रेष्ठ उपयोग हेतु सीएसआर नेत्रत्व पुरस्कार.
- बैंकिंग में उत्कृष्टता(पीएसयू संवर्ग)
- बैंकिंग वित्तीय सेवा एवं बीमा क्षेत्र के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ बैंक.

वि. व. 2015-16 में अन्य पुरस्कार और सराहना

- भारत का सर्वश्रेष्ठ वित्तीय समावेशन प्रोजेट-2015 स्कॉच ऑर्डर ऑफ मेरिट.
- इलेट्स फाइनेंशियल इंक्ल्युजन एंड पेमेंट सिस्टम्स-2015 के लिए 'Certificate of Recognition for project IMPS'.
- -दि इकोनोमिक टाइम्स-वित्तीय समावेशन-2015 का ध्वज वाहक तथा प्रशस्ति पत्र.
- आशीर्वाद (एक प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था)
  - o वर्ष 2014-15 के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन के लिए प्रथम पुरस्कार.
  - o बैंक की गृह पत्रिका यूनियन धारा को सर्वश्रेष्ठ पत्रिका पुरस्कार.

- मध्यम संवर्ग बैंक के अंतर्गत वित्तीय समावेशन के लिए आईबीए पुरस्कार 2015-16.

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को 6 आईबीए बैंकिंग टेक्नालाजी पुरस्कार 2015-16 प्राप्त हुए

वर्ष का सर्वश्रेष्ठ टेक्नालाजी बैंक पुरस्कार प्राप्त करते हुए श्री अरुण तिवारी, अ एवं प्रनि तथा श्री राकेश सेठी, कानि.

- **गोल्डेन पीकॉक एवार्ड:** निदेशकों के इंस्टीट्यूट द्वारा कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पर आयोजित 10वें इन्टरनेशनल सम्मेलन में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को एचआर में उत्कृष्टता के लिए गोल्डेन पीकॉक पुरस्कार प्रदान किया गया.

महाराष्ट्र सरकार की ग्रामीण विकास एवं जल संरक्षण, महिला एव बाल विकास मंत्री श्रीमती पंकजा गोपीनाथराव मुंडे से गोल्डेन पीकॉक पुरस्कार प्राप्त करती हुई श्रीमती हेमलता राजन, महाप्रबंधक (पीबीओडी) एवं श्री आर. आर. मोहंती, महाप्रबंधक (एचआर).

भारतीय जनसम्पर्क परिषद (पीआरसीआई) द्वारा वार्षिक कारपोरेट कोलेटरल एवार्ड्स 2016

o कारपोरेट पत्रिका यूनियन धारा के लिए रजत पुरस्कार

- शैलजा नायर फाउंडेशन द्वारा आईसीई (In-house Communication Excellence Award) 2015

o बैंक की गृह पत्रिका यूनियन धारा के लिए तृतीय पुरस्कार

- **एबीसीआई पुरस्कार**

o बैंक की गृह पत्रिका यूनियन धारा को चैंपियन ऑफ चैम्पियंस ट्रॉफी सहित 7 पुरस्कार (विभिन्न श्रेणियों में 2 स्वर्ण, 4 रजत तथा 1 कांस्य) प्राप्त हुए.

o 18 मार्च, 2016 को बैंक की हिन्दी गृह पत्रिका यूनियन सृजन के लिए रजत पदक

राजभाषा कीर्ति पुरस्कार 2014-15

o बैंक की आंतरिक हिन्दी गृह पत्रिका यूनियन सृजन के लिए द्वितीय पुरस्कार.

भारत के महामहिम राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी से वर्ष 2014-15 के लिए राजभाषा कीर्ति पुरस्कार(द्वितीय पुरस्कार) प्राप्त करते हुए श्री अरुण तिवारी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक. साथ में उपस्थित हैं माननीय गृह मंत्री श्री राजनाथ सिंह, दोनों राज्य मंत्री तथा सचिव(राजभाषा)

- पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया(पीआरएसआई) हैदराबाद चैप्टर द्वारा तेलंगाना राज्य द्वारा गृह पत्रिका/न्यूज लेटर के लिए प्रतियोगिता' संवर्ग में व्यावसायिक उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार.
  - o सर्वश्रेष्ठ कारपोरेट पत्रिका यूनियन धारा के लिए तृतीय पुरस्कार
  - o कारपोरेट पत्रिका यूनियन धारा में सर्वश्रेष्ठ सीईओ संदेश के लिए विशेष जूरी पुरस्कार.

सिद्धांत 9- ग्राहक केंद्रीकरण

बैंक बीसी एसबीआई द्वारा निर्देशित मार्गदर्शी सिद्धांतों का कड़ाई से पालन करता है तथा ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने का प्रयास करता है, अपनी सारी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता रखता है तथा ग्राहकों की शिकायतों के निस्तारण हेतु एक सुदृढ़ प्रणाली अपनाता है. इस मद में बैंक के कुछ प्रयास निम्नानुसार हैः-

विश्वस्तरीय ग्राहक सेवा केन्द्र की स्थापनाः

ग्राहक शिकायतों को प्रभावी और समय पर निवारण तथा ग्राहक सेवा में उत्कृष्टता को सुनिश्चित करने को ध्यान में रखते हुए एक प्रमुख एजेंसी, ग्राहक सेवा केन्द्र की स्थापना की स्थापना की गई है.

ग्राहक सेवा केन्द्र की संरचनाः

बैंक में ग्राहक सेवा केन्द्र की स्थापना निम्न उद्देश्यों को पूरा करने के लिए की गई है:

1. आवेदनों पर त्वरित, विश्वसनीय और बिना किसी अवरोध के प्रतिक्रिया हेतु.
2. निवेदनों और शिकायतों के मूल कारणों का समाधान - बैंक को लगातार प्राप्त होने वाले आवेदनों और शिकायतों की संख्या को कम करने के लिए उन्नत प्रक्रिया अपनाना.
3. ग्राहक के अंदर की जानकारी प्राप्त करने के लिए सूचनाएं जनरेट करना.

प्रोजेक्ट उत्कर्ष:

हमारे बैंक ने प्रोजेक्ट उत्कर्ष के ध्वज तले कारोबार प्रक्रिया परिवर्तन की एक नयी यात्रा आरंभ की है. प्रॉजेक्ट उत्कर्ष ग्राहक अनुभव बढ़ाकर, बेहतर प्रक्रिया दक्षता और कर्मचारी उत्पादकता में सुधार पर ध्यान केंद्रित कर बैंक की आकांक्षाओं को प्राप्त करने में हमें सक्षम बनाएगा.

इन उद्देश्यों को बैंक द्वारा निम्न 6 महत्वपूर्ण पहलों के माध्यम से हासिल किया जायेगा:

1. यूनियन एक्सपीरीयंसः खुदरा शाखाओं के ऑपरेटिंग मॉडल व संगठनात्मक ढांचे को दुरूस्त बनाना.
2. यूनियन लोन पॉइंटः विशिष्ट खुदरा ऋण प्रसंस्करण व अधिग्रहण इकाई के रूप में गठन.
3. सरलः अपने वर्ग में सर्वश्रेष्ठ स्वतंत्र एमएसएमई प्रसंस्करण इकाई स्थापित करना.
4. व्यापार विश्लेषिकी केंद्रः डेटा व क्रॉस सेल में सुधार के लिए एनालिटिक्स शक्ति का उपयोग.
5. डिजिटल चैनलः मल्टी चैनल (यथा एटीएम, इंटरनेट, मोबाइल)के प्रदर्शन व रिटर्न को अधिकतम करना;
6. साझा सेवा केंद्र, सक्सेशन प्लानिंग, कर्मचारी संवर्धन और इंगेजमेंट कार्यक्रमों जैसे प्रमुख पहलों के माध्यम से मानव संसाधन प्रथाओं और कर्मचारी प्रक्रियाओं में सुधार.

पिछले एक साल में प्रोजेक्ट उत्कर्ष पूरे भारत के 7 क्षेत्रों में आरंभ किया गया, जिसमें 274 शाखाएं, 7 सरल (एमएसएमई क्रेडिट के लिए) और 13 यूनियन लोन पॉइंट (खुदरा ऋण के लिए) शामिल है. इस प्रोजेक्ट ने सबसे महत्वपूर्ण मैट्रिक्स यथा कासा अधिग्रहण, खुदरा ऋण, कारोबार सृजन, एमएसएमई के टर्न अराउंड टाइम (टीएटी) को कम करने के साथ खुदरा ऋण निर्णय एवं उत्पादकता में समग्र वृद्धि लाने में बेहतरीन परिणाम प्राप्त किए है. सफलता के रथ पर सवार और इस प्रकार प्राप्त अनुभव के साथ वित्तीय वर्ष 2016-17 में चरणबद्ध तरीके से उत्कर्ष को 20 नए क्षेत्रों में बढ़ाया जाएगा.

ग्राहक-सेवा में उत्कृष्टता लाने के लिए अन्य पहलः

1. कॉल-सेंटर, एटीएम तथा अन्य वैकल्पिक चैनलों को व्यवस्थित करनाः बैंक के एटीएम न केवल नकदी प्रदान करते हैं बल्कि हाल ही में प्रेषण के 3 उत्पादों को एटीएम के साथ आरम्भ किया गया है. एटीएम के माध्यम से म्युचुअल फंड में निवेश, आयकर भुगतान तथा मोबाईल टॉप-अप जैसे अन्य उत्पाद की सुविधा भी है. इस प्रकार ये अधिकतम सेवा सुविधा का सर्वाधिक प्रभावी माध्यम हैं. इसीलिये इन्हें संपूर्ण एटीएम का नाम दिया गया है. आज बैंक के 6883 एटीएम हैं जिनमें से 1685 बोलते एटीएम हैं जो दृष्टिबाधित व्यक्तियों को बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराते हैं.
2. गैर-ग्राहक संबंधी देयता गतिविधियों का नेशनल प्रोसेसिंग सेंटरों पर केंद्रीयकरण.
3. शिकायत निस्तारण प्रणाली को अधिक ग्राहकोन्मुख बनाने के लिये बैंक ने आंतरिक बैंकिंगलोकपाल की नियुक्ति की है जो ग्राहकों की उन शिकायतों के निस्तारण संबंधी कार्यवाही करते हैं जो 30 दिनों तक लंबित रह जाती हैं इसके अलावा वे मामले भी देखते हैं, जिनमें बैंक द्वारा लिये गये निर्णय से ग्राहक संतुष्ट नहीं होते हैं.

KEY FINANCIAL INDICATORS

S.No.	Particulars (In Percentage, %)	31.03.2007	31.03.2008	31.03.2009	31.03.2010	31.03.2011	31.03.2012	31.03.2013	31.03.2014	31.03.2015	31.03.2016
1	Interest Income/Average Working Funds (AWF)	8.08	8.35	8.78	8.04	8.33	9.35	9.19	8.95	8.88	8.37
2	Interest Expenses/AWF	5.03	5.76	5.96	5.51	5.19	6.33	6.43	6.55	6.54	6.21
3	Interest Spread/AWF	3.05	2.59	2.82	2.53	3.14	3.02	2.76	2.40	2.34	2.16
4	Non-Interest Income/AWF	0.75	1.20	1.09	1.19	1.03	1.09	0.93	0.86	0.97	0.94
5	Operating Expenses/AWF	1.61	1.44	1.63	1.52	2.00	1.77	1.65	1.67	1.70	1.62
6	Cost Income Ratio	42.45	38.17	41.81	40.66	47.85	43.15	44.70	51.24	51.34	52.10
7	Gross (Operating) Profit/AWF	2.19	2.34	2.28	2.21	2.18	2.34	2.04	1.59	1.61	1.49
